चैत्र मास, कृष्ण पक्ष 12, वर्ष 12, अंक 39, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, रविवार, 19 मार्च, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : अप्रतिम रचनाशीलता के नायक रांगेय राघव

अन्दर : भारत की निगाहें वनडे सीरीज कब्जाने पर केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पर होंगी नजरें



# हड़तालियों को ऊर्जा मंत्री की चेतावनी

## प्रदेश सरकार सख्त, 22 कर्मचारी नेताओं पर लगा एस्मा, 1322 संविदा कर्मी बर्खास्त

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने हड़ताल पर गए बिजली कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार दोपहर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुई बैठक के बाद प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने हड़ताल पर गए कर्मचारियों को शाम छह बजे तक काम पर लौटने की चेतावनी दी थी। हालांकि, उसके पहले 22 कर्मचारी नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इन सबके खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई होगी। वहीं, 1300 संविदा कर्मियों को भी बर्खास्त कर दिया गया है। हड़ताल के चलते राज्य के कई जिलों में बिजली संकट उत्पन्न हो गया। फैक्टरियों में उत्पादन ठप हो गया है और जलापूर्ति भी बाधित हो गई है।

ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री को पूरे मामले से अवगत कराया गया है। विद्युत कर्मचारी संघर्ष समिति के 22 नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। इन

**बिजली कर्मियों की हड़ताल**

**ऊर्जा मंत्री ने कहा-काम पर नहीं लौटे तो होंगे बर्खास्त**

**सभी से अपील है कि जनता और अपने परिवार के हित में काम पर लौटें**



लोगों के खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई होगी। इनमें से छह को निलंबित किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि संविदाकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। अब तक 1332 की सेवा समाप्त की गई है। शाम तक अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। सभी से अपील है कि जनता और अपने परिवार के हित में काम पर लौटें। चार घंटे का समय दे रहे हैं। शाम छह बजे तक नहीं लौटने वालो को बर्खास्त कर दिया जाएगा। जहां बर्खास्त कर रहे हैं। वहां दूसरी एजेंसी, इंजीनियरिंग कॉलेज से छात्रों को ले रहे हैं। नए लोगों की सेवाएं लेंगे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि कुछ संगठन पांच दिन से हड़ताल पर हैं। उनसे बात करने का लगातार प्रयास कर किया जा रहा है। वार्ता के द्वार खुले हैं। कई संगठन जनता के हितों की रक्षा कर रहे हैं। वे निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। इन सभी का आभार है।

कई निजी कंपनियों ने उत्पादन इकाई में मदद की है। उत्पादक क्षमता 28 मेगावाट की है। जरूरत कम है। 24 घंटे में अंधी तूफान की वजह से काम प्रभावित हो रहा है। कुछ जगह कर्मचारियों ने समस्या खड़ी की जिसे निष्प्रभावी कर दिया गया है। हड़ताल का कोई असर नहीं है। तार फीडर में हुई गड़बड़ी सही की गई है। कई जगह शार्ट सर्किट करने का प्रयास किया गया। देवरिया व आजमगढ़ में कुछ वारदात हुई है। उन सभी के नाम आ गए है। सभी के खिलाफ सख्त करवाई होगी। राष्ट्रीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। कर्मचारियों की अनर्गल मांगें पूरी नहीं की जा सकती हैं। संघर्ष समिति को बार बार बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि हड़ताल जनहित के विरुद्ध है। यह अवमानना भी है। कोर्ट के आदेश से सभी को अवगत करा दिया गया है। इसके बाद भी कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं। अब कार्पोरेशन उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए विवश है।संघर्ष समिति हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं कर रहा है। नेताओं के करीबियों के तीन चार वीडियो भी सामने आए हैं। इसका मतलब है कि उन्हें जनता की तकलीफ से कोई मतलब नहीं हैं। इन नेताओं को किसी की फिक्र नहीं है। ऐसी परिस्थिति में यह राष्ट्रहित के खिलाफ है।

### 650 आउटसोर्सिंग व संविदाकर्मियों की सेवाएं समाप्त, एजेंसियों को नोटिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विभिन्न निगमों में आउटसोर्सिंग एजेंसी के जरिए और संविदा पर कार्यरत करीब 650 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनमें पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 242, मध्यांचल के 110, पश्चिमांचल में 60 और दक्षिणांचल के 38 कर्मचारी भी शामिल हैं। इसके अलावा एजेंसियों को नोटिस भी जारी की गई है। कॉरपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज ने बताया कि गाजीपुर में बिजली आपूर्ति के लिए काम कर रही फर्म भारत इंटरप्राइजेज को अपने कर्मचारियों को उपस्थित न करा पाने के कारण फर्म के महाप्रबंधक एवं सुपरवाइजर राहुल सिंह के विरुद्ध कोतवाली गाजीपुर में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। इसके अलावा छह अन्य एजेंसियों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। देवराज ने कहा कि भविष्य में इन एजेंसियों को निगम में कार्य करने के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। सभी जिलों में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि काम न करने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अराजकता फैलाने वाले बिजली कर्मी सूचीबद्ध किए जाएंगे। बिजली फीडर बंद करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सरकार प्रतिवर्ष 20 हजार करोड़ रुपये पावर कॉपोरेशन को उसका घाटा पूरा करने के लिए देती है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने हड़ताली कर्मचारियों को चेताया है कि लाइन में फॉल्ट करने वालों को आकाश-पाताल से खोज निकालकर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने आपूर्ति को पूरे नियंत्रण में बताते हुए दावा किया है कि प्रदेश में चार हजार मेगावाट सरप्लस बिजली है।

**ऊर्जा मंत्री ने चेताया लाइन में फॉल्ट किया तो आकाश-पाताल से खोज निकालेंगे**

### सीएम योगी ने की अफसरों के साथ बैठक

इसके पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार दोपहर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा सहित विभाग के अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए हैं और कहा कि हड़ताल पर जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त



कार्रवाई की जाए। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्युत प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसी भी कीमत पर उपभोक्ताओं की अनदेखी न होने पाए। उद्योगों को भी पर्याप्त बिजली दी जाए। अधिकारियों ने बताया कि अभी मार्च माह तक वे उत्पादन कम होने के बाद भी निर्बाध बिजली देने की स्थिति में है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हड़ताल पर जाने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है।

### एस्मा के तहत 12 बिजली कर्मचारियों पर मुकदमा

**गाजीपुर ।** डीएम आर्यका अखौरी ने बताया कि बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल करने को लेकर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के माध्यम से सभी बिजली सब स्टेशनों पर तैनात कर कार्य कराए जा रहे हैं। साथ ही गैंगमैन व लाइनमैन की भी तैनाती की गई है। साथ ही कंट्रोल रूम भी बनाया गया है । कंट्रोल रूम में सूचना मिलते ही गैंगमैन व लाइनमैन, आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों को भेज कर बिजली व्यवस्था बहाल कराई जा रही है। वहीं कुछ विद्युत उपकेंद्र पर आउटसोर्सिंग के कर्मचारी भी नदारद रहे। जिनके खिलाफ एस्मा के तहत 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। आम जनमानस की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जिसका नंबर9453047253 है। वहीं बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट में 24 घंटे सेवा के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है । जिसका लैंडलाइन नंबर 0548-2224041 है। इस नंबर पर कोई भी उपभोक्ता बिजली से संबंधित परेशानी की सूचना दे सकता है । डीएम ने बताया कि आउटसोर्सिंग के 37 कर्मचारी काम पर नहीं आए थे। उनकी सूची बनाकर बिजली विभाग एमडी को भेज दिया गया है। जिनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई हो चुकी है । उन्होंने बताया कि जिन कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश भी दी जा रही है।







# विकास का माध्यम बन रहा 'श्री अन्न'

## पीएम मोदी ने पूसा में ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्लोबल मिलेट्स (श्री अन्न) सम्मेलन का उद्घाटन करने शनिवार को पूसा पहुंचे। यहां उन्होंने आइएआरआइ कैंपस में लगे विभिन्न स्टॉल का ऑडियो विजुअल भी देखा। इसके बाद पीएम मोदी ने डाक टिकट और इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर 2023 के आधिकारिक सिक्के का भी अनावरण करने के बाद जनसभा को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री के साथ इस सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, मनसुख मांडविया और पीयूष गोयल भी मौजूद रहे।

कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि आज मिलेट्स का शुभारंभ उत्सव है। मिलेट्स विषय को लेकर जब भी कोई सवाल आया तो पीएम मोदी ने बहुत ही उत्साह से हम सब लोगों का मार्गदर्शन किया और उसी के परिणामस्वरूप ये कार्यक्रम ऊंचाई पर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पहल पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स ईयर घोषित करने के परिणामस्वरूप श्री अन्न की घरेलू और वैश्विक मांग में वृद्धि हुई है। पीएम मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मोटे अनाज को फ्री अन्न की पहचान दी गई है। यह केवल खेती खाने तक सीमित नहीं है। जो लोग भारत की परंपराओं से परिचित हैं, वे यह भी जानते हैं कि किसी के आगे 'श्री' ऐसे ही नहीं जुड़ता है, जहां 'श्री' होती है, वहां 'समृद्धि' भी होती है, 'समग्रता' भी होती है।

उन्होंने कहा कि श्री अन्न ऐसी सभी चुनौतियों के लिए समाधान प्रदान करता है। श्री अन्न आम तौर पर छोटे बीज वाली घासों को वर्गीकृत करने के लिए सामान्य शब्द है जिसे अक्सर पोषक अनाज कहा जाता है। इसमें ज्वार, बाजरा, रागी, कुटकी, ककून, चीना, सावा, कोडो व अन्य शामिल हैं।

**सम्मेलन**

**पीएम मोदी बोले-खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकता है मोटा अनाज**



## कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लल्लू की बढ़ी मुश्किल

**लखनऊ।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को एमपीएमएलए कोर्ट ने एक साल की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाकर दंडित किया है। उन्हें एमपीएमएलए कोर्ट ने मानहानि के एक मामले में सजा सुनाई है। यूपी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ नवंबर 2019 में तत्कालीन यूपी के कैबिनेट मंत्री श्रीकांत शर्मा ने परिवाद दाखिल किया था। जिस पर फैसला सुनाया गया है। अजय कुमार लल्लू ने यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में कांग्रेस की हार के बाद प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था।



# तेज बारिश, ओलावृष्टि से पांच की मौत, सर्च ऑपरेशन जारी

## बेमौसम की बरसात ने लील ली पांच लोगों की जिंदगी



हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंचे तहसीलदार

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** तेज बारिश और ओलावृष्टि की चपेट में आने से 4 लोगों की मौत हो गई। नक्सल प्रभावित रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के बैतरा नाला में शुक्रवार शाम मछली मार रहे छह लोग बह गए थे। इनमें से चार लोगों के शव शनिवार को कोन थाना क्षेत्र के चकरिया में मिले हैं। वहीं, दूसरी तरफ रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र में ओलावृष्टि की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। कुल 5 मौतें पानी के तेज बहाव और ओलावृष्टि के चलते अब तक हो चुकी है और मौतों की संख्या बढ़ भी सकती है।

रामपुर बरकोनिया के ग्राम प्रधान शिव मूरत ने बताया कि शुक्रवार देर शाम पूरे इलाके में तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई थी। इसी दौरान कुछ स्थानीय ग्रामीण पहाड़ी नदी घाघर में मछली मार रहे थे। रात्रि में जब सभी लोग वापस नहीं लौटे तो सभी लोगों ने उनके पहाड़ी नदी में आए तेज बहाव के चलते उनके नदी में बह जाने की आशंका जताई थी। सभी लोग उनकी तलाश में जुटे हुए थे। नदी में बहने वालो में राजकुमारी 40 निवासी गढ़वान थाना रामपुर बरकोनिया, रीता 32, राजपति 10, हीरावती देवी 22 अगरिया निवासी चकरिया, कोन सभी तेज बहाव में बह गए थे। सभी की देर रात तक तलाश की जा रही थी। ग्राम प्रधान ने बताया कि इसके अलावा रामपुर बरकोनिया थाना क्षेत्र के गड़वान गांव निवासी यशोदिया तेज ओलावृष्टि की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि कोन थाना क्षेत्र के चकरिया में तीन महिलाओं और एक बच्चे का शव नदी के किनारे मिला है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्ट्म के लिए भेज दिया गया है। पुलिस चकरिया में सोन नदी के आसपास के क्षेत्र में भी सर्च आपरेशन भी चला रही है। जिससे अगर अन्य कोई शव हो तो उसको बरामद किया जा सके। बहरहाल रामपुर बरकोनिया क्षेत्र से नदी के तेज बहाव में बहने वाले सभी लोगों को बरामद नहीं किया जा सका है। खबर पाते ही प्रशासनिक अमला भी पहुंचकर हर संभव मदद करने में जुटा रहा।

**मचा कोहराम**

**बढ़ सकती है मृतकों की संख्या मछली मारने गए थे ग्रामीण**

### सदर विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदना

सोनभद्र। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र के कोन थाना क्षेत्र के बैतरा नाले में शुक्रवार की शाम बारिश के बाद अचानक तेज बहाव में गड़वांन बैजनाथ के मजदूरों की मौत अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। सभी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त किया। कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि पीड़ित परिवारों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति दे।


# चार्टर्ड प्लेन क्रैश , 2 पायलट की मौत

**हादसा**

**बालाघाट के जंगल में बड़ा हादसा धू-धू कर जल गया एयरक्राफ्ट**

**भोपाल।** किरनापुर क्षेत्र के भक्कुटोला के जंगल में चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया, जिसमें दो प्रशिक्षु पायलट की मौत होने की खबर है। यहां पत्थरों के बीच एक जला हुआ शव दिखाई दे रहा है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल तक नहीं पहुंच पायी है। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस के द्वारा मृतकों का पता लगाया जा रहा है।

बालाघाट के लांजी और किरनापुर के बीच भक्कुटोला-कोसमारा की पहाड़ी पर बिरसी एयरपोर्ट से उड़ा प्रशिक्षु एयरक्राप्ट क्रेश हो गया। इस हादसे में पायलट प्रशिक्षक सहित प्रशिक्षु युवती की मौत हो गई। यह घटना दोपहर लगभग 3.20 बजे की बताई जा रही है। यह चार्टर्ड्ड प्लेन लगभग 15 मिनट पहले बिरसी एयरक्राप्ट से उड़ा था। क्रैश होने के बाद एयरक्राफ्ट धू-धू कर जल गया। वीडियों में एक शव जलता नजर आ रहा है, जबकि एक शव की तलाश की जा रही है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया कि एयरक्राफ्ट में कैसे आग लगी।




यह संभावना जताई जा रही है कि एयरक्राफ्ट में खराबी के कारण वह क्रैश हो गया. बताया जाता है कि प्रशिक्षु एयरक्राप्ट में पायलट प्रशिक्षक मोहित और प्रशिक्षु युवती वरसकुा थी। जिले के एसपी समीर सौरभ ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बिरसी एयरस्ट्रीप से प्रशिक्षु को लेकर प्रशिक्षक एयरक्राप्ट उड़ी थी, जो दुर्घटना हो गई। बता दें कि पिछले महीने एमपी के मुरैना जिला में फाइटर जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। सुबह के समय एक सुखोई-30 और मिराज 2000 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया गया था कि इस हादसे के बाद लड़ाकू विमान के मलबे मध्य प्रदेश के मुरैना में गिरे और कुछ मलबे यहां से 100 किमी। दूर राजस्थान के भरतपुर में गिरे। इस हादसे के दौरान सुखोई-30 में दो पायलट सवार थे। इस हादसे में एक पायलट की मौत हो गई थी।

## यूट्यूबर मनीष कश्यप ने किया सरेंडर

**बेतिया।** तमिलनाडु में बिहारी श्रमिकों पर हमले का झूठा और भ्रामक वीडियो प्रसारित करने के आरोपी मनीष कश्यप ने शनिवार को सरेंडर कर दिया। पुलिस टीम शनिवार सुबह यूट्यूबर मनीष कश्यप के घर कुर्की करने पहुंची, इसके बाद आरोपी ने सरेंडर किया। पुलिस के दर्जन भर पदाधिकारी शनिवार सुबह करीब पांच बजे मनीष कश्यप के मझौलिया थाना क्षेत्र के महानवा गांव में पहुंचे और कुर्की की कार्रवाई शुरू कर दी। चंपारण रेंज के डीआईजी जयंत कांत, एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा की मौजूदगी में पुलिस ने मनीष कश्यप के घर के एक-एक सामान को जब्त कर लिया। पुलिस ने घर के दरवाजे और खिड़कियां भी उखाड़ ली। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ लगी रही। ट्रैक्टर पर लोड कर सामान को मझौलिया थाना में लाया गया है। इधर, कुर्की की जानकारी होने पर मनीष कश्यप ने जगदीशपुर ओपी में सरेंडर कर दिया है। मनीष के खिलाफ ट्विटर पर खुद की गिरफ्तारी का झूठा पोस्ट डालने का भी आरोप है।

# लद्दाख में चीन के साथ स्थिति बेहद नाजुक

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति बहुत नाजुक बनी हुई है और कुछ इलाकों में भारत एवं चीन, दोनों देशों के सैनिकों की नजदीक तैनाती के चलते सैन्य आकलन के अनुसार हालात काफी खतरनाक है। हालांकि विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि कई क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया में पर्याप्त प्रगति हुई है। जयशंकर ने यह भी कहा कि वह और चीन के तत्कालीन विदेश मंत्री वांग यी सितंबर 2020 में इसको लेकर एक सैद्धांतिक सहमति पर पहुंचे थे कि इस मुद्दे को कैसे सुलझाया जाए तथा जिस पर बात पर सहमति बनी थी उसे अब चीन को पूरा करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में एक संवाद सत्र में यह स्पष्ट किया कि जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता, तब तक दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सकते। भारत और चीन के सैनिक पूर्वी लद्दाख में कुछ जगहों पर लगभग तीन साल से आमने सामने हैं। हालांकि दोनों देशों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई अन्य क्षेत्रों से सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जयशंकर ने कहा, मैं कहूंगा, यह चीन के साथ हमारे संबंधों में एक बहुत चुनौतीपूर्ण और असामान्य चरण है। मैं ऐसा इसलिए कहता हूं क्योंकि 1988 से लेकर, जब राजीव गांधी वहां गए थे, 2020 तक, समझ यह थी कि सीमा पर शांति बनाए रखी जाएगी। जयशंकर ने कहा कि चीन ने 2020 में समझौतों का उल्लंघन किया, जिसके परिणाम गलवान घाटी और अन्य इलाकों में देखने को मिले। उन्होंने कहा, हमने अपने सैनिकों को तैनात किया है, हम अपनी जमीन पर डटे हैं और मेरे विचार से स्थिति अभी भी बहुत नाजुक बनी हुई है, क्योंकि ऐसी जगहें हैं जहां हमारी तैनाती बहुत करीब है और वहां सैन्य आकलन के लिहाज से वास्तव में वह (हालात) काफी खतरनाक है।



**आशंका**

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया बड़ा खुलासा, कहा पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति सामान्य नहीं**

# अमृतपाल सिंह 22 दिन बाद गिरफ्तार, इंटरनेट सेवा बंद

**चंडीगढ़।** पंजाब की सुरक्षा व्यवस्था को खुलकर चुनौती देने वाले वारिस पंजाब दे के मुखिया अमृतपाल सिंह पर पुलिस ने बड़ा ऐक्शन लिया है। पंजाब पुलिस ने जालंधर के नकोदर से अमृतपाल सिंह को हिरासत में ले लिया गया है। पंजाब के कई जिलों में रविवार दोपहर तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। 23 फरवरी को अजनाला थाने की घटना के बाद से ही अमृतपाल सिंह पर ऐक्शन को लेकर मांग उठ रही थी। कांग्रेस, बीजेपी और अकाली दल समेत विपक्ष भगवंत मान सरकार को लगातार निशाने पर ले रहा था। अजनाला घटना के कुछ दिन बाद ही 2 मार्च को पंजाब के सीएम भगवंत मान ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात हुई थी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच करीब 40 मिनट की बातचीत हुई। बैठक के बाद भगवंत मान ने बताया था कि पंजाब की कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र और राज्य मिलकर काम करेंगे।


सूत्रों के अनुसार, मीटिंग में भगवंत मान ने केंद्रीय गृह मंत्री को अजनाला कांड की जानकारी दी थी और राज्य की स्थिति से रूबरू कराया था। इसके बाद 6 मार्च को पंजाब में केंद्र की ओर से 18 सीआरपीएफ-आरएएफ की टुकड़िया तैनात की गई थी। 23 फरवरी को पंजाब के अमृतसर स्थित अजनाला में वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थकों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। इसे लेकर भगवंत मान सरकार विपक्षी दलों के निशाने पर रही थी। बीजेपी ने भी मान सरकार पर जमकर हमला बोला था। सभी दल अमृतपाल सिंह पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे जो पुलिस पर हमले के बाद भी खुलेआम घूम रहा था।

23 फरवरी को अपने एक साथी लवप्रीत तूफान की रिहाई के लिए अमृतपाल सिंह अपनी पूरी फौज के साथ अजनाला थाने के बाहर पहुंच गया था। इस दौरान तलवार और बंदूक से लैस अमृतपाल के समर्थकों ने पुलिस बैरिकेड्स तोड़ दिए थे। पुलिस पर हमला हुआ जिसमें करीब 6 जवान घायल हो गए थे। आखिर में अजनाला पुलिस को अमृतपाल के आगे घुटने टेकने पड़े और लवप्रीत को रिहा करना पड़ा। 23 फरवरी की घटना के बाद से ही अमृतपाल सिंह पूरे पंजाब में घूम-घूमकर भड़काऊ बयान दे रहा था। उसने गृहमंत्री अमित शाह तक को पूर्व पीएम इंदिरा गांधी जैसे हश्र की धमकी दे डाली थी। उसने भारत में सिखों को गुलाम बताते हुए अलग देश की मांग की थी। अमृतपाल सिंह के खिलाफ 3 मामले दर्ज हैं जिसमें से 2 हेट स्पीच से जुड़े हैं। कुछ दिन पहले खुफिया एजेंसियों के हवाले से इनपुट आया था कि अमृतपाल सिंह पर हमले की योजना बनाकर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है।

**कसा शिकंजा**

**पंजाब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के निशाने पर कई दिनों से था**

**कांग्रेस अकाली दल भी पंजाब सरकार पर लगातार हमला बोल रहा था**



# इतालवी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

शिकंजे में

### 20 साल पहले कुख्यात अपराधी से 45 हजार में खरीदी थी

**वाराणसी।** भेलूपुर पुलिस ने शुक्रवार की रात में एक व्यक्ति को गिरफ्तार के उसके पास से 32 बोर का एक इटालियन पिस्टल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार इस पिस्टल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में डेढ़ लाख रुपये है।

थाना प्रभारी रमाकांत दुबे ने बताया कि बजरडीहा चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह रात में 10 बजे गश्त कर रहे थे। उसी समय एक गर्ल्स हॉस्टल के पास से संदिग्ध युवक बाइक से आता दिखायी दिया। पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ की तो उसने खुद को श्रीराम



नगर कालोनी निवासी सुनील कुमार बताया। तलाश में उसके पास से एक पिस्टल मेड इन इटली का पिस्टल बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि उसने उक्त पिस्टल को नामी अपराधी गुड्डू यादव से 20 साल पहले 45 हजार में मय कारतूस खरीदा था। उसने बताया कि सभी कारतूस उसने फायर कर दिये हैं। गुड्डू यादव पुलिस मुड़भेड़ में मारा जा चुका है। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया और इस बात की जांच की जा रही है कि यह पिस्टल चोरी का है या नहीं और इसका असली मालिक कौन है।

### तमंचा के साथ जिला बदर बदमाश गिरफ्तार

**रामनगर।** रामनगर थाना पुलिस ने जिला बदर बरामाश को तमंचा के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त की पहचान सुभाष यादव पुत्र विश्वनाथ यादव निवासी कुतुलूपुर थाना रामनगर के तौर पर हुई। उप निरीक्षक शिव सहाय सरोज को मुखबिर खास सूचना मिली कि धाना रामनगर क्षेत्र का गुण्डा एक्ट में जिला बदर अपराधी सुभाष यादव दुर्गा माता मंदिर के पास स्थित रामबाग पोखरा के उत्तर तरफ रोड़ के किनारे पोखरे की सीढ़ी पर बैठा है। मुखबिर की सूचना पर जिला बदर बदमाश को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाश में सुभाष यादव उपरोक्त के पास से अवैध तमंचा मिला।

## मोती की माला छीन कर भाग रहा बदमाश धराया

**वाराण्सी।** बीएचयू स्थित विश्वनाथ मंदिर से दर्शन-पूजन कर जा रही दक्षिण भारतीय महिला की मोती की माला छीन रहा एक बदमाश उनके पति की हिम्मत की बदौलत पकड़ा गया। हालांकि, बदमाश का साथी भागने में सफल रहा। पकड़े गए बदमाश को लंका थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बदमाश की पहचान रामनगर क्षेत्र के कोदोपुर के विनीत राय के रूप में हुई।

जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश के वेस्ट गोदावरी से वी गोपाल रेड्डी और उनकी पत्नी सोमा काशी दर्शन पर आए हैं। दंपती सोनारपुरा स्थित एक लॉज में ठहरे हुए हैं। बीएचयू स्थित विश्वनाथ मंदिर से दंपती दर्शन-पूजन करके ई-रिक्शॉ से जा रहे थे। बीएचयू कैंपस में मीरा कॉलोनी के पास पहुंचने पर पल्सर बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने सोमा के गले पर झपट्टा मार कर उनके गले से मोती की माला छीन ली। यह देख कर सोमा के पति ने बदमाश का दोनों हाथ पकड़ लिया और वह बाइक से नीचे गिर पड़ा। हालांकि उसका साथी बाइक लेकर भाग निकला। उसने बताया कि बाइक लेकर भाग निकला उसका साथी शुभम राय था।

# घरेलू विवाद में जबरन काट ले गए सरसों की फसल

दबंगई

### एडिशनल सीपी के निर्देश के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के तेलारी गांव में जमीन विवाद में बड़े पिता ने छोटे भाई की सरसों की फसल को जबरन काट कर लिया। इस मामले में पीड़ित दिलीप कुमार पांडेय ने अपर पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस आयुक्त ने एसीपी राजातालाब को अभियोग दर्ज कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया बावजूद अबतक थाने में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार चौखंडी निवासी दिलीप कुमार पांडेय एवं उनके भाइयों को पूर्वजों से प्राप्त आठ गाटा रकबा तेलारी में स्थित है। जिस पर पीड़ित के परिवारजन वर्षों से खेती करते चले आ रहे हैं। पीड़ित के बड़े पिता जनार्दन पांडेय पूर्वजों द्वारा प्राप्त



कृषि योग्य भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। पूर्व में जनार्दन पांडेय एवं उनके लड़कों द्वारा पीड़ित पक्ष के साथ कई बार मारपीट भी कर चुके है। पीड़ित परिवारजनों ने थाना दिवस एवं तहसील दिवस पर कब्जे एवं मारपीट के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था। दिलीप पांडेय का आरोप है कि अपर पुलिस आयुक्त द्वारा मुकदमा दर्ज करने का लिखित आदेश दिए जाने के बावजूद भी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही हुआ।

## संक्षेप

### दुराचार के आरोपी को संदेह का लाभ, बरी

**वाराणसी।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो शैलेन्द्र सिंह की अदालत ने अपहरण और दुराचार के मामले में दौलतपुर निवासी विनोद उर्फ मुलायम को आरोप सिद्ध नहीं होने पर बरी कर दिया। आरोपी की पैरवी अधिवक्ता त्रिभुवन नरायण शुक्ला, अनूप मिश्र व मयंक मिश्र ने की। अदालत ने फैसले में कहा कि घटना के दिन 26 जनवरी 2013 को पीड़िता बालिग थी, अपनी मर्जी से प्रेम संबंध में आरोपी के साथ भागकर आगरा के एक मंदिर में शादी की। दोनों से दो बच्चे है, पति पत्नी की रह रहे है। ऐसे में आरोपी को बरी किया जाता है ।जबकि घटना के दिन पीड़िता को नाबालिग छात्रा बताते हुए अपहरण व दुराचार का मामला दर्ज कराया गया था।

### चोलापुर पुलिस के हत्थे चढ़ा वाहन चोर, बाइक बरामद

**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के अजगरा चौकी अंतर्गत चौकी प्रभारी राज दर्पण तिवारी बनसत्ती घाट नियार पर वाहनों की चेकिंग में मामूर थे कि जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि चंदवक थाना से होते हुए एक बाइक चोर अजगरा चौकी की तरफ आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी राज दर्पण तिवारी ने एक बाइक सवार को रोका तो पुलिस को देख कर वाहन सवार भागने लगा पुलिस ने घेराबंदी कर एक बाइक बरामद। जांच में वाहन नबंर निकला। पूछताछ में युवक ने अपना नाम और पता शेखर राम पुत्र रमेश उम्र 25 वर्ष निवासी उधोरामपुर थाना चोलापुर बताया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी थाना चोलापुर, उप निरीक्षक राज दर्पण तिवारी चौकी प्रभारी अजगरा ,उप निरीक्षक विकास पांडेय, कांस्टेबल विकास कुमार व अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अधिवक्ता के निधन से सुनवाई टली

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन/ फास्ट ट्रैक कोर्ट महेंद्र पांडेय की अदालत में शनिवार को ज्ञानवापी प्रकरण में पर्यावरणविद प्रभुनरायन की दाखिल अर्जी पर सुनवाई टल गई। एक अधिवक्ता के निधन के कारण वकील न्यायिक कार्य से विरत हो गए । इसलिए इस मामले में कोर्ट अगली सुनवाई के लिए 11 अप्रैल की तिथि नियत कर दी। प्रकरण के अनुसार झारखण्ड निवासी पर्यावरण विद प्रभुनरायन की तरफ से वाद दाखिल किया गया है। वाद में कहा गया है कि ज्ञानवापी में दृश्य व अदृश्य देवताओं के राग भोग,दर्शन पूजन के साथ गैर हिदुओं का प्रवेश वर्जित करने और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्स्थातिप करने की मांग की गई है। वाद में आस्था के साथ वैज्ञानिक पद्धति के आधार पर अनुतोष दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की याचिका पर नहीं हुई सुनवाई

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत में शनिवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई नही हो सकी। इस मामले में अब 31 मार्च की सुनवाई होगी। इसमें ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग को आदि विश्वेश्वर बताते हुए नियमित पूजा-पाठ, राग-भोग की मांग की गई है।

### महिला के साथ मारपीट, मुकदमा दर्ज

**वाराणसी।** न्यायालय के आदेश पर भेलूपुर थाने में शिवाला की रहने वाली फरहाना की शिकायत पर घर में घुसकर मारपीट लूटपाट करने के मामले में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने सुरैया खान, हामिद,वाजिद, आमिर,अर्श खां, अलीना खां,शाहजाद की तलाश में जुट गई। आरोप है कि आठ जनवरी को आरोपियों ने पीड़िता की पिटाई कर गले से चेन नोच लिया।

### अवैध वाहन स्टैंड पर यूनियन में आक्रोश

**वाराणसी।** बनारस रिक्शावान महासभा से सम्बद्ध भारतीय रिक्शा, ई-रिक्शा चालक फोरम के पदाधिकारियों व सदस्यों की एक बैठक शनिवार को निगम स्थित यूनियन कार्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक में इस बात पर विचार किया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शहर में चल रहे अवैध वाहन स्टैंड पर कार्यवाई नहीं किया गया । बैठक में कहा गया कि ई-रिक्शा से संबंधित सभी कागजात आरटीओ में बनवाने में दुश्वरियों का बोल बाला है, सभी ने मांग किया कि पूर्व की भांति ई-रिक्शा के सभी कागजात निगम से ही बनवाने का निर्देश दिया जाए। बैठक में सभी ने संबंधित अधिकारियों से मांग किया कि मुख्यमंत्री के आदेश का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। बैठक में राजेश आजाद, चिन्मय चटर्जी, मनोज, नरेंद्र प्रकाश आदि थे।

### दैतरावीर मंदिर के महंत ने ग्राम प्रधान के खिलाफ दी तहरीर

**चौबेपुर।** दैत्यरावीर मंदिर के महंत तुफानी गिरी महाराज ने लालबहादुर पटेल प्रधान, जयराम यादव,बूझारत पटेल के खिलाफ मारपीट का प्रार्थना पत्र देकर उक्त तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया। आरोप है कि मंदिर जाने पर फिर आरोपी उन्हें मारपीट सकते हैं।

### अवैध विज्ञापन पर 38 लोगों पर 13 लाख का जुर्माना

**वाराणसी।** अवैध विज्ञापन करने वाले 38 लोगों पर 13 लाख का जुर्माना लगाया गया साथ ही नोटिस दी गयी। नगर आयुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने कार्रवाई की। 38 विभिन्न संस्थाओं के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुये उनसे को कहा गया। नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम के विज्ञापन विभाग की टीम प्रतिदिन रात में लगाये गये अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर के विरूद्ध कार्यवाही जारी है।

### पति की मौत के बाद प्रताड़ना का आरोप

**वाराणसी।** चौक क्षेत्र के घुघरानी गली की प्रियंका घोष ने पति की मौत के बाद सास-ससुर, ममिया ससुर, अन्य परिजनों पर मारपीट, प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उनके गहने और रुपये भी छीन लिये गए। प्रियंका की शादी सुशांत घोष से 14 फरवरी 2021 को हुई थी। बीते 23 फरवरी को बीमारी से सुशांत की मौत हो गई। प्रियंका का आरोप है कि कोलकाता निवासी ममिया ससुर गौतम घोष ने सास रिंकी घोष, ससुर सुशांत घोष, साघन व मुकुल को भड़का दिया। इसके बाद उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। एक दिन जबरदस्ती आलमारी की चाबी छीनकर उसके साथ मारपीट की गई। आलमारी से पिता व पति के दिये गहने और 10 लाख रुपये छीन लिए।

# दस दिन निरस्त रहेगी बनारस-प्रयागराज



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के बनारस-प्रयागराज रेल खंड के झूंसी-रामनाथपुर स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य एवं झूसी स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग कार्य के संबंध में 18 से 25 मार्च तक प्री-इंटरलॉक एवं 26 से 28 मार्च तक नॉन इंटरलॉक कार्य किये जाने एवं 28 मार्च को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, पुनर्निधारण एवं नियंत्रण संचालित किया जायेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05196/05195 प्रयागराज रामबाग-बनारस-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित विशेष गाड़ी, 05169/05170 बलिया-प्रयागराज रामबाग-बलिया 18 से 28 मार्च, 05173/05174 बनारस-प्रयागराज रामबाग-बनारस, 05137 मऊ-प्रयागराज रामबाग 26 से 28 मार्च तक निरस्त रहेगी, इसके साथ ही 05138 प्रयागराज रामबाग-मऊ अनारक्षित विशेष गाड़ी 27 एवं 28 को निरस्त रहेगी। दादर से 26 को चलने वाली 01027 दादर-बलिया, प्रयागराज-बनारस-वाराणसी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग प्रयागराज-जंघई-वाराणसी, बलिया से 27 को चलने वाली 01028 बलिया-दादर, अहमदाबाद से 26 को चलने वाली 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस ारिवर्तित मार्ग प्रयागराज-जंघई-वाराणसी के रास्ते चलायी जायेगी। इसके साथ ही कई ट्रेनों को नियंत्रित कर संचालित किया जायेगा।

## छात्रों और दुकानदार में मारपीट, शिकायत दर्ज

**वाराणसी।** कैण्ट थाना क्षेत्र के भोजूबीर स्थित एक रेस्टोरेंट में शुक्रवार शाम यूपी कॉलेज के छात्रों और दुकानदार के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इस मामले में फिर शनिवार को छात्र व दुकानदार आपस में भिड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ छात्रों को हिरासत में लिया लेकिन कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया गया। हालांकि इसको लेकर भोजूबीर में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही। दोनों पक्षों की तरफ से कैंट थाने में तहरीर दी गयी।

इस मामले में दुकानदार सारनाथ के दीनापुर निवासी शरद कुमार मिश्र ने तहरीर में बताया था कि शुक्रवार शाम आधा दर्जन छात्र पहुंचे। विवाद के बाद मारपीट और तोड़फोड़ की। काउंटर से 70 हजार रुपये निकाल ले गये। शरद ने कैंट थाने के अर्दलीबाजार चौकी पर नामजद तहरीर दी है। उधर यूपी कॉलेज के छात्र देवेश प्रताप सिंह ने तहरीर दी। बताया कि वह मारपीट में शामिल नहीं था। शनिवार को जब वह उधर गया तो तो दुकानदार व उसके समर्थकों ने शटर बंदकर उसे मारापीटा। उसने अपहरण और मारपीट का आरोप लगाते हुए कैण्ट पुलिस को तहरीर दी है।

# जी-20 को लेकर सीपी ने मातहतों संग की बैठक



**वाराणसी।** जी-20 तैयारियों के बाबत पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन ने शनिवार को कैंप कार्यालय में मातहतों संग बैठक की। बैठक में आवागमन मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक के इंतजाम समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की और निर्देशित किया।

बैठक में अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) संतोष कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त (यातायात एवं प्रोटोकाल ) प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त प्रोटोकाल नीरज कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन मनीष कुमार शांडिल्य, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात दिनेश कुमार पुरी एवं सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया अधिकारीगण मौजूद रहे।

## टिकट के साथ दलाल गिरफ्तार

**वाराणसी।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ)ने शनिवार को कैंट आरक्षण से एक टिकट दलाल को गिरफ्तार कर उसके पास से विभिन्न ट्रेनों के टिकट बरामद किया। होली के बाद महानगरों को जाने वाले लोगों की भीड़ बढ़ी है, इसके चलते कंर्फम टिकट के लिए यात्री परेशान दिख रहें हैं जिसका फायदा उठाते हुए इन दिनों कैंट आरक्षण केंद्र पर दलाल सक्रिय हो गये, आरक्षण केंद्र प्रभारी व कर्मचारियों की ओर से काउंटर नंबर 905 पर बिना जांच के टिकट बनाने के चलते इनकी संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, लोगों की शिकायत पर आरपीएफ टीम इसके प्रति सक्रिय हुई और एसआई राकेश सिंह इसके लिए विशेष रुप से तैनात किया राकेश सिंह के अथक प्रयास के चलते शनिवार को काउंटर नंबर 905 से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से दो काउंटर टिकट व आठ ई टिकट बरामद किया गया, जिसकी कीमत 27 हजार 527 रुपये है। आरपीएफ एसआई राकेश सिंह ने बताया कि उसके स्वयं के आई डी से भी आठ टिकट मिले हैं।

# बिजली न रहने के फायदे सोशल मीडिया पर वायरल

**वाराणसी।** कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने के कारण चहुंओर बिजली-पानी संकट को लेकर मचे हाहाकार के बीच सोशल मीडिया पर कुछ मजेदार जोक भी चल रहे हैं। बानगी तो देखिए। एक बेहाल उपभोक्ता ने लिखा है-हैरान होने की कोई जरुरत नही।

बिजली संकट को देखते हुए मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि बिजली जाने के तो सुख ही सुख है। सबसे पहले तो समाज की तरक्की में हमारा योगदान है। भले ही वो अर्थ आवर ही क्यों न हो और बिजली नही तो बिल भी कम आएगा और उन पैसों से आप बचत भी कर सकते है और मौज मस्ती भी। बुजुर्ग लोग बिजली न होने पर हाथ के पंखें का उपयोग करेंगे तो वर्जिश होगी तो जोड़ो की अकड़न खुल जाएगी। अरे भई, बिजली न होने की वजह से नींद ही नही आएगी। जब सोएगें नही तो चोर आएगा कैसे..और चोरी होने का खतरा भी नहीं रहेगा।

बिजली न रहने से सास-बहू के आपसी झगड़े कम होंगे। दोनो बजाय एक-दूसरे को कोसने के बिजली विभाग को कोसेगीं। इससे उनके मन की भड़ास भी निकल जाएगी और मन को अभूतपूर्व शांति भी मिलेगी। बिजली न होने से दोस्ती भी हो जाएगी वगैरह-वगैरह।

### 20 के बदले 50 रुपये में खरीद रहे जार का पानी



**वाराणसी।** बिजली-पानी संकट के बीच बोतल बंद और जार के पानी की बिक्री काफी बढ़ गयी है। डिमांड निकलने से विक्रेता मुंहमांगी कीमत पर बेच रहे हैं। पानी किल्लत का फायदा उठाते हुए तमाम कारोबारियों ने 20-30 रुपये वाला जार 50-60 रुपये में बेचा। नहाने-धोने और पीने के लिए बेबस जनता महंगा पानी खरीदने को विवश है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

मेरा उत्तर मध्यमा ।।(द्वितीय वर्ष) वर्ष 2011 अनुक्रमांक 30754 का प्रमाण पत्र खो गया है। अमित पाण्डेय पुत्र श्री रामलखन पाण्डेय, निवासी ग्राम-मिश्रपुर, पोस्ट-परियावां तहसील-कुंडा, जिला-प्रतापगढ़ उ0 प्र0।

मेरा सबसे बड़े पुत्र राजेश कुमार सिंह जिसका चाल चलन अच्छा नहीं है। उसका मेरे चल अचल सम्पत्ति से कोई वास्ता सरोकार नहीं है पिता पुत्र का सम्बन्ध भी नहीं है। और मेरे मृत्यु के बाद भी मेरे सम्पत्ति में कोई हक व हिस्सा नहीं होगा। बनवारी सिंह पुत्र स्व0 शिवनाथ सिंह निवासी ग्राम-खाजगीपुर, पोस्ट व थाना-अहरौरा, तहसील-चुनार, जिला-मीरजापुर।

आवश्यकता

आवश्यकता है- एस.के.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन रग्घूपुर, बेहड़ा, केराकत, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य/ विभागाध्यक्ष प्रवक्ताओं (बी.एड.) हेतु योग्य अभ्यर्थी योग्यता यू.जी.सी./ विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगी। योग्य अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु 21 दिन के अंदर अपने शैक्षणिक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में संपर्क करें। प्रबंधक चंद्रभान सिंह 9793103333

आवश्यकता है - बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध विमला रमाशंकर महाविद्यालय युसूफपुर शाहपुर, गाजीपुर उ0प्र0 में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य एक पद, स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में हिन्दी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, प्राचीन इतिहास विषयों में एक-एक रिक्त पदों पर एवं शिक्षा संकाय के अन्तर्गत बी0एड0 पाठ्यक्रम में विभागाध्यक्ष एक पद तथा स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम0ए0 पाठ्यक्रम में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र में दो-दो प्रवक्ताओं एवं गृहविज्ञान में तीन प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान एन0सी0टी0ई0 न्यू रेगुलेशन 2014 तथा यू0जी0सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिन के अंदर शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट फोटो के साथ आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक, फोन व स्वयं से दी जायेगी।
प्रबन्धक
मो0-9161221561, 9838825063

## घर आकर दिया तीन तलाक, केस दर्ज

**वाराणसी।** नदेसर के राजाबाजार की सना परवीन ने इंग्लिशिया लाइन निवासी पति सैयद इमरान के खिलाफ तीन तलाक देने, मारपीट व प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कैंट थाने में शनिवार को केस दर्ज कराया है। साथ ही ससुर सैयद फजल, सास आयशा खातून, देवर साहिल, सैयद दबील अली, अन्य अज्ञात पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। बताया कि शादी के बाद दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। इसके खिलाफ पहले से मुकदमा दर्ज कराया है। पुराने मुकदमे को उठाने के लिए अलग-अलग नंबरों से ससुरालवाले उसे धमकी दे रहे हैं। बीते 28 फरवरी को पति घर आया और तीन तलाक दिया। 14 मार्च को फिर घर पहुंचकर तीन तलाक दिया। मां और बहन ने विरोध किया तो मारपीट की।

## तेज हवा और बारिश ने बढ़ायी किसानों की चिंता

**दानगंज।** शनिवार देर शाम तेज हवा के साथ हुई बारिश को लेकर किसान चिंतित हो गये हैं। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इस बरसात के कारण गेहूं, सरसों और आलू की फसलें प्रभावित हो सकती हैं। क्षेत्र के किसान गुल्लू यादव, सभाजित यादव, भानुप्रताप सिंह, राजेश सिंह कहा कि इस तरह की बारिश के चलते विशेषकर गेहूं की फसल को काफी नुकसान होगा। गेहूं की फसल लगभग 80 फीसदी पक चुकी है और 20 प्रतिशत फसल अधपकी है। तेज हवा और बारिश से फसल लोट जाएगी। साथ ही फसल काले पड़ कर सड़न पैदा कर सकते हैं। दूसरी ओर, बीज के लिए रखे जाने वाले आलू खेतों की मेड़ों पड़े हैं। उनमें अधिक पानी लगने से आलू की फसल को क्षति पहुंचने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## अधिवक्ताओं ने डीएम को दिया ज्ञापन

**रोहनिया।** संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने राजातालाब तहसील सभागार में फरियादियों की शिकायतें सुनीं और अफसरों को आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर प्राप्त 154 प्रार्थना पत्रों में से चार का निबटारा तत्काल कर दिया गया। तहसील बार एसोसिएशन राजातालाब के एक प्रतिनिधि मंडल ने अधिवक्ता विश्रामालय, अधिवक्ता पुस्तकालय आदि मांग के साथ डीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में भूपेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, नंदकिशोर सिंह, ओमप्रकाश पांडेय, धीरेंद्र प्रताप सिंह, रवींद्र कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार गुप्ता एवं दिलीप कुमार सिंह आदि रहे। फरियादियों की सुनवाई के दौरान सीडीओ हिमांशु नागपाल आदि भी थे।



शनिवार को आई आंधी में रिक्शा वाले की परेशानी मर्माहित कर गई

## शिल्पायन में संगीत संध्या का आयोजन

**वाराणसी।** नगर की विशिष्ट सांस्कृतिक संस्था शिल्पायन - द म्यूज़िक हब की ओर से शनिवार को संगीत संध्या का आयोजन काल्विण्ट सभागार, भेलूपुर में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिल्पायन के नवांकुर एस तेजस्वी शशांक ने गायन प्रस्तुत किया। राग रागेश्री में विलम्बित एकताल में बड़ा ख्याल- ₹चितवत चंद्र चकोर₹ व द्रुत तीनताल में छोटा ख़्याल- ₹पिया तोसे लागे₹ व ₹विघन हरो₹ के साथ अपने गायन का समापन किया। हारमोनियम एवं तबला पर क्रमशः हर्षित उपाध्याय एवं सिद्धार्थ चक्रवर्ती ने सुंदर संगति की। सांगीतिक संध्या की अंतिम प्रस्तुति इंदौर से पधारीं अतिथि कलाकार श्रीमती शोभा चौधरी का शास्त्रीय गायन रहा। आपने राग धानी की अवतारणा की जिसमें आपने विलम्बित एकताल में ₹ए सब मिल गाए₹ तथा द्रुत तीनताल में ₹मनवा तुम ना जानो₹। तत्पश्चात राग काफी में ₹मोपे ऐसो रंग जिन डारो₹ एवं होरी से अपने गायन को विराम दिया। उनके साथ पुनः एकबार तबले पर श्री सिद्धार्थ चक्रवर्ती तथा हारमोनियम पर हर्षित उपाध्याय ने सधी हुई संगत प्रदान की।

# गहमा गहमी के बीच हुई वोटिंग, कई निर्विरोध

इलेक्शन

### जनपद की साधन सहकारी समितियों के संचालन मंडल के सदस्यों का शनिवार को चुनाव

जनसंदेश टीम

**वाराणसी।** जनपद की सहकारी समितियों के संचालन मंडल के सदस्यों का शनिवार को चुनाव हुआ। उस दौरान संबंधित स्थलों पर काफी गहमा-गहमी दिखी। पिंडरा प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय ब्लॉक के मंगारी स्थित समिति के सदस्य का निर्णय मतदान के जरिये हुआ। जिसमें नेवादा वार्ड से उमेश सिंह (94) ने सुशील सिंह (54) को पराजित किया। जगदीशपुर वार्ड से हिरामनी ने बेगम अस्तरी 11 मतों से हराया। निहालापुर वार्ड से गिरीश गौरव (39) ने पतिराज (32) को पटखनी दी। भानपुर समिति में राजेश सिंह तथा हरिशंकर चुने गये।

इसी प्रकार चिरईगांव प्रतिनिधि के मुताबिक स्थानीय विकास खंड की चार साधन सहकारी समितियों के दस संचालक मंडल के सदस्यों का चुनाव हुआ। एडीओ सहकारिता दिलीप सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि बर्थराकला वार्ड-1 से धनंजय सिंह, वार्ड-2 से मणिशंकर सिंह, वार्ड-3 से संजय राय, जाल्हूपुर से जीउत तिवारी, गोबरहां-रमचंदीपुर सामान्य से नंदा कुमार, गोबरहां से मकानू, छितौना वार्ड-1 से खरपत, वार्ड-2 से रामा यादव, वार्ड-4 से चंद्रबली सिंह और वार्ड-6 से अतुल सिंह निर्वाचित घोषित किये गये।

रविवार को समितियों के सभापति व उपसभापति का चुनाव साधन सहकारी समितियों पर होगा। काशी विद्यापीठ प्रतिनिधि के अनुसार लोहता स्थित समिति के सदस्य पद के लिए भट्ठी गांव के चुनाव संपन्न हुआ। एडीओ सहकारिता शिल्पी मिश्रा ने बताया कि हेमराज (29) ने संतोष (27) को पराजित किया। लोहता समिति के अन्य आठ वार्डों समेत ब्लॉक की 12 समिति के सदस्य निर्विरोध चुने गये।

सूचना

संस्था श्री बृजलाल आदर्श इण्टर कालेज चौखड़ा, राजगढ़ मीरजापुर द्वारा संचालित विद्यालय श्री बृजलाल आदर्श इण्टर कालेज चौखड़ा, राजगढ़ मीरजापुर के प्रबंध समिति के गठन हेतु निम्नांकित विवरण के अनुसार कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है:-

| क्र0 सं0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | आम सभा की बैठक | 21.05.2023 | प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक |
| 2. | नामांकन | 21.05.2023 | अपराह्न 02 बजे से 04 बजे तक |
| 3. | नामांकन पत्रों की जांच | 22.05.2023 | प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक |
| 4. | नाम वापसी | 22.05.2023 | अपराह्न 02 बजे से 04 बजे तक |
| 5. | चुनाव चिन्ह आवंटन (यदि आवश्यक हुआ तो) | 22.05.2023 | सायं 04 बजे से 06 बजे तक |
| 6. | मतदान | 04.06.2023 | प्रातः 07 बजे से सायं 05 बजे तक |
| 7. | मतगणना एवं शपथ ग्रहण | 04.06.2023 | सायं 06 बजे से परिणाम आने तक |

आप सभी साधारण सभा के सदस्यों को उपरोक्त दिनांक एवं समय पर उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु सूचना प्रेषित है। कृपया निर्धारित समय पर चुनाव में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। कृपया अपने साथ पहचान पत्र अवश्य लायें।

ह0 अध्यक्ष (सभापति) (कपिल देव सिंह)
ह0 प्रबंधक (विरेन्द्र सिंह)

कार्यालय ग्राम पंचायत आहोपुर वि0ख0 बदलापुर, जौनपुर

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ अंत्येष्टि स्थल/ राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ एस.एल.डब्लू.एम. के अन्तर्गत कार्य/मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय/ पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण, सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.03.2023 से 24.03.2023 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपराह्न 2.00 बजे तक प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 27.03.2023 को निविदा हेतु गठित कमेटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष अपराह्न 2.00 बजे खोली जायेगी, निविदा फर्म पैड पर होगी।

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) | क्र.सं. | परियोजना का नाम | मात्रा (प्राक्कलन के अनुसार) | शिड्यूल रेट के अनुसार (निम्नतम दर पर) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टाइल्स, शुलभ/सामुदायिक शौचालय | | | 9 | भूसा, वृक्षारोपण, बांस रोपण (पौधा कम से कम 6 फीट का होना चाहिए) | | |
| 2 | सीमेंट, बालू, गिट्टी, छड़, ईंट 150/एस0ओ0बी0 | | | | | | |
| 3 | ईंट, हैण्डपम्प रिबोर, हरा चारा, सूखा चारा, चुन्नी, सीमेंटेड ईंट | | | 10 | कंस्ट्रक्शन ज्वाइंट, आंगनबाड़ी केन्द्र, सी0एस0सी0 जनसुविधा केन्द्र | | |
| 4 | पलम्बरी सामग्री, खेल कूद के मैदान पर खेल कूद की सामग्री | | | 11 | नाली निर्माण सामग्री, पंचायत भवन, चूना पेंट | | |
| | | | | 12 | खड़ंजा, सोख्ता, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट | | |
| 5 | समर्सिबल, विद्युत तार, जलसंचयन सम्बन्धी कार्य, इलेक्ट्रिक सामग्री | | | 13 | योगा/व्यायाम सामग्री, मॉडर्न वृक्षारोपण, ह्यूम पाईप, सी.सी. टीवी कैमरा ए.सी.पी. बोर्ड, दिशा सूचक/साईन बोर्ड/शिलापट्ट या फैन्सग्रास | | |
| 6 | इण्टरलाकिंग टाइल्स सामग्री गोवंश आश्रय केन्द्र पर भूंसा अन्य इंटरलाकिंग ब्रिक | | | | | | |
| 7 | डेस्क, बेंच फर्नीचर/आलमारी, मैदान/ तालाब के सुन्दरीकरण हेतु घास | | | 14 | पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, आपरेशन कायाकल्प, कोविड-19 सेनेटाईजर/ फागिंग मशीन, मास्क, लाल ईंट, डब्लू एस0सी0, कोविड एलाउंस कैप, | | |
| 8 | ग्रीन बोर्ड पर्दा, अन्त्येष्टी स्थल, सूखा-गीला कचरा प्रबंधन व कम्पोस्ट गड्ढा इत्यादि | | | | | | |

प्रतिबंध एवं शर्तें-सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के पश्चात तय की जायेगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी अथवा नहीं। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर एवं आयकर कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है। प्रस्तुत दर पी.डब्ल्यू.डी. की दर से अधिक न हो। सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा रु0 50 के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्यकर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

ग्राम प्रधान (मनोज कुमार सिंह)
ग्रा0पं0/ग्रा0वि0अधि0 (बृजेश सिंह)



# वाराणसी



## बिजली-पानी को तरस रही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की काशी

# बनारस में चौतरफा 'ब्लैक आउट'

### कर्मचारियों की धरपकड़ शुरू, फिर भी बेपटरी बिजली आपूर्ति की व्यवस्था



कज्जाकपुरा उपकेंद्र पर पहुंचे मजिस्ट्रेट को दर्द सुनाती जनता



मलदहिया चौराहे पर रात में दिखा ऐसा नजारा



उपकेंद्र का हाल लेते डीएम

**जनसंदेश न्यूज**

**त्राहिमाम-त्राहिमाम**

**विद्युतकर्मियों के 72 घंटे की हड़ताल के चलते आपूर्ति व्यवस्था राम भरोसे**

**प्रशासनिक व्यवस्था नाकाफी, पारेषण और वितरण उपकेंद्र पुलिस के हवाले**

**वितरण उपकेंद्रों पर पहुंचने वाले मजिस्ट्रेट भी हुए बेबस, जनता का दर्द बढ़ा**

**वाराणसी।** पीएम मोदी की काशी बिजली और पानी को तरस रही है। बिजली कर्मियों की हड़ताल ने पूरी काशी को ऊर्जाहीन कर दिया है। गांव हो या शहर, कमोवेश जगह-जगह पानी और मोबाइल चार्ज करने के लिए लोग जूझ रहे हैं। हजारों लोगों के मोबाइल की बैटरी डिस्चार्ज हो चुकी है। अधिकांश मोहल्लों और कॉलोनियों के घरों में पानी सप्लाई न हो पाने से लोगों को नगर-निगम के टैंकर का इंतजार करना पड़ रहा है। दर्जनों स्कूलों और बड़े संस्थानों की निर्भरता जनरेटर पर निर्भर हैं। विद्युत आपूर्ति सामान्य बनाने में जुटे प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के लोग भी अब लाचार नजर आ रहे हैं। संकट बढ़ाने वाले बिजलीकर्मियों की गिरफ्तारी न होने से जनता में आक्रोश अब सिर चढ़कर बोलने लगा है।

हालांकि चरमराई विद्युत व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने बिजली कर्मचारियों की धरपकड़ शुरू कर दी है। पन्नालाल पार्क उपकेंद्र के एक कर्मचारी को उसके घर से लाकर बैठाया गया है। अन्य उपकेंद्रों के कर्मचारियों की सूची लेकर अधिकारी खोजने में जुटे हुए हैं। बावजूद इसके बिजली व्यवस्था बेपटरी ही है। विद्युतकर्मियों के 72 घंटे की हड़ताल के चलते आपूर्ति व्यवस्था राम भरोसे हो गई है। प्रशासनिक व्यवस्था नाकाफी है। पारेषण और वितरण उपकेंद्र पुलिस के हवाले कर दिये जाने के बावजूद तकनीकी ज्ञान न होने से बंद फीडरों को चालू करने में वे सभी खुद को असहाय नजर आ रहे हैं। वितरण उपकेंद्रों पर पहुंचने वाले मजिस्ट्रेट भी बेबस नजर आ रहे हैं। इससे बेहाल जनता का दर्द बढ़ता जा रहा है। चहुंओर त्राहिमाम-त्राहिमाम की स्थिति है।

बिजली कर्मियों की हड़ताल की वजह से जो समस्या खड़ी हुईं हैं, उसके लिए कोविड कमांड सेंटर को एक्टिव कर दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में फोन कॉल को सूचीबद्ध करके समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। लेकिन समस्या है कि सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती जा रही है। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर आपूर्ति पर पड़ा है। हड़ताल के चलते शहर व देहात के तीनों सर्किल में आने वाले 56 से अधिक वितरण उपकेंद्रों में अधिकांश बंद हो चुके हैं। सभी उपकेंद्रों से बिजली सप्लाई करने के लिए एक भी कर्मचारी नहीं मौजूद नहीं था। यूनियन के आह्वान पर सभी कर्मचारी उपकेंद्र को लावाहरस छोड़कर फरार हो गए। यहां से होने वाले फाल्ट को निस्तारण करने के लिए कोई कर्मचारी नहीं दिखाई पड़ा। दिनभर लाइनमैन से लेकर एक्सईएन के मोबाइल स्विच आफ रहे। बिजली कटौती से परेशान पब्लिक लगातार रिंग कर रही थी, लेकिन एक ही जवाब मिल रहा था कि उपभोक्ता का मोबाइल स्वीच ऑफ है। बिजली-पानी संकट के चलते तमाम मोहल्लों और कॉलोनी के लोग टैंकर के पीछे घंटों पानी भरने के लिए खड़े हैं। डिब्बा, बाल्टी, जार और बर्तन लेकर लोग पानी मांग रहे हैं। लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।

### कैंट और कज्जाकपुरा में चक्काजाम

**जनता सड़क पर**

**रेलवे स्टेशन के बाहर ट्रैफिक रोककर दिया धरना**

**संकट झेल रही जनता ने लगाये मुर्दाबाद के नारे**

**वाराणसी।** बिजली-पानी संकट झेल रही जनता का आक्रोश शनिवार को भी फूट पड़ा और वे जगह-जगह सड़क पर उतर गये। कैंट रेलवे स्टेशन के सामने ट्रैफिक रोककर जनता ने चक्काजाम कर दिया और वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए। जबकि कज्जाकपुरा में आक्रोशित जनता ने चक्काजाम किया। दोनों जगह बिजली विभाग मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। पुलिस प्रशासन ने समझा-बुझाकर चक्काजाम समाप्त कराया। कैंट स्टेशन के सामने 40 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित है। इससे नाराज लोगों ने धरना शुरू कर दिया है। इस बीच कैंट थाने की पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, मगर लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाए। कैंट रेलवे स्टेशन के ठीक सामने समूह बनाकर लोग धरने पर बैठे। गाड़ियां जस की तस रोक दी गईं हैं। खाली बाल्टी लेकर नचाया गया और पानी दो-पानी दो के नारे भी लगाए गए। दूसरी तरफ, सरैया, कज्जाकपुरा आदि क्षेत्रों में भी 35 घंटे से अधिक समय से बिजली-पानी संकट के चलते नाराज जनता शनिवार को सड़क पर उतरीं और कज्जाकपुरा में चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया।



कैंट रेलवे स्टेशन के सामने चक्काजाम करने वालों से बात करते पुलिसकर्मी


### डीएम ने उपकेंद्र का किया निरीक्षण

**रोहनिया।** बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के कारण स्थानीय क्षेत्र के पांच दर्जन ट्यूबवेल ठप हो गये हैं। पेयजल की टंकियों को भरने के लिए जेनरेटर की मदद ली जा रही है। पेयजल के अधिक संकट वाले इलाकों में टैंकरों से पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। इधर, ग्रामीणों के मुताबिक हड़ताल में बिजली विभाग के अफसरों-कर्मचारियों के फोन या तो बंद हैं अथवा रिसीव नहीं किये जा रहे हैं। जबकि उपकेंद्रों पर अधिकारियों के नाम और फोन नंबर उपलब्ध कराए गए हैं। जनता हलकान है और हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। शनिवार को डीएम एस. राजलिंगम ने राजातालाब क्षेत्र स्थित 132 केवी सबस्टेशन का निरीक्षण कर मौके पर तैनात स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिये।

### इन क्षेत्रों की गुल रही बिजली

हड़ताल के चलते आधे से अधिक शहर की बिजली गुल रही। कई इलाकों में पिछले 48 घंटें से अधिक समय से बिजली नहीं है। मसलन, पत्रकारपुरम कॉलोनी, सेंट्रल जेल रोड, कज्जाकपुरा, सरैया, शैलपुत्री, ढेलवरिया, नई बस्ती, नाटी इमली, औसानगंज, ईश्वरगंगी, तेलियाबाग, जगतगंज, मलदहिया, कैंट, परेड कोठी, रोहनियां, नेहिया, इसीपुर, रसूलपुर, कनीयार, राजपुर, अकोड़ा, वीरांव, ताड़ी, सोनाही, दिनदासपुर, छितौनी, अकाला, शूलटंकेश्वर, जक्खनी, पंचकोशी, अटल नगर, मवइया, बरईपुर, फरीदपुर, डब्ल्यूटीपी, बड़ी बाजार, लाटभैरो, दुल्लीगढ़ई, पीलीकोठी, आजाद पार्क, लेढ़ूपुर, आशापुर, सिद्धगिरीबाग, मंडुवाडीह, इंग्लिशियालाइन, रोडवेज, पांडेयपुर, कोल्हुआ विनायका, नरिया, सुदामापुर, बेनिया, काली महाल, रामकटोरा, हथुआ मार्केट, बागबरियार सिंह, कबीरचौरा, मीरापुर बसहीं समेत अधिकतर इलाकों की बिजली सप्लाई बंद रही। इसके चलते यहां की जनता पेयजल के लिए तरस गई।

### सामुदायिक शौचालयों पर ताले लटके



**वाराणसी।** बिजली-पानी संकट के चलते शहर के अधिकांश सुलभ शौचालय की टंकी में एक बूंद पानी नहीं बचा है। इस वजह से सामुदायिक शौचालयों तक में तालाबंदी कर दी गई है। सुलभ शौचालयों पर बिजली कटौती की तख्ती लगा कर कर्मचारी ताला बंद घिसक लिये है। इससे राहगीरों और पर्यटकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंडुवाडीह क्षेत्र के बौलिया-लहरतारा पर सामुदायिक शौचालय पर बिजलीकर्मियों की हड़ताल के चलते बिजली नही है और शौचालय बन्द है का बोर्ड लगा दिया है। बताते चलें कि लहरतारा ट्रांसपोर्ट एरिया में आने वाले बाहरी ट्रक चालकों को नित्यक्रिया से निबटने में शनिवार को काफी परेशानी उठानी पड़ी और आने-जाने वाले लोग भी शौचालय का प्रयोग न कर पाने पर बिजली विभाग को कोसते नजर आये।

### दो हजार रुपये घंटे किराए पर जेनेरटर से भर रहे पानी

**वाराणसी।** हड़ताल के चलते शहर और देहात क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते अचानक बोतल बंद पानी और जनरेटर की डिमांड बढ़ गई। कई घरों में बोरिंग है, इसलिए कई जगहों पर दो हजार रुपये प्रति घंटे के हिसाब से लोगों ने किराये पर जनरेटर मंगाकर पानी भरने का काम किया। किराए पर जेनरेटर लेने के लिए लोगों को चंदा का सहारा लेना पड़ा। परेशान जनता बिजलीकर्मियों को कोसते नजर आईं।

### छोटे-मझोले उद्यमियों को करोड़ों का नुकसान

**वाराणसी।** बिजली न होने की वजह से सूक्ष्म, लघु, मध्यम व कुटीर उद्यमियों के कल-कारखानों में उत्पादन लगभग ठप सा पड़ गया है। इससे उद्यमियों को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। बुनकरी करने वालों की हथकरघा मशीने बंद हो गईं हैं। रामनगर औद्योगिक क्षेत्र की कई यूनिट्स बंद हैं। कुछ में उत्पादन काफी कम है। चांदपुर औद्योगिक क्षेत्र में भी फॉल्ट, ट्रिपिंग से कच्चे माल की बर्बादी से उद्यमी बेहाल है।

### रोजाना 10 करोड़ राजस्व वसूली प्रभावित

**वाराणसी।** जिले में बिजली की सप्लाई के लिए विभाग को तीन सर्किल में बांटा गया है। इनके बीच सप्लाई और कस्टमर चेन को प्रापर बनाए रखने के लिए एक सौ से अधिक कैश काउंटर बनाए गए हैं। हड़ताल का असर सभी कैश काउंटर पर देखने को मिल रहा है। सभी कर्मचारी ताला लगाकर हड़ताल में शामिल हैं और पब्लिक बिल तक जमा नहीं कर पा रही है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि हड़ताल के चलते रोजाना 10 करोड़ से ज्यादा का राजस्व वसूली प्रभावित हो रहा है। मार्च क्लोजिंग के महीने में हड़ताल ने जान आफत में डाल दी है।

### सभी वितरण उपकेंद्रों पर लगाये गये राजस्वकर्मी

**वाराणसी।** बिजली विभाग की हड़ताल को देखते हुए अधिकांश सब स्टेशनों पर राजस्व कर्मियों को लगाया गया। इसमें लेखपाल और कानूनगो के अलावा विभिन्न विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसके पूर्व 19 संवेदनशील 33/11 केवी उपकेंद्र और 33 केपी पोषक पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए लेखपाल और अमीन की तैनाती की गई थी। इन सभी को शिफ्टवार लगाया गया है। लेकिन इनकी तैनाती के बावजूद आपूर्ति व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पा रही है।

### अधिकारियों व कर्मचारियों के मोबाइल स्विच ऑफ

**वाराणसी।** हड़ताल में शामिल होने के कारण कार्य से बचने के लिए जिले के दो हजार से अधिक संविदा कर्मचारियों के साथ अधिशासी अभियंताओं, एसडीओ, अवर अभियंताओं, लिपिकों के मोबाइल स्विच आफ हो गए हैं। डिस्काम से आदेश आने के बाद सर्किल के वरिष्ठ अधिकारियों ने चार दर्जन से अधिक आईटीआई कर्मियों को हायर करते हुए कार्य पर लगाया गया है। लेकिन तकनीकी ज्ञान और लाइन चार्ट के अभाव में वे काम करने में खुद को असहज महसूस कर रहे हैं।

### बिजली संकट ने बढ़ायी डीजल की खपत

**महंगाई के बावजूद इन्वर्टर-बैटरी की भी बिक्री बढ़ी**

**वाराणसी।** विद्युतकर्मियों के हड़ताल के चलते बिजली-पानी संकट के बीच डीजल की खपत बढ़ गयी है। बाजार हो या फिर रिहायशी इलाके। जेनरेटरों के सहारे रोशनी फैलाने की जुगत ने डीजल की मांग में इजाफा हुआ है। नजीता यह कि डीजल की खपत में 30 से 40 फीसदी तक इजाफा हुआ है। बिजली संकट ने बाजार को भी बेहाल कर दिया है। शाम के वक्त ग्राहक निकलने का समय होता है। बिजली न मिलने से दुकानदार भी बेहाल हो जाते हैं। ऐसे में ग्राहकों की सुविधा के लिए कारोबारी इंवर्टर और जेनरेटर का सहारा लेना नहीं चूक रहे। छोटे दुकानदार तो इंवर्टर से काम चला लेते हैं लेकिन बड़े प्रतिष्ठान संचालकों का काम बगैर जेनरेटर के नहीं चलता। ऐसे दुकानदार 10 केवीए से लेकर 63 केवीए के तक जेनरेटर का उपयोग अधिक करते हैं। लिहाजा, डीजल की खपत अचानक बढ़ी। उधर इंवर्टर एवं बैटरी के दाम बढ़ने के बावजूद मांग में कमी नहीं है। छोटे दुकानदार हो या फिर रिहायशी लोग। महंगाई के बावजूद ऐसे लोगों के बीच इन्वर्टर-बैटरी की भी बिक्री भी बढ़ी है।

## बिजलीकर्मियों ने लगाये जयश्रीराम के नारे

**वाराणसी।** हड़ताली बिजलीकर्मियों ने भिखारीपुर स्थित हनुमान मंदिर पर शनिवार को जयश्रीराम के नारे लगाए। लखनऊ में 22 नेताओं की गिरफ्तारी की बात सुनते ही कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ गया है। मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए ऊर्जा प्रबंधन की हठवादिता को खूब कोसा और सभा स्थल पर देर शाम तक जमे रहे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि आंदोलनरत कर्मियों को गिरफ्तार या बर्खास्त किया गया तो ऊर्जा निगमों के तमाम कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता और निविदा/ संविदा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे और पूरे प्रदेश में सामूहिक जेल भरो आन्दोलन प्रारम्भ होगा। जेल भरो आंदोलन की सुगबुगाहट के बीच भिखारीपुर क्षेत्र की दुकानों से गमछो की जमकर खरीदारी हुई। नजीता यह हुआ कि किसी दुकान पर गमछा ढूढ़े नहीं मिला। हड़ताल बिजलीकर्मियों ने दावा किया कि अनपरा बिजली घर में 500 मेगावाट क्षमता की एक और इकाई को बंद करना पड़ गया है। इसके अतिरिक्त ओबरा ताप बिजली घर की कुल 1000 मेगावाट क्षमता की पांच इकाइयों ने पूरी तरह काम करना बन्द कर दिया है। अनपरा में 210-210 मेगावाट क्षमता की तीन इकाईयां हड़ताल के पहले दिन शुक्रवार को बन्द हो गयी थीं। पारीछा ताप बिजली घर में भी शुक्रवार को 210 मेगावाट क्षमता की एक इकाई बन्द करनी पड़ी थी। इस प्रकार उत्पादन निगम में 2950 मेगावाट क्षमता की 12 ताप बिजली इकाईयां अब तक बन्द हो चुकी हैं। पारेषण की कई लाइनें बन्द हो गयी हैं और 33/11 केवी वितरण उपकेन्द्रों पर बिजली कर्मियों के न होने के कारण आपूर्ति व्यवस्था चरमरा रही है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने इस हालात के लिए ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन और सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि तीन दिसम्बर 2022 को ऊर्जा मंत्री के साथ संघर्ष समिति का लिखित समझौता हुआ, जिसे बिजली निगमों के चेयरमैन मानने से इन्कार कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने हड़ताल से उत्पन्न स्थिति के लिए ऊर्जा निगमों के चेयरमैन के हठवादी रवैये को जिम्मेदार ठहराया है। सभा को चंद्रशेखर चौरसिया, आशीष कुमार, रत्नेश सेठ, मनीष राय, ओपी सिंह, नरेंद्र वर्मा, रमाशंकर पाल, आरके पाण्डेय, अंकुर पांडेय, जिउतलाल, विजय सिंह, विरेन्द्र सिंह, जमुना पाल, ओपी भारद्वाज, कुंज बिहारी आदि ने संबोधित किया।



भिखारीपुर स्थित हनुमान मंदिर पर नारेबाजी करते हड़ताली विद्युतकर्मी

# 'बाबा' के दरबार में 100वीं बार मत्था टेकने वाले पहले सीएम बने योगी

**एक आंकड़ा यह भी**

**मुख्यमंत्री ने कालभैरव और काशी विश्वनाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन**

**छह साल में विश्वनाथ धाम में सर्वाधिक पहुंचने वाले यूपी के मुख्यमंत्री**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिनी वाराणसी दौरे के अंतिम दिन शनिवार की सुबह कालभैरव मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस तरह दोनों मंदिरों में 100वीं बार मत्था टेकने वाले वह पहले सीएम बन गये हैं। साथ ही पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में उनका यह 113वीं बार आगमन था।

2017 में यूपी की सत्ता संभालने के बाद योगी जब भी वाराणसी आते हैं तो लगभग हर बार वह काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाकर लोक कल्याण की कामना करते हैं। राज्य के सीएम बनने के बाद से अपने दोनों कार्यकाल में शनिवार तक करीब 72 महीनों में 100वीं बार इस मंदिर में मत्था टेकने वाले वह पहले मुख्यमंत्री हैं। बीते शुक्रवार को वह 113वीं बार वाराणसी पहुंचे।

सीएम योगी महीने में एक बार या कभी-कभी दो बार काशी आते हैं। अपने प्रत्येक दौरे में वह यहां के विकास कार्यों की समीक्षा समेत मौका-मुआयना भी करते हैं। पहली बार 2017 में उत्तर प्रदेश की कमान संभालने के बाद से बीते साल मार्च 2022 तक कुल 74 बार वह काशी विश्वनाथ मंदिर आये थे। गत वर्ष नौ सितंबर को मुख्यमंत्री ने 100वीं बार वाराणसी का 100वां दौरा कर 88वीं बार 'बाबा' के धाम में दर्शन-पूजन किया था। उसके बाद बीते शुक्रवार 18 मार्च तक उन्होंने एक दर्जन बार इस मंदिर में हाजिरी लगायी। काशी विश्वनाथ मंदिर में उनके आगमन का वर्षवार ब्योरा देखें को नौ सितंबर 2022 तक 88 बार, एक अक्टूबर 2022 को 89वीं बार, उसी साल 14 अक्टूबर को 90वीं बार, छह नवंबर को 91वीं बार, 11 नवंबर को 92वीं बार, 11 दिसंबर को 93वीं बार, वर्तमान 2023 में आठ जनवरी को 94वीं बार, 12 जनवरी को 95वीं बार, 19 जनवरी को 96वीं बार, 20 जनवरी को 97वीं बार, चार फरवरी को 98वीं बार, 13 फरवरी को 99वीं बार और गत शुक्रवार 18 मार्च को 100वीं बार वह काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। इसी प्रकार शनिवार को ही काशी के कोतवाल कालभैरव मंदिर में भी उन्होंने सौवीं बार दर्शन-पूजन किया।





योगी आदित्यनाथ ने सीएम बनने के बाद से अबतक शनिवार को काल भैरव एवं काशी विश्वनाथ मंदिर में 100वीं बार दर्शन-पूजन किया

### सर्किट हाउस का लिया जायजा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार की सुबह सर्किट हाउस में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य रूप से सर्किट हाउस के नवनिर्मित भवन का जायजा लिया। साथ ही मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को गुणवत्ता के साथ समय से कार्य पूर्ण कराने को कहा। इससे पूर्व बीते शुक्रवार देर रात उन्होंने 34वीं वाहिनी पीएसी और रोहनिया थाने में बने बैरकों का मौका-मुआयना कर अफसरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उससे पूर्व वह शंघाई सहयोग संगठन यानि एससीओ के पर्यटन मंत्रियों के कार्यक्रम में शामिल हुए।

### बच्चे से की बात

शनिवार को प्रातः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कालभैरव मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन और आरती की। उस दौरान मंदिर के बाहर डमरू बजा रहे एक बच्चे को देखकर वह रुक गये। सीएम ने प्यार से उसका नाम पूछा और उसकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर सूबे के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, डीएम एस. राजलिंगम आदि भी रहे।




जनसंदेश टाइम्स मेडिकल डायरेक्टरी

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डा. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अखरी, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586180

मानसिक रोग, नशा मुक्ति व सेक्स रोगों का संपूर्ण इलाज
डॉ. प्रदीप चौरसिया
एम.बी.बी.एस, एम.डी. (न्यूरोसाइकाइट्री)
(आई.एम.एस., बी.एच.यू.)
मस्तिष्क व मानसिक रोग विशेषज्ञ
सरदर्द, माइग्रेन, बेहोशी, डिप्रेशन, OCD, मिर्गी, घबराहट, तनाव, याददाश्त व एकाग्रता में कमी, शंका करना, सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर, डिमेंशिया, अल्जाइमर इत्यादि
गंगोश्री हॉस्पिटल 7518 5555 44/ 7317 5555 44
लेन नंबर- 4, गुरुधाम कॉलोनी, गुरुधाम क्रासिंग के पास, वाराणसी

रिटेल डायरेक्टरी

महाशिवरात्रि पर सभी दर्शनार्थी एवं काशीवासियों को 20% की विशेष छूट
शिव रुद्राक्ष अनुसंधान केन्द्र (प्रा. लि.)

जनसंदेश टाइम्स एजुकेशन डायरेक्टरी

We ensure Holistic Growth of yOur child...
S.G. Public School
Estd. 2002
Affiliated to C.B.S.E., 10 + 2, Co - Ed., Science & Commerce Stream (Physical Education & Computer Science Available)
ADMISSION OPEN!
SESSION 2023-24
for Montessori to Classes IX & XI
NO ADMISSION FEES Montessori to Class 5th
UP TO 30 APRIL 2023

# लक्ष्य में फिसड्डी होने पर ब्लैक लिस्ट, रपट और रिकवरी

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कौशल विकास मिशन की समीक्षा बैठकों में हिस्सा न लेने वाली प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसियों से जवाब-तलब किया गया है। टार्गेट पूर्ण न करने और मीटिंग से नदारद दो एजेंसी का लक्ष्य शून्य कर उन्हें ब्लैक लिस्ट करने की संस्तुति हुई है। जबकि लक्ष्य में अपूर्ण एक एजेंसी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होगी और एक अन्य एजेंसी को रिकवरी नोटिस देने की तैयारी है।

मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने शनिवार को जिला कौशल समिति के सदस्यों संग समीक्षा बैठक के दौरान यह फैसला लिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना में जनपद में कार्यरत प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे। उन्होंने गैरहाजिर एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

**कार्रवाई**

**जिला कौशल समिति के सदस्यों संग समीक्षा बैठक में लापरवाह प्रशिक्षण प्रदाताओं के खिलाफ सीडीओ का ऐक्शन**




दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना में एसेंट्रिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और वीजन इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का टार्गेट जीरो कर उन्हें काली सूची में डालने की संस्तुति की। इसके अलावा आंचल टेक्नोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध तय लक्ष्य के सापेक्ष नाममात्र के अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग देने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्णय लिया।

वहीं, एसआरएसजी ब्रॉडकास्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की प्रगति बेहद खराब पाए जाने पर रिकवरी की नोटिस जारी की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने एजेंसियों द्वारा कराये गये सेवायोजना का सत्यापन जनपद स्तर के कंट्रोल रूम के जरिये कराने के निर्देश दिये।

मीटिंग में समिति के सदस्य डीपीआरओ, उप श्रमायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, राजकीय आईटीआई, डूडा, जिला उद्योग केंद्र एवं जन शिक्षण संस्थान, उप्र कौशल विकास मिशन के काउंसलर एवं एमआईएस प्रबंधक अभिषेक सिंह और जयकृष्ण श्रीवास्तव की मौजूदगी रही।

## नेशनल कॉम क्वेस्ट के फाइनल राउण्ड में पहुंचे 12 विद्यार्थी

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में त्रिस्तरीय नेशनल कॉम क्वेस्ट का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय स्तर के इस क्वेस्ट में देशभर से लगभग 150 प्रतिभागी शामिल हुए। शनिवार को प्रथम चरण में बहुविकल्पीय प्रश्नों के माध्यम से हुई प्रतियोगिता में 150 में से 50 प्रतिभागी ग्रुप डिस्कशन के दूसरे चरण में पहुंचे, जिसमे से 12 प्रतिभागी फाइनल राउण्ड के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे है। फाइनल राउण्ड सोमवार को आयोजित होगा। विजयी प्रतिभागियों को टैबलेट, मोबाइल फोन, किताबें एवं प्रमाण पत्र जैसे पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अलावा एसएमएस, आर्यमहिला पीजी कॉलेज, बसंता कॉलेज, सनबीम आदि महाविद्यालयों के भी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. तरू सिंह ने किया।

# हेल्थ जांच में चार अफसर हाई बीपी के मिले शिकार



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी रेल कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करायी।

वाराणसी मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मंडल चिकित्सालय की ओर से समय-समय पर जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत मंडल चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. जे. चौधरी के नेतृत्व में जांच शिविर का शुभारम्भ मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पांडेय द्वारा अपने स्वास्थ्य की जांच कराकर किया गया। इसके पश्चात अपर मंडल रेल प्रबंधक(इंफ्रा) राहुल श्रीवास्तव, मुख्य परियोजना प्रबंधक(गतिशक्ति) कौशलेश सिंह समेत अन्य शाखाधिकारियों ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करायी।

शिविर में वजन, हाइट, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, लिपिड प्रोफाइल, इको कार्डियोग्राफी की जांच की गयी। जांच में चार अधिकारियों को हाई बीपी का पता चला।

## संक्षेप

### केन्द्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा का डॉ. अशोक राय ने किया अभिनंदन



**वाराणसी।** केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा का शनिवार को क्षेत्रीय संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा डा. अशोक राय ने अपने आवास पर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा को अंगवस्त्रम ओढ़ा कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर वहां कई लोग मौजूद थे।

### नीति के खिलाफ दिया ज्ञापन

**वाराणसी।** शासन की नई टाउनशिप नीति के खिलाफ जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार के संयुक्त रूप से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। उन्होंने संबंधित नीति को तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही आशंका व्यक्त की कि यदि यह नीति लागू हुई तो शोषित, वंचित समाज के लोगों के कई घर उजड़ जाएंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, बृजेश जैसल, अशोक सिंह, पंकज चौबे, राजीव कुमार 'राजूराम', अनुपम राय आदि रहे।

### 'भिक्षा लेना या देना अपराध है'

**वाराणसी।** जनपद में चलाए जा रहे भिक्षावृत्ति मुक्त काशी अभियान के तहत शनिवार को अर्दली बाजार क्षेत्र स्थित महावीर मंदिर, कालभैरव मंदिर, महामृत्युजंय मंदिर, बड़ागणेश मंदिर, मैदागिन चौराहा, आरपी घाट, गिरजाघर, गोदौलिया चौराहा, बांसफाटक, दुर्गाकुंड, संकटमोचन, मानस मंदिर, बनकटी हनुमान मंदिर आदि क्षेत्र में भिखारियों की काउंसिलिंग की गयी। साथ ही 'भीख लेना या देना अपराध है' का संदेश दिया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी जीआर प्रजापति ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुहिम के दौरान तीन भिखारियों को 'अपना घर' भेजा गया जबकि तीन अन्य भिक्षुकों को उनके परिवार के हवाले किया गया।

### डीएम ने लिया कस्तूरबा विद्यालय का जायजा

**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम ने शनिवार को शिवपुर क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर में बच्चों से बातचीत की। गैरहाजिर बच्चों और उनके उनके अभिभावकों से वार्ता कर स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। विद्यालय में साफ-सफाई और बाथरूम का रखरखाव असंतोषजनक दिखा। उन्होंने बीएसए से कहा कि बच्चों को अक्षय पात्र से भोजन दिलाएं।

### 31 तक करा लें नावों का पंजीकरण

**वाराणसी।** जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने शनिवार को भेलूपुर क्षेत्र स्थित एक होटल में नाविक संगठनों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने गंगा में संचालित सभी नावों पर सुरक्षा की दृष्टि से ओवरलोडिंग न करने, बोट पर अनिवार्य रूप से सवारियों के लिए लाइफ जैकेट रखने, अपंजीकृत नावों का संचालन न करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन नावों का अबतक रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वह प्रत्येक दशा में आगामी 31 मार्च तक पंजीकरण करा लें। अन्यथा गैरपंजीकृत नावों को संचालन की परमिशन नहीं देंगे और कार्रवाई होगी। डीएम ने सभी नावों को एकरूपता देने के लिए वीडीए के जरिये आकर्षक पेंट कराने पर बल दिया।

### विदेशी मेहमानों ने किया सारनाथ का भ्रमण



**सारनाथ।** शंघाई सहयोग संगठन यानि एससीओ सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ का भ्रमण किया। उन्होंने स्थानीय खंडहरों में पुरातात्विक अवशेषों को देखा। मूलगंध कुटी बौद्ध मंदिर में विश्व शांति के लिए पूजा की। महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त सचिव भिक्षु सुमित्ता नंद थेरो ने विश्व शांति की कामना के साथ पूजन कराया। दल ने संग्रहालय का भी अवलोकन किया। इस मौके पर अधीक्षण पुरातत्वविद अविनाश मोहंती, नीतेश मिश्र, सुनील कुमार आदि रहे।

### सारनाथ में तीन दिनों से बिजली बाधित

**वाराणसी।** बरईपुर, सारनाथ क्षेत्र की विद्युत सेवा 16 मार्च 2023 की शाम से बाधित है। रात में पावर हाउस फोन करने पर बताया गया कि फाल्ट है। हड़ताल है इसलिए कोई बना नहीं पाएगा। सुबह समाचारपत्र में दिये गए हेल्पलाइन नंबर्स पर बमुश्किल कॉल मिली। बोले कंप्लेंट फारवर्ड कर देते हैं। जल्दी हो जाएगा। दोपहर तक नही होने पर पुनः कॉल किया। उन्होंने फिर फारवर्ड किया है। समाचारपत्र में ही दिये गए नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर पर कॉल किया। वहां भी कंप्लेंट दर्ज.हुई।

### श्रावस्ती चैटर्जी ने कथक पर किया रससिक्त



**वाराणसी।** दीनदयाल हस्तकला संकुल बड़ालालपुर में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कथक नृत्य की प्रस्तुति साकार हुई। वर्धमान बंगाल से पधारी कलाकार सुश्री श्रावस्ती चैटर्जी के कथक नृत्य से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। श्रावस्ती ने कथक नृत्य की प्रस्तुति का आरम्भ पद्मविभूषण पं बिरजू महाराज की स्वरबद्ध शिव वन्दना पर आधारित नृत्य से किया। इसके उपरांत ताल धमार में निबद्ध पारंपरिक रचना के अंतर्गत उपज आमद तिहाई परन और लड़ी की अभिव्यक्ति रसपूर्ण रही। इसी क्रम में उन्होंने राग खमाज में निबद्ध होरी ठुमरी पर नृत्य प्रस्तुत कर श्रोताओ को हर्षित किया। बोल थे रंग डारूँगी नंद के लालन पे। समापन पं बिरजू महाराज रचित राग रागेश्री में तीनताल में निबद्ध तराना पर नृत्य से किया। कार्यक्रम की परिकल्पना एवं समन्वय रहा डॉ रत्नेश वर्मा तथा संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया।

### रंग अबीर के साथ फैली वतन की माटी की सुगंध

**वाराणसी।** रामकटोरा स्थित एक बैंक्वेट हाल में शनिवार को कान्य कुब्ज वैश्य हलुवाई (मोदनवाल) समिति ने होली मिलन का अनोखा आयोजन किया जिसमें अपनी मात्र भाषा के साथ क्षेत्रीय संस्कृति और परंपरा भली भांति नजर आई। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभु गजानन महाराज की आराधना करते हुए उन्हें गुलाब की पंखुड़ियां, अबीर गुलाल और नयवैद्यम अर्पित किया गया। महिलाओं व पुरुषों की अलग-अलग टोलियों ने जमकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए और गले मिलकर होली की बधाइयां दीं। इस दौरान गीत संगीत और नृत्य के कार्यक्रम ने भी सबका जी भरकर मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान भोजपुरी भाषा के होली के गीतों पर युवाओं ने जमकर ठुमके लगाए। कार्यक्रम में अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, डा.शिव कुमार गुप्ता, विशाल गुप्ता, रौशन गुप्ता का रामजी गुप्ता राधेश्याम गुप्ता ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# जी-20 का उद्देश्य वसुधैव कुटुंबकम है



**वाराण्सी।** सभागार विधि संकाय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शनिवार को एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय जी-20 एयरपोर्ट मैनेजमेंट एण्ड एडमिनिस्टेज्टीव फेमिलीराइजेशन रहा।

अध्यक्षता कुलपति प्रो.आनन्द कुमार त्यागी ने किया। मुख्य अतिथि अनिल कुमार राय, महाप्रबन्धक एयरपोर्ट अथार्रिटी ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली और विशिष्ठ अतिथि विपिन कुमार राय, डिप्टी एसपी (एटीएस) इर्स्टन जोन रहे। अनिल कुमार राय ने एयरपोर्ट तकनीकी एवं सुरक्षा व्यवस्था को विस्तार से समझाया। उन्होंनें जी-20 के सन्दर्भ में यह कहा कि यह ऐसा संगठन है जिससे दुनिया के 20 देशों को इनवेस्ट करने के लिए भारत आमंत्रित कर भारत की रुपरेखा बदली जा सकती है। विपिन कुमार राय ने कहा कि जी-20 उद्देश्य बसुधैव कुटुम्बकम है। कुलपति ने कहा कि वर्क प्लेस के अनुसार ही चीजों को समझनें में सहजता होती है और विधि विभाग इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहता है।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत प्रो. रंजन कुमार, विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष, विधि संकाय, डॉ. शिल्पी गुप्ता, डॉ. हंसराज, डॉ. रामजतन प्रसाद किया और संचालन डॉ. सना अहमद और धन्यवाद धनन्जय कुमार शर्मा ने दिया।

## समाजशास्त्र विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन

**वाराण्सी।** समाजशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में प्रोफेसर आलोक कुमार कश्यप महाराज बलवंत सिंह पी जी कालेज गंगापुर के द्वारा पीएचडी कोर्स वर्क के शोधार्थियों को सामाजिक शोध के विभिन्न पहलुओं जैसे उपकल्पना का निर्माण, न्यादर्श का चुनाव इत्यादि बिंदुओं की चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्वागत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रेखा द्वारा किया गया तथा अतिथि का परिचय डॉ. जेपी. यादव तथा धन्यवाद ज्ञापन शोध छात्र कमला यादव द्वारा दिया गया।

## जलवायु परिवर्तन से होने वाली समस्याओं हुई चर्चा

**वाराणसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन कबीर प्राकट्य स्थल, नई बस्ती, लहरतारा में डॉ पारिजात सौरभ के निर्देशन में जलवायु परिवर्तन से होनी वाली समस्याओं पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मंदिर परिसर के पास स्थित मैदान में सफाई अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने भोजन बनाने की विधि को जाना।

# जल संरक्षण पर जागरूक करेंगे एनसीसी कैडेट



**वाराणसी।** जल व पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से शनिवार को सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय शिक्षा शास्त्र विभाग की ओर से एनसीसी के कैडेटों की ओर से जागरुकता रैली निकाली गयी।

जागरुकता रैली को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों की अहम जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि वह समाज को जल के महत्व और जरूरत के बारे में जागरुक करें, शिष्य भी अपने-अपने घरों में

**रैली**

**वक्ताओं ने कहा, जल के प्रति सबकी जिम्मेदारी ही संरक्षण को देगी गति**

जल संरक्षण की सोच को विकसित करेंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अनेकों योजनाओं में इस तरह के भूजल संरक्षण योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके लिये केन्द्र और राज्य सरकार भी तीव्र गति से कार्य कर रही है। कुलसचिव एवं वेदांती प्रो रामकिशोर त्रिपाठी ने कहा कि मानव सभ्यता भी नदियों के तट पर बसी है, इससे उनका पोषण हुआ। भूजल एक मीठे पानी के स्त्रोत के रूप में प्राकृतिक संसाधन है।

इसे जनजागरण अभियान चलाकर संरक्षित करने की जरुरत है। शिक्षाशास्त्र की प्राध्यापिका डॉ. विशाखा शुक्ला ने कहा कि वृक्षारोपण के माध्यम से भी इस दिशा में सकारात्मक कार्य किया जा सकता है। ताकि भूजल को संरक्षित किया जा सकता है। वैदिक रूप मे जल को देव रूप मे माना जाता है। जल से ही सृष्टि की रचना हुई है। उक्त अवसर पर प्रो. हीरक कान्त चक्रवर्ती, जाकिर हुसैन, डॉ. मीना कुमारी, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सत्यप्रकाश, सोनी कुमारी व डॉ. संजय कुमार मिश्र आदि थे।

# बेपरवाह सचिव को जेब करनी पड़ेगी ढीली

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** आराजी लाइन ब्लॉक के गंजारी ग्राम पंचायत में एसएलडब्ल्यूएम यानि ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन मनमाने ढंग से संचालित हो रहा है। शनिवार को औचक मुआयने पर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने मौके की स्थिति देखकर सख्त नाराजगी जतायी। उन्होंने कचरा रखने का एक स्थान को मानक के अनुरूप न पाए जाने पर सचिव को अपनी जेब ढीली कर संबंधित निर्माण कराने के निर्देश दिये।

सीडीओ श्री नागपाल गंजारी में एसएलडब्ल्यूएम के तहत कराए जा रहे कार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे। वहां आरआरसी सेंटर में गीला, सूखा, प्लास्टिक आदि कूड़ा रखने के लिए आठ कैबिनेट (खाना) का कूड़ा स्थल बनाने के बजाय अधिक खाने का स्थल बना मिला।

साथ ही ई-रिक्शा रखने के लिए स्थानाभाव है। उन्होंने सचिव को आरआरसी सेंटर पर ही ई-रिक्शा रखने का जगह एवं आठ खाने का कूड़ा स्थल बनाने के निर्देश दिये। सीडीओ ने सचिव को कूड़ा स्थल अपने खर्च कर नहीं बनाने को कहा। मौके पर पहले से स्वीकृत एक-एक यूनिट नेफेड एवं वर्मी कंपोस्ट नहीं बनाया गया है। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए दोनों यूनिट सात दिन में बनवाने पर बल देते हुए अन्य आवश्यक निर्देश दिये।



मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने शनिवार को गंजारी में एसएलडब्ल्यूएम के कार्यों का जायजा लिया

## छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज में सिफ्सा के सहयोग से संचालित यूथ फ्रेन्डली सेन्टर के तत्वावधान में शनिवार को स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के रेडियोलॉजी विभाग के सीनियर रेजिडेन्ट डॉ. मनीष इन्दल ने छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। डॉ. मनीष इन्दल ने कहा कि आजकल बड़ी संख्या में मानसिक स्वास्थ्य के रोगी आ रहे है जिनकी अवस्था 16 से 40 वर्ष के बीच की है। इनमें अवसाद, अनिंद्रा, ध्यान न लगना जैसी बीमारिया दिख रही है जो दिखने में सामान्य ही प्रतीत होती है लेकिन इनके प्रभाव काफी हानिकारक एवं दूरगामी होते है। कहा कि युवाओं को चाहिए की वे अपनी दिनचर्या में से थोड़ा समय निकाल कर खेलने कूदने, व्यायाम एवं संतुलित आहार पर ध्यान दे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. शशिकान्त यादव, स्वागत डॉ. बन्दना बाल चन्दनानी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नजमूल हसन ने दिया।

# अच्छी उपज के लिये करें प्राकृतिक खेती



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** महंगे कृषि रसायनों और निवेशों पर निर्भरता कम करने के लिए किसान प्राकृतिक खेती की ओर कदम बढ़ाएं। भले की कम क्षेत्रफल में यह खेती हो लेकिन प्रयास कर इस दिशा में अवश्यक पहल करें। इससे गुणवत्तापूर्ण उत्पादन संभव होगा।

बीएचयू के बरकछा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों के लिए 'प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न की स्वास्थ्य में भूमिका' विषयक प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने कृषकों से यह आह्वान किया। आरंभ में उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। केंद्र अध्यक्ष, प्रो. श्रीराम सिंह की मुख्य उपस्थिति में इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ. जय पी. राय, प्रो. संत प्रसाद, डॉ. सुनील कुमार गोयल, डॉ. एसएन सिंह, मीरजापुर के डीडी कृषि, पुष्पेंद्र तिवारी, पंकज कुमार, पंकज सिंह, राजेश कुमार सिंह तथा हरेंद्र मौर्य आदि का सहयोग रहा।

## संस्कृत में निहित ज्ञान से राष्ट्र का कल्याण होगा : महंत शंकरपुरी

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विवि और संस्कृत भारतीय काशी प्रान्त एवं भारती भाषा समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में 'भारतीय भाषाओं में संस्कृत भाषा के अध्यापक एवं छात्रों मे कौशल का विकास' विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला में अन्नपूर्णा मन्दिर के महंत शंकरपुरी ने कहा कि संस्कृत मे निहित ज्ञान विज्ञान को बाहर लाकर उसके अध्ययन से ही समस्त मानवता का कल्याण होगा। संस्कृत के लोगो को जोड़ने से रोजगार सृजित होंगे। सारस्वत अतिथि प्रो. पुष्पा दिक्षित ने गुरुकुलों के पुनर्जागरण करने की जरुरत है। कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत के साथ समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना साकार होती है। सभी महाविद्यालयो मे सरल मानक संस्कृत का अभ्यास कराया जायेगा। संस्कृत भारती के अखिल भारतीय के सम्पर्क प्रमुख श्रीशदेव पुजारी ने कहा कि सरल मानक संस्कृत भाषा का प्रारम्भ मे आवलम्बन करना चाहिये। संस्कृत श्रवण, लेखन, पाठन एवं सम्भाषण से यह कौशल विकसित होगा। प्रो. महेंद्र पांडेय ने कहा कि संस्कृत को आमजन की भाषा बनाने का बनाना लक्ष्य है। संचालन डॉ नागेश पांडेय ने किया।

# बिहार परिवहन में चयन पर दी विदाई



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** संभागीय परिवहन विभाग वाराणसी में तैनात आरआई अधिकारी सिद्धू के बिहार परिवहन में चयन होने पर शनिवार को अधिकारियों की ओर से उन्हें विदाई दी गयी।

बाबतपुर स्थित संभागीय परिवहन विभाग में तैनात आरआई सिद्धू बीते कुछ सालों से वाराणसी में तैनात थे, बिहार कमीशन के माध्यम से बिहार परिवहन विभाग में उनका इसी पद पर चयन हुआ है। अभी उन्हें पटना मुख्यालय में ही तैनाती मिली है, शनिवार को संभागीय परिवहन अधिकारी सहित सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने उन्हें माला पहनाकर शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। सर्वेश चतुर्वेदी ने कहा कि सिद्धू का कार्यकाल वाराणसी में बेहतर रहा इनके कार्यकाल के दौरान कई कार्य पूर्ण किया गया। बताया कि बिहार परिवहन विभाग में भी उनके द्वारा बेहतर कार्य किया जा सके इसकी शुभकामना, आरआई सिद्धू ने कहा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी में उन्हें ऐसे अधिकारियों के साथ कार्य करना पड़ा जिनसे कुछ ना कुछ सीखने को मिला उनकी स्मृति हमेशा बनी रहेगी इस दौरान संभागीय परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## महिलाओं ने लगाया गुलाल, दी बधाई



**वाराणसी।** अखिल भारत हिंदू महासभा के द्वारा महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन शनिवार को पूर्वांचल कार्यालय पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ बच्चों की ओर से गणेश व विष्णु वंदना के साथ की गयी, इसके साथ ही होली गीत की अति सुन्दर प्रस्तुति किया गया। आयोजन में स्थानीय सहित अन्य स्थानों की महिलाओं ने शिरकत किया। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। इस दौरान अध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, देवश्री व खुशबू जयसवाल की ओर से सभी महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ नेहा तिवारी, सरोजिनी महापात्रा, डॉ शशि कला पाण्डेय, वंदना रघुवंशी, सामाजिक कार्यकर्ता वंदना सिंह, वंदना जायसवाल, गोल्ड मेडलिस्ट नूर वर्मा, सारिका दुबे, आभा त्रिपाठी, प्रीति जायसवाल, सीमा यादव, पिंकी चौबे, पूजा पाण्डेय, मंजू मिश्रा आदि थी। संचालन पूर्वांचल कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार पाण्डेय ने किया।

# डीएम ने संभाला मोर्चा, कुछ फीडरों से हुई आपूर्ति


पानी टंकी भरने के लिए लगा जेनरेटर


विद्युत फाल्ट को दुरुस्त करते कर्मचारी


मातहतों से जानकारी लेते डीएम


फाल्ट को ठीक करते कर्मचारी

**सख्ती**

## तीन नामजद समेत चार विद्युत संविदा कर्मियों पर हुई कार्रवाई

**बलिया।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के चलते चरमराई शहर की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये स्वयं डीएम रवींद्र कुमार ने मोर्चा संभाल लिया। उसके बाद कुछ फीडरों की बिजली आपूर्ति बहाल हुई। उसके बाद नगरवासियों ने राहत की सांस ली। वहीं, दूसरी तरफ विद्युत व्यवस्था को डिस्टर्ब करने वाले तीन नामजद और एक अज्ञात विद्युत संविदा कर्मी पर कार्रवाई हुई है।

शहर की बिजली व्यवस्था विगत तीन दिनों से पूरी तरह प्रभावित होने के कारण शनिवार को जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक राजकरन नैयर पूरे शहर में चक्रमण करते रहे। पावर हाउस पर पहुंचने के बाद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि यदि कोई भी बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बाधित करता है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। उसके बाद प्राइवेट कंपनी द्वारा सिविल लाइन फीडर के अंतर्गत कुंवर सिंह चौराहा, बहादुरपुर में फाल्ट किये गये तारों को ठीक किया गया। उसके बाद विशुनीपुर पावर हाउस के मेन केबल को न्यायालय परिसर के सामने ठीक किया गया। उसके बाद बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गयी।

इसके पहले अन्य फीडरों में टाउन फोर, सिविल लाइन व विशुनीपुर पावर हाउस, रघुनाथपुर फीडर से जुड़े शहर के कई हिस्सों में विद्युत व्यवस्था बाधित रही। उसे भी ठीक कराने का प्रयास होता रहा। पावर हाउस पर पूरे दिन उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही। भीड़ को तितर-बितर करने के लिये पुलिस को हल्के बल का प्रयोग करना पड़ा, तब जाकर पावर हाउस से भीड़ हटी। जनता को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सख्त रहा। बिजली नहीं रहने से लोग गर्मी से भी परेशान रहे। मोबाइल चार्ज नहीं होने के कारण लेन-देन भी काफी हद तक ठप रहा। वहीं, अन्य उपकरण भी बिना लाइट के बेकार साबित हुए।

### शहर में गायब तो देहातों में रही बिजली

**बलिया।** सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि शहर क्षेत्र से बिजली विभाग को बिजली बिल के माध्यम से काफी राजस्व मिलता है, लेकिन जब भी कोई बिजली विभाग का आंदोलन होता है तो सबसे पहले शहर की बिजली व्यवस्था को ठप किया जाता है। देहातों में बिजली व्यवस्था चलती रही। हालांकि कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली फाल्ट के कारण बिजली गायब रही, लेकिन अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति होती रही।

## आक्रोशित होकर विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंचे लोग



**रतसर।** विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण आक्रोशित लोगों का धैर्य शनिवार को टूट गया। विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंचे लोगों ने कहा कि प्रशासन द्वारा हड़ताल के दौरान किसी तरह की कोई दिक्कत न होने के दावा किया गया था। बावजूद इसके व्यवस्था गड़बड़ा गई है। हेल्पलाइन नम्बर पर भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। किसान फोर्स के नेता अखिलेश सिंह ने उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन वहां पर तैनात नोडल खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा। कहा कि मजबूरी में हम लोगों को आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा। मांग किया कि अविलम्ब विद्युत आपूर्ति बहाल किया जाय। नगर पंचायत के जर्जर तार एवं ट्रांसफार्मर का तकनीकी आधार पर मरम्मत किया जाए। नगर पंचायत में बी-ग्रेड के अनुसार विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था किया जाए।

## पानी के लिए रहे परेशान

**बलिया।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ठप रही। लोग पानी के लिये तरसते रहे है। वहीं, दूसरी तरफ लोग मच्छरों से आतंक से पूरी रात नहीं सो सके। घर व शहर अंधेरे में डूबा रहा। लोग मोमबत्ती और मोबाइल टार्च के सहारे रात गुजारने को मजबूर रहे।

### हैंडपंपों पर लगी रही भीड़

**बलिया।** नगर क्षेत्र में लोग सरकारी हैंडपंपों पर पानी के लिये लंबी लाइन में लगे रहे। यहां तक कि आरओ पानी भी महंगे दर पर बेचे गये। चारों तरफ पानी के लिये हाहाकार मचा रहा। किसी तरह इधर-उधर से पानी लेकर लोग काम चलाते रहे।

## ग्रामीणों ने लाइनमैनों को पकड़ कर किया हंगामा



**बांसडीह।** क्षेत्र के सैदपुरा फीडर से तीसरे दिन भी बाधित बिजली सप्लाई चालू कराने के लिए शनिवार को तीन लाइनमैन को पकड़ कर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने लाइनमैनों को एसडीएम राजेश गुप्ता के हवाले करते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग किया। एसडीएम ने दो संविदा कर्मियों के सहारे फाल्ट खोज कर उसे ठीक कराने का प्रयास किया, लेकिन फाल्ट न मिलने के कारण सप्लाई बहाल नही हो सका। इस दौरान नायब तहसीलदार सुधांशु श्रीवास्तव, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जनार्दन वर्मा, अभिजीत तिवारी सत्यम, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## 48 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप, मचा हाहाकार

**बैरिया।** स्थानीय तहसील के सभी इलाकों में पिछले 48 घंटे से अधिक समय से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। इससे हाहाकार मचा हुआ है। वही, बैरिया नगर क्षेत्र में अपराहन 3:30 बजे के करीब कुछ पल के लिए बिजली आपूर्ति बहाल हुई। फिर नगर क्षेत्र की बिजली भी बंद हो गई। बिजली के नहीं रहने से पूरे क्षेत्र में हाय तौबा मचा हुआ है। पानी टंकियों से पेयजल की सप्लाई ठप हो चुकी है। आरओ मशीन बंद हो गए हैं। लोगों का मोबाइल व कंप्यूटर डिस्चार्ज होकर बंद हो चुके हैं। इंटरनेट सेवा भी अस्त-व्यस्त हो गया है। कुल मिलाकर पूरे क्षेत्र में बिजली को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की शाम से ही उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र, क्षेत्राधिकारी उस्मान, एसएचओ धर्मवीर सिंह सहित समस्त इलाकाई पुलिस संविदा पर तैनात लाइन मैनों को घर से बुलाकर लाइन चालू कराने का प्रयास कर रहे हैं। बावजूद इसके बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। विद्युत उपकेंद्र लोक धाम ठेकहा में तो विद्युत सप्लाई पिछले 72 घंटों से ठप है। जयप्रकाश नगर और बैरिया ग्रामीण की भी स्थिति यही है। कुल मिलाकर प्रशासनिक अधिकारियों के लाख प्रयास के बावजूद विद्युत आपूर्ति बहाल करने में इन्हें सफलता नहीं मिल पाई है।



## अधिकारियों पर लटकी मुकदमे की तलवार

**बलिया।** विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलिया महेश चंद्र वर्मा ने बिजली हड़ताल करने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। विशेष न्यायाधीश ने बलिया पुलिस को आदेश देते हुए कहा कि बिजली हड़ताल में शामिल अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण खंड बलिया और उसके चारों विद्युत वितरण खंडों के अधिशासी अभियंता गणों के खिलाफ मुकदमा कायम करते हुए जांच की जाए। साथ ही विद्युत वितरण का कार्य करने वाले बलिया के सभी विद्युत वितरण खंड के हड़ताल में शामिल व समस्त अधिकारी गण और कर्मचारी गण के खिलाफ जांच करके जांच आख्या सात दिन के अंदर विशेष न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें। इससे उनको विचारण हेतु तलब किया जा सके। इसकी जानकारी होते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मची हुई है। अपने जारी आदेश पत्र में न्यायाधीश ने बताया है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की हड़ताल के कारण बलिया में 16 मार्च से लगातार विद्युत आपूर्ति चरमरा गयी है। ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## विद्युत कर्मचारियों को दूढ़ता रहा प्रशासन




**बांसडीह।** विद्युत कर्मचारियों के हड़ताल का असर शनिवार को कस्बा सहित आस-पास के क्षेत्रों के देखने को मिला। विद्युत आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान दिखे। बता दें कि उप जिलाधिकारी राजेश गुप्ता सहित कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह की मुस्तैदी की वजह से इस हड़ताल से बांसडीह सब स्टेशन से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बहाल रही। शनिवार को अपनी मांगों को लेकर बांसडीह के बिद्युत कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। कर्मचारी हुसेनाबाद स्थित मेन पावर हाउस में बिजली आपूर्ति ठप कर फरार हो गये। स्थानीय प्रशासन विद्युत कर्मचारियों को ढूंढ रही है, लेकिन शाम तक किसी भी कर्मचारी का कोई अता-पता नही चल सका। सभी लाइनमैनों ने अपने-अपने मोबाईल बंद कर दिये है। बता दे कि तहसील क्षेत्र में बांसडीह, रेवती, सहतवार, सुखपुरा, सैदपुरा, मनियर आदि सब स्टेशन है।

## पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़

**बलिया।** बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण घरों व दुकानों का इनवर्टर भी जवाब दे दिया। लोग किराये के जेनरेटर के सहारे बिजली का उपयोग करते रहे। ऐसी स्थिति में पेट्रेल पंपों पर डीजल के लिये लोग गैलन लेकर खड़े रहे। वहीं, दूसरी तरफ कालोनियों में चार से आठ सौ रूपये लेकर मोबाइल जेनरेटर के सहारे लोगों के पानी टंकियों को भरा गया। दुकानों पर भी जेनरेटर की बिक्री होती रही।



## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लिया पावर हाउस का जायजा

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार एवं एसपी राजकरन नैय्यर ने शनिवार को सिविल लाइन पावर हाउस, आवासीय कालोनी बहादुरपुर में ट्रांफार्मर, 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र विशुनीपुर, 33/11 केवी हनुमानगंज एवं सुखपुरा का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि विद्युत आपूर्ति बाधित करने वाले सरकारी कर्मचारी या संविदा कर्मचारियों हो, उसके खिलाफ तुरन्त कार्यवाही करने का निर्देश है। उन्होंने कहा कि सभी पावर हाउस के आस-पास पुलिस बल की तैनाती की जाय। उसके आस-पास कोई भी व्यक्ति दिखाई दे तो उसको पकड़ कर तत्काल अनेक प्रकार की धारा लगाकर उसको जेल भेजने का निर्देश दिया। विशुनीपुर पावर हाउस पर तैनात कर्मचारी दुर्गेश सिंह ने बिजली अन्दर ग्राउंड फाल्ट की समस्या की विधिवत जानकारी दी। डीएम ने उनको निर्देश दिया कि फाल्ट की समस्या को तत्काल ठीक कराकर बिजली आपूर्ति बहाल किया जाय। साथ ही वहां पर अनुपस्थित कर्मचारी पर्यवेक्षक सुजीत कुमार, संजय कुमार के खिलाफ तुरन्त एफआईआर दर्ज किया किया गया तथा अनुपस्थित संविदा कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा, ताकि उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा सके। डीएम ने एसडीएम सदर प्रशान्त कुमार को निर्देश दिए कि सिविल लाइन एवं आवासीय कालोनी बहादुरपुर में दो ट्रांसफार्मर में फाल्ट की समस्या आयी है। उसको ठीक कराकर तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल किया जाय।



# यूपी-बिहार के कलाकारों ने बिखेरा जलवा

**बलिया।** दुबहर क्षेत्र के नगवां गांव में शुक्रवार की रात्रि प्रसिद्ध तबला वादक आदित्य नारायण पाठक की माता गायत्री देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश एवं बिहार के लगभग एक दर्जन कलाकारों ने प्रतिभाग किया। देर रात तक श्रोताओं ने लोक कलाओं का आनंद लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक डॉ. बृकेश कुमार पाठक एवं प्रधान संघ मंडल अध्यक्ष विमल पाठक ने संयुक्त रूप से सभी कलाकारों का माल्यार्पण एवं स्वागत करके किया। आरा, बिहार के गायक देव कुमार सिंह ने अपनी देवी गीत 'स्वर की देवी वीणा वाली सरगम स्वर सरसा दे.' से कार्यक्रम का आगाज किया। वहीं, वाराणसी से पधारी गायिका आराधना सिंह ने पारंपरिक निर्गुण गीत 'हम त नइहर के

**आयोजन**

## गायत्री देवी की पुण्यतिथि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

हईं रसीली लोगवा पागल कहेला ना.' सुनाकर भाव विभोर कर दिया। इसी क्रम में गायक पप्पू पांडेय, गोपाल मिश्रा, लाडली पाठक, स्वाति राज, करण अर्जुन भारती, विजय बहार आदि गायकों ने विभिन्न विधा के गीतों की प्रस्तुति कर देर रात तक शमा बांधे रखा। इस दौरान आयोजक धर्मेंद्र पाठक एवं आदित्य पाठक ने अतिथियों को सम्मानित किया। इस मौके पर सत्येंद्र सिंह, मंटू दुबे, विपुल चौबे, गोविंद पाठक, पन्नालाल गुप्ता, अनिल पाठक, नरेंद्र पांडेय, राजेश पाठक, विजयशंकर तिवारी आदि मौजूद रहे। संचालन विजयशंकर पाठक ने किया।

## चोरी की दो बाइक के साथ टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार

**बलिया।** नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह व निरीक्षक अपराध संजय शुक्ल के मार्गदर्शन में प्रभारी सिविल लाइन उनि प्रभाकर शुक्ल मय फोर्स को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने टाप-10 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की दो बाइकें बरामद की है। चौकी प्रभारी प्रभाकर शुक्ल महावीर घाट पर मौजूद थे, तभी मूखबीर की सूचना पर श्रीराम जानकी मंदिर मकदुमही के पास घेराबंदी करके खड़े व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम विकास उर्फ माझिल पुत्रत्र ओमप्रकाश ठाकुर निवासी सुल्तानपुर, थाना रसड़ा बताया। उसके कब्जे से दो बाइकें बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गये अभियुक्त ने बताया कि मैने जनपद के कई स्थानों से वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसका चेचिस नंबर बदलकर फर्जी कागजात तैयार करके आस-पास के जनपदों एवं बिहार प्रांत में बेच देते है। पुलिस ने उसे धारा 411, 413, 414 भादवि में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

# 2029 तक भारत हिंदू राष्ट्र घोषित होगा

**जनसंदेश न्यूज**

**बोले स्वामी आनंद स्वरूप**

## हनुमत दिग्विजय रथयात्रा का किया गया भव्य स्वागत

**रतसर।** कर्नाटक के किष्किंधा से चला हनुमत दिग्विजय रथ यात्रा के शुक्रवार की देर शाम स्थानीय नगर पंचायत में पहुंचने पर गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। शंकराचार्य परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी आनंद स्वरूप महाराज के नेतृत्व में हनुमत दिग्विजय रथयात्रा किष्किंधा से चला है, जो भारत भ्रमण के बाद भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में पहुंचेगा।

रथ पर श्रीराम दरबार, शिव दरबार एवं मां अंजना के साथ हनुमान जी का मंदिर विराजमान है। स्वाजी आनंद स्वरूप महाराज जब गांधी आश्रम चौराहे पर पहुंचे तो वहां बैण्ड बाजे के साथ फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। स्वामी आनंद स्वरूप महाराज ने कहा कि 2029 तक भारत हिंदू राष्ट्र घोषित होगा।

भारत को गजवा-ए-हिन्द नही होने देंगे। श्रीराम चरित मानस की प्रतियां जलाने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए यह यात्रा निकली है।

साधु-सन्तों का धर्म का प्रचार करना ही काम है। संघ प्रचारक दौलत मिश्रा एवं रजनीश पाण्डेय के नेतृत्व में रथयात्रा का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सत्येन्द्र पाण्डेय, मनोज गुप्ता, पंकज पाण्डेय, मुरारी जी चौबे, आनंद राजभर, आलोक राजभर, धीरेन्द्र सिंह, प्रधान रमाशंकर सिंह, पिंटू जायसवाल, रामजी गोंड, मनोज सिंह, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।


रतसर में स्वामी आनंद स्वरूप का स्वागत करते लोग

# हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार पर कसी नकेल: सांसद


संगोष्ठी को संबोधित करते सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

## समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मिल रहा लाभ

**बैरिया।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के अभिभाषण पर चर्चा के लिए भाजपा द्वारा शनिवार को नगर के निजी सभागार में संगोष्ठी आयोजित करके धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण ऐतिहासिक व ओजपूर्ण है। इस अभिभाषण में देश के वास्तविक प्रगति, समस्या व विकास के संदर्भ में स्पष्ट चित्रण किया गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद वक्ताओं ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने-अपने तरीके से विचार प्रकट करते हुए कृतज्ञता जताई। मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि जिसकी चर्चा अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति ने किया है, वह हमारी सरकार का वास्तविक चित्रण है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसा हैं। देश विकास के मार्ग पर अग्रसर है। समाज के सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सहायता पहुंचाने का हमारी सरकार ने प्रयास किया है। अमृत काल में यह देश विकास की ऊंचाइयों को छुएगा।

इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, विजय बहादुर सिंह, विजय बहादुर सिंह, मोहन सिंह, विद्या सिंह, रत्नेश सिंह, विजय द्विवेदी, दिलिप शर्मा, हरि कंचन सिंह, रमाकांत पांडे, विजय सिंह, मंटन वर्मा, शिवमंगल वर्मा आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रत्नेश सिंह तथा संचालन अमिताभ उपाध्याय ने किया।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई संगोष्ठी

**मझौवां।** भाजपा द्वारा राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा सांसद में दिए गए अभिभाषण पर चर्चा के लिए बेलहरी ब्लाक के ग्राम पंचायत मझौवां में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करके संगोष्ठी का शुभारंभ किया। कहा कि पूरे विश्व की नजर भारत पर टिकी हुई है। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि धर्मवीर सिंह, बृजबली सिंह, सुनील सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, इश्वरधारी सिंह, तारकेश्वर सिंह, मुनु सिंह, विनोद सिंह, अरुण सिंह, अरविंद सिंह सेंगर, मुन्ना यादव, शैलेन्द्र ओझा, हरि सिंह, पुनीत सिंह, आलोक कुंवर, धर्मवीर सिंह, रिंकू गुप्ता, राहुल पांडेय, रोहित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अश्वनी ओझा तथा संचालन आदित्य नारायण तिवारी ने किया।

# 500 एसी बसें चलायेगा परिवहन विभाग

**बोले दयाशंकर सिंह**

## 1000 करोड़ से किया जायेगा 23 बस अड्डों का विकास

**जनसंदेश न्यूज**

**रसड़ा।** अमर शहीद भगत सिंह इंटर कालेज के मैदान में शनिवार को विद्यालय के 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

श्री सिंह ने कहा कि परिवहन विभाग चेतक सेवा के अंतर्गत 500 एसी बसें चलाएगा। उत्तर प्रदेश के 23 बस अड्डों का 1000 करोड़ से आधुनिक तरीके से विकास किया जाएगा। बलिया बस अड्डा का विकास एयरपोर्ट की तरह किया जाएगा। कहा कि बहुत जल्द 1200 गांवों से बसें चलाई जाएंगी। राजधानी सेवा के तहत प्रत्येक जिले से दो-दो बसें चलाई जाएंगी। परिवहन विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त एवं सुविधा युक्त बनाने के लिए तेजी से काम हो रहा है, जिसके तहत अब ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को परिवहन विभाग के आफिस नहीं आना पड़ेगा। वह आनलाइन आवेदन करके अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकते हैं। गाड़ी फिटनेस का काम अब हर जिले में पीपी माडल के तहत किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने अमर शहीद भगत सिंह इंटर कालेज को पांच स्मार्ट क्लास एवं शताब्दी हाल बनाने की घोषणा किया। कहा कि प्रदेश सरकार ने एडेड विद्यालयों के लिए 500 करोड़ की बजट में व्यवस्था की है, जिससे जर्जर भवन को ठीक कराया जा सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि इच्छाशक्ति के बल पर अपना लक्ष्य हासिल करें और अपनी सकारात्मक सोच से देश का भविष्य उज्जवल बनाएं। व्यापार कल्याण समिति के संरक्षक सुरेश चंद जायसवाल ने रसड़ा बस स्टैंड को डिपो बनाने व प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर से बस चलाने के लिए मांग पत्र सौंपा। प्रधानाचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि पीसीएफ के चेयरमैन बाल्मीकि त्रिपाठी ने भी सभा को संबोधित किया।

विद्यालय के प्रबंधक श्याम कुमार गुप्त, उप प्रबंधक मो. मुजतबा हुसैन ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर वशिष्ठ नारायण सोनी, राजशेखर सिंह, रामायण सिंह, विजय कुमार पांडे, राजकुमार राम, कैलाश पति सिंह, महंत कौशलेंद्र गिरी, लाल चंद गुप्ता, अवधेश त्रिपाठी, वकील पांडे, चंद्रहास सिंह, प्रभु नारायण चौबे आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता श्याम कुमार गुप्त तथा संचालन विजय पांडे, अर्जुन जायसवाल, घनश्याम ने किया।


परिवहन मंत्री दयाशंकर को माला पहनाते लोग


समारोह में उपस्थित लोग


कुंवर सिंह इंका पर मूल्यांकन का बहिष्कार करते शिक्षक


मूल्यांकन का बहिष्कार करते हुए धरना देते शिक्षक

# कहीं मूल्यांकन तो कहीं कार्य बहिष्कार

**मांग**

### अपनी मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**बलिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के लिए शहर के राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कालेज और कुंवर सिंह इंटर कालेज को मूल्यांकन केंद्र घोषित किया गया है। चारों केंद्रों पर शनिवार से मूल्यांकन का कार्य शुरू हुआ। हालांकि कहीं-कहीं अपनी मांगों को लेकर शिक्षक मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करते हुए प्रदर्शन किये। कुंवर सिंह कालेज के मेन गेट पर शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार का बैनर टांगकर प्रदर्शन किया। वहीं, कुछ शिक्षक केंद्रों के अंदर मूल्यांकन का कार्य करत रहे। शिक्षकों ने कहा कि देश के अन्य प्रदेशों की भांति पुरानी पेंशन बहाल की जाए। एनपीएस धारक कार्यरत/सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के पीआरएएन खातों में पूर्ण राशि राज्यांश सहित दर्शाई जाए। अद्यतन तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण हो और रुके हुए वेतन को तत्काल निर्गत किया जाए। शिक्षकों ने कहा कि अगर हमारी मांगों को नहीं माना गया तो मूल्यांकन कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।


मूल्यांकन का बहिष्कार करते शिक्षक

# सड़कों पर दौड़ रहे प्रेशर हॉर्न लगे वाहन

**मनमानी**

### हार्ट के मरीजों समेत अन्य को झेलनी पड़ रही परेशानी

**बैरिया।** स्थानीय नगर पंचायत के एनएच-31 से गुजरने वाले वाहनों में बजने वाले प्रेशर हार्न से लोग परेशान है। वही, अब युवा दोपहिया वाहनों में प्रेशर हार्न लगाकर सड़कों पर घूमते नजर आ रहे हैं। प्रेशर हार्न की वजह से लोगों को डर के साथ-साथ परेशानी झेलनी पड़ रही है।

हाईकोर्ट की ओर से वाहनों में प्रेशर हार्न लगाने पर पाबंदी लगाई गई है। बावजूद इसके बड़े वाहनों के साथ-साथ अब मोटरसाइकिलों में भी प्रेशर हार्न लगाने का सिलसिला जारी है। पटाखों की ध्वनि से लोग सहम जाते हैं। हालांकि क्षेत्र के अलग-अलग चौक में पुलिस तैनात रहती है, लेकिन प्रेशर हार्न लगे वाहनों पर कार्रवाई करने में पुलिस विफल रही है। वरिष्ठ चिकित्सक डा. एनके सिंह का कहना है कि वाहनों में लगे प्रेशर हार्न की आवाज से ध्वनि प्रदूषण होता है। यह हार्ट के मरीजों के लिए अधिक खतरनाक होता है। ध्वनि प्रदूषण से हाई ब्लड प्रेशर, दिल की धड़कन बढ़ना और तनाव जैसी समस्याएं होती हैं। इनको नजरअंदाज करने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। उधर, एसडीएम आत्रेय मिश्र का कहना है कि पुलिस को निर्देशित किया गया है कि प्रेशर हार्न वाले वाहनों पर कार्यवाही करे। अगर शरारती तत्व वाहनों में प्रेशर हार्न लगाकर बाजार का माहौल खराब कर रहे हैं तो पुलिस प्रेशर हार्न लगाने वालों पर कार्रवाई करेगी। किसी को बक्शा नही जायेगा।

# एनएच पर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

**दबंगई**

### क्षेत्रवासियों ने विभाग पर लगाया मिलीभगत का आरोप

फोटो-07

**बैरिया।** परिवहन विभाग ने ओवरलोड वाहनों को अघोषित छूट दे रखी है। यह आरोप क्षेत्र के जागरुक लोगों ने लगाते हुए बताया कि ओवरलोड वाहन चालक परिवहन विभाग की मिलीभगत से एनएच-31 पर दौड़ रही है। इसके लिए एक महीने का कूपन खरीद कर महीने भर तक ओवर लोडिंग वाहनें चल रही हैं।

कूपन लेने के बाद इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नही होती है और न ही दोबारा चालान होता है। इसके लिए बकायदा परिवहन विभाग के मुख्यालय स्तर के अधिकारियों ने दिशा-निर्देश जारी कर रखे हैं। ओवरलोड का यह गोल्डन कूपन काफी दिनों से चल रहा है। शिवाल मठिया निवासी ओमप्रकाश सिंह, बैरिया निवासी अजय सिंह, रामनगर निवासी पप्पू सिंह, रामपुर निवासी मन्टन पाण्डेय ने बताया कि पहले एक ओवरलोड वाहन से प्रतिमाह जुर्माना वसूला जाता था। अब कूपन सिस्टम के कारण वह घटकर सात से 15 हजार रुपए हो गया है। विभाग हर माह एक से दस तारीख तक अभियान चलाता है। मगर इसमें ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, बल्कि मुख्यालय के अधिकारियों के निर्देश पर एक माह तक गाड़ी को ओवरलोड चलाने के लिए सात से पंद्रह हजार रुपए के बीच का कूपन काटा जाता हैं। जिस ट्रक का कूपन कट गया, वह उस माह ओवरलोड चल सकता है।

अगर परिवहन विभाग ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाता है तो पुलिस अपना दायित्व बखूबी निभायेगी। बगैर परिवहन विभाग के ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को कोई अधिकार नहीं है। **धर्मवीर सिंह, एसएचओ बैरिया**

अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों की जांच एवं कार्यवाही के लिए पत्र लिख रहा हूं। टीम बनाकर शीघ्र कार्रवाई होगी। ओवरलोड वाहनों के संचालन की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। **-आत्रेय मिश्र, एसडीएम**

## संक्षेप

### यूनियन बैंक के नए भवन का हुआ उद्घाटन

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** कस्बा के मोहल्ला नाजोपट्टी स्थित बरहदपुर कुटी के पास खैराबाद यूनियन बैंक के नए भवन का उद्घाटन गिरीशचंद्र जोशी अंचल प्रमुख वाराणसी एवं मिथिलेश कुमार क्षेत्र प्रमुख मऊ के संयुक्त हाथों से फीता काटकर किया गया। इस बीच अधिकारियों ने ब्रांच में उपस्थित ग्राहकों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक भी किया। खैराबाद यूनियन बैंक की शाखा लंबे अरसे से चलता आ रहा था यहां पार्किंग एवं ग्राहकों को हो रही असुविधा को देखते हुए ब्रांच मैनेजर रविशंकर सिंह ने अपने उच्च अधिकारियों के यहां पत्राचार किया था। जिस पर जांच पड़ताल के बाद ब्रांच को यहां से स्थानांतरण करने का निर्देश जारी किया गया। जिसके बाद मुहम्मदाबाद गोहना -आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर नए भवन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने ब्रांच में पूरी तरह से जायजा लिया और साथ ही साथ ब्रांच मैनेजर को आवश्यक सुझाव भी दिया। अधिकारियों ने बैंक में आए हुए ग्राहकों को अपने खातों की सुरक्षा एवं साइबर अपराध की रोकथाम के लिए टिप्स दिया।


यूनियन बैंक के नए भवन का उद्घाटन करते अंचल प्रमुख वाराणसी गिरीशचंद्र जोशी

### चोरी की एक ट्रैक्टर के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** षनिवार को थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर फोरलेन बढ़ुवा गोदाम से राकेश यादव पुत्र रामसोच यादव निवासी खानपुर मठिया थाना सरायलखंसी जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक ट्रैक्टर महिन्द्रा डीआई 265 बरामद कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि यह ट्रैक्टर मै 13 मार्च को अछार चट्टी से चुराया था जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर वादी जयप्रकाश यादव निवासी अछार द्वारा मु0अ0सं0 70/23 धारा 379 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत कराया गया था। इस सम्बन्ध में पूर्व में पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि0 की बढोत्तरी कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### महिला महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**दोहरीघाट, मऊ।** बाबू राम कैलाशी देवी महिला महाविद्यालय धनौली रामपुर


कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं

दोहरीघाट पर शनिवार को जूनियर छात्राओं ने सीनियर छात्राओं के विदाई के उपलक्ष्य में विदाई समारोह व वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। जिसमें बेटियों को शिक्षित करने के लिए जागरूक किया गया। वहीं बीए एवं बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राओं के विदाई समय लोगों की आंखें नम हो गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंधक धर्मेन्द्र राय व विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव प्रधान संघ श्रीधर राय द्वारा मां सरस्वती की चित्र पर दीप प्रज्जवलित और पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति किया। नृत्य गीत पर श्रोता झूम उठे। छात्रों ने सबसे पहले मां सरस्वती की वंदना हे मां शारदा भवानी गीत की प्रस्तुति किया। वहीं छात्राओं ने जग जग की शान है बेटी, हर घर की पहचान है बेटी प्रस्तुत कर लोगों को बेटियों के प्रति जागरूक किया। मुख्य अतिथि प्रबंधक धर्मेंद्र राय ने कहा कि मिलना, बिछड़ना ये प्रकृति के नियम हैं। आप लोग भी अच्छे कार्य करें और अपने माता पिता के साथ जनपद का नाम रोशन करे। विशिष्ट अतिथि श्रीधर राय ने कहा कि जिस लगन और मेहनत से सभी ने पढ़ाई कर कालेज का मान बढ़ाया वहीं लगन और हौसला आगे भी कायम रखें। हमेशा आगे बढ़ते रहें। इस दौरान प्रचार्य किरन राय, शिखा राय, शैलेन्द्र राय, अंकिता सिंह, निहारिका सहित अन्य उपस्थित लोग उपस्थित रहें।

# घाघरा के छोड़े रेत पर सब्जियां उगा किसान हो रहे मालामाल

**उपलब्धि**

### कड़ी मेहनत के बाद रेत में उगता है हरा सोना


नदी के किनारे के बालू में लहलहाती फसलें

**दोहरीघाट, मऊ।** मेहनत और लगन से बालू के रेत को किसानों ने हरे सोने की खदान में बदल दिया है। कठिन परिश्रम से उनके बैंक खातों की इबारत भी बदलने लगी है। कभी बाढ़ व कटान की प्रलय ढाने वाली घाघरा हमेशा तटवर्ती लोगों के लिए अभिशाप ही नहीं होती। वरन अन्य दिनों में यह लोगों के लिए वरदान भी साबित होती है। नदी का वही तट इन दिनों हरियाली की अनुपम छटा से सराबोर है, जो कभी तबाही की गाथा का लिखा करता है। पानी घटने से नदी के बीच निकल आये रेत के टापू इन दिनों हरे सोने की खदान बने हुए हैं। यहां से निकल रहे गर्मियों में होने वाले जायद की फसलों के रूप में फल व सब्जिया स्थानीय बाजार गुलजार कर सैकड़ों की आजीविका का मुख्य साधन बन उनकी तकदीर बदल रही हैं। नदी के किनारे के बालू की रेती किनारे बसने वाले किसानों की खेती के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होती है। इन दिनों जब नदी का घेरा सिमटकर उत्तरी तलहटी में जा समाया है तो निकल आये रेत के टापू पर लगभग 20 एकड़ क्षेत्रफल में जायद की फसलें लहलहा रही हैं। किसान इन्हें देख खुश हैं, उनकी मेहनत रंग ला रही है। घाघरा की रेती पर इन दिनों ककड़ी, खीरा, तरबूज, खरबूजा, करैली, लौकी, कद्दू, नाशपाती, परवल, बोदी, कोहड़ा, प्याज, टमाटर आदि की फसलें लहलहा रही हैं। तटवर्ती किसान इनकी सुरक्षा, संरक्षा, वृद्धि व देखभाल के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत में जुटे हैं। दोहरीघाट पुल के पास मुक्तिधाम के समीप का इलाका इन फसलों के उत्पादन का अच्छा केन्द्र बन चुका है। कस्बे के ही सनोज साहनी, बब्बन साहनी, मंगरू साहनी, उमा साहनी, शीला साहनी, ज्ञानमती साहनी, रामचंद्र साहनी, पराग, श्रीकिशुन सीसी छट्ठू साहनी, परमीला, तेतरी आदि दर्जनों ऐसे नाम है जो घाघरा की कोख में फल व सब्जियां उगाकर अपनी आजीविका को चला रहे हैं। वहीं इन क्षेत्रों में बिखर रही हरियाली की अनुपम छटा देखकर हर कोई उनकी मेहनत की तारीफ किये बिना नहीं रह पाता।

### सुबह से आसमान में बादल छाए रहने से किसान परेशान

**कोपागंज, मऊ।** शुक्रवार की सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहने से किसान परेशान रहे। वे फसलों के बर्बाद होने के डर से चिंतित हैं। उधर मौसम ठंडा रहने से लोगों को गर्मी से निजात मिली। इस समय खेतों में आलू व सरसों की फसल तैयारी हो गई है। किसान इन तैयार फसलों को जल्दी से घर लाने में जुटे हुए हैं। लेकिन शुक्रवार को मौसम के अचानक कर-वट लेने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहने से किसान परेशान हो उठे। वहीं अगर बारिश हुई तो आम, आलू व सरसों की फसलें नुकसान होंगी। वहीं अन्य दल्हनी की फसलों सहित आम के बौर को नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। मौसम के मिजाज में अभी तक कोई सुधार नही होते देख किसानों को अब चिंता सताने लगी है। किसान अमित मौर्या, अशोक सिंह, संतोष राय, रविन्द्र राजभर, उमाकांत तिवारी आदि का कहना है कि अब सभी फसल पूरी तरह से तैयार होने को हैं। जिसमें गेहूं, अरहर, सरसों, मटर चना की फसलें लगभग सभी किसानों का दस से पंद्रह दिनों में पककर तैयार हो जाएंगे ।लेकिन मौसम के बार- बार खराब होने व बूंदा-बांदी से किसान पूर्ण रूप से चिंतित हैं कि अगर जोरदार बारिश हुई और ओले भी गिरे तो किसानों का फसल बर्बाद हो जाएगा। जिससे हम लोगों का काफी नुकसान होगा और किसानों का फसल के साथ-साथ पूरा लागत बर्बाद हो जाएगा।


खेत में तैयार खड़ी सरसों की फसल

# पोखरे पर समस्याओं से आजिज श्रद्धालुओं ने नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन


नपं प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते श्रद्धालुगण

**कोपागंज, मऊ।** स्थानीय थाने के बगल में धार्मिक पोखरे पर श्रद्धालुओं को होने वाले समस्याओं को लेकर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। और नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। आरोप लगाया गया कि पोखरे पर स्वर्ग लोक सिधार गए लोगों को श्राद्ध देने और कर्मकांड करने की सदियों पुरानी परंपरा चली आ रही है यहां पर छठ पूजा के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक त्योहारों पर पोखरे पर नगर सहित आसपास क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं का जमावडा लगता है लेकिन यहां पर न तो प्रकाश की व्यवस्था है और न ही शुद्ध पानी पीने के लिए सरकारी हैंड पंप लगा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि नहाने के लिए महिलाओं के लिए पोखरे पर कोई स्नान घर ने होने से महिलाओं को काफी शर्मसार होना पड़ता है। बावजूद नगर पंचायत प्रशासन अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोड़े हुए हैं। आरोप लगाया कि पोखरे के सुंदरीकरण और घाट बनाने के लिए अनेकों बार आश्वासन दिए गए लेकिन दिनों दिन हालत यह हो गई कि पोखरे का पानी धीरे-धीरे प्रदूषित होने लगा। स्थिति और तब खराब हो गई जब आसपास के घरों के गंदे पानी और थाने के आवासी गंदा पानी पोखरी में बहने से पानी और प्रदूषित हो गया। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि जबसे पोखरे के घाट पर बने प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर परिसर में लगे सरकारी हैंडपंप असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ ले जाने के बाद श्रद्धालुओं के पानी पीने और नहाने के लिए और स्थिति खराब हो गई। आरोप लगाया कि नगर पंचायत प्रशासन के अधीन पोखरे के सुंदरीकरण और पक्के घाट के लिए पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अनेकों बार मांग की गई लेकिन आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिला।

# स्कूली बच्चों ने लोगों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा के नियमों का पाठ



वाहन चालक को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते छात्र-छात्राएं

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** सड़क पर चलने वाले राहगीरों एवं बाजार वासियों में तब एक सुखद एवं सकारात्मक एहसास जगा जब एम शमीम मेमोरियल पब्लिक स्कूल माहपुर में पढ़ने वाले नौनिहालों ने आगे आकर सड़क सुरक्षा की कमान संभाली एवं राह चलते वाहनों को रोक सड़क सुरक्षा के नियमों का पाठ पढ़ाया। जिस उम्र में बड़ो द्वारा बच्चों को विभिन्न नियमों एवं अनुशासन के बारे में शिक्षित किया जाता है अगर उस उम्र के बच्चे ही बड़ो को जागरूक करने लगे तो जाहिर सी बात है कि उसका असर प्रभावशाली होगा। विद्यालय के चेयरमैन मोहम्मद आरिफ खां, डाइरेक्टर मोहम्मद आकिब खां, टीचर दीपक सिंह, आलोक मौर्य, दानिश खां, अनुभव सिंह, सागर प्रसाद के निर्देशन में विद्यार्थीगण नौशाद खां,अजमल हाश्मी, खुशबू यादव, माज खां, शिखा प्रजापति, उत्पल यादव, अंशिका वर्मा, अंश वर्मा, अनम खां, जवेरिया खां ने मिलकर दर्जनों छात्र-छात्राओं को सड़क नियमों की जानकर के साथ सड़क पर उतारा। हाथों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करती तख्तियाँ एवं नारे बोलते हुए विद्यार्थी जब करहां बाजार के अति व्यस्ततम श्री टॉवर के सामने शिविर लगाकर राहगीरों को जागरूक करने लगे तो उन्हें देखने बाजारवासी दुकानों से बाहर निकल पड़े। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विष्णुकांत श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रविभूषण सिंह, आशीष चैधरी, वर्तमान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रवि पासी, प्रधान प्रतिनिधि श्याम बिहारी जायसवाल, असफाक अहमद, इरफान हाशमी, धीरेन्द्र प्रताप, कान्ग्रेस नेता पप्पू खा आदि ने बच्चों के जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए राहगीरों से इनकी अपील पर ध्यान देने पर बल दिया।

## संक्षेप

### कागजों में चल रहा छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान

**बलिया।** खेत में पर्याप्त प्रचार-प्रसार के अभाव में राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना दम तोड़ रही है। नगर हो या गांव छुट्टा पशु सड़कों पर घूम रहे हैं। बाजारों में सड़कों पर पशु अपना डेरा जमाए हुए है। वही, गांव के खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। अधिकारी कागजों में छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान चला रहे हैं। मुख्य सचिव पशुपालन ने 31 दिसंबर को समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भेजा था, जिसमें एक जनवरी से लेकर 10 जनवरी तक अभियान चलाकर सभी छुट्टा गोवंशों को गौ आश्रय स्थलों तक पहुंचाने का आदेश दिया था। आलम यह है कि किसान पकड़कर गोवंशों को गौ आश्रय केंद्रों पर जाते हैं तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि गौ आश्रय केंद्र में अब जगह नहीं है। वहीं, अधिकारियों की मानें तो पशुओं को पकड़कर गौ आश्रय केंद्रों तक पहुंचाने की अवधि 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दी गई थी, लेकिन यह कार्य कागज में सिमट कर रह गया। वहीं, जिलाधिकारी हर सप्ताह इस संदर्भ में बैठक करके प्रगति रिपोर्ट लेंगे। जिलाधिकारियों को मुख्य सचिव ने निर्देशित किया है कि किसी भी हाल में सड़कों एवं खेतों में छुट्टा गोवंश दिखाई दें तो पशुपालन विभाग के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें, लेकिन किसी पर कार्यवाही नहीं हुई। अब देखना यह है कि प्रमुख सचिव के आदेश का धरातल पर कितना अनुपालन हो पाता है। वहीं, क्षेत्र के भगवानपुर स्थित गौ आश्रय केंद्र में 140 गोवंश फिलहाल मौजूद हैं। उनके लिए पर्याप्त चारा या रहने की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में दिन भर गोवंश तेज धूप में रह रहे हैं। गौ आश्रय केंद्र के मुख्य द्वार पर हमेशा ताला बंद रहता है। कर्मचारी नदारद रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पशु चिकित्सक या पशु चिकित्सा कर्मी कभी भी इस गौ आश्रय केंद्र पर झांकने नहीं आते हैं। इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने के लिए पशु चिकित्साधिकारी मुरली छपरा डा. लालजी यादव से संपर्क साधने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल बंद था।

### गौ आश्रय केंद्रों का हो रहा निरीक्षण

**बैरिया।** उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि संबंधित मातहतों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह क्षेत्रों में भ्रमण कर निराश्रित गोवंशों को आश्रय केंद्रों तक पहुंचाएं। नगर के लिए अधिशासी अधिकारी और ग्राम पंचायतों के लिए खंड विकास अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया गया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी हो सकती है। इसके लिए गौ आश्रय केन्द्रों का तेजी से निरीक्षण हो रहा है।

### 159 में महज छह मामले का निस्तारण



**बांसडीह।** स्थानीय तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को उप जिलाधिकारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कुल 159 मामले आये, जिसमें से महज छह मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेज दिया गया। एडीएम ने राजस्व के अधिकांश मामलों को राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल को पुलिस टीम के साथ तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया। हुसेनाबाद निवासी लालबाबू यादव ने नव निर्माण कार्य में अवैध रूप से हस्तक्षेप करने, सुरहिया निवासी उमाशंकर वर्मा ने पम्पिग सेट, नाद, चरन आदि उखाड़ने, महादेवपुर निवासी शिवकुमार ने अवैध रूप से मकान पर कब्जा करने, केथवली निवासी तारा सिंह ने जमीन की पैमाईश करने, बांसडीह निवासी सुनील कुमार ने अवैध हौदी बनाने तथा बांसडीह निवासी राकेश मिश्रा ने बांसडीह नगर पंचायत के बक्शीखाना में स्वीकृत पुस्तकालय शीघ्र खोलने की मांग किया। ज्यादातर मामले राशन, प्रधानमंत्री आवास, राजस्व, पेंशन इत्यादि के रहे। इस मौके पर तहसीलदार प्रवीण सिंह, नायब तहसीलदार अंजू यादव, सीओ आरके तिवारी, ईओ आशुतोष ओझा, मृदुल सिंह, कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने की आवास आवंटन में धांधली की शिकायत

**बलिया।** सोहांव ब्लाक के ग्राम पंचायत नरायनपुर के दर्जनों लोगों ने प्रधानमंत्री आवास के आवंटन को लेकर ग्राम प्रधान एवं सचिव पर गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचकर सक्षम अधिकारी के सामने मामले को रखा। कहा कि ग्राम प्रधान एवं सचिव ने 39 पात्रों का नाम सूची से काट दिया है। उपरोक्त पैसा लेकर अपात्रों को आवास आवंटित किये है। पैसा नहीं देने पर पात्रों का नाम सूची से काट दिया गया है। आवास आवंटन में भारी धांधली की गई है। बार-बार शिकायत किये जाने के बाद भी कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने जिलास्तरीय टीम से मामले की जांच कराने की मांग की है। इस अवसर पर बेचन पटेल, राजू, उर्मिला देवी, आशा देवी, ललिता आदि मौजूद रहे।

### 15 लाख की शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**बलिया।** सुखपुरा कस्बा स्थित चौराहे पर पुलिस ने मैजिक में लदा 112 पेटी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि वाहन स्वामी भागने में सफल रहा। बरामद शराब की कीमत लगभग 15 लाख रुपए बताई जा रही है। शुक्रवार की रात सुखपुरा पुलिस के उपनिरीक्षक बांके बहादुर सिंह व एसओजी प्रभारी अजय यादव मय हमराही चौराहे पर रात में आपस में किसी अपराधी के विषय में बात कर रहे थे कि इसी बीच गड़वार की तरफ से एक मैजिक आती दिखाई दिया। इस पर भुसी लदा हुआ था। उसको पुलिस ने रोकने के लिए हाथ दिया। चालक व उस पर बैठे दो तस्कर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया, लेकिन वाहन स्वामी भागने में सफल रहा। अन्य दो तस्कर को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों ने बताया कि वह तीनों लोग मिलकर वर्षों से शराब तस्करी करते हैं। वह रसड़ा के पास से एक गांव से शराब लाकर बिहार ले जाते हैं। पकड़े गए तस्करों में आदित्य गोड़ पुत्र राम अवध गोड निवासी लक्ष्मणपुर, बड़का खेत, थाना नरही व मानवेन्द्र पाठक पुत्र राजेन्द्र पाठक निवासी खड़सरा, थाना खेजुरी शामिल हैं। उन लोगों ने बताया कि गाड़ी मालिक गोविंद गुप्ता पुत्र लाल बिहारी गुप्ता निवासी रतसड़, थाना गड़वार भागने में सफल रहा। गाड़ी में ऊपर बोरे में भुसी लदा था और नीचे एक सौ बारह पेटी अवैध शराब गोल्ड ग्रीन व्हीस्की थी। इसमें एक सौ अस्सी एमएल की शीशी थी।

### मजबूती से निकाय चुनाव लड़ेगी आप

**बलिया।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यकारिणी तथा सभी नगर निकायों के प्रभारियों की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय पर हुई। इसमें सभी नगर निकायों में नगर कार्यकारिणी के गठन तथा वार्डों की कार्यकारिणी के गठन की रणनीति बनाई गई। इसके अलावा सदस्यता अभियान चलाकर अधिकाधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने पर बल दिया गया। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि आम आदमी पार्टी मजबूती के साथ नगर निकाय चुनाव लड़ेगी। इसी क्रम में हर नगर निकाय में नगर कार्यकारिणी का गठन, वार्ड कार्यकारिणी का गठन, मोहल्ला समिति के गठन करने हेतु योजना बनायी गई है। कहा कि वर्तमान समय में बिजली आपूर्ति बाधित है और जनता परेशान है। बिजली कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इसलिए सरकार से निवेदन है कि बिजली कर्मियों की मांगों को माने और जनता की समस्याओं को दूर करें। क्योंकि बिजली कर्मचारियों की जो मांगे हैं, वह जायज हैं और उनको पूरा करना सरकार का कर्तव्य है। सरकार यदि इसे पूरा नहीं करेगी तो बिजली कर्मचारी आंदोलन को आगे लेकर जाएंगे और फिर जनता परेशान होगी। इस अवसर पर अशोक कुमार गुप्ता, ऋषिकेश भारत, छोटेलाल चौरसिया, राम दरस यादव, विवेक सिंह, अनूप श्रीवास्तव, तेज नारायण, संत प्रकाश सिंह, अंजनी तिवारी, संदीप सिंह, मुकेश सोनी, यदुनंदन राम, सत्येंद्रनाथ वर्मा आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह आज

**बलिया।** ब्यापुट जायसवाल कलवार महासभा बलिया के तत्वावधान में 19 मार्च, रविवार को शायं पांच बजे से श्री मोती केशव कलवार धर्मशाला में पारिवारिक संगम सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता ने देते हुए स्वजातीय बंधुओं से समारोह में शामिल होने का आह्वान किया है।

# विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन जारी

## 97% फिडरों और 58 उपकेंद्र की सप्लाई ब्रेक डाउन



लालदरवाजा कार्यालय पर धरना को संबोधित करते निर्भय नारायण सिंह।

**गाजीपुर।** विद्युत कर्मचारियों का हड़ताल लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। चौदह सूत्रीय मांग को लेकर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले लाल दरवाजा स्थित पावर हाउस पर हड़ताल पर डटे रहे। जिसकी अगुवाई जिला संयोजक निर्भय सिंह ने किया।

जिले के लगभग 97% फिडरो की लाइन ब्रेक डाउन चल रही है। 58 उपकेंद्र की सप्लाई ब्रेक डाउन है। जो आम जनता में बिजली को लेकर काफी आक्रोश है। पानी के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं। प्रदेश सरकार एवं ऊर्जा प्रबंधन विद्युत कर्मियों के प्रति काफी निष्क्रियता दिखा रही है। प्रदेश के भोले भाले जनता को बेवजह परेशान कर रहा है। जिला संयोजक निर्भय सिंह ने बताया कि हमे जनता से

### गुस्सा

**बिजली को लेकर जनता में आक्रोश**

कोई बैर नहीं है। हड़ताल से लगभग 4 माह पूर्व ऊर्जा प्रबंधन के साथ 14 सूत्रीय मांगो को लेकर वार्ता हुई थी, जो सफल भी रही। मगर ऊर्जा मंत्री अभी तक उस वार्ता को क्रियान्वित नहीं किए। संगठन को झूठा आश्वासन अभी तक देते रहे। निर्भय सिंह ने बताया कि हड़ताल से पहले हमारी केंद्रीय कमेटी ने 15 फरवरी से जन जागरण अभियान चलाया था। बावजूद ऊर्जा प्रबंधन नहीं चेता, केवल बरगलाने का कार्य किया। ऐसे में हम लोगों को विवश होकर हड़ताल पर बैठना पड़ा।

### बमुश्किल हो रही विद्युत आपूर्ति

**कासिमाबाद।** विद्युत कर्मियों की हड़ताल के चलते कासिमाबाद ,बहादुरगंज, ढोटारी ,बरार, बाकी,गंगौली विद्युत उपकेंद्रक ठप रहा है ।शनिवार की देर शाम 24 घंटे बाद कासिमाबाद विद्युत उपकेंद्र से दो फिडर से विद्युत आपूर्ति किसी तरह से चल पाए। इधर विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए कासिमाबाद उप जिलाधिकारी लगातार उपकेंद्र से विद्युत आपूर्ति बहाल करने में लगे रहे। मालूम हो कि विद्युत कर्मियों की हड़ताल बृहस्पतिवार की देर रात 10 बजे से प्रारंभ है। हड़ताल का असर शुक्रवार को देखने को मिला। जहां सभी उप केंद्र पूरी तरह से बंद हो गए और लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ा। वही मोबाइल इनवर्टर चार्ज के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कासिमाबाद एसडीएम वीर बहादुर यादव ने बताया कि मरदह, बहादुरगंज कासिमाबाद महारौड़, ढोटारी उपकेंद्र से संबंधित सभी फिडरों को एक एक कर चालू करा दिया गया है। ढोटारी फिडर से आपूर्ति बहाल के लिए टीम लगी है।

### हड़ताल में शामिल अधिकारी और कर्मचारी

हड़ताल में मुख्य रूप से अधिशाषी अभियंता मनीष कुमार, सुजीत सिंह,आशीष चौहान,हेमंत सिंह, शेखर सिंह,अभिषेक राय,सुधीर कुमार,मिठाई लाल,संतोष चौधरी,सत्यम त्रिपाठी,संजीव भास्कर, नीरज खरवार,रोहित कुमार, नीरज सोनी,मिथिलेश यादव,प्रमोद यादव,शशिकांत पटेल,अश्वनी पटेल,चित्रसेन प्रसाद,महबूब अली,अमित गुप्ता, तपस कुमार आदि मौजूद रहें।

### उपभोक्ताओं ने दी चेतावनी

**बारा।** पिछले 48 घंटे से बिजली आपूर्ति नहीं होने से उपकेंद्र बारा से जुड़े उपभोक्ता आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। शनिवार को उपकेंद्र बारा पर पहुंच कर भदौरा चतुर्थ से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अफजाल आलम सहित ग्रामीणों ने जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

### विद्युत आपूर्ति बहाली के लिए कंट्रोल रूप क्रियाशील

**गाजीपुर।** विद्युत विभाग के कर्मचारियों के हड़ताल के दृष्टिगत जनपद में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (जिला इमरजेन्सी आपरेशन सेन्टर) कलेक्ट्रेट में स्थित कन्ट्रोल रूम को क्रियाशील कर दिया गया है। जिसका दूरभाष नं.- 0548-2224041 है।

इसके साथ ही बिजली की समस्याओं का समाधान करने के लिए टोल फ्री 1912 एवं बिजली विभाग कंट्रोल रूम नं 9453047253 पर फाल्ट संबंधी शिकायतें दर्ज करा सकते। अपर जिलाधिकारी वि./रा ने बताया है कि शान्ति व्यवस्था व जनपद में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु अधिकारियों,कर्मचारियों की तैनाति शिफ्टवार की गयी है। जिसमे सुबह 06.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक गजाधर सिंह, चकबन्दी अधिकारी,मो.नं. 9935794803 के साथ सहयोगी कर्मचारी अरविन्द कुमार प्रबन्ध लिपिक अभिलेख कक्ष(माल) मो.नं.-8433300998 एवं अनिल कुमार कुशवाहा, प्रति लिपिक सम्बद्ध वाद लिपिक कलेक्ट्रेट मो.नं.-9415357189 है। दोपहर 02.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक शिवनाथ पाण्डेय, चकबन्दी अधिकारी मो.नं.-9140262579, के साथ सहयोगी कर्मचारी प्रशान्त कुमार गुप्ता, एसीआरए कलेक्ट्रेट मो.नं.-9598053543,एवं शिवचन्द सिंह यादव, एसीआरए, कलेक्ट्रेट मो.नं.-7565915946 है एवं रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, मो.नं-8299654714 के साथ सहयोगी कर्मचारी अनिल कुमार श्रीवास्तव वाद लिपिक कलेक्ट्रेट मो.नं-9451602022 एवं तारिक प्रबन्ध लिपिक अभिलेख कक्ष(माल) मो.नं.-9889795173 की तैनाती अग्रिम आदेश तक की गयी है। उन्होंने निर्देश दिया है कि यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा डयूटी पर लगाये गये अधिकारी/कर्मचारी अपने तैनाती अवधि में समय से उपस्थित होकर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा नियंत्रण कक्ष में रक्षित पंजिका में प्राप्त शिकायतो को अंकित करते हुए उसका निराकरण संबंधित से करायेंगे।

### संविदा कर्मियों को प्रताड़ित कर रही पुलिस

जिला सह संयोजक मिथिलेश यादव ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाया कि संविदा कर्मियों के घर में घुसकर मारा पीटा जा रहा है। जबरन उठाकर थाने में बैठाया जा रहा है। झूठे एफआईआर की धमकी देकर बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य करवाया जा रहा है। हमारे उपकेंद्र पर परिचारक जो हड़ताल से पहले ड्यूटी में कार्यरत है। उन लोगों से प्रशासन द्वारा 30 घंटे कार्य लिए जा रहे है। जिसका साक्ष्य भी मौजूद है। हमारे कर्मचारियों के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। कर्मचारी नेता रोहित कुमार ने कहा कि हड़ताल के दौरान किसी कर्मचारियों को प्रताड़ित किया गया तो हम लोग बृहद हड़ताल करेंगे।

### ग्रामीण अंचलों में लड़खड़ाई विद्युत आपूर्ति

**जमानियां।** बिजली कर्मियों की की हड़ताल के कारण नगर सहित ग्रामीण अंचलों की बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई। बिजली आपूर्ति ठप होने से उपभोक्ता परेशानियां अत्यधिक बढ़ गई। जिलाधिकारी के निर्देश के बाद तहसील प्रशासन की सक्रियता के कारण शुक्रवार की शाम स्टेशन बाजार फीडर चालू हो गया तथा रात में कस्बा बाजार फीडर भी चालू हो गया। शनिवार को देवढी, गोहदा, दरौली फीडर भी चालू हो गया। विद्युत सप्लाई होते ही उपभोक्ताओं के चेहरे खिल गये। ग्रामीण अंचलों की विद्युत सप्लाई बन्द होने के कारण उपभोक्ताओं को काफी दुश्वारियों का सामना पड़ा।

## बिजली आपूर्ति का दावा हवा-हवाई

**गाजीपुर।** प्रशासन ने आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए इंतजाम करने का जो दावा किया था, वह पूरी तरह हवा-हवाई साबित हो रहा है। आपूर्ति शुरू कराने में प्रशासन फिसड्डी साबित हो रहा है। उपकेंद्रों पर लेखपाल और पुलिस कर्मी फ्लॉप साबित हो रहे हैं। प्रशासन पुलिस विभाग की टीम विद्युत आपूर्ति बहाली के लिए पूरी मुस्तैदी से जुटी रही, लेकिन जिस फीडर की बिजली कटी, वहां संकट खड़ा हो गया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की हड़ताल के तीसरे दिन जिले में अधिकतर फीडरों से बिजली आपूर्ति ठप रहने से नगर से लेकर देहात क्षेत्रों में अंधेरा छाया रहा।



ताड़ीघाट विद्युत उपकेन्द्र के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए जमानियां एसडीएम भारत भार्गव।

सबसे अधिक परेशानी शहर, मुहम्मदाबाद, जमानियां, सैदपुर उपकेंद्र से जुड़े फीडरों के सैकड़ों गांवों के लोगों को उठानी पड़ी। इन जगहों पर बृहस्पतिवार शाम से ही आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। ऐसे में अंधेरे में लोगों को रात बिताने के लिए मजबूर होना पड़ा। टंकियों में पानी नहीं होने से लोगों को दैनिक कार्यों में भी दिक्कतें आई। इन्वर्टर, मोबाइल डिस्चार्ज होने से उनकी समस्याएं और भी बढ़ गईं। उधर, जिला मुख्यालय स्थित कई मोहल्लों में बीते शुक्रवार सुबह से ही बिजली गुल रही। बिजली कर्मियों की हड़ताल का नगर में बीते 24 घंटे से व्यापक असर दिखा। नगर के अधिकांश मोहल्ले में बिजली गुल रही। दिनभर बिजली न रहने से लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर जवाब दे गए। शाम होने गृहणियां मोमबत्ती की रोशनी में भोजन पकाते दिखीं। कुछ दुकानदार मोमबत्ती और टार्च की लाइट में सामान बेचते नजर आए। शाम ढलने पर अधिकांश दुकानें बंद हो गई थीं। एक सैलून में नाई मोबाइल फोन के टार्च की रोशनी में दाढ़ी बताना दिखा। नगर के फुल्लनपुर मोहल्ले की मधु त्रिपाठी ने बताया कि इन्वर्टर के डिस्चार्ज होने के बाद मोमबत्ती जलाकर काम चलाना पड़ा। बाईपास रोड पर सैलून में दाढ़ी बना रहे बृजेश ने बताया कि बिजली कटने से बड़ी समस्या हो गई है। ग्राहकों को लौटाना उचित नहीं रहता है। इसलिए मोबाइल फोन की रोशनी में दाढ़ी बना रहे हैं। कमोवेश यही हालत नगर में कई जगहों पर नजर आई। नगर में बीते शुक्रवार की दोपहर से बिजली गुल हुई, जो पूरे दिन नहीं आई। दोपहर होते-होते इन्वर्टर जवाब देने लगे तो लोगों की दुश्वारियां बढ़ गईं। शाम तक आपूर्ति बहाल न होने से कई जगह हाहाकार मच गया। नगर में बिजली संकट के चलते दर्जनों एटीएम बंद हो गए। नगर में दिनभर जेनरेटरों का शोर बना रहा। जलापूर्ति के लिए लोगों ने जेनरेटर का सहारा लिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जिस फीडर से बिजली की आपूर्ति ठप हुई, उससे जुड़े क्षेत्रों के लोगों को परेशान होना पड़ा। लोगों का कहना है यदि आगे भी हड़ताल जारी रही तो स्थिति और खराब होगी।



बारा विद्युत उपकेंद्र पर लेखपाल से वार्ता करते उपभोक्ता।

**पानी के लिए लोगों को होना पड़ रहा परेशान, इलेक्ट्रानिक उपकरण भी हुए बेकार**

### जेनरेटर चलाकर किया काम, बढ़ गया खर्च

किराना स्टोर, कोल्डड्रिंक शाप, दूध सहित अन्य सामान बेचने वाले विनोद कुमार ने बताया कि बिजली न होने की वजह से जनरेटर चलाना पड़ा। इससे खर्च बढ़ गया है। कई बार कॉल की गई तो बिजली कर्मचारियों ने उसे रीसिव नहीं किया। इसके बाद एक हजार रुपये का डीजल मंगवाया। उससे दोपहर तक जेनरेटर चलाकर काम किया। नगर क्षेत्र में भी यही हाल रहा। कोतवाली रोड पर दोपहर एक बजे दुकानों के सामने जेनरेटर चलते नजर आए। फोटोकॉपी, सिलाई की दुकान, किराना स्टोर सहित अन्य जगहों पर भी यही स्थित बनी रही।

### फॉल्ट होने से पैथालॉजी में ठप रहीं जांचें

सरकारी, निजी सहित अन्य अस्पतालों में शहर से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के अलावा बक्सर के सीमावर्ती गांवों के लोग इलाज के लिए आते हैं। ओपीडी तथा वार्ड में भर्ती मरीजों की जरूरत के मुताबिक डॉक्टर ब्लड जांच बाहर से कराते हैं। ब्लड जांच के लिए रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भीड़ रही। एक मरीज की तीन से चार तरह की जांच थी। यहां ब्लड सैंपल लिए जा रहे थे। उधर, आपूर्ति नहीं होने के कारण पैथोलॉजी में जांच नहीं की गई। काफी संख्या में सैंपल देखकर कर्मचारी भी परेशान रहे।

### 80 गांवों की विद्युत आपूर्ति बहाल

**सुहवल।** आखिरकार शासन व प्रशासन के कड़े तेवरों के बाद शनिवार की दोपहर 12:6 मिनट पर ढढनी, ताड़ीघाट विद्युत उपकेन्द्र से दर्जनों फूडरों से क्षेत्र के करीब 80 गांवों में विद्युत आपूर्ति करीब 27 घंटे बाद बहाल हो गई ।जिसके बाद किसानों, सहित अन्य लोगों ने राहत की सांस ली ।जमानियां एसडीएम भारत भार्गव खुद हरेक विद्युत सब स्टेशनों पर पहुंच विद्युत आपूर्ति का जायजा सब स्टेशनों पर तैनात किए गये लेखपाल, पुलिस कर्मियों व अन्य दूसरे जगहों से बुलाए गये विद्युत कर्मियों से ली ।इस दौरान एसडीएम ने चेताया कि अगर किसी के द्वारा विद्युत आपूर्ति में खलल डालने की तनिक भी कोशिश किया या शिकायत मिली तो उनके खिलाफ मुकदमें के साथ उनकी सेवा समाप्ति की भी कार्यवाई की जायेगी ।वहीं ताडीघाट विद्युत सब स्टेशन तैनात एस एस ओ ,व अन्य प्राइवेट कर्मी सब स्टेशन छोडकर फरार हो चुके है ।लोगों ने मांग किया कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्यवाई की जाए ताकि उन्हें सबक सिखाया जा सके ,वहीं रेवतीपुर व नवली की आपूर्ति पूर्व की तरह निर्बाध गति से चालू है।

### दो संविदा कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज

**सेवराई।** विद्युत कर्मचारियों के उपकेंद्रों से गायब रहने के पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मुकदमा दर्ज कराए जाने के दिए गए आदेश के क्रम में मां कामाख्या धाम उपकेंद्र पर तैनात दो संविदा कर्मचारियों के पर गहमर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। ज्ञात हो कि बिजली कर्मियों के 72 घंटे विद्युत आपूर्ति ठप्प कर हड़ताल के बाद मां कामाख्या धाम उप विद्युत केंद्र पर तैनात एसएसओ एवं अन्य संविदा कर्मचारी उप केंद्र छोड़कर फरार हो गए। जिसके कारण उक्त सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति 2 दिनों से ठप हो गई है । उप केन्द्र से गायब रहने वाले संविदा कर्मियों पर कार्रवाही करते हुए नायब तहसीलदार कौशल चौरसिया ने गहमर थाना में संविदा कर्मचारी महेंद्र राम पुत्र राम निवासी राम ढडियाहर बस्ती गहमर व शंभू राम पुत्र हृदय राम निवासी बसुका के विरुद्ध तहरीर देते हुए धारा 3/4 उत्तर प्रदेश अनिवार्य सेवा रख-रखाव अधिनियम 1966 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

## वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

### दुखद

**मुम्बई से 20 दिन पूर्व आया था मृतक, पुराने घर में करा रहा था बोरिंग**

जनसंदेश न्यूज

**बिरनो।** थाना क्षेत्र के माधवपुर मिश्रौली गांव मे बंद कमरे में एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दरअसल, मृतक बीस दिन पुर्व मम्बई से घर आया था।

उसकी अचानक मौत को लेकर पुलिस जांच मे जुट गई है। माधवपुर मिश्रौली निवासी रविंद्र नाथ मिश्रा 62 पुत्र स्व अंबिका मिश्रा अपने पुरे परिवार के साथ मुम्बई रहते थे।

अभी वह कुछ रोज पहले परिवार को मुम्बई में छोड़कर अकेले ही आए हुए थे। वह अपने भाई के घर रूके हुए थे। अपने पुराने घर में समरसेबल की बोरिंग का काम करा रहे थे। शुक्रवार को अपने चचेरे भाई के घर भोजन करके रात में आकर अपने घर पर सो गए। वहीं मृतक के रिश्तेदार शशिकान्त पाठक ने बताया कि सुबह में जब हम घर जाने से पहले उनसे मिलने चले गए तब मैने देखा की घर में अंदर से ताला बंद है और वह चारपाई पर लेटे हुए है। फर्श और चारपाई पर खुन के धब्बे देखकर वह हैरान हो गए और दौड़कर मृतक के चचेरे भाई को सुचना दिया। खबर पाकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद हो गए।



माधवपुर मिश्रौली गांव में वृद्ध के मौत के बाद ग्रामीणों की भीड़।

> स्थानीय लोगों ने बताया की मृतक रविंद्र नाथ मिश्रा बहुत ही मिलनसार व्यक्ति थे। उनके एक भाई वाराणसी परिवार सहित रहते है। एक लड़का व दो लड़की मुम्बई में रहते है । सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

> पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया की मृतक के मौजूदा हालात को देखते हुए यह लगता है की इनके साथ कुछ अनहोनी हुई है, माथे पर चोट के निशान भी है। मृतक के परिजन से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नुक्कड़ नाटक कर विद्यालय में नामाकंन की पहल

**सादात।** परिषदीय विद्यालयों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए और बच्चों का नामांकन बढ़ाने की मंशा से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विशेष पहल की जा रही है। इस क्रम में गांवों में नुक्कड़ नाटक आयोजित करके गांव के लोगों को शिक्षा का महत्व बताते हुए इसके प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है, ताकि स्कूल की पहुंच से दूर रहने वाले 6 से 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके।

गांव के शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन स्कूल में कराने के लिए नुक्कड़ नाटक जागरूकता कार्यक्रम के तहत शिक्षा क्षेत्र सादात के कम्पोजिट विद्यालय बरहपार नसरतपुर के बच्चों एवं अध्यापकों द्वारा गांव सभा की मुसहर बस्ती में शनिवार को सामुदायिक सहभागिता के उद्देश्य से शिक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नुक्कड़ नाटक के मंचन में काजल, शबाना, तब्बसुम, नाजिया, आंचल, प्रियांशी, तुलसी, हिमांशु, सदाबृज आदि का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर प्रधानाध्यापक पंकज यादव, एआरपी सुरेंद्र प्रताप यादव, मीरा तिवारी, सुरेश कुमार यादव, अखिलेश शर्मा, विन्दुलता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दानपेटिका का चोरों ने तोड़ा ताला



शनिदेव मंदिर में चोरी के बाद मंदिर का खुला दरवाजा।

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत नगर के शनिदेव मंदिर की दानपेटिका को पुनः चोरों ने चट दिया और दानपेटिका की रकम लेकर चपंत हो गए। पुजारी की नजर दानपेटिका पर पड़ने के बाद शोर मचाने लगे। शोर गुल सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर वापस लौट गई। पुजारी को वकील गिरि ने बताया कि चोरों ने पुनः शनिदेव मंदिर की दान पेटी का को चुराकर महादेवा आने के मुख्य मार्ग के पास पुलिया के नजदीक खाली दान पेटिका को फेंक दिया। बताते चलें कि इससे पहले भी इस मंदिर की दान पेटिका का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों रुपए चुरा लिए थे। इस बार चोरों ने दान पेटिका ही चुरा ली। इसमें रखे हजारों रुपए ताला तोड़कर निकाल लिया और दान पेटिका को महादेवा आने वाले मार्ग पर पुलिया के पास फेंक दिया। दान पेटिका चुराने की लिखित तहरीर पुजारी वकील गिरि ने पुलिस को दी है। काफी खोजबीन के बाद दान पेटिका खेत में खाली मिली। लेकिन उसमें पैसे गायब थे। यह चोरी की दूसरी घटना है।

## संक्षेप

### गायत्री परिवार ने निकाली कलश यात्रा



**गाजीपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में होने वाले चार दिवसीय 108 कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के लिए शनिवार को भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा यज्ञ स्थल रामलीला मैदान लंका से निकाली गई। हजारों की संख्या में पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर नगर का भ्रमण किया। भव्य कलश यात्रा लंका मैदान से मुख्य मार्ग होते हुए सकलेनाबाद से मिश्र बाजार, लाल दरवाजा से झुनू लाल चौराहा होते हुए जल भरण के लिए कलेक्टर घाट पहुंची। कलश यात्रा गंगा नदी के पास कलेक्टर घाट पहुंचने पर वैदिक मंत्रोचार के साथ गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी सुरेंद्र सिंह ने जल भरण का कार्य संपन्न करायो पुनः कलश यात्रा झुनू लाल चौराहा से होते हुए अफीम फैक्ट्री,कचहरी, सिंचाई विभाग चौराहा होते हुए चुंगी के रास्ते यज्ञ स्थल- रामलीला मैदान पहुंची। शांतिकुंज हरिद्वार से आई विशेष विद्वानों की टोली नायक प्रखर प्रवक्ता एवं अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्याम बिहारी दुबे जी ने अखंड सौभाग्य कलश धारी माताओं एवं बहनों को अति सौभाग्यशाली बतायो कहा कि "सिर पर कलश धारण करने वाली माताओं के सुख सौभाग्य जग जाते हैं, और कई जन्मों के पाप कट जाते है। कार्यक्रम को लव हर सिंह यादव, रामकिशोर राय, राज नारायण पांडे, माधुरी सिंह, राहुल सिंह, राम सिंह, क्षितिज श्रीवास्तव, सुमन पवन ,संजय तिवारी, कामता प्रसाद,रामजीत पांडे,ओम नारायण राय, प्रवीण राय आदि रहें।

### सरकारी कार्य में बांधा डालने पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**मरदह।** थाना क्षेत्र के नोनरा गांव में दो पक्षों में हुई नोंकझोंक व सरकारी कार्य में बांधा उत्पन्न करने पर क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू किया। बतादें कि गांव निवासी भोला चौहान व बद्री चौहान के बीच जमीन संबंधी विवाद लम्बे अर्से से चल रहा था। उप जिलाधिकारी कासीमाबाद के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल लालजी राम ने एक सप्ताह पूर्व दोनों पक्षों के बीच पहुंचकर जमीन की पैमाईश करते हुए सीमांकन खुटा गाढ़ दिया?? गया तो विपक्षी द्वारा निशानदेही को मिटा दिया गया। पुनः उप जिलाधिकारी के आदेश पर 15 मार्च को क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस बल की मौजूदगी में पक्का पीलर गढ़वाया गया। लेकिन विपक्षी गण गोलबंदी करके पुलिस व लेखपाल के सामने ही गाली गलौज करते हुए मारपीट आमदा हो सरकारी कार्य में बांधा उत्पन्न करते हुए पीलर को उखाड़ कर फेंक दिया गया। यह सब वाकया पुलिस व राजस्व टीम देखती ही रह गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि मामला गंभीर है तहरीर के आधार पर रामू चौहान,सुमित्रा चौहान,प्रदुम्न चौहान,ज्योतिया, सविता,अभिनंदन चौहान के खिलाफ सरकारी कार्य में बांधा उत्पन्न करना तथा मारपीट व जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में शुक्रवार को मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### कालूपुर तिराहे पर चला हस्ताक्षर अभियान

**सुहवल।** क्षेत्रीय ग्रामीणों के द्वारा शनिवार को दूसरे दिन भी हाल्ट स्टेशन बनाने की मांग को लेकर कालूपुर तिराहे पर हस्ताक्षर अभियान जारी रहा ।जिसमें क्षेत्रीय लोगों समेत राहगीर भी अब इसका हिस्सा बनते जा रहे है ।इस अभियान को अपार जनसमर्थन मिलने से इसमें जुटे लोगों के हौंसले आसमान छू रहे है ।दूसरे दिन अब तक छह हजार से ज्यादा लोगों ने इस अभियान में हस्ताक्षर कर चुके हैं। इस अवसर पर राकेश राय,सतेन्द्र राय,जलालुद्दीन खां,शफीक खां,तुलसी राम,ओमप्रकाश यादव,जयप्रकाश यादव,शशी राम,मन्नू चौरसिया, आदर्श राय,बबलू बिन्द ,धर्मेन्द्र सिंह, बबब्न सिंह, पिंटू पांडेय,वीरेन्द्र सिंह ,सतेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**कठवामोड़।** नोनहरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बदमाश को अवैध तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। महेशपुर चट्टी से उ.नि अनूप यादव , उ.नि रोहित राज यादव ने हमराहियों के साथ मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त आनन्द यादव उर्फ ईशू पुत्र पारस यादव निवासी महेशपुर कला थाना नोनहरा के पास गिरफ्तार किया है।

### कसौधन वैश्य समाज का होली मिलन समारोह आज

**दिलदारनगर।** कसौधन वैश्य समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को शाम 6 बजे से नगर स्थित एक पैलेस हॉल में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी सुरेश कश्यप ने दी।

## प्रभारी निरीक्षक कार्यालय का एसपी ने किया उद्घाटन




गहमर थाना में नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षण कार्यालय का उद्घाटन करते एसपी ओमवीर सिंह।

**गहमर/सेवराई।** गहमर थाना में नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कार्यालय का पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ओमवीर सिंह ने शनिवार की शाम फीता काटकर उद्घाटन किया। थाने पहुंचे पुलिस कप्तान ने मौजूद लोगों से अभिवादन करने के पश्चात पूरे परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गहमर थाना में प्रभारी निरीक्षक कार्यालय का निर्माण के साथ-साथ महिला हेल्प डेस्क,कार्यालय व सीसीटीएनएस कक्ष का सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा था। कार्य पूर्ण होने के पश्चात शनिवार को गहमर थाना पर पहुंचे पुलिस कप्तान डॉक्टर ओमवीर सिंह ने फीता काटकर उक्त कार्यालय सहित अन्य कक्ष का उद्घाटन किया।

मौके पर एसपीआरए बलवंत चौधरी, सीओ विधिभूषण मौर्य, कोतवाल पवन उपाध्याय, प्रधान आजाद खान, नरेंद्र सिंह, मुरली कुशवाहा , दुर्गा चौरसिया, हारून खान , वीरभान सिंह, श्रीप्रकाश सिंह सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिसव में 20 शिकायतों का निस्तारण

**कासिमाबाद।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियॉ में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें 61 शिकायत प्राप्त हुए और मौके पर 02 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना केअनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 557 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 20 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया।

### जर्जर भवन में चल रहा टैक्स बार एसो.कार्यालय

**गाजीपुर।** गाजीपुर टैक्स बार एसोसिएशन के बैनर तले शनिवार को बैठक की गई। अधिवक्ता सत्य प्रकाश लाल श्रीवास्तव ने कहा कि वाणिज्य कर कार्यालय को आरटीआई छात्रावास के जर्जर भवन में शिफ़्ट कर दिया गया है। भवन जर्जर होने के कारण जहाँ कर्मचारियों को भय सता रहा है। वही विभागीय कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पढ़ रहा ह। बैठक में शांति शुक्ला, सैय्यद सफदर अली, राघवेंद्र तिवारी, आशीष, विनय, धीरज, सुनील, अमित, समीर, बंसर्त, अमिताभ, जयशंकर राय आदि मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर करेंगे संघर्ष : बालेंद्र त्रिपाठी

### बैठक

**संगठन हित में कार्य करने का लिया संकल्प**

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** राज्य कर्मचारी महासंघ जिला इकाई की बैठक लोक निर्माण विभाग के परिसर में जिलाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें संगठन के विस्तार पर पदाधिकारियों ने चर्चा की। वही संगठन हित में कार्य करने का संकल्प लिया। संगठन के मध्यम से विभिन्न मांगों जैसे-केंद्र के समान महंगाई भत्ता, पुरानी पेंशन, पदोन्नति, वेतन विसंगति, अनुकंपा नियुक्ति, सातवें वेतनमान अनुसार मकान भत्ता आदि मांगों पर विचार विमर्श किया गया।

जिलाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। संगठन के प्रांतीय पदाधिकारियों ने शासन स्तर पर कई बार प्रयास किया पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी। सदस्यों ने कहा कि संघ के द्वारा जो कदम उठाये जायेंगे उसमें कर्मचारी साथ देंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अगर यह सब मांगे पूर्ण नहीं होती है तो राज्य स्तर पर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मनोज राय, पंकज यादव, ईश्वर यादव, मोहन कुशवाहा, मनोज कुमार यादव, सुरेन्द्र यादव, बेबी देवी आदि मौजूद रहे। संचालन सन्तोष कुमार यादव ने किया।



लोक निर्माण विभाग परिसर में आयोजित बैठक में उपस्थित महासंघ के पदाधिकारी।


### जिलामंत्री की जिम्मेदारी संतोष को सौंपी

जिलामंत्री सन्तोष कुमार यादव, उपाध्यक्ष संजय कुमार, सुनीता यादव, पूर्णिमा देवी, कोषाध्यक्ष गोरख यादव, संयुक्त मंत्री राजेश कुमार, संगठन मंत्री आलोक चौबे, संजय दुबे मिडिया प्रभारी संजय दूबे को जिम्मेदारी दी गई।

## जनसंपादकीय

# नाटू-नाटू यानी नाचो-नाचो

**हृदयरायण दीक्षित**



गीत और संगीत मनुष्य मन को रसपूर्ण बनाते हैं। लेकिन दोनों में एक आधारभूत अंतर भी है। गीत का अर्थ होता है। अर्थ बुद्धि के माध्यम से मूल शब्दों के भाव को प्रकट करता है। गीत भी ध्वनि है। लेकिन उसका अर्थ बौद्धिक कार्रवाई से निकलता है। संगीत में ध्वनियों का प्रयोग होता है। प्राचीन भारतीय संगीत परंपरा में ध्वनि के अल्पतम अंश को भी सरस ढंग से प्रस्तुत किया जाता रहा है। षड्ज, ऋषभ, गांधार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद शास्त्रीय संगीत के आधारभूत सुर हैं। संक्षेप में इन्हें सा, रे ग, म, प, ध और नि कहते हैं। शास्त्रीय संगीत परंपरा में राग हैं। प्रत्येक राग को सम्बंधित रागिनियाँ हैं। प्रत्येक राग में गाने का सुनिश्चित समय भी है। हिन्दू पूर्वजों ने नृत्य को भी शास्त्रीयता के अनुशासन में बाँधा है। नृत्य में गीत संगीत के साथ शरीर के भिन्न भिन्न अंगों का भी प्रयोग होता है। जान पड़ता है कि नृत्य का विकास नाट्य कला के विकास के बाद का है। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में बताया है कि, "प्राचीन काल में नाटकों के मंचन के बाद नाट्य शिल्पी शिव के पास गए। उन्होंने नाटकों का विवरण सुनाया। शिव ने कहा कि, "आप का काम अच्छा है लेकिन इसमें नृत्य नहीं है।" शिव ने सुझाव दिया कि वे उनके नृत्य का सदुपयोग कर सकते हैं। भारतीय नृत्य परंपरा प्राचीन है। नृत्य कला में नर्तक अपने अंतर्जगत के भावों को देह पर प्रकट करता है। नृत्य के चरम पर नर्तक स्वयं नहीं बचता। वह नृत्य में खो जाता है। नर्तक नृत्य बन जाता है।" भारतीय सिनेमा में नृत्य कला के उत्कृष्ट प्रयोग हुए हैं। 'आजा नचले' नाम से बनी फिल्म में माधुरी दीक्षित का नृत्य मोहक के साथ मादक भी है। ऐसे ही हाल ही में एस०एस० राजामौली की बहुभाषीय फिल्म 'आर०आर०आर०' के लोकप्रिय गाने 'नाटू नाटू' की अंतर्राष्ट्रीय चर्चा है।

मूल तेलेगु में 'नाटू नाटू' का वास्तविक अर्थ हिन्दी में नाचो नाचो है। ऑस्कर फिल्मों के लिए दिया जाने वाला महत्वपूर्ण पुरुस्कार है। यह 1929 में पहली बार दिया गया था। ऑस्कर में नामांकित होना और अवार्ड पाना आसान नहीं है। हमारे देश के प्रतिष्ठित फिल्मकार अपनी फिल्में ऑस्कर के लिए ले जाते रहे हैं। मदर इंडिया, लगान और सलाम बॉम्बे जैसी फिल्में ऑस्कर में नामांकित हुईं थीं। ऑस्कर के लिए पहले फिल्में नामांकित होती हैं। फिर फिल्म निमार्ता और टीम मिलकर चयन समिति के सदस्यों को अपनी फिल्में दिखाते हैं। राजामौली और उनके सहयोगियों ने इस काम को सफलतापूर्वक किया है। 'नाटू नाटू' गीत संगीतकार एम०एम० कीरवानी की आकर्षक धुन है। इसे ऑस्कर पुरुस्कार मिलने से भारतवासी बहुत प्रसन्न हैं। जीवन में नाचने जैसे अवसर सबके सामने आते हैं। विवाह बारात में लोग बुजुर्गों को धक्का देकर नाचने के लिए प्रेरित करते हैं। बुजर्ग संकोच करते हुए कभी कभी प्रशिक्षित नर्तक की तरह भी नाचते हैं और कभी कभी सहज भाव से। इस फिल्म में आजादी की लड़ाई में संघर्षरत नायकों को जब नाचने की चुनौती मिलती है तो वे अपने नृत्य से सबको आनंदित करते हैं। इसी तरह भारतीय डाक्यूमेंट्री लघु फिल्म 'दि एलीफैंट व्हिस्पर्स' को भी ऑस्कर मिला है। यह दक्षिण भरत के एक गाँव के दंपत्ति और उनके गोद लिए हाथी के बच्चे पर बनी सुंदर और हृदयस्पर्शी लघु फिल्म है। दोनों को मिले पुरुस्कार से समूचा भारत प्रसन्न है। 2 ऑस्कर भारतीय सिने जगत के लिए उल्लेखनीय सफलता है। भारतीय सिनेमा ने अभिनय, संवाद, कथानक, गीत और संगीत के साथ गुणवत्ता के सभी मानकों पर स्वयं को सही सिद्ध किया है। भारतीय सिनेमा कथानक, संवाद और सोद्देश्य होने के मामले में पहले से ही प्रतिष्ठित रहा है। अब उसमें आधुनिक तकनीकी और सिनेमा के सभी घटकों का सफलतापूर्वक प्रयोग हो रहा है। यह भारत के लिए गौरव की बात है।

दुनिया में अनेक प्रतिष्ठित ऐतिहासिक नायक हैं। कुछ नायक इतिहास के साथ साथ पौराणिक चरित्र वाले भी हैं। लेकिन श्रीकृष्ण विष्णु अवतार होकर भी भारतीय पुराण परम्परा में अनूठे नर्तक हैं। विश्व देवतंत्र में श्रीकृष्ण जैसा दूसरा प्रेमपूर्ण नर्तक नहीं हुआ। वे नर्तक के साथ उत्कृष्ट बांसुरी वादक भी हैं। दुनिया की कोई भी सभ्यता श्रीकृष्ण जैसे नर्तक और बांसुरीवादक देवता कल्पना में भी नहीं गढ़ पाई। शिव भी नर्तक हैं। नटराज हैं। वे अपने गणों को भी नृत्य में शामिल करते हैं। गाते हैं। नाचते हैं। नचाते भी हैं। गीत संगीत और नृत्य से भारतीय सांस्कृतिक साहित्य का अंग अंग भरा पूरा है। नारद निराले पात्र हैं। वे बिना किसी वाहन के सभी लोकों की यात्रा करते हैं और वीणा लेकर विश्व भ्रमण करते हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार प्रकृति की शक्तियां भी नाचती हैं। पृथ्वी सूर्य के चारों ओर नाचते हुए परिक्रमा करती है। ऋग्वेद में सोम देवता के लिए कहा गया है कि सोमरस नाचते हुए कलश में गिरता है। ऋग्वेद के अनुसार सृष्टि सृजन के समय देवता भी नाच रहे थे। उनके नृत्य से उड़ी धूल से आकाश भी आच्छादित हो गया था। नृत्य सबको पुलकित करता है।

हॉलीवुड की फिल्में नृत्य प्रधान नहीं होतीं। लेकिन भारतीय सिनेमा अपने जन्म काल से ही नृत्य प्रधान रहा है। इस नृत्य में लोक के साथ शास्त्रीयता भी संगति में रही है। अमिताभ बच्चन पर फिल्माया गया गीत 'हम नांचे बिन घुंघरू के' गाँव गांव लोकप्रिय था और है। 'तीसरी कसम' शैलेन्द्र निर्मित फिल्म थी। यह 'मारे गए गुलफाम' नाम की कथा पर आधारित थी। इसके गीत भी गाँव गाँव लोकप्रिय हैं। दक्षिण भारत की लोकप्रिय अभिनेत्री थी सिल्क स्मिता। उनकी जीवनी को केन्द्र में रख कर श्याम बेनेगल ने 'भूमिका' नाम की फिल्म बनाई थी। इसका गीत संगीत बहुत लोकप्रिय हुआ। बाद में इसी फिल्म के कथानक को लेकर 'डर्टी पिक्चर बनी थी। भारतीय फिल्में आत्मीयता प्रेम और सामाजिक आदर्शों का संदेश देती रही हैं। वे केवल मनोरंजन का मसाला ही नहीं रहीं। उनमें कला थी। संदेश था और भारतीयता भी थी।

दो ऑस्कर का मिलना संस्कृतिप्रेमियों के लिए भी उत्साहवर्धक है। मुंबई फिल्म निर्माण का केन्द्र रहा है। दक्षिण भारत में भी तमिल, तेलगु, कन्नड़ व मलयालम भाषी भी सुरुचिपूर्ण फिल्में बनाते रहे हैं। पश्चिम बंगाल के क्षेत्र में सत्यजित रे, ऋत्विक घटक, मृणाल सेन, ऋषिकेश मुखर्जी आदि प्रतिष्ठित रहे हैं। मुंबई में राज कपूर, महबूब खान, वी० शांताराम, गुरु दत्त, यश चोपड़ा, गोविन्द निहलानी आदि निमार्ता निर्देशकों ने भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया है। राजश्री प्रोडक्शन ने पारिवारिक मयार्दाओं को पुष्ट करने वाली फिल्में दी हैं। भारतीय सिनेमा ने गीत संगीत कथानक व अभिनय के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कला की दृष्टि से भी भारतीय सिनेमा ने 'उत्सव' व 'लव स्टोरी 1942' जैसी यादगार फिल्में दीं। सिनेमा निर्देशक का माध्यम है। गीतकार, संगीतकार, संवाद लेखक और अभिनेता की भी अपनी जगह है। लेकिन निर्देशक की सूझ बूझ और सांस्कृतिक दृष्टि का विशेष महत्त्व है। ऑस्कर की सूचना से नई प्रेरणा मिलेगी। आशा की जानी चाहिए कि उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक सिने जगत से जुड़े सभी महानुभाव भारत की संस्कृति को संवर्द्धित करने का लक्ष्य लेकर सोद्देश्य सृजन करेंगे। पुरुस्कार प्राप्त दोनों फिल्मों के निर्देशकों व उनकी सहयोगी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

**(लेखक पूर्व विधानसभाध्यक्ष हैं)**

## नाटू नाटू...( हिन्दी भावार्थ)

**नाचो नाचो - चंद्र बोस (गीतकार)**

नाचो! नाचो! /खेतों की धूल में कूदते हुए
बैल की तरह नाचो/ तुम बजते हुए
ढोल की थाप पर / उड़-उड़कर नाचो
ऐसे नाचो / जैसे चप्पल-जूते पहन /छड़ी से लड़ते हैं
ऐसे नाचो / जैसे विशाल बरगद की छांव तले युवाओं का झुंड थिरकता/ नाचता है
तुम ऐसे मुदित मगन हो नाचो / जैसे कि ज्वार की रोटी के साथ आज मिर्च का अचार भी खाने को मिला हो
नाचो मेरे वीर!/ तुम पूरे पागलपन से नाचो
इस कदर नाचो कि हरी मिर्च का तीखापन दिखाई दे / और उसमें चाकू सी धार हो
जैसे ढोल पीटने पर कान सुन्न हो जाते हैं और/हृदय की धड़कनें बढ़ जाती हैं
नाचो नाचो / मेरे भाई! / उस गीत की तरह नाचो
जो आपकी उंगलियों को भी थिरकने पर मजबूर कर दे
तेज ताल पर जंगली नृत्य की तरह नाचो तुम ऐसे नाचो / कि पृथ्वी हिलने लगे /धूल-धूसरित होकर नाचो
धूल उड़ाकर नाचो /नाचो नाचो।

**(नवनीत पांडेय की वाल से)**

# अप्रतिम रचनाशीलता के नायक रांगेय राघव

**स्मरण**



**गिरीश्वर मिश्र**

आज के दौर में वादों और विमर्शों में घिरे विशाल साहित्य जगत में सिर्फ. साहित्य के प्रति निर्व्याज एकांत संलग्नता, जो कभी सृजन का मूल थी, अब अकल्पनीय होती जा रही है। ऐसी सोच वालों की विरल होती प्रजाति के प्रतिनिधि के रूप में रांगेय राघव (1923-1962) का स्मरण रचनाकारों, पाठकों और साहित्य जिज्ञासुओं के लिए बेहद प्रेरक है। साहित्य की लगभग हर विधा में योगदान करने वाले विलक्षण प्रतिभा के धनी रांगेय राघव को कुल उन्तालीस वर्ष की ही आयु मिली थी। इस सीमित अवधि में उनकी कलम से शताधिक साहित्यिक कृतियाँ निःसृत हुईं थीं जो एक अविश्वसनीय परन्तु सत्य घटना है। इस रचनाकार ने विविधता, व्यापकता और सामाजिक-सांस्कृतिक सरोकारों की गहनता की दृष्टि से साहित्य को जिस तन्मयता से जिया वह उनके समकालीनों में और बाद के रचनाकारों में भी दुर्लभ है।

रांगेय राघव एक तमिल आयंगार परिवार में आगरा में जन्मे, पले, बढ़े और वहीं आजीवन टिके रहे। उन्होंने आगरा में अध्ययन कर 1949 में गुरु गोरखनाथ पर अपना शोधकार्य पूरा किया था जिसके सिलसिले में वे शांतिनिकेतन में भी कुछ समय रहे। फिर वे साहित्य-सृजन में ऐसे जुट गए मानों उसी के साथ उनका तादात्मीकरण हो गया हो। लेखन ही उनका साध्य बन गया था और उनकी जीविका का साधन भी। वे एक सरल और सादगी वाला जीवन जिए और अध्यवसाय, पठन-पाठन और लेखन ही उनका व्यसन था। कैंसर से उनका असमय देहांत हुआ। रचना-धर्म के प्रति समर्पित अपने ढंग के अकेले और अनोखे इस साधक ने साहित्य को आकाश कुसुम की जगह यथार्थ की कठोर और कंटकाकीर्ण भूमि पर स्थापित करने का अनूठा प्रयास किया थाऔर बहुत हद तक अपने दम पर। यह अलग बात है कि उनके अवदान को वह महत्व नहीं मिल सका जो मिलना चाहिए था।

साहित्यिक और भाषिक पृष्ठभूमि की दृष्टि से रांगेय राघव समर्थ और समृद्ध थे और इसका लाभ यह हुआ था कि वे विशाल भारत को देखने की एक लोकोन्मुखी प्रवृत्ति से अनुप्राणित हो सके थे। उनको हिंदी के अतिरिक्त तमिल, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषाओं में महारत थी और अच्छा अध्ययन था। इसने उनको एक साहसिक साहित्यिक जीवन-यात्रा के लिए तैयार किया था। जीवन ने उनको जो भी अवसर दिया था उसका भरपूर उपयोग उन्होंने साहित्य की एकनिष्ठ सेवा को समर्पित किया। उंतालिस सालों की सीमित जीवनावधि में उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक, आलोचना और इतिहास आदि के विविध क्षेत्रों में अपनी सृजनात्मकता से हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। इस अद्भुत रचनाकार की पृष्ठभूमि यद्यपि आंध्र प्रदेश की थी और मातृभाषा तमिल थी पर उन्होंने राष्ट्र भाषा हिंदी को ही अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम चुना।

स्मरणीय है उनका दौर बड़ा हलचल भरा संक्रांति का काल था। गुलाम देश को जब आजादी मिली थी तब राघव चौबीस साल के युवा था। तब विभाजन के दंश हरे थे और आम जन जीवन के तरह-तरह के संघर्षों में उलझा हुआ था। सदियों पुरानी आर्थिक और सामाजिक विषमताओं के बीच आकांक्षाएँ भी हिलोरें लेने लगी थी। ऐसे में देश में घटना चक्र तेजी से बदल रहा था। समाज में प्रिय और अप्रिय दोनों ही तरह की घटनाएँ हो रही थीं। सुख और दुःख साथ-साथ चल रहे थे। आम जनता के स्तर पर भारतीय जीवन के विविध रूपों को जान-समझ कर उन अनुभवों को खंगालते और संजोंते हुए रांगेय राघव की कहानियाँ अपने समय का अक्स दिखाती हैं। इस दृष्टि से 'गदल' कहानी काफी चर्चित हुई थी जिसमें गाँव की सीधी सादी अनपढ़ स्त्री के अदम्य प्रेम और स्वाभिमान की टकराहट है।

रांगेय राघव वैचारिक दृष्टि से मार्क्सवाद की दार्शनिक विचारधारा से प्रभावित थे परंतु किसी एक सार्वभौमिक समाधान के पक्ष में नहीं थे। उनके विचार में मार्क्सवादी विचारधारा को देश, काल और इतिहास के अनुसार काम में लाना चाहिए । उस दौर में हिंदी जगत में प्रगतिवाद और प्रयोगवाद जैसे कई वाद चल पड़े थे और उनकी धूम मची थी। प्रगतिशील लेखक संघ सक्रिय था। आगरा में उसके कई स्तम्भ भी थे। रांगेय राघव इसकी बैठकों में शामिल होते थे पर वे वादों से परे रहते हुए मानवीय चेतना और जीवन तथा इतिहास की चुनौतियों को सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में पहचानने में अधिक रुचि रखते थे। अपने रचना कर्म में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरातल पर दृढ़ता से टिके रहते हुए उन्होंने जीवनीपरक उपन्यास, रिपोर्ताज और कहानी में कई प्रयोग किए। उन्होंने 'घरौंदा' उपन्यास के साथ साहित्य जगत में 1946 में प्रवेश लिया और उसके बाद सतत लेखन में जुटे रहे। उन्होंने डेढ़ सौ के करीब पुस्तकों की रचना की । उनके विपुल रचना संसार में 42 उपन्यास, 11 कहानी संकलन, 12 आलोचना ग्रंथ, 8 काव्य, 5 नाटक, 50 अनुवाद और इतिहास तथा समाज पर 10 पुस्तकें शामिल हैं।

उन्होंने अपने समय की तात्कालिक सीमाओं के परे जाकर समाज के हितों की पड़ताल और रचना की। मानुष भाव की प्रतिरोधी शक्तियों से लोहा लेना उनकी रचना शैली की मुख्य भंगिमा बन गई थी। इसी क्रम में उन्होंने 'सीधा सादा रास्ता' और 'विषाद मठ' उपन्यास लिखे थे। स्त्री की सशक्त भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके जीवनी प्रधान उपन्यास अनेक नायकों जैसे बुद्ध (यशोधरा जीत गई), विद्यापति (लखिमा की आँखें), तुलसीदास( रत्ना की बात), बिहारी (मेरी भाव बाधा हारो), गोरखनाथ (धूनी का धुआँ ), भारतेंदु हरिश्चंद्र (भारती का सपूत),कबीर (लोई का ताना) तथा कृष्ण (देवकी का बेटा) पर केंद्रित थे। मुर्दों का टीला उपन्यास मोहनजोदाड़ो की प्राचीन सभ्यता पर केंद्रित रचना है। कब तक पुकारूँ एक प्रमुख आंचलिक उपन्यास है जिसमें करनटों के यायावर समुदाय का चित्रण है। इसमें दलितों और पीड़ितों की शोषण की विकट पृष्ठभूमि में एक प्रेम कथा भी है जो प्रेम की कारुणिकता को मार्मिक ढंग से दशार्ती है। राह न रुकी, आग की प्यास, छोटी सी बात और दायरे विभिन्न वर्गों की समस्याओं को उठाते हैं ।

दलित वंचित गरीब ग्रामीण जीवन की विसंगति अनेक कृतियों का विषय है। अजेय खंडहर, मेधावी और पिघलते पत्थर ,पांचाली, और रूप छाया जैसी काव्य रचनाओं में साम्राज्यवाद, सामन्तवाद, शोषण, असमानता और वर्ग भेद का मुखर विरोध है। महा यात्रा गाथा अपने ढंग की अनोखी रिपोर्टाज है। रांगेय राघव ने कई अच्छे अनुवाद भी किए हैं। शेक्सपियर की कृतियों - हेमलेट, ओथेलो, मैक्बेथ का हिंदी रूपांतर काफी लोकप्रिय हुआ था । उनके नाटकों में स्वर्ण भूमि की यात्रा और रामानुज ने काफी ध्यान आकृष्ट किया था। उनके आलोचना ग्रंथों में भारतीय पुनर्जागरण की भूमिका, भारतीय संत परम्परा और समाज, प्रगतिशील साहित्य के मानदंड, तुलसी का काव्य शिल्प, काव्य, कला और शास्त्र, आधुनिक हिंदी कविता में प्रेम और श्रृंगार, तथा गोरखनाथ और उनका युग चर्चित हुई हैं ।



रांगेय राघव सिर्फ. लेखक ही नहीं थे। वे सामाजिक कार्यकर्ता और रंग कर्मी भी थे। आगरा में इप्टा से सक्रिय रूप से जुड़े थे और नाटकों के लिए लिखते थे। इतिहास और पुरातत्व में भी उनकी रुचि थी। असमानता, अत्याचार और शोषण विहीन समाज के निर्माण की परिकल्पना को साकार करने के लिए वे तत्पर रहते थे। वे जीवनानुभव में रच-बस कर लिखते थे। दिन प्रतिदिन की उलझनों से लगातार जटिल होती जा रही परिस्थितियों में मनुष्यत्व को स्वर देना ही उनके लेखन का मुख्य प्रयोजन बन गया था। ऐसे में मार्ग तलाशने की छटपटाहट और परिवर्तन की तीव्र आकांक्षा उनकी कृतियों का मुख्य स्वर था। वे एक कठिन समय में मानुष भाव का सृजन कर रहे थे। यह कार्य अतीत और वर्तमान के विभिन्न प्रभावों के संघात के बीच आकार ले रहा था। उनका साहित्य कर्म में जहां सामाजिक परिवर्तन की समझ के लिए अनेक सूत्र मौजूद हैं वहीं राग-द्वेष से जुड़े मनुष्यता के आधारभूत सरोकार भी तीव्रता मुखर हैं। उनमें बहुत कुछ ऐसा है जो आज भी हमें अपनी समझ को दिशा देने में सहायक है।

**( 307 , टावर-1, पार्श्वनाथ मैजेस्टिक फ़्लोर्स इंदिरापुरम, वैभव खंड, गाज़ियाबाद, संपर्क: 9922399666)**

# वरवर राव चाहते हैं कि एक संयुक्त मोर्चा बने

**भेंट- मुलाकात**



**कौशल किशोर**

'जीवन का बुत बनाना/काम नहीं है शिल्पकार का/उसका काम है पत्थर को जीवन देना/मत हिचको/वो शब्दों के जादूगर!/जो जैसा है, वैसा कह दो/ताकि वह दिल को छू ले', ऐसी कविताओं से ही वरवर राव जाने जाते हैं। वे सीधी, सरल, सच्ची और साफ-साफ बात करते हैं। उनकी कविताएं दिल दिमाग में उतरती हैं। इनमें सामाजिक बदलाव, जीवन संघर्ष और जागरण के संदेश हैं। उनके लिए कविता का यही काम है। वह लोगों को रोटी नहीं दे सकती है, लेकिन रोटी के लिए संघर्ष की प्रेरणा जरूर दे सकती है। इसी अर्थ में वे पत्थर को जीवन देने की बात करते हैं।


वरवर राव के लिए कविता स्वांतः सुखाय या मनोरंजन की वस्तु ना होकर सामाजिक बदलाव का माध्यम है। इसीलिए उनके लिए कविता करना या कहिए उनका संपूर्ण रचना कर्म सांस्कृतिक काम है। वहां संस्कृति और राजनीति के अन्तर्सम्बन्धों को लेकर कोई दुविधा या भ्रम नहीं है। उनकी समझ है कि सामाजिक बदलाव और शोषण उत्पीड़न से मुक्त मानव समाज की रचना के संदर्भ में कवि कलाकार उसी तरह का योद्धा है जिस तरह एक राजनीतिक कार्यकर्ता। अपनी स्वायत्तता और विशिष्टता के बावजूद मानव समाज के संघर्ष में दोनों की भूमिका है। वरवर राव इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं। जेल की कालकोठरी या दमन उत्पीड़न के विभिन्न तौर तरीके उन्हें अपने मकसद से विचलित नहीं कर सका है।

वरवर राव तेलुगू साहित्य-संसार में चमकता हुआ सितारा हैं। इस साहित्य की खासियत है कि इसने राजनीति को हमेशा से कमान में रखा है। संघर्ष और सृजन इसकी दो आंखें हैं। इसी से तेलुगू का क्रान्तिकारी साहित्य पैदा हुआ है। उसकी पहचान बनी है। इसी की देन दिगम्बर पीढ़ी के कवियों का क्रान्तिकारी के रूप में रूपांतरण है। आजादी के बाद सबसे पहले तेलुगू के क्रान्तिकारी लेखकों का संगठन बना। विरसम (विप्लवी रचियतालु संघम) 1970 में अस्तित्व में आया। प्रलेस (प्रगतिशील लेखक संघ) स्वतंत्रता के उपरांत प्रभावहीन हो चुका था। उसकी आंध्र शाखा के अध्यक्ष महाकवि श्रीश्री ने प्रलेस से नाता तोड़ा और विरसम से जुड़ गए। श्रीश्री के नेतृत्व में सुब्बाराव पाणिग्रही, चेराबण्डा राजू, ज्वालामुखी, निखिलेश्वर, एम टी खान, गदर, केवीआर, टी मधुसूदन राव आदि रचनाकारो द्वारा क्रान्तिकारी साहित्य की रचना हुई। नक्सलबाड़ी और श्रीकाकुलम के संघर्ष की प्रेरणा से यह कला व साहित्य के क्षेत्र में जन उभार था। इसे सत्ता के क्रूरतम दमन का शिकार होना पड़ा। बहुत से कवि व लेखक जो इस आंदोलन में कूद पड़े थे, वे शहीद हो गए। कइयों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें षडयंत्र केसों में फंसाया गया। अनेक रचनाकरों की नौकरियां चली गईं। वरवर राव की निर्मिति में साहित्य और संघर्ष के इसी जन उभार की भूमिका थी।

वरवर राव का जन्म 3 नवम्बर 1940 को हुआ। काव्य लेखन की शुरूआत किशोरावस्थ में हो गई थी। 17 की उम्र में कवि के बतौर पहचान मिली। वे मार्क्सवाद से प्रभावित हुए। विरसम से जुड़े। 26 की उम्र में तेलुगू साहित्य की पत्रिका 'सर्जना' का संपादन किया। 18 मई 1973 को जब उम्र महज 33 की होगी, उन्हें मीसा के तहत बंदी बनाया गया। उसके बाद इमरजेंसी के दौरान भी गिरफ्तारी हुई। दो दर्जन मुकदमे कायम किए गए। अनेक बार गिरफ्तारी हुई। सभी आरोप बेबुनियाद साबित हुए और अदालत द्वारा वरवर राव बाइज्जत बरी किए गए। उन्होंने विपुल साहित्य लेखन किया। दर्जन से ऊपर तो उनके कविता संकलन हैं। अनेक भाषाओं में उनकी कविताओं का अनुवाद हुआ। हिन्दी में 'साहस गाथा' नाम से उनका कविता संग्रह आया। उनकी अनेक आलोचना कृतियां हैं। उन्होंने अनुवाद का काम किया। अखबारों के लिए स्तंभ लेखन किया। वर्तमान में वे आधुनिक तेलुगू साहित्य के प्रतिनिधि रचनाकार हैं। भारत के प्रगतिशील व जनवादी साहित्य समाज में उनकी प्रतिष्ठा है।

वरवर राव को अपनी प्रखरता, सत्ता विरोध और जन प्रतिबद्धता की कीमत चुकानी पड़ी है। उन्हें भीमा कोरेगांव-एल्गार परिषद केस में गिरफ्तार किया गया। इनके साथ अनेक मानवाधिकार कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, लेखक, वकील आदि को बंद किया गया। इन सबके ऊपर अनलॉफुल एक्टिविटिज प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) के तहत कार्यवाही की गई। सत्ता के द्वारा ऐसे बुद्धिजीवियों के लिए एक नया पद इजाद किया गया है। वह है 'अर्बन नक्सल'। आज सत्ता से असहमति व्यक्त करने वाले लेखकों, पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक व मानवाधिकार कार्यकताओं आदि के लिए यही पदनाम है। यह दायरा बढ़ता जा रहा है। सरकार काव्य लेखन, साहित्य सृजन, बौद्धिक व लोकतांत्रिक क्रियाकलाप आदि को अनुकूलित करने में लगी है। उसे असहमति व आलोचना बरदाश्त नहीं है। जो विरोध में है, उनका दमन-उत्पीड़न सामान्य सी बात है। आज ऐसे लोगों की लंबी फेहरिश्त बनाई जा सकती है जिन्हें शिकार बनाया गया है या बनाया जा रहा है। बुलडोजर दमन का प्रतीक बन गया है।

उन्होंने पिछले दिनों बांगला के मशहूर कवि काजी नजरुल इस्लाम की कविताओं का तेलुगू में अनुवाद किया। यह किताब के रूप में शीघ्र प्रकाशित होकर आने वाली है। गुलजार उनके प्रिय कवि हैं। उनकी कविताओं का भी अनुवाद किया है। मुम्बई में पिछले दिनों उनसे एक मुलाकात हुई। वरवर राव जी से भी हमें दो किताबें मिलीं। पहली उनकी जेल डायरी तथा जेल से लिखे उनके पत्रों का संग्रह है तो दूसरी किताब एन वेणु गोपाल की लिखी 'द मेकिंग ऑफ वरवर राव'। आज के इस फासीवादी दौर में लेखकों व बुद्धिजीवियों की क्या भूमिका हो? हमारे विचार-विमर्श का यह भी विषय था। उन्होंने लंबा समय जेल में गुजारा। अभी भी हालत ऐसी है जिसमें वे लोगों से मिल नहीं सकते हैं। गिने-चुने ही मिलने आते हैं। ऐसे में क्या संदेश है? उनकी ओर से संदेश जैसा कुछ नहीं था पर जोर देकर कहा - एकता, एकता, एकता....मोर्चा, मोर्चा, मोर्चा। कहना था कि जिस तरह पिछली सदी में जब दुनिया में फासीवाद का उभार हुआ था, हमारे यहां के लेखकों ने फसीवादी मोर्चा बनाया था। उसी तरह का मोर्चा बने। उसी दिशा में पहल ली जानी चाहिए। यह भी कहना था कि लेखकों के अनेक संगठन हैं। इनके होते हुए भी मोर्चा बन सकता है। उनकी राय थी कि वे जो कर रहे हैं, वे करते रहें। उनका अस्तित्व बना रहे। इसके बाद भी उनके बीच फासीवाद विरोधी संयुक्त मोर्च बन सकता है और बने। संघर्ष और एकजुटता से ही राह निकलेगी। उनकी कविता का पाठ हमने किया। यह बेंजामिन मोलाइस को फांसी दिए जाने के बाद उन्होने लिखी थी। यह काफी लोकप्रिय भी है -



'कब डरता है दुश्मन कवि से/जब कवि के गीत अस्त्र बन जाते हैं/वह कैद कर लेता है कवि को/फांसी पर चढ़ाता है/फांसी के तख्ते के एक ओर होती है सरकार/दूसरी ओर अमरता/कवि जीता है अपने गीतों में/और गीत जीता है जनता के हृदय में'।

कहा जा सकता है कि तमाम विपरीतताओं के बीच वरवर राव का कवि अपने गीतों में जीता है जहां एक बेहतर दुनिया और जनमुक्ति का स्वप्न है। उसका संघर्ष इसी स्वप्न को सच्चाई में बदल देने के लिए है।

**(लेखक कवि एवं टिप्पणीकार हैं, संपर्क - 8400208031)**

# गहन सम्वेदना को सहज सम्प्रेषित करती कविताएं

**मूल्यांकन**



**श्रीमती खुदेजा खान**

कवि नरेश अग्रवाल की चयनित कविताओं का संग्रह 'समकाल की आवाज' न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन नई दिल्ली (2022) में प्रकाशित हुआ है। जमशेदपुर में जन्मे नरेश अग्रवाल की अब तक 22 पुस्तकें आ चुकी हैं, जिनमें

पगडंडी पर पांव, नए घर में प्रवेश, सबके लिए सुंदर आवाज है, वे चिनार के पेड़ शामिल हैं।एक संग्रह का अनुवाद मराठी भाषा में भी हो चुका है। अपने व्यापक अनुभव संसार में शामिल विभिन्न विषयों को समावेशित करने की क्षमता को साधा है कवि नरेश अग्रवाल ने। बहुत सारे अनुभव अभिव्यक्त नहीं हो पाते। इस अव्यक्त को शब्दों में ढालने का काम एक सजग कवि ही करता है जिसकी चेतना अपने समय, समाज और परिवेश से इतनी घुली मिली हो कि वह अतीत, वर्तमान और भविष्य को टटोलने की अंतर दृष्टि से संपन्न पूरे काल को संतुलित ढंग से रेखांकित कर सके।

सर्वहारा का संघर्ष और अंतर्द्वंद कविता का रूप लेकर प्रकट हो और चिंतन विचार बन कर बाहर निकले तो महत्वपूर्ण होता है। नरेश अग्रवाल की कविताओं से गुजरते हुए पाठक चौंक सकता है कि वही साधारण सा वातावरण, वही आसपास घटित होने वाली घटनाएं, साधारण से लोग जाने पहचाने से, भीड़ में, राह चलते, यात्रा करते और मोहल्ले पड़ोस के, पर इस तरह हम इन्हें नहीं जान पाए जैसे इन कविताओं के माध्यम से जान पा रहे हैं।

इस काल का कर्ता- धर्ता यही आम आदमी है। जिसकी रीढ़ पर सृष्टि की काया टिकी है। जो श्रमिक है, मजदूर है, किसान, कामगार या कारीगर। फिर भी जी रहा है मस्त मलंग भले उनका नाम दर्ज है गरीबी रेखा की सूची में।

प्रतिरोध जताने के कई माध्यम हैं। कवि अपनी कविता से असहमति जताकर प्रतिरोध दर्ज करता है। आमजन के पक्ष में खड़ा उन विसंगतियों को प्रश्नांकित करता है जिनकी अनदेखी करना व्यवस्था के संचालकों के लिए उतना ही सहज है जितना कि अव्यवस्था के साथ रह रहे आमजन का सामंजस्य। इस विरोधाभास को इतनी महीन रेखा विभाजित करती है कि सामान्य बुद्धि इसे समझ नहीं पाती, जब तक इस ओर कोई ध्यान न दिलाये।बिना किसी लाग लपेट के यह काम कोई कविता कर जाए तो इसे उपलब्धि ही माना जाना चाहिए। सर्वहारा की लूट में बाजारवाद अग्रणी है। नरेश अग्रवाल की कविताएँ उसकी खबर लेती हैं । फैशन, लूटने का तरीका, पानी की बोतल ऐसी ही कुछ कविताएं हैं।

पीछे से उसकी कमीज उड़ रही थी
जिसका निचला छोर
होंठ हिलाते हुए हंस रहा था
उसके सारे अंग हंस रहे थे
जैसे उपहास उड़ा रहे हों
सारी दुनिया का।

एक ऐसा तबका जो निरंतर अभावों की मार झेलते हुए जीता है लेकिन शिकायत नहीं कर सकता, यथास्थिति को स्वीकारते हुए अपनी दुनिया में मगन रहता है। उसका हंसना दरअसल इस पूरी दुनिया पर हंसना है जहां का निजाम इतनी विषमताओं और विसंगतियों से भरा है कि बंटे हुए वर्गों के बीच की खाई पट नहीं सकती।

जीवन अपनी गति से चलता है और हर काम नियत समय पर ही होता है फिर भी अनिश्चितता का अपना खेल चलता रहता है। जिनका संसर्ग स्थाई लगता था वही बिछड़ जाते हैं जिनका हाथ थाम कर दोस्ती का दम भरा करते थे एक समय बाद वह भी छूट जाते हैं।

नहीं पता कुछ भी उन मित्रों के बारे में जो कल गलबांही किए घूम रहे थे बाजार में
आज कहां गुम हुए, कुछ भी नहीं पता।

जातिवाद का दंश सदियों से समाज में अपनी पैठ बनाए हुए है। मनुष्य की आर्थिक असमानता इनमें और भी अंतर पैदा कर देती है। डूबने वाला जब मदद की गुहार लगाता है तब यह नहीं सोचता कि मदद को बढ़े हाथ उसकी बिरादरी के हैं या नहीं। एक ही धुन सवार होती है, जो भी हाथ आगे बढ़े उसे थामकर इस भंवर से बाहर निकलूं। चाहे वह किसी अछूत का हो या दलित का किसी को भी थामने को तैयार मुसीबत में फंसा वह सवर्ण।

क्षमता, क्यों और कठपुतली जैसी कविताएं बाल श्रमिकों पर प्रतिबंध की मांग करती हैं। एक तरफ नियम है और दूसरी तरफ उनका उल्लंघन। ऐसी क्या मजबूरी है उन परिवारों की जिनके बच्चे स्कूल की जगह सुबह से काम पर लग जाते हैं।अशिक्षित बालकों में जागरूक नागरिक बनने के गुण कहां से विकसित होंगे जब वह अपने मूलभूत शिक्षा के अधिकारों से ही वंचित रह जाएगा। कवि कहता है,

यहां तक कि बाल श्रमिकों के विरोध में
जो खबर तस्वीर के साथ छपी है आज मुखपृष्ठ पर
वह उसी की है यह भी उसे पता नहीं

रंग प्रकृति के, जीव जगत के, श्रृंगार के, फल, फूल और सब्जियों के जब तक यह नैसर्गिक हैं सुंदर हैं, लुभावने और लाभदायक। लेकिन अब समीकरण बदल गये हैं। इस नैसर्गिकता को कृत्रिमता के रंग भी पछाड़ सकते हैं इसका सटीक उदाहरण बाजार में नकली वस्तुओं का प्रदर्शन है। असली के सामने कैसे बनावटीपन ने अपनी जगह बना ली है। सच के समक्ष कैसे झूट ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भोले को कैसे चालक ने परास्त कर दिया है। ये पंक्तियां द्रष्टव्य हैं,

सच है इस जमाने में
वही सबसे अधिक सफल
जो माहिर हो रंग बदलने में

वर्चस्व की लड़ाई सर्वत्र दिखाई देती है।सुपर पॉवर बनने की होड़ में हथियारों का निर्माण और युद्ध की चेतावनी। शक्ति का प्रदर्शन, सर्वोच्च बने रहकर दबदबा बनाए रखने का प्रयास जिससे युद्धों को न्यौता देकर हजारों, लाखों की जान ली जा सके। देखिये,

सभी के सिपाही जैसे आसमान में
सभी करते बार-बार जीतने का प्रयास
लड़ाई थमती नहीं कभी दुनिया में।

आमजन केवल एक मतदाता है जो सिंहासन का ऐसा मजबूत धरातल बनाता है जिस पर पूरे राजप्रासाद का निर्माण किया जा सकता है। नरेश अग्रवाल की एक कविता में आरंभ से अंत तक जो संवेग है वह समस्त परिदृश्य के कटु यथार्थ को उजागर कर प्रस्तुत कर देता है।

अब पांव हमारे दुखते नहीं
ये खड़े-खड़े, अच्छे दिनों के इंतजार में
काठ हो गए हैं
धीरे- धीरे सीढ़ी हो गए
घबराहट नहीं होती
जब कोई इन पर चढ़कर ऊपर जाता है
अपनी ध्वजा फहराता है
हम देखते रहते हैं
नहीं दुखते सचमुच हमारे पांव
अब ये नींव हो गए हैं।

कंप्यूटर का आविष्कार जिस तरह की संचार क्रांति लेकर आया उसने समूचे विश्व का परिदृश्य बदल कर रख दिया। टेक्नोलॉजी ने जितनी तीव्रता से जोड़ा उसी गति से तोड़ना भी सिखाया। पढ़ाई हो या मनोरंजन, ज्ञान हो या जानकारी, चुटकियों में आपके सामने स्क्रीन पर। बस छूने की देर है एक बटन दबाया और विध्वंस का विस्फोट सब कुछ नष्ट भ्रष्ट करने पर आमादा जैसे मिसाइल का कोई बटन। देखिये,

मालूम नहीं बटन का आविष्कार
पढ़ाई के लिए हुआ या लड़ाई के लिए पृष्ठ- 68 बटन का आविष्कार

भाषा नरेश अग्रवाल की कविताओं को सुगम बनाती है जो सीधे अंतस में प्रवेश कर हृदयंगम हो जाती है। पंक्ति दर पंक्ति कविता अंत में जाकर अपनी अर्थवत्ता पूरी तरह खोलकर चमत्कृत करती है। शब्दों की बाजीगरी नहीं है, क्लिष्ट दुरुहता से परे आम पाठक तक पहुंचने में अपनी अलग राह बनाती है। कुल 50 कविताओं के संकलन में व्यापक वैश्विक दृष्टि बोध भी परिलक्षित होता है। विशेषकर राजनीतिक व युद्ध विषय कविताओं में।

यदि प्रतिरोध का व्यापक अर्थ असहमति है तो वह इन कविताओं में उपस्थित है। मनुष्य को जीवित रहने के लिए जितने भी साधन और संसाधन इस धरती पर मौजूद हैं लगभग सभी पर कवि ने अपनी दृष्टिपात किया है। शैली आसान है। जिसे पाठक को आत्मसात करने में तनिक भी दुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

पुस्तक- समकाल की आवाज, चयनित कविताएं
लेखक- नरेश अग्रवाल, प्रकाशक- न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन नई दिल्ली

# बीएसएफ जवान के घर लाखों की चोरी

जनसंदेश न्यूज


घर में बिखरा सामान।


खोजी कुत्ता द्वारा जांच करती पुलिस।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नंदना गांव निवासी शेषनाथ सिंह के घर रात को चोरों ने घर में घुसकर सारा सामान उठा ले गये। वर्तमान में बीएसएफ का जवान प्रधानमंत्री कार्यालय की सुरक्षा में तैनात है।

अतरौलिया थाना क्षेत्र के नंदना गांव निवासी शेषनाथ सिंह पुत्र राम मूरत सिंह जो महिंद्रा ट्रैक्टर में नौकरी करते थे तथा अवकाश के बाद कुछ साल से पैरालाइसिस से पीड़ित हैं। इनके दो बच्चे संजय कुमार सिंह एसएसबी गोरखपुर में तैनात है एवं छोटे लड़के अजय कुमार सिंह बीएसएफ में नियुक्त होकर प्रधानमंत्री कार्यालय की सुरक्षा में तैनात है। शेषनाथ सिंह अपनी पत्नी सहित मौके पर गोरखपुर में अपने लड़के के यहां इलाज करवा रहे हैं। बीती रात चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश किया एवं भूतल पर स्थित चार कमरों के दरवाजे का ताला तोड़कर लाखों रुपए के गहने सहित अन्य सामानों को चुरा ले गए। इस दौरान मकान में कोई नहीं था। घटना की सूचना मिलते ही निरीक्षक रफी आलम, उप निरीक्षक उमेश चंद यादव समेत जिले से डॉग स्क्वायड एवं फॉरेंसिक टीम के लोग पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

फॉरेंसिक टीम द्वारा भवन एवं टूटी हुई अलमारी के तारों तरफ फिंगरप्रिंट कराई तथा डॉग स्क्वायड टीम द्वारा भी निरीक्षण कराया गया, हालांकि इससे पुलिस को कोई परिणाम प्राप्त नहीं हुआ। घटना की स्थिति देखने से पता चल रहा था कि चोर बड़े ही इत्मीनान से काफी समय से घर में चोरी सहित 4 कमरों के दरवाजे का ताला तोड़कर 4 बड़े बक्से, सात छोटे बक्से, दो अलमारी का ताला एवं चार सूटकेस का ताला तोड़े। इस दौरान कई तालों को आरी से कांटा भी गया था। घटना की सूचना पाकर गोरखपुर एसएसबी में तैनात संजय कुमार सिंह जब सुबह घर पहुंचे तो उन्होंने बताया कि मेरे चाचा के लड़के अजीत सिंह ने पूरी घटना की मुझे जानकारी दी। चोर छत के रास्ते घर में प्रवेश किए थे लेकिन निकलते वक्त खिड़की के दरवाजे को खोलकर बाहर निकल गए। पीड़ित ने बताया कि मेरे घर के चार कमरों के दरवाजों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा 15 से 16 लाख रुपए के गहने उठा ले गये।

इस चोरी के पहले चोरों द्वारा गांव के ही पीआरडी जवान मंगला सिंह के घर में छत के रास्ते से ही घुसकर चोरी करने का प्रयास किया गया हालांकि घर में 3 कमरों में परिवार के लोग सो रहे थे ऐसी स्थिति में चोरों द्वारा बाहर से उक्त कमरों के दरवाजे बंद कर दिए गए थे जबकि एक कमरे में चोरो को कुछ प्राप्त नहीं हो सका, इसीलिए यहां से निकल कर चोरो ने दूसरे घर में चोरी की घटना को अंजाम दिए। थाना क्षेत्र में बराबर हो रही चोरी की घटनाओं से पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। जबकि अभी तक अज्ञात चोर पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस चोरी की घटनाओं का लगातार खुलासा करने की कोशिश कर रही है लेकिन तब तक अज्ञात चोर पुलिस को खुली चुनौती दे दे रहे हैं। बीती रात चोरों ने पुलिस के घर को ही निशाना बना डाला, और पुलिस प्रशासन को एक बार फिर चुनौती दे दी।

## मौसम की बेरुखी से बढ़ी किसानों की धड़कन

**पटवध (आजमगढ़)।** जनपद में दो दिन से बादल छाये थे लेकिन शनिवार की शाम को मौसम की बेरुखी से किसानों की धनकड़ बढ़ गयी।

16 तारीख से 19 तारीख तक मौसम विभाग द्वारा मौसम खराब होने की बात कही गई है। वर्तमान समय से किसानों की फसल लगभग पक कर तैयार है। सरसों की कही कही कटाई की जा रही है। बे मौसम बरसात होने से किसानों का काफी नुकसान होगा। जिससे जनपद के किसानों की धड़कन बढ़ गई है सारी फसलें खेतों में पकने के कगार पर हैं और इस बारिश और आधी तूफान या ओलावृष्टि से किसानों का बहुत बड़ा नुकसान हो जाएगा तेज हवा चलने से गेहूं की फसल खेत में गिर जाएंगी और गेंहू हल्का हो जाएगा अरहर के फूल भी झड़ जाएंगे किसानों की सारी पूंजी और मेहनत खेत में लग चुकी है अब देखना है कि इंद्र भगवान किसानों के साथ क्या करते हैं।

## ईओ ने अभियान चलाकर किया प्लास्टिक जब्त

### दुकानदारों से वसूला जुर्माना

जनसंदेश न्यूज

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर में शनिवार को अधिशासी अधिकारी प्रतिभा सिंह ने कस्बा के विभिन्न ठेलों व दुकानों पर छापेमारी कर दो किलोग्राम प्रतिबंधित पालीथीन जप्त किया तथा 16 सौ रुपये जुमार्ना वसूल किया।


पॉलीथिन की चेकिंग करती ईओ प्रतिभा सिंह।

पॉलीथिन का उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के बाजूद भी मुबारकपुर नगर में ठेले पर दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से सामान बेचने में उपयोग किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका गेट सहित विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर नौ लोगों के पास से दो किलोग्राम प्रतिबंधित पालीथीन पकड़ी गयी जिसको जब्त करने के साथ ही सोलह सौ रुपये का जुमार्ना भी वसूल किया। कुछ दुकानदारों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। अधिशासी अधिकारी द्वारा की गयी इस छापेमारी से प्रतिबंधित पालीथीन उपयोग करने वाले दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। छापेमारी में अधिशासी अधिकारी प्रतिभा सिंह, अवर नपा अभियंता महावीर भारती, राजन चौधरी, मोनू आदि लोग शामिल रहे।

# अवैध असलहे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

### 10 अवैध पिस्टल, 32 बोर, 20 मैगजीन, 2 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 2 मोबाइल फोन बरामद

**कामयाबी**

**आतंकवाद निरोधक दस्ता व पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता**

जनसंदेश न्यूज


आरोपियों से पूछताछ करते अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार।

**आजमगढ़।** आतंकवाद निरोधक दस्ता लखनऊ व थाना कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जज्जी मैदान के पास से दो अभियुक्तों को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 10 अवैध पिस्टल. 32 बोर, 20 मैगजीन, 2 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 2 मोबाइल फोन बरामद किया।

आतंकवाद निरोधक दस्ता व कोतवाली पुलिस.को कइ दिनो से सूचना प्राप्त हो रही थी कि जनपद के रहने वाले कुछ व्यक्ति गैर प्रान्त से अवैध शस्त्र लाकर जनपद व इसके आस-पास के जनपदो में खरीद-फरोख्त में संलिप्त है। उक्त सूचना पर पुलिस जांच में जुट गयी। मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि राम शब्द यादव अवैध शस्त्र लेने हेतु गैर प्रांत गया हुआ है जो आज बस से आजमगढ़ आ रहा है। मुखबिर की इस सूचना पर शहर के जज्जी ग्राउण्ड मैदान के पास घेराबन्दी करके अभियुक्तो का इन्तजार करने लगे कुछ देर बाद 2 व्यक्ति काला बैग लिये हुए पहले से खड़ी मारुति आल्टो कार में बैग रखते हुए बैठने वाले ही थे कि संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कार मे बैठे एक अभियुक्त व कार मे बैठने का प्रयास कर रहे अभियुक्तों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया तथा अंधेरे का लाभ उठाकर एक सहयोगी फरार हो गया। गिरफ्तार 2 अभियुक्तों में रामशबद यादव उर्फ मन्त्री उर्फ बुढ़वा पुत्र हरदेव यादव निवासी रसीदाबाद थाना जीयनपुर तथा दूसरा संजय यादव पुत्र शिवपूजन यादव निवासी ग्राम गजहरा कारूपार पोस्ट लोहरा थाना मुबारकपुर को पुलिस ने शनिवार की भोर में जज्जी मैदान के पास से गिरफ्तार कर लिया। भागे हुये अभियुक्त के बारे में पुछे जाने पर अभियुक्त रामशबद ने बताय कि वह मेरा लडका कमलेश कुमार यादव है। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से पुलिस ने 10 अवैध पिस्टल, 32 बोर, 20 मैगजीन, 2 जिन्दा कारतूस 32 बोर, 2 मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को सम्बंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया।

## शातिर अपराधी गांजा के साथ गिरफ्तार

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कार्रवाई करते हुए मेंहनगर पुलिस ने शनिवार को एक अभियुक्त को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। मेंहनगर पुलिस अपराधियों की तलाश में क्षेत्र के जिगनी पुलिया पर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि असौंसा पुलिया पर महेश यादव पुत्र स्व.राम अवध यादव गांजा के साथ बैठा है। जल्दी किया जाए तो गिरफ्तार हो सकता है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास पुलिस उक्त स्थान पर पहुंच कर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से 2 किलो 840 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

# बिजली कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**चेतावनी**

**बिजली कर्मियों की बर्खास्तगी या गिरफ्तारी की गयी तो प्रारम्भ होगा सामूहिक जेल भरो आन्दोलन**

जनसंदेश न्यूज


धरने को सम्बोधित करते आशीष सिंह

आजमगढ़। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर चल रही बिजली कर्मियों की प्रान्तव्यापी हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी रही। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बिजलीकर्मी नेताओं की गिरफ्तारी के आदेश की चर्चा के बीच यह चेतावनी दी है कि यदि शान्तिपूर्ण ढंग से आन्दोलनरत बिजली कर्मियों को गिरफ्तार किया गया या बिजली कर्मियों की बर्खास्तगी की गयी तो ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारी, जूनियर इंजीनियर, अभियन्ता और निविदा/संविदा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जायेंगे और पूरे प्रदेश में सामूहिक जेल भरो आन्दोलन प्रारम्भ होगा।

बिजली कर्मियों की हड़ताल के दूसरे दिन आज बिजली व्यवस्था पर प्रभाव दिखाई दिया। अनपरा बिजली घर में 500 मेगावाट क्षमता की एक और इकाई बिजली कर्मियों के काम पर न जाने के कारण बन्द करनी पड़ी। इसके अतिरिक्त ओबरा ताप बिजली घर की कुल 1000 मेगावाट क्षमता की पांच इकाईयों ने पूरी तरह काम करना बन्द कर दिया है। अनपरा में 210-210 मेगावाट क्षमता की तीन इकाईयां हड़ताल के पहले दिन कल बन्द हो गयी थीं। पारीछा ताप बिजली घर में भी कल 210 मेगावाट क्षमता की एक इकाई बन्द करनी पड़ी थी। इस प्रकार उत्पादन निगम में 2950 मेगावाट क्षमता की 12 ताप बिजली इकाईयां अब तक बन्द हो चुकी हैं।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि संघर्ष समिति ऊर्जा मंत्री जी से वार्ता के लिए हमेशा तैयार है। संघर्ष समिति ने कहा कि निविदा, संविदा कर्मचारियों की बर्खास्तगी के आदेश एवं बड़े पैमाने पर बिजली कर्मियों के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज करने तथा संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के आदेश के चलते टकराव और बढ़ गया है। बिजलीकर्मी शांतिपूर्वक 72 घण्टे की सांकेतिक हड़ताल कर रहे हैं किन्तु उक्त दमनात्मक कदमों से यह हड़ताल अनिश्चितकालीन हड़ताल में तथा जेल भरो आन्दोलन में बदल सकती है।

## शिक्षकों की मांग पूरी होने तक चलेगा मूल्यांकन बहिष्कार-शैलेश

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री शैलेश राय के नेतृत्व में मूल्यांकन केन्द्रों पर दर्जनों पदाधिकारियों द्वारा प्रदर्शन करते हुए धरना दिया गया। धरने को सम्बोधित करते हुए प्रान्तीय मंत्री शैलेश राय ने कहा कि मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह के आह्वाहन पर चल रहा है और यह तब तक चलेगा जब तक की हमारे प्रमुख मांगों को मान नहीं लिया जाता उन्होने कहा 2019 से लेकर अब तक हजारों परीक्षकों का पारिश्रमिक विभाग की लापरवाही से भुगतान अवशेष है साथ ही पुरानी पेंशन योजना को समाप्त करने वाली भाजपा सरकार की तानाशाही चरम पर है जिसके खिलाफ हम जनता में आवाज उठायेंगे। जिलाध्यक्ष बालकेश दूबे, जिला मंत्री साकेत चतुर्वेदी तथा कार्यवाहक जिलामंत्री नागेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि जिले से लेकर शासन तक आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी इस सरकार को उखाड़कर ही दम लेगें। इस अवसर पर शेषनाथ मिश्र, सुनील राय, दिनेश सिंह, रविशंकर लाल, बलवन्त श्रीवास्तव, दुर्गेश राय, आयुष राय आदि लोग उपस्थित रहे।

## भूमाफिया को पट्टा किये जाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

जनसंदेश

**आजमगढ़।** पल्हनी ब्लाक क्षेत्र के सलेमपुर गांव में दबंग को पट्टा किये जाने के विरोध में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्रक सौपकर न्याय की गुहार लगायी।


जिलाधिकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करती ग्रामीण महिलाएं

जिलाधिकारी को सौपे पत्रक के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव में एक नवीन परती खाता सं0 229 है जो आबादी की जमीन है जिस पर सभी ग्राम वासियों का कब्जा है। जिसमें हम पूरे ग्रामवासीगण डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयन्ती से लेकर गरीबों की शादी विवाह व अन्य पार्टी का कार्यक्रम सदा से करते चले आ रहे है। पूरे गांव व ग्राम पंचायत की सहमति से सर्वाजनिक रूप से छोड़ा गया है लेकिन हमारे गांव के ही अरविन्द कुमार पुत्र स्व. जगदीश राम (सहायक अध्यापक) जो भू माफियाओं से सम्बन्ध रखता है। क्षेत्रिय लेखपाल के द्वारा षणयन्त्र के तहत व अपनी मां श्यामदुलारी पत्नी स्व. जगदीश राम के नाम से 229 खाता सं0 में पट्टा करा लिया। ग्रामीणों ने 229 संख्या की पैमाइश कराकर जांच कराते हुए पट्टा को निरस्त व इन लोगों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर गंगा राज राहुल कुमार सरिता देवी उमेश हरिओम चंदा शीला देवी उर्मिला देवी दिनेश कुमार संजय कैलाशी देवी मोहन रीता देवी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था ध्वस्त महिलाएं असुरक्षित : रीबू

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की निवर्तमान जिलाध्यक्ष बबिता चौहान के नेतृत्व में समीक्षा बैठक सपा कार्यालय पर शनिवार को सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पूर्व मंत्री व सपा महिला प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने महिला कार्यकताओं से उनकी समस्याओं पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया। बैठक की अध्यक्षता मनभावती सिंह व संचालन श्रीमती सिंगारी गौतम ने किया। सपा प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने कहा कि आज महिलाओं की समस्याओं को लेकर केवल सपा ही मुखर रही हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है और महिलाएं असुरक्षित है, योगी जी का एंटी रोमियो स्क्वायड मौज में है। जनता को तीन दिन से बिजली नहीं मिल रही है, कर्मचारी त्रस्त है, भ्रष्टाचार बढ़ चुका है। ऐसे में सपा की महिलाएं कमर कस लें और सपा के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को मजबूत बनाए ताकि आगामी चुनाव में जनता विरोधी इस सरकार को उखाड़ फेंका जाए।


महिला प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करती महिलाएं

निवर्तमान जिलाध्यक्ष बबिता चैहान ने कहाकि सपा ही जमीन से लेकर सदन तक पिछड़ों, दलितों सहित पीड़ितों की आवाज को उठाने का काम करती है। इस मौके पर द्रौपदी पांडेय, किरन श्रीवास्तव, आशा राजभर, आशा सोनकर, शशिकला सिंह, परवीन, मीनू भारती मौजूद रही।

## लाखों खर्च के बाद भी अधूरा है अन्त्येष्टि स्थल

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक का गांव उदपुर में सपा सरकार में कब्रिस्तानकी बाउंड्री व अंत्येष्टि स्थल बनाने की योजना शुरू की गई जिसमें उदपुर ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए चयन किया गया। वर्ष 2014-15 में शासन से तेरह लाख रुपया स्वीकृत होकर ग्राम सभा खाते में धन आवंटित हुआ और अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कार्य प्रधान अनिता यादव व ग्राम विकास अधिकारी प्रमोद कुमार यादव द्वारा शुरू करा दिया गया। अंत्येष्टि स्थल बनने से खरीददार बिशेष वर्ग के लोग कतराने लगे जिससे सपा सरकार में अपनी अच्छी पकड़ रखने वालों ने कार्य रुकवा दिया। फिर वोट की राजनीति में कार्य रुकता ही गया जबकि दूसरे समुदाय द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया पर कोई सुनवाई नहीं हुई। जब कि आठ लाख रुपया अंत्येष्टि स्थल पर खर्च किया जा चुका है। पांच लाख रुपया ग्राम सभा खाते में भी है और सरकार भी बदल गयी। पर अधिकारियों की उदासीनता के कारण सरकारी पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। वही फूलपुर ब्लाक के भेड़िया गाव में नया अंत्येष्टि स्थल बन रहा है। परंतु उदपुर गाव में अधूरे अंत्येष्टि स्थल की सुधि कोई नही ले रहा है। इस सम्बंध में खण्ड बिकास अधिकारी बाबूराम पाल ने बताया कि सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को पत्र लिखकर पत्रावली व मेजरमेंट बुक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। पत्रावली प्राप्त होने के बाद स्थिति से अवगत हो कर कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी।

# 70 सालों से सताये गये निषाद समाज के लोग

**बोले संजय निषाद**

**मछुवारा समुदाय के विकास के लिए केंद्र सरकार ने दिया 26 हजार करोड़**

जनसंदेश न्यूज


सभा को संबोधित करते संजय निषाद।

पवई (आजमगढ़)। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद शनिवार को विकास खंड पवई के जल्दीपुर गांव पहुंचे। यहां पार्टी के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। संजय निषाद ने मछुआ समुदाय के विकास को लेकर चर्चा की।

संजय निषाद ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं और उसी के दम पर पार्टी चलती है। निषाद समाज के लोगों को पिछले 70 सालों में जमकर सताया गया है। इन्हें सिर्फ वोट बैंक समझा गया पहली बार निषाद समाज ने पार्टी का झंडा बुलंद किया और प्रधानमंत्री ने उनका साथ दिया। जिससे आज हमारे 11 विधायक हैं। संजय निषाद ने कहा कि आज हमारे समाज के लोगों की आवाज विधानसभा से लेकर दिल्ली तक उठाई जा रही है। इसका श्रेय भारतीय जनता पार्टी को जाता है। आजादी के बाद से वर्ष 2014 तक पूर्व की केंद्र सरकारों ने मछुआ समुदाय के विकास के लिए मात्र 3000 करोड़ रुपए ही दिया था। वहीं 70 साल बाद केंद्र की सरकार ने मत्स्य मंत्रालय का गठन करने के साथ ही साथ 26 हजार करोड़ रुपए मछुआरा समाज के लोगो को दिया। यही नहीं प्रदेश सरकार निषाद समाज के बच्चों को निशुल्क शिक्षा, वाचनालय, मकान, इलाज सहित 12 प्रकार से सहायता देने का काम कर रही है। उन्होंने निषाद समाज को भगवान राम से जोड़ते हुए कहा कि भगवान राम और निषाद राज की 70 फीट ऊंची मूर्ति का अनावरण 26 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा होना है। उन्होंने कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया। इस अवसर पर प्रमोद यादव जिला उपाध्यक्ष आजमगढ़, गुफरान आजमी, हरिश्चंद्र निषाद ब्लॉक अध्यक्ष, रामबदन निषाद संगठन अध्यक्ष, राम लखन बूथ अध्यक्ष, विष्णु देव निषाद जिला सचिव आजमगढ़, रामसूरत निषाद ब्लॉक सचिव, बिहारी निषाद ब्लॉक संरक्षक आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रभान निषाद ने किया।

## संक्षेप

### संपूर्ण समाधान दिवसः 123 के सापेक्ष 8 का मौके पर हुआ निस्तारण



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने जनसुनवाई की। इस दौरान कुल 123 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें से मात्र आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। उन्होंने समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी विशाल कुमार भारद्वाज ने जनसुनवाई की। नौबरार देवारा गांव के पूर्व प्रधान हरिवंश यादव ने प्रार्थना पत्र देकर विगत 30 वर्षों से गांव की खतौनी गायब होने का प्रार्थना पत्र दिया जिसे जिला अधिकारी ने गंभीरता से लिया। एसडीएम सगड़ी राजीव रतन सिंह को खतौनी को तुरंत ऑनलाइन करने व ग्रामीणों को उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। जयश्री यादव निवासी रायदोपुर ने प्रार्थना पत्र देकर श्याम बहादुर पुत्र अयोध्या निवासी जमीलपुर थाना महाराजगंज पर जमीन दिलाने के नाम पर 80 हजार रुपए चेक से दिया गया किंतु जमीन दिलाने के बजाय अब पैसा मांगने पर वापस नहीं दे रहा। वहीं 60 हजार रुपए का चेक दिया जो फर्जी निकला। पैसा मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाया गया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राहुल रुसिया ने कोतवाल को जांच कर मुकदमा पंजीकृत करने का निर्देश दिया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी इंद्र नारायण तिवारी, अरविंद तिवारी, न्यायिक उप जिलाधिकारी प्रेमचंद मौर्य, तहसीलदार शक्ति प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी सगड़ी महेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय का रास्ता अवरुद्ध



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के शिक्षा क्षेत्र अजमतगढ़ के उच्च प्राथमिक विद्यालय खांड का रास्ता अवरुद्ध हो गया। सड़क पर शिक्षक व दर्जनों छात्र खड़े रहे। 2 घंटे बाद पहुंची पुलिस ने रास्ता खाली कराया। प्रधानाध्यापक ने प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय के चक मार्ग पर अवैध कब्जा का आरोप लगाया। शनिवार की सुबह विद्यालय के दर्जनों की संख्या में छात्र व छात्रा जब विद्यालय पर पहुंचे तो विद्यालय के रास्ते पर हरी प्रसाद सिंह ने कांटा रखकर अवरुद्ध कर दिया था। जिसको लेकर विद्यालय के दर्जनों की संख्या में छात्र व छात्रा के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय राय व शिक्षिका मंजू देवी खड़ी रही। ग्राम प्रधान राहुल की सूचना पर लाटघाट चैकी पर तैनात सिपाही पहुंचे जिसके बाद कड़ी मशक्कत कर विद्यालय के रास्ते से रखा कांटा हटवाया गया। 11 बजे के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षक विद्यालय के अंदर जा सके। प्रधानाध्यापक अजय राय ने खंड शिक्षा अधिकारी को सूचित किया। तत्पश्चात सगड़ी संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचकर तहसीलदार शक्ति प्रताप सिंह को प्रार्थना पत्र देकर विद्यालय के चक मार्ग व जमीन पर अवैध कब्जा खाली कराने की मांग की।

### कूट रचना कर जालसाजी करने वाला गिरफ्तार



**आजमगढ़।** थाना तरवां पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कूट रचना, जालसाजी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तरवां पुलिस ने शनिवार को एक मुकदमें में वांछित अभियुक्त कमला कान्त पुत्र रामचन्द्र जो हसनपुर उर्फ भरथीपुर में स्थित ऐराकला गेट पर खड़ा होकर सवारी का इंतजार कर रहा था उसे गिरफ्तार कर लिया।

### दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे

**मेहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर में शुक्रवार की देरशाम दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। मेंहनगर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में प्रभु राम व मुकेश कुमार के बीच जमीनी विवाद को लेकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक पक्ष से प्रभु राम पुत्र बुलाकी राम उम्र 62 वर्ष व दिनेश कुमार पुत्र प्रभु राम उम्र 28 वर्ष जो बुरी तरह घायल हैं व सीमा देवी पत्नी संजय उम्र 40 वर्ष व फूलमती देवी पत्नी कपिल देव उम्र 35 वर्ष , राजमती पत्नी विनोद कुमार उम्र 30 वर्ष जो प्रेग्नेंट भी है घुरहू पुत्र बुलाकी उम्र 55 वर्ष लाठी-डंडे व लोहे की राड से मारपीट कर बुरी तरह से घायल हो गए हैं जिन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहनगर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए प्रभु राम व दिनेश कुमार को जिलासपाल में के लिए रेफर कर दिया गया जहा हालत गंभीर बनी हुई हैं। प्रार्थिनी फूलमती पत्नी कपिलदेव ने नामजद पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर दी। थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह ने सक्रियता दिखाते हुए दूसरे पक्ष के दो लोगों को हिरासत में लेकर सुसंगत धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही में जुटी हैं।

### दलित समाज को गुलाम बनाना चाहती है सरकारः अजीत

**आजमगढ़।** भाजपा सरकार अनुसूचित जाति व जनजाति की जमीनों को वगैर जिलाधिकारी के अनुमति के बिना बैनामा कराने का निर्णय लिया है यह निर्णय अन्यायपूर्ण है। यह सरकार दलित समाज को गुलाम बनाना चाहती है। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अजीत कुमार राव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कही। अजीत कुमार राव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भाजपा सरकार को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति का अंदाजा अभी नहीं है। और दलित समाज को गुलाम बना रही है। यह सरकार अनुसूचित जाति व जनजाति की जमीनों को बगैर जिलाधिकारी के अनुमति के बिना बैनामा कराने का निर्णय लिया है जो अन्यायपूर्ण है आज भी इस समाज के जमीनों, कब्रिस्तानों, खेतों, आबादी व घरों पर दबंगों, माफियाओं, भ्रष्टाचारियों, अपराधियों का कब्जा है। इस समाज की जमीनों से सरकार कब्जा हटवाना नहीं चाह रही है बल्कि बिना जिलाधिकारी के आदेश के औने पौने दामों में कब्जा करवाना व बेचवाना इनकी नियत बन गयी है। उन्होने कहा आज भी दलित दबा, कुचला, बेबस, लाचार जिंदगी जीने को मजबूर है। ऐसे नियम सरकार वापस ले बरना यह समाज आन्दोलन के लिए बाध्य होगें। उन्होने कहा हमस सड़क से लेकर सदन तक लड़ने का काम करेगें यह सरकार समता, स्वतंत्रता, न्याय, बन्धुत्व, सामाजिक समरसता स्थापित करना नहीं चाहती और संविधान व लोकतंत्र को तार-तार कर रही है।

### जल जीवन मिशन के तहत करौती में की गयी बोरिंग

**मेंहनगर ( आजमगढ़)।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घरों में पानी पहुंचाने का जहां संकल्प लिया है। वहीं तहसील मेहनगर में कुल 167 ग्राम पंचायतों में भूमि चिह्नित कर सम्बंधित विभाग को मुहैया करा दी गयी। इसी क्रम में ग्राम पंचायत करौती में प्रस्तावित भूमि 911 रकबा 90 हे. भूमि को क्षेत्रीय लेखपाल अमित तिवारी ने चिंहित भूमि का सीमांकन कर सम्बंधित विभाग को 14 फरवरी 2023 को सौंपा। प्रस्तावित भूमि पर सम्बंधित विभाग शुक्रवार को देर शाम जल निगम के इंजीनियर डॉ.शशि शेखर पांडेय ने विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन कर नारियल तोड़कर बोरिंग का शुभारंभ किया। बोरिंग कार्य शुरू होते ही ग्राम प्रधान सहित उपस्थित ग्रामीणों ने गंगा मइया के जयकारे लगाने लगे। इसकी सूचना इंजीनियर श्री पांडेय ने सम्बंधित विभाग के साथ-साथ एसडीएम को दी। सूचना पाकर एसडीएम संत रंजन ने इंजीनियर को निर्देशित करते हुए कहा कि 167 ग्राम पंचायतों के सभी ग्राम पंचायतों में चिंहित जमीन में कोई भी विवाद उत्पन्न करता है तो चिंहित कर अवगत कराएं। ऐसे लोगो के विरुद्ध कार्यवाही होगी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक घरों में पानी पहुंचाना हैं। इस योजना के अंतर्गत किसी गांव में जमीनी समस्या आए तो हमे तत्काल अवगत कराएं।

### होली मिलन समारोह आज

**आजमगढ़।** जायसवाल हितकारिणी समिति के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को करतालपुर स्थित एक मैरेज हाल में किया गया है। इस समारोह के मुख्यअतिथि श्यामलाल जायसवाल व विशिष्ठ अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इन्दिरा देवी जायसवाल होगी। उक्त जानकारी जायसवाल हितकारिणी समिति के मीडिया प्रभारी दीपक जायसवाल ने दी।

### खेत के बीच से सड़क बनवाने का लगाया आरोप

**महराजगंज (आजमगढ़)।** उत्तर प्रदेश सरकार वैधानिक रूप से सड़क, पानी, बिजली, उद्योग आदि विकास कार्यक्रमों में लगी हुई है जिसके लिए सरकार द्वारा स्थानीय अधिकारियों व स्थानीय निकायों को सर्वांगीण विकास का निर्देश दे रखा है परन्तु कुछ अधिकारियों और निकायों सहित दबंगों के ऊपर विकास के नाम पर वैधानिक प्रक्रिया का अनुपालन न करने का भी आरोप लगता रहा है। ऐसा ही कुछ कप्तानगंज थाना क्षेत्र के विष्टारा ग्राम सभा में ग्राम प्रधान, पीडब्लूडी के जेई और ग्राम सभा के कुछ दबंगों द्वारा कागजी चकमार्ग से हट कर किसानों की जमीन पर 4-5 साल पूर्व जबरदस्ती खड़ंजा लगवाने और अब उस पर जिला पंचायत से पीच लगवाने का आरोप किसानों द्वारा लगाया जा रहा है।

# विद्युत आपूर्ति बाधित होने से बूंद-बूंद पानी को तरसे ग्रामीण

## रात के अंधेरे में रहने को विवश हैं ग्रामीण

**हलिया।** स्थानीय मीरजापुर 33/11 विद्युत उपकेंद्र हलिया के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे से हलिया विद्युत उपकेंद्र से संचालित बाधित कर दिया गया है। हलिया, अदवा, डुमंडगंज, कोटाघाट, फीडर की आपूर्ति बाधित हो गई है जिससे फीडर से संबंधित गांवों में अंधेरा पसरा हुआ है।

विद्युतकर्मियों के हड़ताल के कारण आपूर्ति बहाल नहीं होने से गांवों में पानी का संकट मंडरा रहा है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उपकेंद्र पर आपूर्ति जारी रखने के लिए प्रशासन द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल कि डयूटी लगाई गई है लेकिन विद्युत आपूर्ति में फाल्ट होने के कारण आपूर्ति बाधित हो गई है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों के समरसेबल इंवर्टर मोबाइल सहित फोन भी बंन्द हो गये है। जबकि आपूर्ति नही रहने के कारण विद्युत संबंधित कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने विद्युत आपूर्ति बहाल कराए जाने के लिए जिला में बैठे जिलाधिकारी तथा उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है जिससे लोगों को पेयजल सहित अन्य समस्याओं से निजात मिल सके। विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पूरे क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहा।

### बहाल हुई विद्युत आपूर्ति

**राजगढ़।** स्थानीय पावर हाउस से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बहाल की गई है। जबकि संविदा कर्मियों की ओर से हड़ताल का पूरा समर्थन किया गया है इसके बावजूद पावर हाउस पर तैनात बिजली कर्मी मोर्चा संभाल रहे हैं और आपूर्ति बहाली में सहयोग कर रहे हैं जिससे आमजन को कोई समस्या नहीं है। इस संबंध में जेई पंचधारी सिंह ने बताया कि मैं जिला मुख्यालय पर हड़ताल के समर्थन में आया हूं। आपूर्ति के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

### शुक्रवार को छः बजे से लापता है बिजली

**चुनार।** विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल से चुनार नगर करीब शुक्रवार 6:00 बजे से अंधेरे में डूबा हुआ है। नगरवासी बेचैन और परेशान है। 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल के कारण नगर चुनार के लोगों द्वारा यह पूछे देखा जा रही हड़ताल कब खत्म होगी। लाइट कब तक आएगी। कोई अधिकारी बताने वाला नहीं है। इस दौरान पानी की किल्लत, इनवर्टर ध्वस्त हो गया। आपूर्ति ठप होने से पूरी तरह से लोगों का मोबाइल चार्ज नहीं हो पा रहा है। पानी के लिए लोग परेशान है। विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। लोग परेशान नजर आ रहे हैं। कुछ लोग आसपास के हैंडपंपों से प्रदूषित पानी पीने को मजबूर है। लाइट कब आएगी कोई ठीक नहीं खबर लिखे जाने तक विद्युत ठप थी।

# रेलवे वाहन स्टैंड बना अराजक तत्वों का अड्डा

## पुलिस ने स्टैंड के बाहर वसूली कर रहे युवक को किया गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूली के दौरान आरपीएफ ने एक युवक को गिरफ्तार किया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम अनुराग मिश्रा निवासी खपटिहा, थाना-खीरी, प्रयागराज जिला बताया। युवक के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल ने कानूनी कार्रवाई की।

चेकिंग के दौरान वह पार्किंग स्टैंड से बाहर सकुर्लेटिंग एरिया में वाहन चालकों से पार्किंग शुल्क वसूल कर रहा था। जिसके पास किसी भी तरह का शुल्क वसूलने संबंधी आधिकार पत्र तथा आईडी नहीं मिला। बताया गया कि रेलवे स्टैंड संचालक द्वारा अवैध व्यक्तियों को रखकर स्टैंड के बाहर भी वसूली की जाती है। रिक्शा चालकों तक से वसूली होती हैं। मनमानी वसूली और मुफ्त का खाना और पीने की व्यवस्था के चलते स्टैंड नशेड़ी बदमाशों का अड्डा बनता जा रहा है। जहां बाहर खड़े वाहनों को भी लाकर जबरन स्टैंड पर रहने वाले युवक उठा लाते हैं। गत दिनों स्टेशन परिसर से गायब हुई लालगंज में लावारिस मिली थी। जिसे मात्र दस मिनट में गायब किया गया था।

स्टेशन परिसर में अवैध वसूली से यात्री परेशान है। स्टेशन परिसर में भी जाने से रिक्शा और ई रिक्शा चालक कतराने लगे है। स्टेशन से बाहर निकलने पर लोगों को घर जाने के लिए पैदल चलना पड़ रहा है। अवैध वसूली को लेकर रेलवे स्टैंड संचालक सुर्खियों में होने के बावजूद संचालक पर कार्रवाई न किया जाना लोगों में चर्चा का विषय बना है। रेलवे अधिकारियों एवं रेलवे पुलिस के द्वारा आखिर सख्त कार्रवाई कब होगी।

# अध्यापक द्वारा छात्र को पीटे जाने के बाद किया विद्यालय का घेराव

## मामला पहुंचा थाने



स्कूल में हंगामा करते अभिभावक

**मीरजापुर।** कछवां थाना अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनैता में अध्यापक द्वारा बच्चों को पीटे जाने की सूचना पर शनिवार बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय का घेराव किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया और बच्चों के अभिभावकों और अध्यापकों को थाने भेजा। बताया जाता है कि शुक्रवार को 11 बजे मोमिन बाबू कक्षा 7 का छात्र व किशन कक्षा 7 के दोनों छात्र आपस में मारपीट कर रहे थे। किशन का बड़ा भाई प्रीतम जो कक्षा आठ का छात्र है। मोमिन बाबू से अपने भाई के पीटे जाने पर झगड़ा कर रहा था। जिस पर अध्यापक ने प्रीतम को भी एक दो छड़ी लगाई। प्रत्येक दिनों की तरह शुक्रवार को भी एक्टिविटी कराते हुए एक नाटक का रोल कराया जिसमें भीख मांगने का रोल मोमिन बाबू से कराया था। वही अध्यापकों का आरोप है कि बच्चों की जमकर पिटाई की गई। वह बच्चे से भीख मंगाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को कछवां थाने भेजा।

# भव्य होगा विंध्याचल नवरात्रि मेला, महिलाओं का पिंक घाट

## 26 को गंगा उत्सव, दिव्यांगों के लिए ई रिक्शा से यात्रा होगी आसान

**बैठक**

### विंध्य महोत्सव में कलाकारों का लगेगा जमघट

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** नवरात्रि मेला के दौरान विंध्याचल धाम आने वाले हैं भक्तों को इस बार कुछ नया देखने, सुनने और प्रयोग करने का अनुभव मिलेगा। भारतीय मानक समय आईएसटी का निर्धारण करने वाले स्थान पर सेल्फी पॉइंट बनाया जा रहा है। इसके साथ ही दिव्यांगों के लिए फ्री ई रिक्सा की सुविधा मिलेगी।

भक्तों को त्रिकोण कराने के लिए फ्री शटल बस सेवा उपलब्ध होगा। महिलाओं के लिए पिंक घाट बनाया जा रहा है। मात्र 10 रुपये में पूरी सब्जी की व्यवस्था किया गया है। विंध्य महोत्सव के तहत प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 26 मार्च को गंगा उत्सव के दौरान भव्य गंगा आरती, आतिशबाजी का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पत्रकारों को वार्ता करते हुए दिया। बताया कि विंध्य क्षेत्र आदि अनादि काल से भक्तों के लिए दर्शनीय स्थल रहा है। पर्यटन की दृष्टि से उसे भव्य बनाया जा रहा है। इंडियन स्टैंडर्ड टाइम का निर्धारण विंध्य क्षेत्र से ही किया जाता है। उस स्थान पर लगे बिंदु पर अब लोग सेल्फी ले सकेंगे। इसके लिए उसे सेल्फी प्वाइंट का रूप दिया जा रहा है।



पत्रकारों को संबोधित करतीं डीएम बगल में एडीएम वित्त

धाम में आने वाले भक्तों को दिक्कत ना हो इसके लिए समुचित व्यवस्था के साथ ही दिव्यांग तीर्थ यात्रियों के लिए चार ई रिक्शा लगाया जाएगा। डीएम ने कहा कि विंध्याचल धाम में भक्तों को त्रिकोण कराने के लिए पहली बार निःशुल्क शटल सेवा बस लगाया गया है। जो प्रतिदिन 5 बार भक्तों को त्रिकोण दर्शन कराएगी। गंगा घाटों पर स्नान करने वाले भक्तों की सुरक्षा और सुविधा के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। पहली बार महिलाओं के लिए विशेष रुप से पिंक घाट का निर्माण कराया जाएगा। जो पर्दा से घिरा रहेगा। इसके अलावा रोडवेज परिसर में विंध्य महोत्सव के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 9 दिन होगा। 9 दिन तक चलने वाली भजन संध्या कार्यक्रम में प्रतिदिन देवी के नौ रूपों की झांकी के माध्यम से कथा का प्रदर्शन होगा। नवरात्रि मेला के दौरान 26 मार्च को गंगा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भव्य गंगा आरती नौका दर्शन एवं आतिशबाजी किया जाएगा। इस मौके पर एडीएम वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला, नगर मजिस्ट्रेट विनय सिंह उपस्थित थे।

### 18 घंटे बाद बहाल हुई बिजली व्यवस्था

**जमालपुर।** अपनी मांगों के समर्थन में बिजली कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के बाद घरवाह उपकेंद्र के चार फीडर है जिसमें शनिवार को ओडी फिडर और जमालपुर फीडर की बिजली शुक्रवार की शाम पांच बजे गुल हो गई जो लगभग 18 घंटे बाद बहाल हुई। वही चरगोड़ा फिडर सहित बहुआर फिडर की विद्युत आपूर्ति शुक्रवार से अब तक बाधित रही। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सरकारी संस्थानों का निजीकरण असंवैधानिक : रामराज आदिवासी

**रोष**

### प्रदर्शन कर एसडीएम को दिया पत्रक

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** तहसील परिसर में सम्यक संवैधानिक क्रांति मोर्चा बैकवर्ड ओबीसी एससी एसटी एंड माइनरिटी जन आंदोलन के तहत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रामराज आदिवासी राष्ट्रीय संयोजक मोस्टपा के अध्यक्षता में करते हुए राष्ट्रपति द्वारा उप जिलाधिकारी को 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र लेते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि ज्ञापन जिलाधिकारी को भिजवाने का आश्वासन दिया कहा कि तहसील स्तर कि जो भी समस्या होगी उसका निदान किया जाएगा।

राष्ट्रीय संयोजक मोस्टपा रामराज आदिवासी ने ज्ञापन उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज को देते हुए उल्लेख किया कि सरकारी संस्थानों का हो रहा निजीकरण असंवैधानिक है निजीकरण प्रक्रिया बंद किया जाए। राष्ट्रीय किसान आयोग का गठन कर किसानों की मासिक आय कम से कम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के बराबर निर्धारित किया जाए। ओबीसी की जातिवार गणना कराई जाए कम से कम 5 बीघा जमीन भूमिहीनों को देना सुनिश्चित किया जाए। न्यायपालिका के जजों की नियुक्ति में ओबीसी एससी एसटी माइनारिटी को पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया जाए। भारत में एक राज्य शिक्षा नीति के तहत समान एवं मुक्त शिक्षा नीति लागू किया जाए। कोल मुशहर आदिवासी गौड़ यात्रियों को जनजाति का दर्जा देकर जनजाति सुविधाएं देना सुनिश्चित करें। महिलाओं को सशक्तिकरण में पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी सुनिश्चित किया जाए। देश में सांसदों विधायकों की पेंशन सुविधा तत्काल बंद की जाए। कहा कि एक माह के अंतराल में यदि मेरे समस्याओं का निदान नहीं किया जाता है तो हम लोग राष्ट्रीय राजमार्ग व रेल मार्ग अवरूद्ध किया जायेगा।



प्रदर्शन करते मोर्चा के पदाधिकारी

### पागल कुत्ता काटने से बालिका की मौत

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्षीय बालिका की कुत्ता काटने से शनिवार को मौत हो गई। परिजनों ने बालिका का अंतिम दाह संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के सोनगढ़ गांव निवासी गौरीशंकर की 5 वर्षीय बेटी शिवानी 20 दिन पूर्व घर के आंगन में खेल रही थी। उसी समय एक पागल कुत्ता आया और बालिका के पैर में काट काट लिया। बालिका ने परिजनों को बताया लेकिन परिजन उस पर ध्यान नहीं दिए। शुक्रवार को बालिका के मुख से झाग आने लगा तथा पागलपन अवस्था में परिजनों ने देखकर उपचार हेतु स्थानीय स्तर से लेकर जिला हॉस्पिटल तक गए लेकिन चिकित्सक ने अन्यत्र रेफर कर दिया। परिजनों ने घर पर ले आए रात्रि में बालिका की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही माता सविता का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। एक भाई तथा तीन बहन में दूसरे नंबर पर थी। जबकि पागल कुत्ता गांव के लगभग आधा दर्जन लोगों को काटा था और सभी लोग दवा उपचार करा लिए थे लेकिन परिजनों के लापरवाही के कारण बालिका की शनिवार को बोर में मौत हो गई।

# सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचकर करें अपना नाम रोशन : विवेक

**मीरजापुर।** नटवां स्थित सेमफोर्ड विद्यालय परिसर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक विवेक बरनवाल एवं प्रधानाचार्य श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। प्रधानाचार्य श्वेता मेहरोत्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और बच्चों को आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी छात्र - छात्राओं को निश्चित सफलता पाने के लिए जीवन में अनुशासित रहने की सलाह दी। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की गयी। उसके बाद क्रमवार कक्षा 1 से 8 तक विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों को निम्न श्रेणियों में विद्यालय के निर्देशक द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। - बेस्ट इन अटेंडेंस, बेस्ट हैंडराइटिंग, बेस्ट इन एटिकेट, बेस्ट इन डांस, बेस्ट इन स्पोर्ट्स, बेस्ट इन म्यूजिक, मोस्ट क्रिएटिव स्टूडेंट, मोस्ट रिस्पॉन्सिबल स्टूडेंट इत्यादि में प्रमाण पत्र वितरित किया गया। निदेशक ने पुरस्कार पाने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दी तथा बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए जीवन में सदैव सफलता के उच्च शिखर पर अपना नाम अंकित करते हुए, विद्यालय का और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने की अपील की। तत्पश्चात कार्यक्रम के समापन पर उप प्रधानाचार्य रेखा श्रीवास्तव ने विद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम में आए हुए सभी अभिभावकों को उनके अमूल्य समय एवं योगदान देने के लिए अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर मुदिता खरे, मंजरी खरे एवं समस्त शिक्षकगण सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित थे।



स्कूल के छात्रों को पुरस्कृत करते डायरेक्टर

# जलशक्ति मंत्री के घर लगा प्रदेश के मंत्रियों का तांता

जनसंदेश न्यूज

**जमालपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री किसन रेड्डी, सासंद बृजभूषण शरण सिंह, सांसद सुरेंद्र सिंह, नगर पूर्व मंत्री सतीश द्विवेदी, बिहार के संगठन मंत्री नागेंद्र पाठक, विधायक किशन तिवारी ने शनिवार को ओड़ी गांव पहुंच कर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की दिवंगत मां रामा देवी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। सांसद बृजभूषण शरण अपने निजी हेलीकॉप्टर से 11 बजकर 30 पर देवकली इण्टर कालेज स्थित परिसर के हैलीपेड पर उतर कर बाई कार एक काफिले के साथ ओड़ी गांव प्रस्थान किया। जहां पहुंचते ही जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह एवं उनके बड़े भाई श्रीपति सिंह से मिलकर श्रद्धांजलि स्थल पर बैठकर शोक जताया। जहां करीब पन्द्रह मिनट रहने के बाद हेलीकॉप्टर छोडकर कार द्वारा मीरजापुर के लिए निकल गए। इस दौरान दिलीप सिंह पटेल, सूर्य मुनी तिवारी, किशोर सिंह, नरसिंह चौहान, अंकित सिंह पटेल, सुशील सिंह बाचा, गौरव सिंह पटेल, नवीन पांडेय, छोटेलाल तिवारी, मन्ना सिंह, जोशी पटेल, किशोर सिंह, संजय सिंह, बाबूलाल चौहान राजेंद्र सिंह, अमित सिंह, अमित पांडेय, रामजनम कुशवाहा, मनीष मौर्या सहित तमाम लोगों ने श्रृद्धा सुमन चढाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।



जलशक्ति मंत्री के घर पहुंचे मंत्री, सांसद व विधायक

# निस्तारण हेतु सार्थक कदम उठाएं अधिकारी : आयुक्त



सदर तहसील में समस्याओं का निस्तारण करते आयुक्त



चुनार में समस्या सुनतीं सीडीओ

**आयोजन**

### 153 में तीन का मौके पर किया गया निस्तारण

**मीरजापुर।** सदर तहसील में समाधान दिवस के अवसर पर कमिश्नर डा0 मुथु कुमार स्वामी ने दूरदराज से आए फरियादियों की फरियाद को सुना, जहां उनके निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। तहसील समाधान दिवस के अवसर पर पहुंचे डॉक्टर मुथु कुमार स्वामी के पास ज्यादातर जमीन से जुड़े मामलों की फरियाद पहुंची, इस दौरान कमिश्नर ने मामले के निस्तारण को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

तहसील समाधान दिवस के अवसर पर 153 प्रार्थना पत्र पड़े जहां 3 का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। शेष के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम गठित की गई है। कमिश्नर डा0 मुथु कुमार स्वामी ने कहा कि शिकायत पत्रों के निस्तारण में गुणवत्ता का ख्याल रखा जाए। कार्यालय में बैठकर शिकायतों का निस्तारण न किया जाए। ऐसे में गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण नहीं करने पर संबंधित के विरुद्ध आरोप तय करते हुए कार्यवाई की जाएगी।

तहसील पर आने वाले सभी फरियादियों की फरियाद को अधिकारी ध्यान पूर्वक सुने, जहां तत्काल उनके निस्तारण हेतु सार्थक कदम उठाए। इस मौके पर एसडीएम सदर चंद्रभानु सिंह, सीओ सदर शैलेन्द्र त्रिपाठी, तहसीलदार सदर अरुण कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### सीडीओ ने चुनार तहसील में सुनी जनता की समस्यायें

**चुनार।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी बीएस ने फरियादियों के प्रार्थना पत्र को पढ़कर समस्या जानी और मौके पर पांच का निस्तारण किया। कुल प्राप्त 75 हुआ जिसमें से मौके पर 5 का निस्तारण कर दिया गया। शेष संबंधित को पार्दर्शिता पूर्ण जांच कर निस्तारण करने के लिए दिया गया। समाधान दिवस के दौरान ऐबकपुर मोहाना निवासी सुनील कुमार सिंह ने मुहल्ले के ही निवासी छेदी पर आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्षी द्वारा आने जाने वाले रास्ते को खन खोद कर के अवरुद्ध कर दिया गया है। सुषमा देवी पत्नी बीरबल निवासी ग्राम कुसमी ने आरोप लगाया कि पूर्णमासी देवी पत्नी स्वर्गीय बचाऊ लाल निवासी ग्राम समुदवा गलत ढंग से जमीन बेचने का आरोप लगाया। पुनवासी देवी काफी भेद अनपढ़ गवार महिला है प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। दौरान एसडीएम (न्यायिक) विजय नारायण, मुख्य चिकित्साधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, डीपीआरओ अरविन्द कुमार, खण्ड विकास अधिकारी नरायनपुर शिव नारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी राजपति बैस, आदि सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### समस्या का समाधान कर एक सप्ताह में सौंपे रिपोर्ट : एडीएम एनजी



**लालगंज।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में शनिवार को एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 59 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 5 का मौके पर निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। दिवस में ज्यादातर मामले भूमि पैमाइश, चकरोड, एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की समस्या छाया रहा। फरियादियों की समस्या का निस्तारण करते हुए एडीएम नमामि गंगे अमरेंद्र वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्या मौके पर जाकर गुणवत्ता पूर्वक समाधान करते हुए मौके पर दो प्रत्यक्ष गवाहों का हस्ताक्षर बनवाते हुए रिपोर्ट समय के अंदर प्रस्तुत करें। फरियादियों की समस्या निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। इस अवसर पर तहसीलदार शशांक शेखर राय, नायब तहसीलदार द्वय राम नारायण वर्मा, मधु जैन व थाना प्रभारी लालगंज झानु प्रिया, राजस्व निरीक्षक सूर्य वलि विंद नंदलाल समेत संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नाबालिग ने पिता पर लगाया छेड़खानी आरोप

**राजगढ़।** थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर गांव निवासी एक व्यक्ति की शादी लगभग दस वर्ष पूर्व में सरसों सेमरी गांव में हुआ था। जिससे दो लड़की तथा एक लड़के सहित कुल तीन बच्चों को जन्म देने के बाद पत्नी का देहांत हो गया। जिससे बच्चों का पालन पोषण उनके पिता तथा ननिहाल वाले मिलकर करते थे। पीड़िता के नाना ने बताया कि दो दिन पूर्व नाबालिग लड़की को उसका पिता नाना के घर से अपने घर इंदिरा नगर लेकर आया था। शनिवार की दोपहर में नाबालिग लड़की घर में अकेली थी जिससे उसका पिता लड़की के साथ छेड़खानी करने लगा। लड़की के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने फोन द्वारा लड़की के नाना को मौके पर बुलाया। नाबालिक लड़की के नाना द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पिता तथा नाबालिक लड़की को पुलिस थाने ले गई जहां पीड़ित लड़की के नाना की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुटी हुई है। इस संबंध में राजगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राणा प्रताप यादव ने बताया कि एक नाबालिक लड़की ने अपने पिता पर दुराचार करने के प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपी पिता को पकड़कर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही में जुटी हुई है।

### आकाशीय बिजली से तीन लोग झुलसे

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव में शनिवार को दोपहर गरज चमक के साथ बरसात होने से कच्चे मकान के बगल आकाशिय बिजली गिरने से तीन अलग-अलग घरों में तीन लोग झुलस गए। परिजनों ने आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उपचार चल रहा है हालत सामान्य बताई जा रही है। हथेड़ा गांव निवासिनी राधा 16 वर्ष पुत्री राजकुमार तथा पड़ोस की पूजा 18 वर्ष पुत्री शिवनाथ एवं तेजबली 55 घर में बैठे थे कि हो रही बरसात के साथ गरज चमक के साथ बिजली गिरने से तीनों लोग झुलस गए। जिनका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया। जहां चिकित्सक डा अभिषेक जायसवाल ने बताया कि सभी की हालत सामान्य है।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अकोढी के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना की जानकारी पर मौके पर स्थानीय ग्रामीण भी पहुंचे और महिला की पहचान किया। मौत हो जाने की सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारीगण व थाना विन्ध्याचल पुलिस बल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया। मृतका की पहचान हीरावती देवी पत्नी स्व0वंशनारायण यादव निवासिनी ग्राम बबुरा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर उम्र करीब-58 वर्ष के रूप में हुई। थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा पंचायतनामा भरकर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### 25 हजार का ईनामिया आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, वांछित, पुरस्कार घोषित आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन अनिल कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना मड़िहान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ज्ञातव्य हो कि 30 अगस्त 2021 को कंटेनर में लदे 5.25 कुंतल गांजा के साथ 02 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया था तथा आरोपी सत्येन्द्र सिंह तभी से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें प्रयासरत थी। शुक्रवार को स्वाट, एसओजी व थाना मड़िहान की सयुक्त पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान पर पंजीकृत धारा 8/20, 60(2) एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित 25 हजार के ईनामियां आरोपी सत्येन्द्र सिंह पुत्र बाबूलाल निवासी बलुवन थाना विसम्भरपुर गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### कुएं में गिरी गाय पुलिस व फायर ब्रिगेड ने निकाला

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के घासीपुर बसाडी गांव में बीते शुक्रवार देर शाम डॉक्टर छोटेलाल की पालतू गाय जो उनके घर के समीप बंधी हुई थी किसी तरह रस्सा छुड़ाकर घर से कुछ दूर स्थित कुएं में जा गिरी, ग्रामीणों ने अपने स्तर से गाय को निकालने की कोशिश की असफल होने पर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर मौके पर बुलाया। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद गाय को सकुशल बाहर निकाला गया। गाय स्वामी समेत ग्रामीणों ने तब जाकर राहत की सांस ली। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह, इमिलिया चट्टी चौकी प्रभारी दिलीप कुमार गुप्ता समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलटी

**अहरौरा।** वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित बैजू बाबा आश्रम के समीप तेज रफ्तार वाहन कार पलट गई। उसमें सवार व्यक्ति घायल हो गए। घटनास्थल सुकृत अंतर्गत सोनभद्र क्षेत्र का बताया जाता है इसलिए वहां के स्थानीय पुलिस उन्हें इलाज के लिए सोनभद्र भेज दी एवं थाना कोतवाली रावटसगंज अंतर्गत ग्रुप सुकृत पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों ने रास्ते से वाहन को हटाकर आवागमन सुचारू कराया।

### पुराने महुआ के पेड़ में लगी आग बगल के किसानों में दहशत

**हलिया।** स्थानीय विकास खंड के सिकटा गांव में लक्ष्मी कांत तिवारी के घर के पास पुराने महुआ के पेड़ में शनिवार को आग लग गई। संजोग ठीक था कि आग लगने के कुछ क्षणों बाद बरसात होने लगी जिससे पेड से निकल रही चिंगारी खेतों में बुझ जा रही थी नहीं तो सैकड़ों बीघे गेहूं की तैयार फसल जलकर नष्ट हो जाती। जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान पति पवन कुमार तिवारी ने इसकी सूचना इलाकाई थाने के अलावा फायर ब्रिगेड को देते हुए मौके पर लोगों के साथ बाल्टी, घड़ा से बुझाने का प्रयास किया परन्तु खोखला पेड होने कारण आग ऊपर की टहनियों में पहुँच गयी। इससे आग बुझाने में लोग असफल रहे। मौके पर पहुंची छोटी फायर ब्रिगेड रास्ता न होने के कारण पेड तक नहीं पहुँच सकी। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों का कहना है कि महुआ बीनने वालों ने झड़े हुए पत्ते को अगल-बगल किया है ऐसा प्रतीत होता है कि उन लोगों ने ही पत्ते में आग लगाई होगी जिससे पेड में आग लग गई है।

### आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर हुई मारपीट

**जिगना।** थाना विन्ध्याचल के गैपुरा चौकी अंतर्गत खम्हरिया दमुआन गांव में आबादी की जमीन को लेकर दो पक्षो में मारपीट आधा दर्जन घायल हो गये। घटना शुक्रवार शाम सात बजे की है। आबादी की जमीन कब्जे को लेकर थाना क्षेत्र के खम्हरिया दमुआन गांव में राजेंद्र बिंद और रामरूप में जमीन कब्जे को लेकर लाठी डंडा, ईट पत्थर और धारदार हथियार से आपस में मारपीट होने से एक पक्ष से शिव शंकर बिंद 38, राजेन्द्र प्रसाद 45, फुलवासी 75, रंजीत 12, और दूसरे पक्ष से दीना 22, रामरूप 25 घायल हो गये। घटना किया सूचना पर चौकी प्रभारी गैपुरा रविकांत मिश्र ने घायलों को पीएचसी विजयपुर में इलाज कराया। चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्ष से तहरीर मिली है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### शराब बिक्री पर रोक लगाने को महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**जमालपुर।** क्षेत्र के ग्राम चन्दौली में अवैध रूप से बिक रहे नकली शराब के विरोध में महिलाओं ने शनिवार को जमालपुर थानाध्यक्ष को चार लोगों के खिलाफ नामजद शिकायती पत्रक देकर गांव में शराब की बिक्री बंद कराने की मांग किया है। बता दें कि पत्रक में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चंदौली गांव में अवैध रूप से शराब का बिक्री जोरों पर हों रहा है। उनका कहना था कि लम्बे समय से अवैध शराब की बिक्री लम्बे समय से की जा रही है जिससे हम सब महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। छोटे छोटे बच्चे नशा के आदी हो रहे हैं वहीं पतियों द्वारा दिन और रात को भी शराब पीकर हम लोगों के साथ मार पीट करते हैं। गांव में शराब की? अवैध बिक्री रोक लगाई जाए। बन्द नहीं होने पर महिलाएं धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान श्याम देवी, सोनी, मंजू देवी, अंजलि, पिंका, मन्नी, धर्म शीला, मत्ती सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद रही। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया जांच कर कार्रवाई की जायेगी और किसी को बक्सा नहीं जाएगा।

# हड़ताल के कारण ओबरा की चार अनपरा में तीन इकाई बंद

**मचा हाहाकार**

### कई जगहों की बत्ती गुल एनटीपीसी कर्मियों के जरिए बंद पड़ी इकाइयों को चालू करने का चल रहा प्रयास

**जनसंदेश न्यूज**



ओबरा तापीय परियोजना (फाइल फोटो)

**ओबरा।** विद्युत कर्मियों की हड़ताल का असर दिख रहा है। राज्य विद्युत उत्पादन निगम की सबसे पुरानी ओबरा तापीय परियोजना का उत्पादन शून्य हो गया है।

हालांकि सूत्रों की मानें तो ओबरा तापी परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं दीपक कुमार के नेतृत्व में एनटीपीसी के कर्मचारियों द्वारा 13 वीं इकाई को देर रात्रि लगभग 10 बजे के करीब चालू किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

तत्पश्चात 12वीं इकाई को भी चालू किया जाएगा। इसे लेकर सीजीएम इं श्री कुमार के नेतृत्व में पूरी क्षमता से बाहरी कर्मचारी लगे हुए हैं। ताकि जल्द ही दोनों इकाइयों से उत्पादन कर बिजली संकट को दूर किया जा सके।

इसके अलावा अनपरा ब तापघर की 500 मेगावाट वाली पांचवीं इकाई भी शनिवार सुबह बंद हो गयी। इन इकाइयों से उत्पादन बंद होने से विद्युत संकट और ज्यादा गहरा गया है।

कर्मचारियों की कमी के कारण ओबरा की 200 मेगावाट क्षमता वाली चालू शेष दो इकाइयों को भी शनिवार सुबह बंद करना पड़ा। उससे पहले शुक्रवार रात से ही इकाइयों को कोयला फीडिंग में दिक्कतें आनी शुरू हो गयी थी। इसके चलते सुबह 12 वीं और 13 वीं इकाई को बंद करना पड़ा। इससे पहले शुक्रवार सुबह ओबरा की 200-200 मेगा वाट क्षमता की 9 एवं 11 इकाई बंद हो गयी थी। हड़ताल के कारण अभी तीन दर्जन से ज्यादा जिलों में विद्युत संकट की स्थिति है। सैकड़ों विद्युत केंद्रों के ब्रेक डाउन होने से समस्या बढ़ी है। 33 केवी वाले उपकेंद्र जहां संविदा कर्मियों की कमी है, वहां हड़ताल का तगड़ा असर पड़ा है।

### शिक्षक गुटों ने मूल्यांकन बहिष्कार कर किया प्रदर्शन

**सोनभद्र।** नगर स्थित हाई स्कूल इंटरमीडिएट के कापी मूल्यांकन को लेकर चल रही तैयारी के दौरान शनिवार को नगर के जीजीआईसी इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर गेट पर बैनर पोस्टर लगाकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन गुट व उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यापकों द्वारा मूल्यांकन बहिष्कार को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया। श्याम बाबू व गुलाब राय ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार शुरू कर दिया गया। मांग किया कि प्रदेश माध्यमिक शिक्षक परिषद के समस्त कार्यों तथा परीक्षा मूल्यांकन एवं मूल्यांकन केंद्र सहित कार्य में जुड़े हुए सभी कर्मचारियों के कार्यों की दरों को सीबीएससी के बराबर किया जाए एवं 2018 के अब तक सभी अवशेष शीघ्र भुगतान किया जाए। मांगो को पूर्ण नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर अमरनाथ, सत्यनारायण, अजय कुमार पाठक, भारत कुमार पांडेय, वीरेंद्र यादव, पंकज कुमार, केपी मौर्य, सुरेंद्र कुमार, सूर्य बली, सुरेंद्र कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन को हड़ताल के लिए ठहराया उत्तरदायी

**चरमराई व्यवस्था**

### हड़ताल के दूसरे दिन बिजली संचार व्यवस्था पर व्यापक असर

### उत्पादन निगम की 3 हजार मेगावाट क्षमता की लगभग 13 इकाईयां ठप



**ओबरा।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर 16 मार्च की रात से शुरू हुई हड़ताल का प्रदेश की बिजली व्यवस्था पर व्यापक असर पड़ा। उत्पादन गृहों की लगभग 13 इकाईयां ठप हो गयी हैं। ओबरा तापीय परियोजना से उत्पादन शून्य हो चुका है एवं अन्य परियोजनाओं से उत्पादन शून्य की तरफ अग्रसर, पारेषण की कई लाईनें बंद हैं और व्यापक पैमाने पर 33/11 केवी उपकेन्द्रों की आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गयी है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन को हड़ताल के लिए उत्तरदायी ठहराते हुए कहा है कि बिजलीकर्मी ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते के सम्मान के लिए लड़ रहे हैं।संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री के द्वारा लगाये गये तोड़-फोड़ के आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करते हुए कहा है कि बिजलीकर्मी विद्युत संयंत्रों को अपनी माँ मानते हैं और शांतिपूर्ण ढंग से हड़ताल कर रहे हैं।बताया कि हड़ताल शुरू होने के बाद उत्पादन गृहों, एसएलडीसी और पारेषण विद्युत उपकेन्द्रों की रात्रि पाली में कार्य करने हेतु एक भी बिजलीकर्मी ड्यूटी पर नहीं गया।हड़ताल शत-प्रतिशत है। हड़ताल के दूसरे दिन तक कुल 3000 मेगा वाट का उत्पादन प्रभावित हुआ है।

वही बिजली घरों में काम करने के लिए एक भी बिजलीकर्मी ड्यूटी पर नहीं गया है और हड़ताल शत-प्रतिशत है। ओबरा में हड़ताल को लेकर क्लब एक में संयोजक अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभा की गई। संचालन नित्यानंद द्वारा किया गया। सभा में इं अभय प्रताप सिंह, इं एके राय, इं समीर भटनागर, इं एम ए खान, इं विवेक गुप्ता, लालचंद, अजय प्रसाद, विकास चौधरी, इं आरजी सिंह, अजय सिंह, हरदेव नारायण तिवारी, उमेश चंद्रा, सतीश कुमार, दिनेश यादव, सी पी माली, आनंद, श्रीकांत गुप्ता, विजय चंद्रा, कैलाश नाथ, सुरेंदर, पशुपतिनाथ विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### वनिता समाज ने महिलाओं में बांटा पौष्टिक आहार



सामग्री लिये महिलाओं के साथ समिति की सदस्याएं

**शक्तिनगर।** वनिता समाज एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा महिला सशक्तीकरण हेतु अभिनव पहल की गयी। महिला सशक्तीकरण एवं पोषण अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के सुअवसर पर वनिता समाज की सदस्याओं द्वारा आसपास की 27 महिलाओं हेतु प्रौढ़ शिक्षा के अंतर्गत स्त्री रोग जागरूकता कार्यक्रम एवं पौष्टिक अल्पाहार गुड़ चना का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा एवं अन्य वरिष्ठ सदस्याओं द्वारा किया गया। पीयूषा अकोटकर ने वनिता समाज के सदस्याओं को महिलाओं को शिक्षित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने की इस अनुकरणीय पहल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के बीच विभिन्न स्त्रीरोग संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूक प्रदान करना था। डा. दिव्या कसाल स्त्री रोग विशेषज्ञ संजीवनी अस्पताल द्वारा महिलाओं को स्त्रीरोग संबंधी समस्याओं एवं निवारण के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर डा भानुमती गुजरानिया, नील कमल, मीनाक्षी मिश्रा समेत तमाम सदस्या उपस्थित रहीं।

### केवट चरित्र का वर्णन सुन श्रोता भावविभोर



**सोनभद्र।** सदर ब्लाक के बरैला महादेव मंदिर पर आयोजित रूद्र महायज्ञ एवं राम कथा के भव्य आयोजन में यज्ञ आचार्य सौरभ भारद्वाज ने बताया कि रुद्राभिषेक के मुख्य यजमान इं अखिलेश चतुवेर्दी, श्रवण कुमार पांडे, सौरभ अग्रवाल, अमित शुक्ला द्वारा भव्य पूजन श्रृंगार एवं रुद्राभिषेक किया गया। एकादश वैदिक विद्वानों के साथ वेद मंत्रों के ध्वनि से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। राम कथा के आयोजन में आजमगढ़ से आये राष्ट्रीय प्रवक्ता गोविंद शास्त्री द्वारा केवट चरित्र का भव्य वर्णन किया गया। जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गये। इस मौके पर सुशील पाठक, अजय शुक्ला, मारकंडे देव पांडे समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में दो जख्मी

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के बाड़ी हिटाची एटीएम बैंक के पास शुक्रवार की देर सायं मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर की टक्कर में में दो बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को स्थानीय व डाला पुलिस की मदद से वराणसी स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार रेणुकूट की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहे बाइक सवार 49 वर्षीय मिथिलेश विश्वकर्मा पुत्र अचंभी विश्वकर्मा निवासी लंका वाराणसी व 48 वर्षीय श्याम बिहारी तिवारी पुत्र राजाराम निवासी डोहरी, अदलहाट को विपरित दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया, जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल लोगों को वाराणसी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता घटना की जानकारी लेकर कार्यवाही में जुट गए।

### वारंटी गिरफ्तार

**डाला।** वारंटियों की गिरफ्तारी व अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक वारंटी को शुक्रवार की देर रात्रि झूलन ट्राली से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता ने बताया कि अर्जुन सिंह पुत्र रामलाल गोड़ निवासी गोरबी, मोरवा, मध्यप्रदेश एक मामले में वांछित है, वह न्यायालय में नही उपस्थित हो रहा था, जिसको लेकर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी था।

### 20 मार्च तक होने वाली भारी वर्षा को लेकर आमजन बरतें सावधानी: डीएम

**सोनभद्र।** जनपद में 18 से 20 मार्च तक भारी वर्षा की सम्भावना के दृष्टिगत जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जनपद स्तर पर बचाव हेतु एडवाइजरी जारी किया है। डीएम ने बताया कि भारी वर्षा की सम्भावना व्यक्त की गयी है इसके दृष्टिगत सभी लोग पूरी सावधानी बरतें। पुराने जर्जर भवनों से निकलकर सुरक्षित स्थानों पर चले जायें, केवल आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। भीड़-भाड़ वाले एवं ट्रैफिक जाम वाले क्षेत्रों में जाने से बचें, खुले सीवर व बिजली के तारों से बचकर रहें। डीएम ने कहा कि जनपद में निर्माण कार्य वाले स्थल से उचित दूरी बनाकर रखें, किसी भी जलभराव, वृक्षापतन इत्यादि के लिये नगर पालिका/नगर पंचायत से सम्पर्क करें। विद्युत ब्रेकडाउन आदि हेतु हेल्पलाइन नम्बर पर सम्पर्क करें। समस्त राजकीय चिकित्सालय, पीएचसी एवं सीएचसी सभी अस्पताल हाई अलर्ट पर रहें। आकाशीय विद्युत से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव एवं पूर्व चेतावनी हेतु दामिनी एप का प्रयोग करें। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखते हुये उनके लिये समुचित मात्रा में चारे आदि की व्यवस्था करें। मौसम

# बेशकीमती पेड़ कटान के आरोप में चार गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**रेणुकूट।** स्थानीय वन प्रभाग के अंतर्गत मुर्धवा के पास जंगल में बेशकीमती सागौन के चार पेड़ों की कटान के आरोप में वन विभाग की टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। मुख्य सरगना फरार बताया जा रहा है। वन विभाग मुख्य आरोपी की भी धर पकड़ में लगा हुआ है। रेणुकूट वन प्रभाग के मुर्धवा जंगल में बीते दो दिनों पहले सागौन के चार पेड़ कट गए थे। बेशकीमती पेड़ों की कटान को लेकर वन महकमे में हड़कंप मच गया था। वन विभाग द्वारा पेड़ कटान को लेकर आरोपियों की धर पकड़ के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में विभाग ने सुरागकशी करते हुए म्योरपुर थाना क्षेत्र से सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

वन विभाग की टीम ने आरंगपानी और देवरी गांव से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में देवरूप पुत्र प्रीतम सिंह आरंगपानी, रामदयाल पुत्र जगेशर, मोहरलाल पुत्र रामरतन, प्रह्लाद पुत्र विनेशर समस्त निवासी देवरी शामिल हैं। पकड़े गए लोगों ने बताया कि मुख्य सरगना शिवकुमार पुत्र बरियारी जो काशीकुड़ आरंगपानी का रहने वाला है द्वारा अपनी पिकअप से सभी को लेकर आता था और लकड़ी काटकर पिकअप पर लादकर कर ले जाता था। वन दरोगा छोटेलाल ने बताया कि मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए चारों आरोपियों को वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत चालान कर दिया गया। टीम में प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र मिश्रा, वन दरोगा छोटेलाल, संजीव कुमार, श्यामलाल, शैलेन्द्र कुमार, बिहारी पांडेय व मदनलाल शामिल रहे।

### अवैध बालू परिवहन कर रहा टीपर सीज

**दुद्धी।** नवागत सीओ ने शुक्रवार की रात्रि क्षेत्र गश्त के दौरान एक टीपर को सीज कर दिया। बताया गया कि सीओ अमवार काली मंदिर तिराहे के पास बालू का परिवहन कर रहे टीपर को रोका व उस पर लोड बालू का प्रपत्र जांच हेतु मांगा, जिस पर चालक आदित्य कुमार द्वारा कोई प्रपत्र नही दिखाया जा सका। जिस पर सीओ ने वाहन को कब्जे में लेते हुए अष्टकोणीय कोतवाली में खड़ा करवा दिया और कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। वाहन को सीज करते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु खनन विभाग को सूचना दे दी गयी। सीओ की कार्रवाई से अवैध खननकर्ताओं में हड़कंप मच गया।

### 24 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप, परेशानी

**दुद्धी।** प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल से तहसील मुख्यालय पर भी 24 घंटे से ऊपर लगातार विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। जिसके चलते आम जनजीवन बेहाल हो गया है। बिजली आपूर्ति ठप होने से आसपास के क्षेत्रों में भी अंधेरा पसर गया है। लोगों को पेयजल आपूर्ति जैसे समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वहीं बिजली समस्या के समाधान को लेकर प्रशासनिक अधिकारी चुप्पी साधे पड़े हुए हैं। लगातार विद्युत आपूर्ति ठप होने से इनवर्टर और मोबाइल पूरी तरह से ठप होने के कगार पर पहुंच गए हैं। अगर शीघ्र विद्युत आपूर्ति नहीं हुई तो लोगों को और भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वही पावर कारपोरेशन के अधिकारियों के द्वारा फोन रिसीव भी नहीं किया जा रहा है कि बिजली कब आएगी इसके बारे में कोई ठोस जानकारी मिल सके। लोगों ने शासन से बिजली समस्याओं के निदान की मांग किया है।

# दुद्धी, बघाडू व झारो लैम्पस का चुनाव हुआ सम्पन्न

**दुद्धी।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दुद्धी, बघाडू व झारो लैम्पस में शनिवार को संचालकों चुनाव सम्पन्न हुआ। झारो लैम्पस पर 9 पदों के सापेक्ष 7 निर्विरोध संचालक चुने गए, वहीं दो पदों पर मतदान हुआ। चुनाव अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि मनबसा सेक्टर पर नन्दकिशोर ने 10 मत पाकर अपने निकटम प्रतिद्वंदी विंध्याचल को चार मतों से हराया। डूमरडीहा सेक्टर से संजय तिवारी ने 21 मत पाकर अपने निकटम प्रतिद्वंदी विश्वनाथ को 17 मतों से परास्त किया। कादल सेक्टर पर शिव प्रसाद सिंह, कटौन्धी सेक्टर पर लक्ष्मण प्रसाद, कटौली सेक्टर पर देवता सिंह, गुलालझरिया सेक्टर पर सभापति, झारोकला सेक्टर पर मीना देवी, झारोखुर्द पर पूजा देवी, मझौली सेक्टर पर सूर्यबली निर्विरोध निर्वाचित हुए। दुद्धी लैम्पस के कुल 9 संचालक पदों में से 5 निर्विरोध निर्वाचित हुए, वहीं 4 पदों पर चुनाव हुआ। चुनाव अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि धनौरा सेक्टर के दो संचालक पदों पर आशीष कुमार 119 मत पाकर व संदीप कुमार ने 104 मत पाकर विजयी घोषित हुए। टेढ़ा सेक्टर में दो प्रतिद्वंदी सलीम व सलिमुल्लाह ने 12-12 मत बराबर पाया, जिसमें टॉस जीतकर सलीम विजयी हुए। सेक्टर मल्देवा से शैलेश कुमार 24 मत पाकर निकटम प्रतिद्वंदी जमुना प्रसाद को 2 मतों से हराया।

उन्होंने बताया कि खजुरी सेक्टर से सूर्यमणि गुप्ता, जाबर से अर्जुन, दिघुल से सुनीता देवी, पिपरडीह से राकेश गुप्ता, दुद्धी से छाया गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुई। इसी प्रकार बघाडू लैम्पस के कुल 9 संचालक पदों पर 4 संचालक निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि बघाडू सेक्टर के दो पदों पर देवकुमार 118 व दिवान सिंह 100 मत पाकर विजयी घोषित हुए, अमृत सिंह को 93 मत पाकर संतोष करना पड़ा। रन्नू सेक्टर में 9 मत पाकर जमुना ने संजय को 4 मतों से परास्त किया। मुरता में बाबूराम 11 मत पाकर अपने निकटम प्रतिद्वंदी रामप्रसाद को एक मत से मात दी। सरडीहा में रूप नारायण 8 मत पाकर अपने निकटम प्रतिद्वंदी नीरज को 2 मतों से हराकर विजयी घोषित हुए। इसके अलावा तुरीर्डीह से आशा देवी, अमवार से राजेन्द्र प्रसाद, नगवां से प्रभावती, महुअरिया से रामसहाय निर्विरोध निर्वाचित हुए।

### सत्यप्रकाश बने रामनवमी शोभायात्रा कमेटी के अध्यक्ष

**चोपन।** रामनवमी पर नगर में निकलने वाले भव्य शोभा यात्रा की तैयारी एवं कमेटी के गठन हेतु स्थानीय कैलाश मंदिर में शुक्रवार की देर सायं बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से पुनः सत्य प्रकाश तिवारी को अध्यक्ष की कमान सौंपते हुए अन्य सभी पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में राजन जायसवाल, प्रदीप अग्रवाल, रामसुंदर निषाद, सुनील सिंह, हीरालाल वर्मा, धर्मेश जैन, तीर्थराज शुक्ला, सुरेश जायसवाल, धर्मेन्द्र जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, श्यामनारायण दुबे, राम कुमार सोनी, अभिषेक दुबे, रिंकू अग्रहरि, रामचंद्र कनौजिया, विनीत पाण्डेय उपस्थित रहे।

# घसिया बस्ती में लगा सोलर वाटर पम्प खराब, गहराया पेयजल संकट

**प्रदर्शन**

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर पेयजल समस्या से निजात दिलाने की उठाई आवाज

**जनसंदेश न्यूज**



खराब हैंडपंप के पास प्रदर्शन करते ग्रामीण

**दुद्धी।** विकासखण्ड के जोरुखाड़ ग्राम पंचायत में घसिया बस्ती के ग्रामीणों ने बस्ती में मंडरा रहे पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए डीएम का ध्यान आकृष्ट कराया है। ग्रामीणों ने बताया कि बस्ती में तीन हैंडपम्प है जिसमें दो खराब है, उन्हें बस्ती से दूर मलिया नदी में चुआड़ खोदकर पानी लाना पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बस्ती में एक बोर में लगा सोलर वाटर पम्प एक वर्ष से खराब पड़ा है, लेकिन कोई भी जिम्मेदार इसकी सुधि नही ले रहा। शीला, किरण, गुड़िया, सरिता, तुलसी घसिया, पप्पू, रुचनी देवी, मुनिया देवी, भागवंती देवी ने कहा कि गर्मी शुरू हो गयी है और बस्ती में पेयजल संकट मंडराने लगा है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं। किसी के यहां से बोर से सबर्सिबल से पानी का जुगाड़ कर पानी पी रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें पेयजल संकट से नही उबारा गया तो वे आंदोलन करेंगे। वहीं खंड विकास अधिकारी नीरज तिवारी ने कहा कि अभी सम्बंधित सचिव को बोलता हूं समस्या का निदान करे। वहीं जोरुखाड़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार ने बताया कि मार्च माह में लगभग एक लाख रुपए हैंडपम्प मरम्मत के नाम पर भुगतान किये गए। यह किन हैंडपंपो के मरम्मत के नाम पर निकाला गया, इसकी भी जांच की जाय।

# श्री एकेडमी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आयोजित हुई कार्यशाला

**जनसंदेश न्यूज**



कार्यशाला में शामिल लोग

**सोनभद्र।** श्री एकेडमी पसही कलां में राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर सीबीएसई द्वारा कार्यशाला का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यशाला में सीबीएसई से सम्बद्ध लगभग सभी स्कूलों के 67 शिक्षकों ने प्रतिभाग कर शिक्षा से सम्बन्धित जानकारियां प्राप्त की। मुख्य वक्ता शिक्षाविद् अशोक शर्मा प्रधानाचार्य डीएवी बीना एनसीएल ने कहा कि नयी शिक्षा नीति में दूरदर्शिता से भरपूर प्रमाणित शिक्षा की व्यवस्था की गयी है। जिससे विद्यार्थियों का समग्र एवं सर्वांगीण विकास होगा।

हिनाज अली हैदर खां प्रधानाचार्य सनबीम स्कूल मऊ ने नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उददेश्यों, प्राविधानों, आवश्यकता एवं कियान्वयन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इस शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के फलस्वरूप स्वरोजगार के अत्यधिक अवसर बढ़ेंगे, क्योंकि इस नीति में व्यक्तित्व निर्माण, स्वरोजगार तथा स्वावलम्बन का पूर्णतः ध्यान रखा गया है। प्रधानाचार्या सन्ध्या गोयल व प्रबन्ध निदेशक डा. अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस नीति का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा के कार्यक्रमों को मुख्यधारा की शिक्षा में शामिल करना है। विद्यालय के प्रबन्धक अजेय कुमार पाण्डेय ने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं शिक्षा पद्धति मे नया बदलाव लायेंगी। इस मौके पर प्रधानाचार्य गणेश गोस्वामी, वरिष्ठ शिक्षक अवनीश कुमार सिंह आदि ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### सीडीओ ने पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण, गंदगी देख लगाई फटकार

**दुद्धी।** सीडीओ ने स्थानीय ब्लाक कार्यालय का शनिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय, परिसर में फैली गंदगी देख नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को कड़ी फटकार लगाई। सीडीओ ने एडीओ पंचायत कार्यालय और वहां कक्ष में फैले गंदगी और कार्यालय में रखी अव्यवस्थित चीजों को देखकर नाराजगी जताई। कार्यालय में मौजूद कर्मियों व कार्यरत सफाईकर्मियों को भी फटकार लगाई। सीडीओ ने कहा कि जब आपका कार्यालय ही इतना गंदा है और अपने घर की ही सफाई आप नही रखते तो बाहर कैसे करेंगे। इस दौरान उन्होंने खिड़कियों के टूटे शीशे, टूटी कुर्सियां देखकर सम्बंधितों को जमकर लताड़ लगाई। लगातार शिकायत आ रही है जिस भी गांव में शौचालय धरातल पर नही बने है या अपूर्ण हैं, उसे जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश बीडीओ नीरजको दिए। कहा कि लापरवाही पर कोई बक्शा नही जाएगा। इसके बाद उन्होंने ब्लॉक सभागार का निरीक्षण किया। वहां से निकलते ही बाहर निस्प्रोजय पड़े एक अधकटे हैंडपम्प को देख नाराजगी जताई, कहा कि या तो इसे ठीक करा दिया जाए या इसे यहां से हटा दिया जाए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 17 मामलों का निस्तारण

**आयोजन**

### चारों तहसील में अधिकारियों ने सुनी फरियाद, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिया निर्देश



दुद्धी तहसील में पीड़ितों की फरियाद सुनते सीडीओ

**सोनभद्र।** जिले की चारो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से कराने के साथ ही क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया। सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इस दौरान सीडीओ, उप जिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार व अन्य अधिकारियों ने 21 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 3 मामले निस्तारित किये।

बाकी 18 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज का आयोजन अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान एडीएम, उपजिलाधिकारी रमेश कुमार व तहसीलदार ने 33 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 5 मामले निस्तारित किये। बाकी 28 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए। इसी तरह सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन उप जिलाधिकारी प्रभाकर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी ने 15 शिकायतें सुनते हुए मौके पर 4 मामले निस्तारित किये। बाकी 11 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे आशुतोष दूबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान एडीएम, तहसीलदार ने 25 शिकायतों को सुनते हुए मौके पर ही 5 मामले निस्तारित किये, बाकी 20 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए।

# उपकेंद्र का निरीक्षण कर डीएम ने लिया विद्युत आपूर्ति का जायजा

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने शनिवार को मुख्यालय स्थित 132 केवीए के विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण किया है। जहां पर उन्होंने विद्युत व्यवस्था बहाल करने संबंधित जानकारी हासिल की और वही तैनात अधिकारियों का निर्देश दिया कि हर हाल में विद्युत व्यवस्था को ठीक कराया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। डीएम ने बताया कि विद्युत विभाग के चार कर्मचारियों को आपूर्ति बहाल करने में अवरोध पैदा करने वाले चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

इस दौरान उन्होंने फीडर पर तैनात कर्मचारियों से कहा कि उपभोक्ताओं को राहत देना हम सभी का दायित्व है। बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों का आह्वान किया कि हड़ताल वापस कर काम पर लौटे नहीं तो शासन के निर्देश के बाद उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिला अस्पताल में पत्रकार वार्ता के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि मुख्यमंत्री और विद्युत मंत्री अधिकारियों से वार्ता कर हड़ताल वापस लेने का निर्देश दिया है। उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार पूरी तरह से कटिबद्ध है। उधर, जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, लेकिन वही मुख्यालय की व्यवस्था ठीक-ठाक होने के कारण अधिकारी भी मौन है।

जनपद भले ही जिलाधिकारी और जिला प्रभारी मंत्री दुर्व्यवस्थाओं को दूर करने का दम भर रहे हैं देखें ग्रामीण अंचलों की व्यवस्था खराब होती जा रही है कभी भी उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट सकता है। डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार के पूर्व महामंत्री व बबुरी फीडर से जुड़े पुरवा गांव निवासी उपभोक्ता जन्मेजय सिंह ने कहा कि 3 दिन से विद्युत नहीं होने के कारण होने के कारण ग्रामीण अंचलों में पूरी तरह से अंधेरा छाया हुआ है इसके अलावा पानी की भी समस्या उत्पन्न हो गई है यही नहीं मिट्टी का तेल बंद होने से लोग बिजली पर ही आधारित हो गए थे।



चंदौली विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण करते डीएम निखिल टीकाराम।

# नाराज शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का किया बहिष्कार

**नाराजगी**

### मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा शिक्षकों का आंदोलन

**चंदौली।** महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज में बनाए गए मूल्यांकन केंद्र पर शनिवार को शिक्षकों ने प्रदर्शन कर मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया। वही सरकार के प्रति नाराजगी जताई और चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं करेगी, तो शिक्षक मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करेंगे। यूपी बोर्ड के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शनिवार से शुरू हो गया,लेकिन शिक्षकों के बहिष्कार के कारण मूल्यांकन का पूरी तरह से ठप रहा। जनपद में तीन मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं।

जिसमें एक महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज भी शामिल है। जहां पर मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर शिक्षकों ने विरोध जताया। शिक्षकों ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली के साथ-साथ तदर्थ शिक्षकों का विनियमितीकरण तत्काल किया जाए। वित्तविहीन विद्यालयों को मान्यता की धारा 7/4 के संशोधन को वापस लिया जाए और मानदेय घोषित किया जाए। साथ ही मान्यता की शर्तें पूर्वत की जाए। माध्यमिक शिक्षा चयन बोर्ड की धारा 216 के अनुपालन में अमेली विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के समस्त कार्यों यह परीक्षा मूल्यांकन एवं मूल्यांकन केंद्र से जुड़े सभी कर्मचारियों की दरों को सीबीएसई के बराबर किया जाए, तभी हमारा आंदोलन समाप्त होगा। इस दौरान किशोरीलाल राजेश कुमार, बांके बिहारी, मुन्नी लाल यादव, संजय कुमार सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, छोटे लाल यादव, विजय कुमार, नीरज, संजीव कुमार सिंह, विद्यासागर पांडे सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे। अध्यक्षता वीरेंद्र प्रताप और संचालन प्रेम नारायण सिंह ने किया।



मूल्यांकन केंद्र पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते शिक्षक।

## संक्षेप

### बरहनी में श्रीमद्भागवत कथा सुनकर झुम उठे श्रोता



श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए बरहनी में उमड़े श्रोतागण।

**कंदवा।** क्षेत्र के मां मंशा देवी मंदिर परिसर बरहनी में कथावाचक संजय कृष्ण त्रिपाठी के निर्मल ने शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया। भागवत कथा समिती द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बाल कृष्ण लीला का वर्णन करते हुए संजय त्रिपाठी कहते हैं श्रीकृष्ण बाल लीला जीवात्मा व परमात्मा के मिलन की लीला है। गिरिराज कथा का भी श्रोतागणों ने रसपान किया। कान्हा बने बाल कृष्ण के नटखट लीला की जीवंत झांकी उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर सुनील सिंह, धनंजय त्रिपाठी, शर्मा सिंह, विकास तिवारी, निक्की, राजेश सिंह, संजय, अरविंद, मिथिलेश, जितू, मंजू, मनोरमा, शिल्पी, लक्ष्मीना, मुस्कान, रश्मि, साधना सहित अन्य रहे।

### बैंकों ने 218 ऋण वादों का किया निस्तारण

**चंदौली।** जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील कुमार चतुर्थ की अध्यक्षता में प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंकों के ऋण वसूली मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद के समस्त बैंकों द्वारा अपने अपने शाखा पर किया गया। सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यूनियन बैंक चंदौली में स्वयं उपस्थित हो कर विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु निर्देश दिए गए। लोक अदालत में कुल 218 ऋण वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें समझौता राशि 24160000 वसूल किया गया। उपरोक्त जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञान प्रकाश शुक्ल द्वारा दी गयी। इस मौके पर क्षेत्र प्रमुख गिरिजा प्रसाद, उप क्षेत्र प्रमुख उमेश सिंह, एलडीएम मनोज कुमार बर्नवाल उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन



मानदेय के भुगतान को लेकर जिला प्रभारी मंत्री से मिले कर्मचारी।

**चंदौली।** कोरोना काल में जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा करने वाले कर्मियों की नौकरी पर खतरे में है। कर्मियों को हर वक्त नौकरी से निकाले जाने का भय बना रहता है। वहीं मानदेय का भुगतान भी समुचित तरीके से नहीं किया जाता। ऐसे में चिकित्सकों व कर्मियों ने शनिवार को प्रभारी मंत्री संजीव गोंड को पत्रक सौंपकर समस्या से अवगत कराया। जिला प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड ने मामले को संज्ञान लेने का भरोसा दिलाया। इस दौरान चिकित्साधिकारी डा. अमन सिंह, डा. प्रवीण सिंह, चिकित्साकर्मी आशीष सिंह, अश्वनी तिवारी, कौशलपति त्रिपाठी, गुड्डू, मनीष शर्मा उपस्थित रहे।

# कायाकल्प योजना से परिषदीय विद्यालयों का हुआ कायाकल्प

जनसंदेश न्यूज

**शहाबगंज।** कस्बा स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शनिवार को बुनियादी साक्षरता हेतु लक्षित आयु वर्ग 3 से 8 वर्ष को निर्धारित अधिगम स्तर की संप्राप्ति के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित निपुण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु ब्लॉक स्तरीय ह्यहमारा आंगन हमारे बच्चेह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राथमिक विद्यालय शहाबगंज के बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए टीएलएम स्टाल का बच्चों, अभिभावकों व अतिथियों ने अवलोकन किया। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि लगभग सभी परिषदीय विद्यालय कायाकल्प के तहत भौतिक रूप से संतृप्त हो चुके है अब शासन की मंशा के अनुरूप बच्चों को निर्धारित अधिगम स्तर को प्राप्त करने के लिए तेजी से प्रयास करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि सीडीपीओ अशीष वर्मा ने कहा की लक्षित वर्ग के बच्चों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए आंगनबाड़ी विभाग और शिक्षा विभाग को समन्वय के साथ कार्य करने की जरूरत है। समाजसेवी राम सूचीत द्विवेदी ने कहा कि बच्चो में पढ़ाई के साथ संस्कार की शिक्षा देना आवश्यक है।इस अवसर पर पर प्रत्येक संकुल से सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आशुतोष पति त्रिपाठी, अजय गौतम, केशरीनंदन जायसवाल, अभिषेक सिंह, संतोष त्रिपाठी, विमला कुमारी, पीयूष पांडेय, आशा श्रीवास्तव, किरण उपाध्याय, सरिता, मृदुला कुशवाहा, विजई प्रसाद, अवधेश, शमसेर, शिवकुमार, संजना, मुस्कान, प्रांजल, नेहा गुप्ता, अमन मौजूद रहे। अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार और संचालन विभूति नारायण सिंह ने किया।



शहाबगंज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते बीडीओ शहाबगंज।

### अधिकारी और संविदा कर्मियों के प्रयास से आपूर्ति हुई बहाल

**सकलडीहा।** तहसील के अधिकारी और विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात संविदा कर्मियों के प्रयास से ग्रामीण और टाउन फीडरों की विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाया। पिछले 24 घंटा से ग्रामीण अंचल की तीन फीडरों से संचालित दर्जनों गांव की सप्लाई ठप थी। शनिवार को दोपहर तीन बजे तक आपूर्ति सभी फीडरों की बहाल होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस लिया। बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के हड़ताल के कारण ग्रामीण अंचल की विद्युत उपकेन्द्र से तीन फीडरों के दर्जनों गांव की विद्युत आपूर्ति 24 घंटे से ठप रहा। हालांकि संविदा कर्मियों की तत्परता से दोपहर बाद ग्रामीण अंचल की सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी गयी है। वही तहसील मुख्यालय की फीडर में शुक्रवार की देर शाम ब्रेक डाउन होने के कारण कस्बा सहित तहसील मुख्यालय अंधेरे में हो गया था। देर रात एसडीएम व सीओ धानापुर एक लाख 32 हजार सब स्टेशन पर पहुंचकर आपूर्ति लाइनमैनों की मदद से बहाल कराया। किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्रवाई की जायेगी। सीओ राजेश राय ने कहा कि संविदा कर्मियों को डराने व धमकाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को वीडीए ने किया ध्वस्त



अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को ध्वस्त करती जेसीबी।

**डीडीयू नगर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शाहकुटी मोहल्ले में एक बार शनिवार को बुलडोजर गरजा। शाहकुटी में रास्ते को अतिक्रमण कर मकान बना लेने की शिकायत पर शनिवार की अपराह्न मुगलसराय एसडीएम व वीडीए ने बुलडोजर चलवा कर उसे ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार शाहकुटी निवासी राज किशोर सिंह के मकान के आगे 10 फुट का सरकारी रास्ता था जिसे जमानिया निवासी समसुदीन ने कब्जा कर पुष्पा भवन निर्माण करा दिया राजकिशोर में इसकी शिकायत वीडीए, जिलाधिकारी व कोतवाली पुलिस को दिया था। वीडीए ने कई बार शमसुद्दीन के मकान पर नोटिस चस्पा कर उसे हटाने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में शनिवार को मुगलसराय एसडीएम अविनाश कुमार के नेतृत्व में वीडीए अधिकारी, नगर पालिका प्रशासन व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर बुलडोजर लगाकर अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। एसडीएम के इस कार्रवाई से मोहल्ले वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# युवाओं को तकनीक से जोड़ रही सरकार



छात्रा को टैबलेट प्रदान करते प्रभारी मंत्री।

**कन्दवा।** चंदौली के कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मां मंशा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरहनी के स्नातकोत्तर गृहविज्ञान तृतीय सेमेस्टर के तीन छात्राओं को शामिल किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री संजीव कुमार गोंड ने जूही पांडेय, ज्योति सिंह, मासूम बख्तियार को निःशुल्क टैबलेट वितरित किया। मंत्री संजीव कुमार गोंड ने कहा कि सरकार देश को डिजिटल इंडिया बनाने का काम कर रही है। आज ज्यादा काम स्मार्टफोन व टैबलेट से किया जा रहा है। डिजिटल इंडिया में पैसे का लेन देन, सूचनाओं का आदान प्रदान, समसामयिक घटनाओं, सामान्य जानकारी, रेल गाड़ियों की सूचना आदि कार्य करने में काफी आसानी हो गई है। इसके लिए युवाओं को महाविद्यालय में निःशुल्क स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किया जा रहा है। सरकार की सोच है कि युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट देकर डिजिटल इंडिया से जोड़ने का काम किया जाए। इस मौके पर डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसपी अंकुर अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, प्रबंधक सुनील सिंह, प्राचार्य डा.समर बहादुर सिंह, लिपिक अशोक वर्मा, श्वेता मिश्रा आदि रहे।

### चोरी के मोबाइल संग युवक चढ़ा जीआरपी पुलिस के हत्थे

**डीडीयू नगर।** डीडीयू जीआरपी पुलिस व आरपीएफ ने चेकिंग के दौरान एक युवक को धरदबोचा। तलाशी करने पर उसके पास से एक मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 15 हजार रुपये बरामद किया गया। फिलहाल जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल ट्रेनों से हो रहे तस्करी व चोरी की रोकथाम को लेकर जीआरपी पुलिस द्वारा ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर लगातार चेकिंग अभियान चला रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जीआरपी पुलिस को डीडीयू स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1/2 के लाइन शाहिद मजार के समीप से एक युवक खड़ा दिखा संदिग्ध प्रतीत होने पर जब जीआरपी पुलिस ने युवक को पकड़ कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से दो चोरी का मोबाइल फोन बरामद हुआ जीआरपी पुलिस ने युवक और बोरे को जीआरपी थाने लाकर पूछताछ किया गया तो उसने अपना नाम गुड्डू कुमार पुत्र अनिल राम निवासी वार्ड 01 मोहल्ला रसीदपुर मोहनिया बिहार है बताया है। जीआरपी प्रभारी सुरेश कुमार सिंह बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त के खिलाफ डीडीयू जीआरपी में पहले भी मोबाइल चोरी सहित कई मामले में मुकदमे दर्ज है।

# पेयजल आपूर्ति को लेकर नाराज ग्रामीणों का प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**नौगढ़।** पेयजलापूर्ति बाधित होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान दास अग्रहरी के नेतृत्व में शनिवार को बोरवेल व पानी टंकी पर पहुंचकर प्रदर्शन करके नारेबाजी किया। इस बारे में बताया जाता है कि जल निगम द्वारा वर्ष 1970 के दशक में 67 ग्राम पेयजल योजना कार्यान्वित कर भैसौड़ा बांध का पानी पेयजल के लिए आरक्षित कराकर क्षेत्र में पेयजलापूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही थी। जो कि विभागीय उदासीनता के चलते नाकाफी गांवों तक ही सीमित रह गई। फिर जलनिगम ने रिठिया गांव स्थित पानी टंकी के समीप ही बोरवेल प्रतिस्थापित कराकर के क्षेत्र के कस्बा बाजार बाघी रिठिया डूमरिया गांव में पेयजलापूर्ति कार्यान्वित किया, जिससे आपरेटर की ब्याप्त मनमानी के बावजूद मे एक दो दिनों के अंतराल पर लोगों को पीने के लिए पानी मिल जाता था। इस वर्ष काफी कम बरसात होने के चलते दिनों दिन जलस्तर काफी नीचे जा रहा है। जिसपर आपरेटर का कहना है कि बोरवेल मे पाईप कम होने से मोटर पानी की आपूर्ति कर पाने में अक्षम हो जा रही है।

प्रदर्शनकारियों ने मोबाइल पर तत्काल इसकी जानकारी क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य, उपजिलाधिकारी आलोक कुमार व अधिशासी अभियंता जलनिगम को देकर के समस्या का त्वरित निस्तारण कराए जाने का अनुरोध किया। क्षेत्रीय विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि जिलाधिकारी से वार्ता कर समस्या का समाधान व दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कराई जाएगी। अधिशासी अभियंता जलनिगम का कहना है कि बोरवेल मे मौजूद पानी व मोटर की क्षमता के अनुरूप पाइप लगाया गया है। बोरवेल मे आपुर्ति पाइप की कमी होने संबंधी आरोप पूर्णतया निराधार है। पाइप लाइनें काफी पुरानी व जर्जर हाल में होने से पेयजल आपूर्ति कर पाने में होने वाली समस्याओं का समाधान कराने का हर संभव प्रयास जारी है।



पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रदर्शन करते नाराज ग्रामीण।

# मंत्री के निरीक्षण में मिली मरीजों की शिकायतें व दुर्व्यवस्था

**जाना हाल**

### जिला प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर सीएमएस को दिया निर्देश

**चंदौली।** प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गौड़ शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर रहे। अंतिम दिन शनिवार को मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी सहित जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जहां पर सामान्य पुरुष वार्ड में मरीजों के तीमारदारों ने दुर्व्यवहार की शिकायत की। जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए सीएमएस डा.उर्मिला सिंह को निर्देश दिया कि व्यवस्थाओं को हर हाल में सुदृढ़ करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पंडित कमलापति त्रिपाठी संघ जिला चिकित्सालय पहुंचे प्रभारी मंत्री ने इमरजेंसी कक्ष और जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया। वही जन औषधि केंद्र के पास निरीक्षण के दौरान प्रतापपुर निवासी चंद्रावती से उन्होंने जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। चंद्रावती ने कहा कि वह क्षय रोग से पीड़ित है और उनकी दवा जिला अस्पताल से चल रही है। इसके बाद उन्होंने एक्सरे कक्ष का भी निरीक्षण किया। सामान्य पुरुष वार्ड में मरीजों और उनके तीमारदारों ने मंत्री के समक्ष कई शिकायतें रखीं। मरीज दयाराम के तीमारदार रामप्रताप ने कहा कि मेरे पिताजी 2 दिन से भर्ती हैं, लेकिन सिर्फ इन्हें इंजेक्शन ही दिया जा रहा है। आज तक कोई चिकित्सक देखने तक नहीं आया। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए सीएमएस को निर्देश दिया कि तत्काल मरीज की देखभाल शुरू करें। वही मरीज अलगू राम ने बताया कि आज ही चादर बिछाई गई और सफाई भी तीन बार हुई है। कहा कि इससे पहले ऐसा नहीं होता था।



जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मरीजों से रूबरू प्रभारी मंत्री।

## सहकारी समिति का चुनाव अजय ने 15 वोटों से जीता

**शहाबगंज।** क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड के सेक्टर नंबर पांच का चुनाव शनिवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव अधिकारी राम प्रकाश राम के देखरेख में सम्पन्न हुआ। जहां अजय उपाध्याय ने कमला सिंह को 15 वोटों के अंतर से मात दिया। क्षेत्रीय सहकारी समिति के नौ प्रतिनिधियों में से आठ प्रतिनिधि निर्विरोध निर्वाचित हो गए। वही सेक्टर नंबर पांच के भुसीकृत पुरवा व मसोई से दो प्रत्याशियों के नामांकन करने से शनिवार चुनाव कराया गया। चुनाव सुबह 10 बजे प्रारंभ हुआ जो शाम 4 बजे तक चला।इस दौरान 130 मतदाताओं में 97 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के पश्चात मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ। जहां अजय उपाध्याय को 55 मत व कमला सिंह को 40 मत प्राप्त हुए। वही दो मत कैंसिल हो गये, इस तरह अजय 15 मत से निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी रामप्रकाश राम अजय के निर्वाचित होने की घोषणा किया। जीत के बाद किसानों ने अपने प्रतिनिधि को फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# देश को सजाने व संवारने का काम करें युवाः संजय सिंह

**चंदौली।** नेहरू युवा केंद्र चंदौली के तत्वाधान में जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को एमबी पब्लिक स्कूल के परिसर में किया गया। इसका शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण करते किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चंदौली संजय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अमित कुमार दुबे उपमुख्यचिकिता अधिकारी एवं शरद कुमार मिश्रा डिप्टी सीएमओ संचारी रोग एवं डा.एचएन मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह ने कहा कि देश को सजाने एवं संवारने का दायित्व युवाओं को निर्भर है।

आज का नौजवान आने वाले कल का भविष्य है। हर युवा के अंदर प्रतिभा होती है, जिसे कला, भाषण, शिक्षा एवं हुनर के माध्यम से निखारने तथा आगे बढ़ने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार संसाधन मुहैया करा रही है। उक्त उदबोधन में संजय सिंह ने बताया कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा आजादी के अमृत मोहोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद का आयोजन किया गया है। जनपद के प्रतिभावान युवा एवं छात्र छात्राये इसमें भाग लेकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाए। डा.एचएन मिश्रा जिला पशु चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि युवाओं में अपर ऊर्जा शक्ति है उन्हे स्वामी विविकानंद द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर अपना एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आगे आना होगा। नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक अनिल कुमार सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भारत पर वैश्विक पटल पर अभ्युदय विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजन किया गया जिसके विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। आभार जय प्रकाश यादव एवं संचालन प्रसिद्ध गायक श्रीराम यादव ने किया।



नेहरू युवा केंद्र की ओर से आयोजित युवा संसद का शुभारंभ करते प्रमुख संजय सिंह।

### समाधान दिवस में आठ समस्याओं का निस्तारण

**सकलडीहा।** जिला स्तरीय समाधान दिवस पर प्रभारी मंत्री के जिले में होने के कारण डीएम एसपी सम्पूर्ण समाधान दिवस में नहीं पहुंचे। जिसके कारण फरियादी मायूस रहे। इस दौरान तहसील स्तरीय अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण का प्रयास किया। इस मौके पर कुल 81 में आठ समस्याओं का निस्तारण किया गया। जिलास्तरीय समाधान दिवस को लेकर सुबह से ही तैयारी चल रहा था। एसडीएम मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय एक एक फरियादियों की समस्या निस्तारण में जुटे हुए थे। लेकिन दो बजे तक जिला स्तरीय समाधान दिवस पर डीएम एसपी प्रभारी मंत्री के जिले में होने के कारण नहीं आने से कई फरियादी मायूस होकर लौट गये। अंत में एसडीएम मनोज पाठक ने समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सीओ राजेश कुमार राय, नायब तहसील अमित सिंह, आरिफ अहमद, प्रभु यादव, ध्रुवेश सिंह, बीडीओ अरूण पांडेय, बीईओ अवधेश राय, पूर्ति निरीक्षक केके मिश्रा, अमित द्विवेदी, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, राजेश सिंह, सुनीता सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# स्पोर्ट्स

## क्रिकेटर हरभजन सिंह के नाम पर ठगी, फर्जी अकाउंट बनाकर मांगे रहे पैसे



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हरभजन सिंह भज्जी के नाम पर भी ठगों ने लोगों को लूटना शुरू कर दिया है। ठग सोशल मीडिया पर हरभजन सिंह भज्जी के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों से पैसे मांगे रहे हैं। इंस्टाग्राम पर भज्जी के नाम से अकाउंट बनाकर ऑडियो मैसेज भेजे जा रहे हैं। हरभजन सिंह ने खुद इस बात की जानकारी दी है और लोगों से इस अकाउंट से सतर्क रहने को कहा है। हरभजन सिंह ने ट्विटर कर लिखा, ' फेक अकाउंट से सतर्क रहें, यदि आपको कोई हरभजन तीन से मैसेज करता है और आपसे संपर्क करने की कोशिश करता है तो उसका जवाब न दें। वह आपसे पैसे मांगेगा और यह फर्जी अकाउंट है।' हरभजन ने अपने ट्वीट के अंत में लिखा है कि यह उनका इंस्टाग्राम पर उनका अकाउंट नहीं है। इस फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट को लेकर भज्जी ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम सेल से भी की है।

# भारत की निगाहें वनडे सीरीज कब्जाने पर केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पर होंगी नजरें

### कप्तान रोहित शर्मा की वापसी से निश्चित रूप से शीर्ष क्रम मजबूत होगा जो आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की रफ्तार और वैरिएशन के आगे पस्त हो गया था

**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम रविवार को जब दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने उतरेगी तो फिर से सभी की नजरें केएल राहुल और रविंद्र जडेजा पर लगी होंगी जिसमें नियमित कप्तान रोहित शर्मा भी टीम की अगुआई के लिये वापसी करेंगे जो मुंबई में पहला मैच नहीं खेल पाये थे। भारत ने वानखेडे स्टेडियम में आस्ट्रेलिया को कम स्कोर वाले मैच में पांच विकेट से पराजित किया था जिसमें राहुल ने नाबाद 75 रन की संयमित पारी खेली थी। वह बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान फॉर्म हासिल करने में जूझते दिखे थे जिससे उन्हें तीसरे और चौथे टेस्ट से बाहर कर दिया गया था। जडेजा भी घुटने की चोट और फिर हुई सर्जरी के कारण करीब आठ महीने के बाद वनडे क्रिकेट खेल रहे थे, उन्होंने शुक्रवार को नाबाद 45 रन बनाये थे। उन्होंने साथ ही कसी गेंदबाजी करते हुए 46 रन देकर दो विकेट झटके जिससे प्लेयर ऑफ द मैच बने।



भारत इस साल वनडे विश्व कप की मेजबानी कर रहा है और फॉर्म में चल रहे राहुल और पूरी तरह से फिट जडेजा टीम के लिये महत्वपूर्ण होंगे। तीन मैचों की यह श्रृंखला चयनकताओं को इन दोनों की प्रगति का आकलन करने में मदद करेगी। वहीं भारतीय टीम इस मुकाबले में जीत से श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी और बल्लेबाजी में भी सुधार करना चाहेगी क्योंकि एक समय टीम ने 39 रन तक चार विकेट गंवा दिये थे और बाद में स्कोर पांच विकेट पर 83 रन हो गया था जिसके बाद राहुल और जडेजा ने मिलकर मेजबान टीम को 61 गेंद रहते जीत दिलायी थी।

कप्तान रोहित शर्मा की वापसी से निश्चित रूप से शीर्ष क्रम मजबूत होगा जो आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क की रफ्तार और ह्यवैरिएशनह्ल के आगे पस्त हो गया था। मार्कस स्टोइनिस ने इशान किशन को तीन रन पर आउट कर दिया था। फिर स्टार्क ने तीन विकेट झटक लिये थे जिससे भारत काफी दबाव में आ गया था। विराट कोहली (04), सूर्यकुमार यादव (शून्य) और शुभमन गिल (20) जल्दी पवेलियन लौट गये थे। भारतीय बल्लेबाज आस्ट्रेलिया के बायें हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ कभी कभार परेशानी में दिख रहे थे और बचे हुए दो मैचों में स्टार्क का सामना करने से उन्हें घरेलू परिस्थितियों में अच्छा अभ्यास मुहैया करायेगा क्योंकि ध्यान अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिये तैयारियां करने पर लगा होगा। रोहित पारी का आगाज करेंगे जिससे किशन को नियमित कप्तान के लिये जगह बनानी होगी। कोहली और गिल के पहले वनडे में कम स्कोर बनाने को लेकर ज्यादा चिंता की जरूरत नहीं है लेकिन सूर्यकुमार यादव 50 ओवर के प्रारूप में अपनी लय हासिल नहीं कर पा रहे हैं जो चिंता का कारण बन सकता है। टी20 अंतरराष्ट्रीय में विस्फोटकीय बल्लेबाजी के लिये मशहूर सूर्यकुमार अब भी वनडे में वैसी ख्याति अर्जित नहीं कर पाये हैं। इस साल सभी पांच वनडे में वह अर्धशतक नहीं जड़ पाये हैं। श्रेयस अय्यर की वापसी के लिये कोई समयसीमा निर्धारित नहीं है, भारत चौथे नंबर के लिये सूर्यकुमार पर बरकरार रहेगा।

भारत के गेंदबाजों ने मुंबई में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज ने तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर बेहतरीन गेंदबाजी की। लेकिन कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव प्रभावित नहीं कर सके। हालांकि टीम प्रबंधन के गेंदबाजी लाइन अप में छेड़छाड़ करने की उम्मीद नहीं है जिसमें हार्दिक पंड्या तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका निभायेंगे। दूसरे वनडे के लिये मौसम की भविष्यवाणी आंधी के साथ बारिश की है जिसका मतलब है कि दोनों टीमों के तेज गेंदबाज गेंद को स्विंग कर सकते हैं।

आस्ट्रेलिया भी श्रृंखला के दौरान अलग संयोजन आजमाने की कोशिश करेगा। शुक्रवार को वे चार आलराउंडर - मिशेल मार्श, कैमरन ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल - के साथ उतरे थे। इससे वे भारत को ज्यादा परेशान नहीं कर सके थे जो कप्तान स्टीव स्मिथ के लिये चिंता की बात होगी।

## विराट कोहली की बायोपिक में काम करना चाहते हैं राम चरण!



**मुंबई।** एसएस राजामौली की आर आर आर को ऑस्कर में मिली जीत के बाद से राम चरण की लोकप्रियता और बढ़ गई है। क्योंकि आरआरआर के नाटू नाटू गाने ने बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड जीतकर हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। अब दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली की बायोपिक में काम करना चाहते हैं। राम चरण ने कहा, मैं खेल से संबंधित कोई भी भूमिका निभाना पसंद करूंगा। मैं एक स्पोर्ट्स फिल्म करना पसंद करूंगा। विराट काफी इंस्पायर हैं। यदि मुझे मौका मिला तो मैं निश्चित रूप से इस भूमिका को निभाना पसंद करूंगा, क्योंकि मैं भी काफी हद तक विराट जैसा दिखता हूं। वहीं, आरआरआर के नाटू-नाटू गाने का खुमार विराट कोहली पर भी देखा गया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहले एकदिवसीय मैच के दौरान नाटू नाटू के हुक स्टेप का प्रदर्शन करते हुए विराट को देखा गया था। हाल ही में विराट कोहली का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो में विराट राम चरण की फिल्म 'आरआरआर' के सॉन्ग 'नाटू नाटू' का हुक स्टेप करते नजर आए थे। विराट कोहली का नाटू नाटू डांस वीडियो सोशल मीडिया यूजर्स को खूब पसंद आया था।

# केएल राहुल विकेटकीपिंग करते हैं तो भारत की बल्लेबाजी होगी मजबूत

### पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने कहा



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने जून में 'द ओवल' में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये केएल राहुल का विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अपना स्थान पक्का करने के लिये समर्थन किया और कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम का बल्लेबाजी 'लाइन-अप' मजबूत होगा। राहुल का इंग्लैंड में अच्छा रिकॉर्ड है लेकिन खराब फॉर्म के कारण उन्हें घरेलू सरजमी पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के बाद अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया। कर्नाटक के इस 30 साल के खिलाड़ी ने हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार की रात पहले वनडे में नाबाद 75 रन की मैच विजयी पारी खेलकर शानदार वापसी की।

शास्त्री को लगता है कि राहुल डब्ल्यूटीसी फाइनल में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेल सकते हैं क्योंकि ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में केएस भरत अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखा सके। शास्त्री ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, उसने (केएल) सचमुच काफी अच्छा प्रदर्शन किया जिससे डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले चयनकताओं की दिलचस्पी उनमें बनी रहेगी। उन्होंने कहा, दो चीजें हैं। पहली वनडे श्रृंखला के लिये जब रोहित शर्मा वापसी करेंगे और दूसरी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये, जिसमें अगर राहुल विकेटकीपर करते हैं तो उनकी बल्लेबाजी मजबूत होगी। शास्त्री ने कहा, राहुल मध्यक्रम (पाचवें और छठे नंबर) में बल्लेबाजी कर सकता है। इंग्लैंड में आपको आमतौर पर विकेटकीपिंग थोड़ी पीछे से करनी होती है। आपको ज्यादा स्पिनर नहीं लगाने पड़ते। उसके (केएल) पास आईपीएल से पहले दो और वनडे हैं। वह इनमें अच्छे प्रदर्शन से उस भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर सकता है। राहुल ने इंग्लैड में नौ टेस्ट में दो शतक और एक अर्धशतक से 614 रन बनाये हैं। भारत ने जून में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया है जिसमें टीम का सामना आस्ट्रेलिया से होगा। यह भारत का दूसरा डब्ल्यूटीसी फाइनल होगा। 2021 फाइनल में भारत को न्यूजीलैंड से हार मिली थी।

## बॉलीवुड न्यूज

### हैप्पी फैमिली: कंडीशंस अप्लाई के कलाकार कर रहे मस्ती



**मुंबई।** प्राइम वीडियो की फैमिली कॉमेडी सीरीज, हैप्पी फैमिली: कंडीशंस अप्लाई के कलाकार और क्रिएटर्स ने जब अहमदाबाद शहर का दौरा किया तब वे माजा मां मोड में थे। अपनी रिलीज के कुछ ही दिनों के भीतर, इस एपिसोडिक सीरीज को इसके बेहतरीन कंटेंट के लिए दर्शकों से शानदार समीक्षाएं और प्यार मिल रहा है। रत्ना पाठक शाह, राज बब्बर, आयशा जुल्का, सनाह कपूर और मीनल साहू सहित ऑन-स्क्रीन गुजराती परिवार, रचनाकारों जेडी मजेठिया और आतिश कपाड़िया के साथ, हाल ही में अहमदाबाद का दौरा किया, ताकि दर्शकों द्वारा मिल रहे प्यार को सामने से महसूस कर सकें। साथ में कुछ मजेदार समय बिताते हुए और अपने शूटिंग के दिनों को याद करते हुए, टीम ने अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट का दौरा किया। शहर में सीरीज का प्रचार करते हुए उन्होंने कुछ गुजराती व्यंजनों का भी आनंद लिया। हैप्पी फैमिली: कंडीशंस अप्लाई का निर्माण हैट्स ऑफ प्रोडक्शन द्वारा किया गया है। पारिवारिक कॉमेडी 4 पीढ़ियों के एक संयुक्त परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अलग-अलग व्यक्तित्वों से बटे हुए हैं, लेकिन एक-दूसरे के साथ अपने बंधन से एकजुट हैं, और कैसे उनके मतभेद अक्सर हंसाने वाली स्थितियों का कारण बनते हैं। 10-एपिसोड की सीरीज का प्रीमियर 10 मार्च को चार एपिसोड के साथ प्राइम वीडियो पर हुआ है। स्ट्रीमिंग सेवा पर अब दस में से छह एपिसोड स्ट्रीम हो रहे हैं और सीरीज का समापन 31 मार्च को होगा।

## आरसीबी ने आईपीएल से पहले लिया बड़ा फैसला, फ्रेंचाइजी के दो दिग्गज खिलाड़ियों की जर्सी को किया रिटायर



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 16वां सीजन 31 मार्च से शुरू हो रहा है। उससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने एक बड़ा फैसला लिया है। उसने दो दिग्गज खिलाड़ियों एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल की जर्सी को रिटायर करने का फैसला किया है। डिविलियर्स और गेल को 26 मार्च को आरसीबी के द्वारा हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा।

आरसीबी ने ट्वीट कर कहा, ''जिस दिन हम आरसीबी के दिग्गजों को हॉल ऑफ फेम में शामिल करेंगे, उसी दिन जर्सी नंबर 17 और 333 को हमेशा के लिए रिटायर किया जाएगा। यह एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल को सम्मान देने के लिए किया जाएगा।'' 17 नंबर जर्सी पहनने वाले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने 2011-2021 तक आरसीबी के लिए 156 मैचों में 4491 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान दो शतक और 37 अर्धशतक लगाए। 2015 में डिविलियर्स ने नाबाद 133 रनों की पारी खेली थी।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ: संजीव

**चंदौली।** राज्यमंत्री समाज कल्याण व प्रभारी मंत्री संजीव कुमार गोंड ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों संग जनपद में संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान कहा कि जनपद में केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जन सामान्य एवं गरीबों हेतु चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। जनता को समय से योजनाओं का लाभ मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान खेतों में सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु सिंचाई विभाग के अभियंता को निर्देशित किया। सड़कों का निर्माण चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण आदि की समीक्षा करते हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराते हुए समय के अंतर्गत पूर्ण करा लिए जाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अभियंता को दिए। जनपद में निमार्णाधीन सेतुओ व लघु सेतुओं के निर्माण में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि शौचालयों का उपयोग लोग करें, यह सुनिश्चित किया जाए। अवशेष पंचायत भवनों के निर्माण तेजी से करा लिए जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। प्रभारी मंत्री द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण से संबंधित प्रचार वाहन को हरी झंडी देकर रवाना किया गया तथा एक जनपद, एक उत्पाद योजनान्तर्गत उद्योग विभाग द्वारा चिन्हित महिलाओं को सिलाई मशीन एवं विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को लैपटॉप का वितरण किया गया। कठौरी स्थित गौशाला कर निरीक्षण कर वहां मौजूद व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्र, जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी वाईके राय आदि उपस्थित रहे।

## मुंबई इंडियंस की टूनार्मेंट में पहली हार, यूपी वॉरियर्स ने दर्ज की अपनी तीसरी जीत

**मुंबई।** यूपी वारियर्स ने शनिवार को यहां कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग के रोमांचक मैच में मुंबई इंडियंस को तीन गेंद रहते पांच विकेट से पराजित कर उसका विजयी अभियान थाम दिया। इंग्लैंड की बायें हाथ की स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन के तीन विकेट की मदद से यूपी वारियर्स ने मुंबई इंडियंस को 127 रन पर आउट कर दिया। फिर एक्लेस्टोन के छक्के से यह लक्ष्य 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 129 रन बनाकर हासिल किया और मुंबई इंडियंस की लगातार छठी जीत दर्ज करने की उम्मीद तोड़ दी। यह मुंबई इंडियंस की टूनार्मेंट में पहली हार है। हालांकि मुंबई इंडियंस ने पहले सात ओवर में यूपी वारियर्स के तीन विकेट झटककर अच्छी शुरूआत की। कप्तान एलिसा हीली का विकेट भी इसमें शामिल रहा जो खतरनाक साबित हो सकती थीं। अमेलिया केर ने फिर तहलिया मैकग्रा का विकेट झटका जिन पर यूपी वारियर्स की उम्मीद टिकी हुई थी। मैकग्रा ने केर की गेंदबाजी पर उन्हें कैच देने से पहले 25 गेंद में छह चौके और एक छक्के से 38 रन बनाये। फिर ग्रेस हैरिस (39 रन, सात चौके) ने जिम्मेदारी से खेलते हुए यूपी वारियर्स को मैच में बनाये रखा। 16वें ओवर में उन्होंने अमेलिया केर पर लगातार दो चौके जड़े लेकिन अगली गेंद पर आउट हो गयीं। उनका कैच लांग आन पर वोंग ने लपका। अब फिर मैच का रूख पलट गया था और पलड़ा मुंबई इंडियंस का भारी लग रहा था पर दीप्ति शर्मा (नाबाद 13 रन) और सोफी एक्लेस्टोन (नाबाद 16 रन) क्रीज पर थीं, दोनों की बदौलत 19 ओवर तक टीम ने पांच विकेट पर 123 रन बना लिये थे। अब अंतिम छह गेंद में पांच रन चाहिए थे। पहली दो गेंद पर कोई रन नहीं बना और तीसरी गेंद पर एक्लेस्टोन ने साइट स्क्रीन की ओर छक्का जड़ अपनी टीम को तीसरी जीत दिलायी।

## जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने समस्याओं को उठाया

**चंदौली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद चंदौली की मासिक बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदौली पर आहूत की गई जिसमें पूर्व निर्धारित एजेंडे पर चर्चा के साथ कृष्णानंद पांडेय कंपोजिट विद्यालय इमलिया शहाबगंज और रामाश्रय उपाध्याय कंपोजिट विद्यालय इंद्रपुरवा उत्तरी चकिया को माल्यार्पण करके विदाई की गई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाण्डेय ने कहा कि डेथ ग्रेच्युटी के शासनादेश के अनुपालन हेतु बीआरसी स्तर पर संकलन हेतु आदेश जारी किया जाए। पीएफएमएस पोर्टल पर आ रहे तकनीकी दिक्कतों के निवारण हेतु सभी विद्यालय का ईमेल आईडी जोड़ा जाए। पीएफएमएस पोर्टल के संचालन की आड़ में अध्यापकों का शोषण किया जा रहा है। कई जगह एक ही फर्म को पूरी धनराशि प्रेषित किया जा रहा है। इसकी जांच की जाए। कहा कि विभागीय सूचना के बढ़ते दवाब के कारण सूचना को अध्यापक के व्यक्तिगत मोबाइल से हो पाना संभव नहीं रह गया है। प्रत्येक विद्यालय को लैपटॉप व टैबलेट उपलब्ध कराया जाए। ब्लॉक इकाई की कोटामनी के भुगतान समय से किया जाए। नौगढ़ ब्लॉक के दिवंगत अध्यापक ओमप्रकाश सोनकर की पत्नी की नियुक्ति की जाए। इसके अलावा वाराणसी से जीपीएफ ट्रांसफर करने की मांग शिक्षकों ने मजबूती के साथ उठाई। बैठक में उपस्थित सेवानिवृत शिक्षक कृष्णानंद पाण्डेय और रामाश्रय उपाध्याय के सम्मान किया गया। इस मौके पर जिलामंत्री सुनील कुमार सिंह, शशिकांत गुप्त, अजय सिंह, बलराम, नन्द कुमार शर्मा, अनिल कुमार मौर्य, संजय सिंह आदि अध्यापक और पदाधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते आनंद कुमार पांडेय।

### शिक्षा से ही देश और समाज का सर्वांगीण विकास: बीईओ

**सकलडीहा।** प्राथमिक विद्यालय मड़ैया में शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अवधेश नारायण राय खंड शिक्षा अधिकारी धानापुर व विशिष्ठ अतिथि विवेक कुमार सिंह सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर सभी अतिथि व शिक्षक अभिवावक सभी मंत्र मुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि अवधेश नारायण राय ने कहा कि शिक्षा ही देश और समाज का सर्वांगीण विकास कर सकता है। बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जरूर भेजे। विशिष्ट अतिथि विवेक कुमार सिंह सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक ने कहा कि गांव के अंदर स्थित विद्यालय में इस तरह का शिक्षाप्रद कार्यक्रम की बहुत ही सराहनीय है। विद्यालय को अपनी संस्था द्वारा भौतिक चीजों को उपलब्ध कराने की घोषणा किया।

## चहनियां में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर संगोष्ठी सम्पन्न

**चहनियां।** कस्बा स्थित शिव मंदिर परिसर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संयोजक चुनाव प्रबंधन काशी क्षेत्र उदय प्रताप सिंह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी,भारत माता व प0 दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम संयोजक जयशंकर जायसवाल ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राष्ट्रपति के अभिभाषण को चार कार्यकताओं द्वारा पढ़ा गया। मुख्य अतिथि उदय प्रताप सिंह पप्पू ने कहा कि राजनीति में पहली महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अभिभाषण पर प्रधानमंत्री को बधाई देता हूं। जिन्होंने इनके सम्मान में पूरे देश मे संगोष्ठी का आयोजन करवाया। प्रधानमंत्री की सोच आज भी लोगो के कल्याण के लिए है। लोग कहते है कि चीन कब्जा कर रहे है किन्तु मोदी के नीति से उनको पीछे हटना पड़ा। भाजपा की नीतियां किसी से छिपा नहीं है। हर वर्ग के लिए चाहे राशन हो या फिर विकास की बात सरकार की हर महत्वपूर्ण योजना लोगो के बीच पहुच रही है । फिर भी विपक्षी सबूत मांग रहे है । कोरोना काल में पूरा विश्व बंद था किंतु हमारा देश चल रहा था । आज प्रधानमंत्री मोदी जी की सोच से ही देश आगे जा रहा है । बिपक्षियो द्वारा जो आरोप लगाया जा रहा है गांव गांव में भाजपा के लोग घूमकर लोगो को बताये । इस दौरान कार्यक्रम गोपाल जी प्रसाद,राजेन्द्र पाण्डेय,अरबिंद पाण्डेय,बनवारी पाण्डेय,आनन्द सिंह, रामजी मोदनवाल,गोपाल गुप्ता,आनन्द सिंह, शिवलाल जायसवाल,जयप्रकाश सिंह, विजय गुप्ता,सन्तोष विश्वकर्मा,अमन सिंह आदि लोग उपस्थित थे । अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा ,संचालन गोपाल राजभर व धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम संयोजक जयशंकर जायसवाल ने किया ।



चहनियां में भाजपा संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते कार्यक्रम संयोजक जयशंकर जायसवाल ।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय हुआ आईएसओ से प्रमाणित



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मानकी संगठन (आईएसओ) अधिकारियों के साथ कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने बैठक की। आईएसओ टीम ने विश्वविद्यालय का सर्टिफिकेशन किया।

शनिवार की सुबह आईएओ की तीन सदस्यीय समिति ने रज्जू भइया संस्थान, इंजीनियरिंग संस्थान, विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय, विश्वकर्मा छात्रावास, महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन, एनएसएस भवन, इनडोर स्टेडियम और एकलव्य स्टेडियम, स्टोर समेत कई विभागों का भ्रमण किया।

इस अवसर पर आईएसओ के लीड ऑडिटर सुहेल इकबाल, सुश्री प्रतिष्ठा और मनीष श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। उन्होंने संबंधित लोगों से विस्तृत बातचीत की। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रशंसा करते हुए विश्वविद्यालय को आईएसओ सर्टिफिकेशन दिया। समिति ने विश्वविद्यालय को ऊर्जा, गुणवत्ता एवं पर्यावरण प्रबंधन हेतु प्रमाणपत्र देने पर अपनी स्वीकृति दी। इसकी घोषणा पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों को बधाई दी।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. मानस पांडेय ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो रामनारायण, प्रो रजनीश भास्कर, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. मुराद अली, डा.मनोज मिश्र, डा. श्याम कन्हैया, डा. मिथिलेश यादव, डा. नीरज अवस्थी, संदीप कुमार वर्मा, डा. धीरेंद्र चौधरी, डा. सुशील शुक्ला. डा. सुशील कुमार, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डा. पीके कौशिक आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकीकरण शिविरार्थियों को कुलपति ने किया रवाना



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा 19 मार्च से 25 मार्च तक जगन्नाथ वेद कर्मकांड महाविद्यालय पुरी ओडिशा में चलने वाले राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में प्रतिभाग करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ.राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में चार स्वयंसेवक तथा चार स्वयंसेविकाओं के सहभागिता दल को कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ राज बहादुर यादव ने शिविरार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव बबीता सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार यादव एवं कुलपति जी के निजी सचिव डॉ.लक्ष्मी प्रसाद मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## कुटीर महाविद्यालय चक्के की रा.स.यो. की स्वयंसेविका राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में चयनित

**पराऊगंज।** कुटीर महाविद्यालय चक्के की रा.स.यो. की स्वयंसेविका राष्ट्रीय एकीकरण शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना सभागिता दल उत्तर प्रदेश मे हुयी चयनित प्राप्त मिली जानकारी के अनुसार महाविद्यालय की स्वयंसेविका अवंतिका मिश्रा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर मे चयनित होने पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति ने हरी झंडी दिखाकर दल नायक राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश कुमार तिवारी के निर्देशन में श्री जगरनाथ वेद कर्मकांड महाविद्यालय पुरी उड़ीसा के लिए रवाना किया। यह शिविर दिनांक 19 से 25 मार्च 2023 तक चलेगा। महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य मेजर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ एनपी मिश्र डॉ संजय कुमार यादव डॉ श्रीनिवास तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रा को साधुवाद उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केराकत कस्बे में चार जेनरेटरों से की जा रही पानी की सप्लाई

जनसंदेश न्यूज

**केराकत, जौनपुर।** केराकत में कस्बा सहित अधिकांश गावों थानागद्दी, अकबरपुर, नादौली, तरियारी, नरहन आदि अधिकांश गावों में बिजली सप्लाई ठप्प हो गई है। बिजली सप्लाई बंद होने से सबसे बड़ी दिक्कत पानी और मोबाईल चार्जिंग की हो रही है।केराकत कस्बे में गुरुवार सुबह से ही लाइट नहीं है। जिसके चलते सबसे अधिक कठिनाई पानी के लिए हो रही है। हलांकि नगर पंचायत की ओर से सभी 11 हो वार्डों में पानी सप्लाई के लिए 4 जनरेटर की व्यवस्था की है। ईओ संदीप कुमार ने बताया कि जिसमें से तीन जनरेटर पम्प चलाने के लिए जब कि एक जनरेटर ऊंचाई वाले स्थानों पर पानी पहुँचाने के लिए जगह जगह घुमाया जा रहा है।जिनके यहां सोलर लाइट या जनरेटर की व्यवस्था है उनके यहां मोबाइल चार्ज करने वालों की भीड़ लग रही है।गावों में तो लोग अपनी नींद पूरी कर ले रहे हैं लेकिन कस्बे के लोगों को रात करवट बदलते बीत रही है। अनेक लोग पानी और रात में लाइट पंखा के लिए प्राइवेट जनरेटर का सहारा ले रहे हैं। गौरतलब हों कि सर्विस स्टेशन तरियारी में पहुंच पड़ताल की गई तो बताया गया कि बजरंगनगर,चौरी व पम्प कैनाल को यहां से ब्रेक डायन किया गया है जबकि नईगंज, डोभी, केराकत नगर व केराकत ग्रामीण फीडर को चालू किया गया है। लेकिन वहां के उपकेंद्रों से ब्रेक डायन किया गया है।

**परेशानी बढ़ी**

**केराकत के अधिकांश गावों की बिजली गुल, मोबाईल चार्जिंग के लिए लगी भीड़**

**बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का भुगतान कर रही आम जनता**

**सुजानगंज।** बिजली विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल का खामियाजा अनायास ही जानता को उठाना पड़ रहा है। पिछले कई घंटो से पूरे सुजानगंज क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ध्वस्त है। लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है और सिंचाई भी प्रभावित हो रही है। इस हड़ताल से सभी वर्गो को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।सुजानगंज फीडर से बसरही, सुजानगंज और बेलवर को विद्युत वितरण होता है लेकिन आपूर्ति प्रभावित होने से करीब सौ गांव इससे प्रभावित है। लोगो ने किसी तरह मोमबत्ती के।प्रकाश में भोजन बनाया और पढ़ाई की। सुजानगंज विद्युत उप केंद्र पर लेखपाल पुष्पेंद्र पाल,औरकृषि विभाग के कर्मचारी कर्मचंद्र मौर्य को लगाया गया है। मौके पर पुलिस कर्मचारी भी तैनात है।

**विद्युत कर्मियों के हड़ताल से दूसरे दिन भी अंधेरे में डूबा रहा क्षेत्र**

**चंदवक, जौनपुर।** विद्युत कर्मियों के प्रदेशव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन भी पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा रहा। विद्युत अनापूर्ति कारण के पेयजल की समस्या के अलावा रात में सोने के दौरान गर्मी के कारण लोग बिलबिलाते रहे। सबसे ज्यादा व्यापारी गतिविधि प्रभावित रही। क्षेत्र में चंदवक, कसिली व बजरंगनगर फीडर से विद्युत आपूर्ति की जाती है।इन फीडरों पर तैनात विद्युतकर्मी प्रदेशव्यापी प्रस्तावित रात दस बजे से 72 घंटे की हड़ताल से पहले 6 बजे ही आपूर्ति बंद कर चले गए थे जिसके कारण प्रशासन कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाया।सब स्टेशन पर सन्नाटा पसरा हुआ है।पुलिस कर्मी की तैनाती की गई है। विद्युत अनापूर्ति के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है।

## मुर्तजाबाद विद्युत उपकेंद्र पर कर्मचारी ताला लगा कर फरार

**विद्युत की चल रही है सप्लाई चार फिडर से बाधित हुए कई गांव**

**मुफ्तीगंज ।** स्थानीय विकास खंड के मुर्तजाबाद विद्युत उपकेन्द्र पर हड़ताल के दुसरे दिन विद्युत विभाग के कर्मचारी उपकेन्द्र पर ताला जड़ कर फरार है एक सिपाही उपकेन्द्र पर ड्यूटी कर रहे थे क्षेत्र में बिजली न मिलने से किसान परेशान है कितने लोगो का पानी की टंकी सूख गयी किसी तरह जनरेटर से पानी की ब्यवस्था कर रहे है पशुओं के लिए डीजल इंजन से पानी की ब्यवस्था किया जा रहा है इण्टर नेट सेवा भी ध्वस्त है सबसे ज्यादा लोगो को मोबाइल की परेशानी झेलनी पड़ रही है पशुओं का हरा चरा भी कहीं कहीं पानी के कारण सूख रहा है बिजली विभाग के कर्मचारी के दुसरे दिन हड़ताल पर रहने से क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है।

# एसडीएम बनीं शिक्षक, बच्चों को दी गणित व विज्ञान की शिक्षा

**पहल**

**एसडीएम को शिक्षक के रूप में पाकर गदगद हुए छात्र और छात्राएं**

**गौराबादशाहपुर।** प्राथमिक विद्यालय सेनापुर की अचानक निरीक्षण करने पहुची एसडीएम केराकत नेहा मिश्रा को अपने बीच पाकर वहां पढ़ रहे छात्र छात्राएं उस समय गदगद हो उठे जब उन्होंने खुद चाक उठाकर ब्लैक बोर्ड सम्हाला, और शिक्षक के भूमिका में बच्चो को खुद गणित व विज्ञान पढ़ाने शुरू कर दी। प्राथमिक विद्यालय पर तैनात अध्यापक तथा अध्यापिकाएं उनके इस अवतार को देख कर चकित रह गए। कक्षा 4 के पांच बच्चो को उन्होंने गणित का सवाल व विज्ञान के प्रश्नों का सही उत्तर देने पर पुरस्कृत भी किया। बच्चो को पढ़ाने के बाद एसडीएम बच्चो के लिए बन रहे एमडीएम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एस डी एम ने उपस्थित विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को हर रोज एमडीएम बनने के बाद खुद चख कर तब बच्चो को पढोसने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे एमडीएम में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता पता लगेगी। एसडीएम नेहा मिश्रा ने जाते-जाते बच्चो से पुनः जल्दी आने का भी वादा किया। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के शिक्षक व बच्चे उन्हें अपने बीच पाकर काफी प्रसन्न दिखे।



# शिक्षक का दायित्व कक्षा व विद्यालय परिसर तक ही सीमित नहीं है : फादर पी विक्टर

जनसंदेश न्यूज

**अपनी बात**

**समीक्षा एवं कार्य योजना बैठक**

**जौनपुर।** सेंटजॉन्स स्कूल, सिद्दीकपुर जौनपुर के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने सत्र 2022-23 की समीक्षा एवं सत्र 2023-24 की कार्य योजना के लिए बैठक आहूत की।बैठक की शुरूआत प्रार्थना गीत से हुई जिसे दीप्ति कश्यप एवं सहयोगी अध्यापिकाओं ने गाया। रुखसार फातिमा ने पवित्र कुरान से रंजना पांडेय ने पवित्र गीता एवं सिस्टर जेनिथा ने पवित्र बाइबिल से पाठ किया।

युद्धरत देशों में शांति के लिए पूर्णिमा पाठक ने शांति पाठ किया। पिछली बैठक में हुई घटनाओं की जानकारी तबस्सुम हसन ने मिनट्स टू मिनट्स वाचन करके बताया।सिस्टर सावरी ने वाराणसी धर्म के धर्माध्यक्ष बिशप फादर यूजीन जोसफ के द्वारा प्रेषित विद्यालय के उद्देश्यों को पढ़ा। इसके बाद विद्यालयों के समिति-प्रभारियों ने अपनी-अपनी समितियों की आख्या प्रस्तुत की।अरविंद कुमार मिश्र ने अनुशासन समिति की, चंचल सिंह ने प्रार्थना सभा समिति की,सिस्टर सेबेस्टिना ने सूचना-पट्ट समिति की, कनीज पँजातन ने मुख्य-सूचना-पट्ट समिति की,सौरभ सिन्हा ने स्कूल न्यूज बुलेटिन समिति की, नुरूस सबा ने समसामयिकी समिति,परवेज अहमद ने प्रतियोगी परीक्षा समिति की, शिक्षणेत्तर क्रिया कलाप समिति की आख्या आर आर प्रसाद ने प्रस्तुत किया।इसके अतिरिक्त आरिफा बुसरा ने सर्टिफिकेट एंड मेडल कमेटी की, दीप्ती कश्यप ने समारोह एवं उत्सव समिति की, समीना फारूकी ने मंच सज्जा समिति की,अंशू सोनी ने जलपान समिति की, सिस्टर जेनिथा ने प्राथमिक उपचार समिति की,सिस्टर सावरी ने प्रार्थना समिति की,गिरीश कुमार गुप्ता ने पॉक्सो समिति की, माया राय ने स्कूल फेस कमेटी की,संगीता सिंह ने सामाजिक कार्य समिति की, प्रेमशंकर यादव ने चाइल्ड प्रोटेक्शन कमेटी की एवं रामजी तिवारी ने मीडिया समिति की आख्या प्रस्तुत किया।सत्र 2022-23 की आख्या का मूल्यांकन करने के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने सत्र 2023-24 हेतु कार्य योजनाओं पर विचार विमर्श किया।फादर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज का निमार्ता है और उसका दायित्व कक्षा एवं विद्यालय परिसर तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। शिक्षक की प्राथमिकता समाज के मार्गदर्शन की होती है न कि अर्थ प्राप्ति की।कमजोर एवं अनुशासनहीन विद्यार्थियों के प्रति शिक्षक की भूमिका और भी गुरुतर हो जाती है। उनका विद्यालय से निष्कासन समस्या का हल नहीं है।ऐसे विद्यार्थी यदि विद्यालय से निष्कासित किए जाते हैं तो समाज के लिए बहुत ही घातक स्थिति बन जाती है। इसके लिए फादर ने तीन विद्यार्थियों हिटलर,मुसोलिनी एवं स्टॅलिन का उदाहरण दिया जो अपनी अनुशासनहीनता के कारण विद्यालय से निष्कासित हुए और तानाशाह बनकर समाज के लिए घातक बने। ऐसे विद्यार्थियों की देखरेख की जिम्मेदारी अध्यापक की ही है ताकि वे स्वयं एवं समाज के लिए घातक न बन सकें।



## संक्षेप

### विजय मोदनवाल समाज के बने अध्यक्ष



**सुजानगंज/जौनपुर।** मोदनवाल समाज की एक बैठक की गई, जिसमें विजय कुमार मोदनवाल को सर्वसम्मति से सुजानगंज का अध्यक्ष बनाया गया, यह पद प्रमोद मोदनवाल के आकस्मिक निधन से रिक्त चल रहा था, अध्यक्ष पद के अतिरिक्त छोटेलाल मोदनवाल व अवनीश मोदनवाल का चयन सदस्य के रूप में किया गया है, जिसमें राजेंद्र प्रसाद मोदनवाल, शीतला प्रसाद, ओम प्रकाश मोदनवाल, राकेश मोदनवाल, पंकज मोदनवाल, विरेंद्र मोदनवाल, सुभाष मोदनवाल, राजीव संजय व मोदनवाल समाज के अन्य विशिष्ट गण उपस्थित रहे, समस्त सुजानगंज मोदनवाल समाज के नए अध्यक्ष का चयन होने पर लोगों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी,

### डेलीकेसी के चुनाव में इन्द्रदेव दूबे , राजकुमार तिवारी व सीमा देवी हुए विजयी

**पवांरा (जौनपुर)।** विकासखण्ड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के अन्तर्गत साधन सहकारी समिति पवांरा पर शनिवार को डेलीकेसी का चुनाव शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिसमें पवांरा प्रथम से इन्द्रदेव दूबे 126 मत बनकट द्वितीय से राजकुमार दूबे 26 मत व सराय पवांरा तृतीय से सीमा मिश्रा 78 मत पाकर विजयी हुई। विजयी प्रत्याशियों को उनके समर्थकों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसबल तैनात रही और चुनाव शान्तिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

### गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा (जौनपुर)।** पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ व गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत गैरजमानती वारंटी केशव प्रसाद उर्फ केशवलाल गौतम पुत्र रामदवर निवासी-जखनिया थाना-पवांरा, जौनपुर को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक अंजनी सिंह ने पुलिसटीम के साथ 18 मार्च दिन शनिवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### बच्चों ने लगाई बाल विज्ञान प्रदर्शनी



**सुजानगंज/जौनपुर।** बाल विज्ञान प्रदर्शनी में क्लास 6,7,8, के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया, बच्चों द्वारा कड़ी मेहनत करके बनाए गए विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया, जिसमें स्कूल के प्रबंधक विवेक कुमार मौर्य एवं अमित कुमार शुक्ला प्रधानाचार्य द्वारा अवलोकन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान सावन मौर्या जो कि झटका मशीन बनाएं, द्वितीय स्थान पर निर्भय सिंह घर बनाए, तृतीय स्थान पर अंशु कुमार लिफ्ट बनाएं, प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक दीपक कुमार यादव, रामआशीष उपाध्याय, छोटेलाल तिवारी, राजू विश्वकर्मा, ज्योति मौर्या, रमेश सरोज, कुंदन मिश्रा, बृजेश आदि लोग उपस्थित मौजूद रहे/

### आईटीआई में कैंपस सेलेक्शन

**जौनपुर।** राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दिकपुर जौनपुर के कैम्पस में 21 मार्च 2022 को कम्पनी- मदरसन प्रा0लि0 नोएडा द्वारा कैम्पस सेलेक्शन किया जा रहा है जिसमें 10 वीं के साथ आई0टी0आई0 (सभी ट्रेड से पास) अभ्यर्थी जिनकी उम्र 18 से 28 वर्ष हो जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं वे अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र, छायाप्रति, फोटो, आधार कार्ड व बायोडाटा बैंक पास बुक इत्यादि के साथ समय प्रातः 10.00 बजे राजकीय आई0टी0आई0 सिद्दीकपुर, जौनपुर के कैम्पस में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उक्त जानकारी प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने दी है।

### हिन्दू लड़की को भगा ले गया मुस्लिम लड़का

**पवांरा (जौनपुर)।** पवांरा थानाक्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव की हिन्दू समाज की लड़की को 16 मार्च दिन गुरुवार समय करीब 11 बजे मुस्लिम युवक हफीजुर्रहमान पुत्र मो. हसन, साफिया पुत्री मो. हसन निवासी-अतरी नानपारा थाना-धरम सिंधवा जिला संतकबीरनगर बहला-फुसलाकर भगा ले गये। पुलिस उपरोक्त दोनों के खिलाफ अपहरण, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है। थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने बताया कि लड़की अपने माता-पिता के साथ गुजरात में रहती थी। पड़ोस में ही रह रहा हफीजुर्रहमान अकेला पाकर लड़की के साथ छेड़खानी करता था। लड़की के माता-पिता उसे पवांरा थानाक्षेत्र में पड़ने वाले उसके ननिहाल में पहुंचा दिये और गुरुवार को उपरोक्त दोनों आये और लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गये । मुकदमा दर्जकर जांच-पड़ताल की जा रही है।

### सड़क पार करने के दौरान एक घायल

**शाहगंज/जौनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत चिरैया मोड़ के समीप सड़क दुघर्टना में बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। क्षेत्र के अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड़ के समीप सड़क पार करने के दौरान आजमगढ़ जनपद के पवई थाना क्षेत्र के खैरुदीनपुर गांव निवासी 55 वर्षीय एहसान अली पुत्र अब्दुल हमीद तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने उक्त घायल को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### अरहर के खेत से बरामद मृत किशोरी की हुई पहचान

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित असवाँ गांव में अरहर के खेत मे शुक्रवार की शाम बरामद मृत किशोरी की पुलिस ने पहचान कर ली है। देर रात अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर संदिग्धों के घर दबिश भी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंवारा थाना क्षेत्र के टिकरा गांव निवासी रामजी प्रजापति (होमगार्ड) की बेटी रूपा की गला रेत कर अज्ञात हत्यारों ने उसे मीरगंज थाना क्षेत्र के असवाँ गांव स्थित एक अरहर के खेत मे फेंक दिया था। जिसे शुक्रवार की शाम 5 बजे नीलगाय खदेड़ने गए शरद मिश्र ने देखा था। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता व जंघई चौकी प्रभारी राम विलास ने खेत से निकाल कर उसकी पहचान कराने की कोशिश की थी। इसी संदर्भ में पंवारा पुलिस के सहयोग से मीरगंज पुलिस मृतका के घर रात में ही पहुंच कर पूंछ तांछ की और संदिग्धों के घर देर रात छापे मारी भी किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मीरगंज बृजेश कुमार ने कहा कि अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही पुलिस हत्यारों तक पहुंच जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 11 मामलों का निस्तारण

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर के मान्यवर काशीराम सामुदायिक भवन में किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा मौके पर मौजूद फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने ने समस्त एस०ओ० को निर्देशित किया है कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाये। इस मौके पर 93 फरियादियों द्वारा प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें मौके पर ही 11 शिकायती प्रार्थना-पत्र का निस्तारण किया गया एवं 04 टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारित कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने समस्त लेखपालों को निर्देशित किया कि भूमि संबंधी शिकायतों को त्वरित गति से निस्तारण किया जाए।

समाधान दिवस के अवसर पर शिवशंकर लाल, मुंगराबादशाहपुर द्वारा पुश्तैनी मकान पर नामांतरण से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसपर जिलाधिकारी ने ई०ओ० मुंगराबादशाहपुर को नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सुरेश चंद्र ग्राम बढौली नोनियान थाना सिकरारा तहसील सदर द्वारा पत्थर गड्डी होने के बाद पत्थर उखाड़कर फेंकने का प्रार्थना पत्र के संबंध एस०ओ० सिकरारा को निर्देशित किया कि पत्थर उखाड़ने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें। महेंद्र प्रताप यादव ग्राम नाथूपुर पोस्ट अहमदपुर ने चकमार्ग के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें जिलाधिकारी ने बी०डी०ओ० सिरकोनी एवं एस०ओ० जफराबाद को पुलिस की मौजूदगी में उचित स्थल पर चकमार्ग निर्माण कराते हुए 7 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। आज के समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त हुई जिसपर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करें और शिकायतों का निस्तारण ऐसा किया जाए जिससे शिकायतकर्ता को दोबारा शिकायत न करना पड़े। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० लक्ष्मी सिंह, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, उपजिलाधिकारी सदर, सी०ओ० चकबंदी सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाधान दिवसः एसडीएम ने 108प्रार्थना पत्रों में से 7 का निस्तारण किया

**केराकत।** केराकत में शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में कुल 108 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें से 7 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। प्रार्थना पत्रों का निस्तारण एसडीएम नेहा मिश्रा ने किया। इस मौके पर तहसीलदार अमित कुमार, ईओ संदीप कुमार सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**बिजली न मिलने से क्षेत्र के किसान परेशान**

**शाहगंज/जौनपुर।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एडीएम राम अक्षैबर चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। फरियादियों द्वारा कुल 100 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। मौके पर 9का निस्तारण हुआ।शेष प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार, न्यायिक एसडीएम अंकित कुमार, तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह, नयाब तहसीलदार अमित सिंह समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष, राजस्व कर्मी व सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ओवरब्रिज के लिये मिला 67 करोड़ का बजट

जनसंदेश न्यूज

**उपलब्धि**

**मछलीशहर सांसद का प्रयास सराहनीय**

**जफराबाद।** क्षेत्र के जफराबाद रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनने के लिए 67 करोड़ का बजट सांसद मछलीशहर बीपी सरोज के प्रयास से स्वीकृत किया गया है। जफराबाद स्टेशन के 38 (ए) गेट संख्या सबसे बिजी मार्ग पर स्थित है।जफराबाद स्टेशन से पूरे 24 घण्टे में सौ से ज्यादा गाड़ियों का आवागमन होता है। इसके कारण यह गेट ज्यादा समय बन्द ही रहता है।लोगों को हमेशा इंतजार करना पड़ता है।

इस गेट के बन्द रहने के कारण कई लोगो की उपचार के अभाव मे वर्षो पूर्व मौत भी हो चुकी है। लोगो की कई दशकों की मांग थी कि उक्त क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाया जाय। लोगों की मांग तथा आवश्यकता को देखते हुए सांसद बीपी सरोज ने तीन वर्षों में रेलमंत्री से पांच बार तथा मुख्यमंत्री से दो बार मुलाकात कर के उक्त ओवर ब्रिज के लिए धन स्वीकृत करवाया। ज्ञात हो उक्त ओवरब्रिज के बनने से जफराबाद बाईपास का महत्व बढ़ जाएगा इसके साथ ही गाजीपुर से आवागमन नजदीक तथा सुलभ हो जाएगा।साथ ही हजारों लोगों को फायदा पहुचेगा। इस बारे में पूछने पर सांसद बीपी सरोज ने बताया कि मैंने लोगों की जरूरत तथा बेहद आवश्यक मांग को ध्यान में रखते हुए लगातार प्रयास करता रहा।आखिर में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उक्त ओवरब्रिज के लिए धन तथा मंजूरी स्वीकृत कर दिया।श्री सरोज ने बताया कि 15 मार्च को इसका पत्र जारी हो गया है।मई जून तक काम टेंडर निकल जायेगा।



# एसडीएम भदोही पर गम्भीर आरोप लगाकर अधिवक्ताओं ने दिया धरना

**रोष**

### मण्डलायुक्त को एसडीएम भदोही को स्थानांतरित करने के लिए भेजा शिकायती पत्र



तहसील परिसर भदोही में एसडीएम के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**भदोही।** एसडीएम भदोही पर तानाशाही रवैये वादकारियों व अधिवक्ताओ को अपमानित, हैरान व परेशान करने तथा न्यायालय में भ्रष्टाचार बढ़ाने एवं दलालो को चेंबर व बंगले में बैठा कर गलत आदेश करने का आरोप लगाकर शनिवार को भदोही बार एसोसिएशन तहसील भदोही के अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया व कमिश्नर विंध्याचल मंडल मिजार्पुर को एसडीएम भदोही को स्थानांतरित करने का शिकायती पत्र दिया।

मण्डलायुक्त को दिए गए शिकायती पत्र में अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश राजस्व अधिनियम की धारा 38 की लगभग 120 पत्रावलियों को नवंबर से वाद दर्ज कर विचाराधीन किया गया है। जबकि उक्त पत्रावली अविवादित हैं। अविवादित होने के बावजूद हैरान और परेशान किया जाता हैं, जिससे अधिवक्ताओं व वादकारियों में हताशा व निराशा है। अधिवक्ताओं ने माँग किया कि ऐसी स्थिति में एसडीएम भदोही का अन्य तहसील में स्थानांतरण कर किसी अन्य उप जिलाधिकारी को भदोही में तैनात किया जाए। इस मौके पर भदोही बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चंद यादव, गौरी शंकर एडवोकेट, जितेंद्र प्रसाद, पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार मिश्रा, बालेन्द्र प्रसाद मिश्रा, परिमल कुमार श्रीवास्तव, नरेंद्र उपाध्याय, महेंद्र कुमार बिंद आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

# एक हजार कैदियों की क्षमता वाले जिला कारागार के निर्माण का रास्ता साफ

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** जिला कारागार के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। शनिवार को जिला जेल के निर्माण के जद में आने वाले 24 किसानों ने तहसील में स्थित उपनिबंधक कार्यालय में पहुंचकर अपने-अपने हिस्से के भूमि को उसके निर्माण के लिए रजिस्ट्री कर दी। जिसके एवज में उन किसानों को 3 करोड़ 50 लाख 71 हजार रुपए का चेक बतौर मुआवजा दिया गया।

मुसीलाटपुर गांव में 60 एकड़ में एक हजार कैदियों के क्षमता वाले जिला कारागार का निर्माण होगा। इसके निर्माण के लिए 44 एकड़ ग्राम समाज की भूमि तहसील प्रशासन द्वारा उपलब्ध करा दी गई थी।

लेकिन फिर भी निर्माण के लिए और जमीन की आवश्यकता थी। शेष 16 एकड़ जमीन देने के लिए वहां के किसान भी राजी हो गए थे। प्रशासन द्वारा मुआवजे के रूप में 24 करोड की मांग शासन से की गई थी। शासन द्वारा मुआवजे के लिए धन उपलब्ध करा दी गई है। शनिवार को बचे हुए किसानों में



रजिस्ट्री करने के बाद मुआवजे के चेक के साथ किसान और साथ मे खड़े रजिस्ट्रार, जेलर और तहसीलदार

से 24 किसानों ने रजिस्ट्री आफिस में पहुंचकर अपने-अपने हिस्से की जमीन को जिला कारागार के लिए रजिस्ट्री कर दी। जिसके एवज में उन किसानों को चेक के द्वारा 3 करोड़ 50 लाख 71 हजार रूपया मुआवजा दिया गया। जिसके स्टाम्प शुल्क पर 24 लाख 54 हजार 970 रुपये लगा। इसके साथ ही अभी कुछ बचे हुए और किसानों से उनकी जमीन की रजिस्ट्री कराई जाएगी। इस दौरान वहां पर सब रजिस्ट्रार यादवेंद्र द्विवेदी, जेलर राजेश वर्मा व लेखपाल रिशुन कुमार मौजूद रहें।

# मखमली कालीनों ने आयातकों को लुभाया, बढ़ा व्यापार

**उपलब्धि**

### 500 करोड़ के व्यवसाय की संभावनाओं के साथ 44वें कार्पेट एक्सपो का समापन



इंडिया कार्पेट एक्सपो में लगे स्टाल पर कालीन देखते विदेशी खरीदार

**भदोही।** 15 मार्च से एनएसआईसी प्रदर्शनी ग्राउंड, ओखला, नई दिल्ली में कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित इंडिया कार्पेट एक्सपो के 44वें संस्करण का 68 देशों के 366 खरीदारों से 400 से 500 करोड़ का व्यवसाय उत्पन्न होने की संभावनाओं के साथ शनिवार को समापन हो गया।

सीईपीसी के अध्यक्ष उमर हमीद ने कहा कि हमारे पास खरीदारों से एक मजबूत प्रतिक्रिया थी, जिन्होंने परिषद द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की, उन्होंने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के थे, इसी का नतीजा रहा कि इस एक्सपो में 68 देशों के 366 खरीदार शामिल हुए। और इस एक्सपो से लगभग रु. 400 से 500 करोड़ का व्यवसाय उत्पन्न होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्पेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने देश भर के 275 प्रतिष्ठित छोटे, मध्यम और बड़े निमार्ता निर्यातकों के उत्पादों को प्रदर्शित किया, जिनमें यूपी, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, पंजाब, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश आदि शामिल हैं। मुकेश कुमार गोम्बर, उपाध्यक्ष, सीईपीसी और अनिल कुमार सिंह, असलम महबूब, उमेश कुमार गुप्ता मुन्ना, दर्पण बरनवाल, फिरोज वजीरी, इम्तियाज अहमद, मोहम्मद वासिफ अंसारी, राम दर्शन शर्मा, रोहित गुप्ता, राम मौर्य, गुलाम नबी भट, शेख आशिक अहमद, बोध राज मल्होत्रा, महावीर प्रताप शर्मा, विजेंदर सिंह जागलान, प्रशासन समिति के सदस्यों ने सभी सदस्यों और खरीदारों को उनके समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद दिया, जो उन्होंने परिषद के कार्यक्रम के बाद आयोजित किए। अध्यक्ष, सीईपीसी ने इस एक्सपो को एक बड़ी सफलता बनाने के लिए परिषद की पूरी टीम को उनके दिन रात के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं



**भदोही।** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के द्दष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, प्रभागीय वनाधिकारी नीरज आर्य, उप जिलाधिकारी औराई लालबाबू दुबे ,तहसील ज्ञानपुर में उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय एवं तहसील भदोही में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण सिंह, उप जिलाधिकारी कृपा शंकर पांडेय व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया। उपस्थित अधिकारियो के समक्ष विभिन्न विभागो से संबंधित तहसील औराई में कुल 52 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से डीएम द्वारा 04 प्रार्थनापत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 48 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में तहसील भदोही में अधिकारियो द्वारा कुल 92 प्रार्थना पत्रो में 13 का निस्तारण तथा तहसील ज्ञानपुर में एसडीएम द्वारा कुल 17 प्रार्थनापत्रो में 06 का निस्तारण किया गया।

## बेमौसम बारिश ने बढ़ाई अन्नदाताओं की चिंता

**ज्ञानपुर।** मौसम के रुख में फिर से बदलाव हुआ है। शनिवार की शाम हुई तेज बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती कुछ क्षेत्रों में ओले भी गिरे। मौसम में यह बदलाव फसलों के लिए काफी नुकसानदायक माना जा रहा है। उधर बाजारों में कीचड़.फिसलन से राहगीरों की मुश्किल बढ़ गई है। शनिवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। दोपहर के बाद बारिश शुरू हो गई। कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां मौसम वैज्ञानिक सर्वेश बरनवाल के मुताबिक रविवार को भी जनपद के कुछ हिस्सों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। आपको बतादें कि एक दिन पूर्व ही कृषि विज्ञान केंद्र बेजवां के मौसम वैज्ञानिकों ने शुक्रवार को बूंदाबांदी और शनिवार को गरज चमक के साथ बारिश होने की भविष्यवाणी की थी जो सही साबित हुई। वैज्ञानिकों का मानना है कि बारिश से गेहूं के अलावा अन्य फसलों को नुकसान हो सकता है। लिहाजा किसान सावधानी बरतें। फसल में किसी तरह का बदलाव नजर आते ही तत्काल विशेषज्ञों से संपर्क करें। शनिवार को भदोही, ज्ञानपुर, गोपीगंज, चौरी, सुरियांवा आदि स्थानों पर बारिश के दौरान कुछ देर के लिए ओले भी गिरे।

# बिजली कर्मियों ने सीएम से की हस्तक्षेप करने की मांग

**अपनी बात**

### हड़ताल सिर्फ ऊर्जा प्रबंधन की हठधर्मिता के कारण हुआ, नहीं है कर्मचारियों का कोई दोष



हरियांव स्थित अधिशासी अभियंता विधुत परीक्षण खंड कार्यालय पर धरना देते विद्युत कर्मी

**भदोही।** सोलह मार्च से ही बिजलीकर्मी कार्यो का बहिष्कार करके हड़ताल पर बैठे हैं। भदोही शहर के हरियांव स्थित अधिशासी अभियंता विधुत परीक्षण खंड कार्यालय पर धरना देते हुए विद्युतकर्मियों ने अपनी बात रखते हुए अपील की हैं।

विद्युत कर्मियों ने बताया कि गत 3 दिसंबर 2022 को ऊर्जा राज्य मंत्री की उपस्थिति में, ऊर्जा प्रबंधन एवं संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के बीच 14 मांगों पर सहमति बनी और ऊर्जा मंत्री द्वारा इसे क्रियान्वित कराने हेतु 5 दिन का समय मांगा गया था और उस दौरान हो रहे आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। धीरे-धीरे दिन बीत गए। संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा सहमति पत्र को क्रियान्वित कराने हेतु पत्र के माध्यम से बार-बार अनुस्मारक भेजा गया परंतु शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। फिर संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों द्वारा यह अवगत कराया गया कि अगर उक्त 14 मांगों, जिन पर सहमति बनी है, को क्रियान्वित नहीं किया गया तो पहले मशाल जुलूस, कार्य बहिष्कार और उसके बाद सांकेतिक रूप से 72 घंटे का हड़ताल किया जाएगा। फिर भी ऊर्जा प्रबंधन द्वारा इसे नजरअंदाज किया गया। जिसका परिणाम आज देखा जा रहा है। यह हड़ताल सिर्फ ऊर्जा प्रबंधन की हठधर्मिता के कारण हुआ है ना कि कर्मचारियों का दोष है।

हम कर्मचारियों का ऐसा कोई भी उद्देश्य नहीं था कि हम आम जनता की परेशानी का सबब बने।

हम लोग हमेशा से आम जनता की विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रहे। इसके लिए तत्पर रहते हैं, परंतु 'शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन का सहयोग नहीं मिल पाया।' जिसका नतीजा यह रहा की हड़ताल की नौबत आ गई। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समझौते को लागू कराने हेतु प्रभावी हस्तक्षेप करने की पुनः अपील की है।

## विद्युत आपूर्ति पर डीएम व एसपी की पैनी नजर

**स्ट्राइक के बावजूद भी जनपद में विद्युत व्यवस्था का किया जा रहा बेहतर संचालन**

**विद्युत की शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम किया गया है स्थापित**

**ज्ञानपुर।** विद्युत कर्मचारियों द्वारा प्रदेश स्तरीय हड़ताल के बावजूद भी जनपद की विद्युत व्यवस्था बेहतर चल रही है। जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी डॉ. अनिल कुमार विद्युत आपूर्ति पर पैनी नजर रखे हुए हैं। डीएम व एसपी के संयुक्त निर्देशन में जनपद के सभी विद्युत सबस्टेशनों पर ड्यूटीरत पुलिस व प्रशासनिक कर्मियों द्वारा लगातार सतर्क द्दष्टि रखते हुए निर्बाध रूप से विद्युत सप्लाई की जा रही है। डीएम व एसपी के निर्देश पर पुलिस व प्रशासनिक टीमों द्वारा लगातार सभी क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर स्वाभाविक व सामान्य टेक्निकल फाल्ट को भी बेहतर तरीके से अटेंड करते हुए अल्पसमय में दुरुस्त किया जा रहा है। विद्युत सप्लाई सम्बंधित शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। स्थापित कंट्रोल रूम में ड्यूटीरत कर्मियों द्वारा चौबीस घंटे अनवरत विद्युत सम्बंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। पुलिस व प्रशासनिक टीमों द्वारा लगातार सतर्क द्दष्टि रखते हुए प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा रहा है। हड़ताल के दौरान भी आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने के लिए भदोही पुलिस व प्रशासन प्रतिबद्ध है।

# बिना किसी दलाल के किसानों के खाते में भेजा जा रहा सम्मान निधि : सांसद



राम जानकी मंदिर परिसर में चल रही नमामि गंगे परियोजना गोष्ठी में अपने विचार रखते सांसद

**भदोही।** सीतामढ़ी राम जानकी मंदिर परिसर में चल रहे नमामि गंगे परियोजना गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए सांसद डॉ रमेश चंद्र बिंद ने कहा काफी दिनों से भारत के अस्मिता एवं स्वाभिमान भारत की विदेश नीति के कारण अटका हुआ था लेकिन वर्तमान मोदी सरकार ने 500 वर्ष पुराने विवादित राम जन्मभूमि मंदिर को बनवाया। साथ ही पूर्व सरकार की कमियों के कारण कश्मीर में धारा 370 लगानी पड़ी थी जिसे मोदी सरकार ने हटा करके कश्मीर जो विवादित स्थल था उसे भारत में पूर्ण रूप से सम्मिलित कर लिया।

उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों एवं किसानों को मिलने वाले खाद बीज कृषि यंत्र पर सब्सिडी की चर्चा की तथा प्रधानमंत्री सम्मान निधि के रूप में 6000 सालाना बिना किसी दलाल के किसान के खाते में पैसा भेजा जारहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने पूर्व सरकारों के गुंडाराज एवं माफिया राज की चर्चा की तथा योगीराज के कार्यों की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिले के मुख्य विकास अधिकारी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा सांसद के व्यवहार एवं जनता से मिलने में सरलता की प्रशंसा की। इस अवसर पर कृषि विभाग के मुखिया डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने विभागों द्वारा एवं कृषि विभाग द्वारा चलाए जा रहे नमामी गंगे परियोजना के विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर शिशिर कुमार, कृषि विशेषज्ञ डॉ रामेश्वर सिंह एवं शिवचंद यादव ने भी किसानों को संबोधित किया। जिला सूचना अधिकारी पंकज कुमार भूमि संरक्षण अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी आदि भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## जागरूकता शिविर का आयोजन

**जौनपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जौनपुर यू0पी0 सिंह ने अवगत कराया है कि 20 मार्च 2023 को अपरान्ह 03.00 बजे राजकीय पालिटेक्निक जगदीशपुर जौनपुर में एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त जागरुकता कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम यांजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। जनपद मे निवास करने वाले ऐसे बेरोजगार नवयुक्त/ युवतियां जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो तथा कक्षा 8 या, उससें अधिक उत्तीर्ण हो तथा उपयुक्त टेडो में प्रशिक्षण प्राप्त हा जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## 36 मत से सुधा हुईं विजयी

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के मुर्तजाबाद साधन सहकारी समिति पर डेलीगेट चुनाव में सुधा राय पत्नी अशोक राय को 196 मत और सीमा राय पत्नी ऋषि राय को 160 मत मिला सुधा राय ने सीमा राय को 36 मत से पराजीत किया साधन सहकारी समिति दुगौली पर इटैली से जयप्रकाश यादव अपने प्रतिद्वन्दी को 16 मत से पराजीत किया बिझवार सागर से विजय तिवारी जीत हासिल किया।

# विद्यालयों से होता है व्यक्तित्व का विकास : गिरीश चन्द्र



जनसंदेश न्यूज

**सरकी जौनपुर।** सरकी क्षेत्र में स्थित एस.पी कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह शुक्रवार को धूमधाम से संपन्न हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवम युवा कल्याण विभाग ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास होता है। साथ ही जहां विद्यालय खुलता है वहां उस क्षेत्र का भी विकास होता है।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। बेहतरीन प्रदर्शनी वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी दिया गया। संचालन रामकृपाल यादव ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डा बीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, दिनेश चौधरी, सैदपुर के ब्लॉक प्रमुख हीरा यादव, सर्वेश दीक्षित आदि मौजूद रहे। प्रिंसीपल आकाश सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

## संक्षेप

### डेली गेट चुनाव में हुआ बवाल

**मुफ्तीगंज केराकत।** कोतवाली के मुर्तजाबाद साधन सहकारी पर डेली गेट के चुनाव में दोनो प्रत्यासी के समर्थक आपस में दोपहर में वोट देने को लेकर भीड़ गये मौके पर केराकत कोतवाली के प्रभारी संजय वर्मा मुफ्तीगंज चौकी प्रभारी शिव प्रसाद पान्डेय गौराबादशाहपुर थाना प्रभारी देवानन्द मय फोर्स के साधन सहकारी मुर्तजाबाद पहुंच कर भीड़ को तितर बितर किया लात घुसा से मार करने वालो को चार लोगो को गिरफ्तार कर केराकत कोतवाली ले गये बीच में कुछ मिनट के लिए मतदान रोक दिया गया था पुलिस प्रसाशन के पहुंचने पर फिर मतदान शुरू हुआ।

### दिलीप के माता के निधन पर पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

**मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय नगर के प्रमुख तिराहे स्थित कार्यालय पर पत्रकारों ने एक शोकसभा पत्रकार मो जफर खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार एवम दैनिक भास्कर के ब्यूरो चीफ दिलीप शुक्ल के 85 वर्षीय माता जी के निधन पर दो मिनट तक मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मो जफर खान ने कहाकि ईश्वर उनकी माता जी की आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार कें सभी लोगो को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करे। शोक सभा में प्रमुख रूप से बृजेश कुमार पांडेय, मो फहीम अंसारी, नानक चंद्र त्रिपाठी, गोपाल जी पांडेय, विक्की कुमार आदि पत्रकार शामिल हुए।

### मंडल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विजेता बच्चे सम्मानित

**जफराबाद।** सिरकोनी ब्लॉक के विभिन्न परिषदीय स्कूल के बच्चों को मंडल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले प्रतियोगी खिलाड़ियों को बीआरसी सिरकोनी में सम्मानित किया गया। मंडल स्तरीय क्रीड़ा में जूनियर वर्ग 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में पदक जीतने वाले कंपोजिट सेहमलपुर के कक्षा आठ का छात्र शिवम, गोला फेंक एवम चक्का फेंक में दो पदक जीतने वाले गोंडा खास के कक्षा आठ के छात्र पिंटू,तथा बालिका वर्ग में 200 एवम 400 मीटर में पदक जीतने वाली कंपोजिट सेहमलपुर की छात्रा अंशिका एवम प्राथमिक वर्ग के लंबी कूद में पदक जीतने वाले प्राथमिक विद्यालय सुरुहूरपुर के कक्षा पांच के छात्र अजय कुमार को सम्मानित किया गया ।सिरकोनी के खंड शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल ने उक्त छात्र छात्राओं को ट्रैक सूट एवम जूता मोजा देकर सम्मानित किया। खेल में अप्रतिम योगदान के लिए ब्लॉक व्यायाम शिक्षक संजय सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका प्रियंका सिंह,कोच रईस खान,दिनेश यादव,दिलीप कुमार को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने अंगवस्त्रम और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने कहा कि खेल बच्चो के शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास में सहायक है, इसलिए खेलो को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी सिरकोनी कन्हैयालाल ने खेल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि खेल के बिना व्यक्तित्व का विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम की संचालन कुंवर दरोगा सिंह ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री राकेश पांडेय, अशोक राजभर, महेंद्र प्रताप सिंह, अमित सिंह, संजय सिंह, सुनील सिंह, निशा सिंह, ऊषा सिंह, सरिता सिंह, छाया सिंह, सुषमा पाठक, रामकृष्ण विश्वकर्मा, रामू गुप्ता, विजयपाल, केशव, मिथिलेश, ऊषा पाल, सुषमा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



### भोला प्रसाद सेठ व विजय कुमार हुए विजयी

**महराजगंज।** साधन सहकारी समिति महराजगंज अंतर्गत फत्तूपुर समिति पर शनिवार को सचिव सर्वदेव दूबे के नेतृत्व में सुबह मतदान शुरू हुआ। सवंसा द्वितीय से प्राप्त 108 मत में 69 मत भोला प्रसाद सेठ व 37 मत बद्रीप्रसाद को प्राप्त हुआ वहीं मत रिजेक्ट हुआ ऐसे में भोला प्रसाद सेठ 32 मतों से संचालक मंडल सदस्य के रूप में विजयी घोषित हुए। वहीं डेल्हूपुर केवटली से विजय कुमार 48 मत व नन्दलाल 19 मत प्राप्त किए जिसमे विजय कुमार 29 मतों से विजयी घोषित हुए।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# दरोगा को न्यायालय में हाजिर न कराने पर कोर्ट ने थानाध्यक्ष को भेजी नोटिस

**जौनपुर।** विशेष न्यायाधीश (एससी/ एसटी एक्ट) की अदालत ने अनुसूचित जाति के पत्रकार को मारने की धमकी देने व गाली-गलौज के आरोप में पवांरा थाने पर तैनात दरोगा नागेश्वर शुक्ला को गैर-जमानती वारंट जारी किया था लेकिन अभी तक दरोगा न कोर्ट हाजिर हुए और न ही उन्हें हाजिर कराया गया, जिसके सम्बन्ध में न्यायालय ने थानाध्यक्ष पवांरा के विरुद्ध नोटिस जारी किया है।

एक राष्ट्रीय अखबार के पत्रकार अर्जुन ने न्यायालय में परिवाद दाखिल किया था कि पवांरा थानाक्षेत्र में जुआ खेलने, बोलेरो चोरी का खुलासा न होने तथा कोरोना काल में प्रतिबंध के बावजूद दुकान खुली रहने के समाचार को पेपर में प्रकाशित करने से थाने पर तैनात दरोगा नागेश्वर शुक्ला नाराज हो गये थे। 23 मई 2021 को करीब दस बजे उपरोक्त घटनाओं के बारे में परिवादी दरोगा नागेश्वर शुक्ला से जानकारी लेने गया तो उन्होंने उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली देते हुए हाथ-पैर तोड़ने व फर्जी केस में फंसाने की धमकी दिया और पुनः उसी दिन करीब एक बजे दरोगा नागेश्वर शुक्ला परिवादी के घर गये और पुनः भद्दी -भद्दी गालियां दी तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया जिस पर न्यायालय ने परिवाद दर्जकर लिया था और तलब भी किया था। जमानत वारंट जारी होने के बावजूद दरोगा न्यायालय में हाजिर नहीं हुए फिर न्यायालय ने दरोगा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारीकर 14 जनवरी को न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया था लेकिन हाजिर नहीं हुए। 17 मार्च दिन शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) की अदालत ने थानाध्यक्ष पवांरा को न्यायालय के आदेश का अनुपालन न करने के संबंध में नोटिस जारी करते हुए लिखा कि अभियुक्त दरोगा नागेश्वर शुक्ला को न्यायालय में हाजिर नहीं कराये जो घोर लापरवाही का द्योतक है।

# समरसता और भाईचारे का त्योहार है होली

**बोले बृजेश सिंह प्रिंशु**

### कोटेदार संघ ने मनाया होली मिलन कार्यक्रम



**जौनपुर।** होली ऊंच-नीच अमीरी गरीबी जात पात के भेदभाव को भूलाकर आपसी भाईचारे और समरसता का त्यौहार है एक दूसरे से गले मिलने का परिचायक है कि हम सब एक हैं।

उपरोक्त बातें विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंशू ने नगर के एक लॉन में नगर कोटेदार संघ द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। आगे उन्होंने कहा कि आप सब कोटेदार जनता से जुड़े हुए हैं सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य कर- के हर इंसान को गल्ला पहुंचाने वह खुशी देने का कार्य कर रहे हैं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन ने कहा कि इस तरह के त्यौहार व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए किससे आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है विशिष्ट अतिथि राजेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष कोटेदार संघ ने कहा कि नगर कोटेदार संघ ने एक मिसाल कायम किया है एक पहल किया है हम सभी कोटेदार एक हैं कार्यक्रम की शुरूआत लोकगीत व भजन गायक अभिषेक मयंक व कुसुमलता सोनकर ने मां की वंदना से किया उसके बाद एक से बढ़कर एक होली गीत फगुआ गाकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

आए हुए अतिथियों को चंदन का तिलक लगाकर माला पहना कर व साफा बांधकर स्वागत कोटेदार संघ के लोगों ने किया इस अवसर पर कर्मचारी नेता राकेश श्रीवास्तव, भाजपा नेता राजेश श्रीवास्तव बच्चा, शशांक सिंह रानू, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, श्रवण जायसवाल गांधी, अरविंद बैंकर, राधे रमण जायसवाल, सोमेश्वर केसरवानी श्याम रतन श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव गुड्डू, संजय अस्थाना पत्रकार, दिनेश फौजी, विद्युत कर्मचारी संघ के निखिलेश सिंह, प्रभारी जिलापूर्ति अधिकारी पंकज सिंह, पूर्ति निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी, अनिता दुबे, पंकज यादव, रकेश यादव, सरोज श्रीवास्तव, समीमुल्ला, अशोक जायसवाल आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार जायसवाल व आभार कार्यवाहक जिलाध्यक्ष दया शंकर निगम ने किया।

# बिजली संकट पर राजनीतिक दलों ने सरकार को घेरा

वाराणसी। बिजली कर्मियों की चल रही हड़ताल ने जनपद के नागरिक जहां त्राहि-त्राहि कर रहे हैं वहीं राजनीतिक दलों ने भी इस मुद्दे को लेकर सरकार को घेरना आरंभ कर दिया है। बीते तीन दिन से चरमरायी विद्युत आपूर्ति के कारण जलापूर्ति व्यवस्था भी ध्वस्त हो चुकी है। इस भीषण समस्या को लेकर शनिवार को कांग्रेसजनों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ धरना दिया। दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने हालात सुधारने की मांग लेकर ज्ञापन सौंपा। इन दलों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति व्यवस्था सामान्य करने की पहल होनी चाहिए।

## बिजली कर्मियों की हड़ताल के चलते इंटरनेट व मोबाइल सेवाएं प्रभावित

**एक और आफत**

**सर्वाधिक कैंट व लहरतारा इलाका है प्रभावित**

**उपभोक्ताओं की अच्छी खासी फजीहत**

**वाराणसी।** बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बाधित हो गई है। इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं प्रभावित होने से उपभोक्ताओं की अच्छी खासी फजीहत हुई। उपभोक्ता मोबाइल पर बातचीत करने के लिए परेशान थे। काफी प्रयास के बावजूद कहीं भी किसी भी उपभोक्ता की मोबाइल पर वार्ता नहीं हो पा रही थी। यही हाल इंटरनेट का भी रहा। बिजली की हड़ताल के चलते इंटरनेट भी कार्य नहीं कर रहा था। इसके चलते भी लोग काफी परेशान रहे। वैसे तो शहर के कई इलाकों में यही स्थिति बनी रही लेकिन कैंट और लहरतारा वाले इलाकों के उपभोक्ता ज्यादा परेशान रहे। बीएसएनएल के पीआरओ अनीश सिंह ने बताया कि बिजली की हड़ताल के चलते शहर के 40 प्रतिशत इलाके इंटरनेट व मोबाइल सेवाओं से प्रभावित रहे। छोटे टेलीफोन एक्सचेंज व मोबाइल टॉवर बिजली न होने के चलते काफी प्रभावित रहे। यह टेलीफोन एक्सचेंज व मोबाइल टॉवर बिजली पर ही निर्भर रहते हैं। बिजली रहने पर भी इसकी क्षमता सिर्फ तीन घंटा ही रहता है जबकि तीन दिनों से बिजली गायब है। ऐसी स्थिति में टेलीफोन एक्सचेंज व मोबाइल टॉवर का चल पाना मुश्किल है। जहां कहीं बिजली आ भी रही है तब भी यह चल पा नहीं रहा है। बैटरी वाला टावर कुछ ही जगहों पर लगाया गया है। उसकी क्षमता महज 15 से 20 मिनट ही है। नई बैटरी अभी तक आयी नहीं है। बिना बिजली के कोई भी इंटरनेट अथवा मोबाइल टॉवर चलाना संभव नहीं है।

## कांग्रेस का बिजली दुर्व्यवस्था के खिलाफ धरना

**लगाए आरोप**

**जनता में त्राहि-त्राहि के लिए सरकार जिम्मेदार**

जनसंदेश न्यूज


विद्युतकर्मियों की हड़ताल को लेकर सरकार के खिलाफ कांग्रेसजनों ने शनिवार को आजाद पार्क पर धरना दिया

**वाराणसी।** बिजली दुर्व्यस्था के खिलाफ जिला व महानगर कमेटी के कांग्रेसजनों ने पार्टी के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में शनिवार को लहुराबीर स्थित आजाद पार्क में धरना दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्युत कर्मचारियों ने 15 दिन पहले ही हड़ताल का अल्टीमेटम दे दिया था उसके बावजूद शासन-प्रशासन ने समय रहते आवश्यक व्यवस्था नहीं की। परिणाम स्वरूप जनता में त्राहि-त्राहि की स्थिति है। इस अवसर पर वक्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजलीकर्मियों हड़ताल के लिए सरकार की गलत नीतियां जिम्मेदार हैं। शासन कर्मचारियों और जनहित में जल्द से जल्द इसका उचित समाधान निकले। इस हड़ताल के कारण बिजली-पानी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। चारों ओर हा-हाकार मचा हुआ है। विद्युत आपूर्ति ठप होने से जलजापूर्ति भी बाधित है। सरकार ने समझौते को लेकर बिजलीकर्मियों को अंधेरे में रखा इस कारण हड़ताल हुई। ऊर्जा मंत्री के साथ लिखित करार होने के बावजूद उनकी मांगों को मानने से इनकार करना निंदनीय है। धरने में जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, मकसूद खां, सीताराम केशरी, वीरेंद्र कपूर, शफक रिजवी, पंकज चौबे, डॉ. अख्तर अली, असलम खां, अफजाल अंसारी, तुफैल अंसारी, विश्वनाथ कुंवर आदि रहे।

### फौरन सुचारू करें बिजली व्यवस्था : 'आप'



वाराणसी। आम आदमी पार्टी यानि 'आप' कार्यकर्ताओं ने चरमरायी बिजली व्यवस्था को तत्काल सुचारु करने की मांग करते हुए शनिवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। साथ ही राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। संगठन के महानगर अध्यक्ष अखिलेश पांडेय के नेतृत्व में पार्टी वर्कर पत्रक देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते विद्युत सप्लाई बाधित हो गया है। फलस्वरूप जनता को समस्याओं भारी सामना करना पड़ रहा है। बिजली पर आश्रित तमाम उद्योग-धंधे भी प्रभावित हो चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस हड़ताल की जानकारी पहले से होने के बावजूद शासन-प्रशासन बेपरवाह बना रहा जिसा खामियाजा जनता भुगत रही है। ज्ञापन देने वालों में काशी प्रांत उपाध्यक्ष कैलाश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी घनश्याम पांडेय, अब्दुल रकीब हैप्पी, रेखा जासवाल, शारदा टंडन, अभिषेक सिंह, गुलाब सिंह राठौड़, राहुल द्विवेदी, रोहित मौर्या, सरोज शर्मा, बिंदु वर्मा, शिखा देवी आदि की भागीदारी थी।

## हड़ताल के बीच बारिश ने ध्वस्त की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था

**संकट गहराया**

**ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली पानी के लिए हाहाकार**

**गांव के लोगों के लिए कुआं और हैंडपंप बने सहारा**

**रात का अधियारा दिलाने लगा दीये के युग की याद**



**वाराणसी।** विद्युतकर्मियों के हड़ताल के बीच शनिवार की शाम हुई बारिश ने आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त कर दी। ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार से शनिवार तक बिजली न मिलने से लोग बिलबिला गए हैं। पानी संकट ने हाहाकार मचा दिया है। बच्चे, बूढ़े और नौजवान, सभी हलकान है।

चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार, बिजली विभाग के हड़ताली आफत से गांव के लोग भी त्रस्त हैं। रात का अधियारा दीये के युग का याद दिला रहा है। तो पेयजल के पुरातन संसाधन कुआं ही लोगों का सहारा बना है। चिरईगांव फीडर प्रथम से जुड़े कमौली, तोफापुर, सिंहवार, आराजी नेवादा, शंकरपुर, तातेपुर, बरियासनपुर की बिजली विगत शुक्रवार को शाम से ही ठप है। इसी प्रकार चिरईगांव द्वितीय फीडर से जुड़े गांव चिरईगांव, रुस्तमपुर, गौराकलां, गोपालपुर आदि गांवों की आपूर्ति भी बाधित है। ढाबक्षेत्र के गोबरहां, मोकलपुर, रामचन्दीपुर सहित मुस्तफाबाद, चांदपुर, बभनपुरा, नेवादा, रैपुरा आदि गांव भी बिजली से वंचित है। पेयजल के लिए लगे नलकूप, निजी पम्प, आरओ प्लांट आदि भी बिजली के अभाव में बंद पड़े हैं। पेयजल के लिए कुएं और हैण्डपम्प ही सहारा है। लेकिन रात्रि में अधियारा दूर करने के लिए बिजली का विकल्प इन्वर्टर भी फेल हो गया है। लोगों को इक्कीसवीं सदी में डिबरी युग की याद बिजली विभाग की हड़ताल दिला रही है।

रोहनिया प्रतिनिधि के अनुसार, बिजली-पानी के अभाव में स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशुनपुर स्थित पेयजल योजना से कुल 48 गांव को पेयजल आपूर्ति की जाती है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण पेयजल आपूर्ति भी बाधित है। मजदूर अपने घरों से अपने कामों के लिए निकल जा रहे हैं, लेकिन महिलाओं को अपने घर से निकलकर हैंडपाइप व तालाब के पानी का सहारा लेना पड़ रहा है। क्षेत्र के सभी विद्युत उपकेंद्र से आपूर्ति शुक्रवार को भोर में चार बजे से बाधित है। रोहनिया विद्युत उपकेंद्र से रोहनिया, जगतपुर, गोविंदपुर, भरथरा, सरहरी, कोटवा, तडिया, शाहावाबाद, जफराबाद, अम्माताली, भवानीपुर, हरदत्तपुर, अलाउद्दीनपुर, पंडितपुर, उदयराजपुर, हरिहरपुर, दरेखू, लखनीपुर, मनोरथपुर, विशुनपुर, बलिरामपुर, मनियारीपुर, खुलासपुर मिलाकर करीब 38 गांवों की आपूर्ति बाधित है। रोहनिया के केसरीपुर स्थित विद्युत उपकेंद्र पर कल सुबह 10 बजे से ही सुरक्षा के दृष्टिगत कुछ सिपाहियों की ड्यूटी लगा दी गई है तो उपकेंद्रों पर निगरानी के लिए तीन-चार चौकीदार भी लगा दिए गए हैं।

### ग्रामीणों के हंगामे के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल

जंसा। बरनी विद्युत उपकेंद्र के रामेश्वर, हाथी व सत्तनपुर फीडर की ठप विद्युत आपूर्ति 24 घंटे बाद शनिवार को सुबह आठ बजे ग्रामीणों के हंगामा के बाद बहाल हुआ। बता दे कि विद्युत आपूर्ति ठप होने से सैकड़ों गांव अंधेरे में डूबा हुआ था। बिजली आपूर्ति ठप होने से पेयजल की किल्लत उत्पन्न होने से लोग परेशान थे। कर्मचारियों के हड़ताल के चलते रामेश्वर इलाके के सैकड़ों गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप होने से त्राहि-त्राहि मचा हुआ था। बड़ी बात है कि अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक ने अपनी मोबाइल बंद कर दिए थे। मोबाइल बंद होने से सूचना का आदान प्रदान नहीं हो रहा था। ग्रामीण इलाके में आपूर्ति बंद होने से कल कारखाने, आटा चक्की, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य रोजमर्रा की व्यवस्था ठप हो गई थी। ग्रामीणों के अधिकतर मोबाइल शोपीस बन कर रह गए थे। लोग हाथों में चार्जर लिए इधर उधर भटक रहे थे। 24 घंटे से ठप विद्युत आपूर्ति से लोगों का जीना दूभर हो गया था। क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप इस कदर है कि रात की नींद हराम हो गई थी। बरनी उपकेंद्र पर प्रदर्शन करने वालों में शशि प्रकाश सिंह, मंगला पटेल, चंद्रकान्त पाण्डेय, सुभाष सिंह गौतम, राहुल सिंह, राजेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, त्रिलोकी, रुद्र सिंह, विज्ञानधर, मृत्युंजय पाण्डेय, रोहित सिंह, ताड़क पाण्डेय, अखिलेश गुप्ता आदि शामिल थे।

### पीएचसी चिरईगांव, सीएचसी नरपतपुर की आपूर्ति भी ठप

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरईगांव और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरपतपुर की बिजली आपूर्ति भी ठप हो गयी है। पीएचसी चिरईगांव पर डीप फ्रीजर में रखे बीसीजी, एमआर, हेपेटाइटिस बी, रोटा वायरस, डीटी, आइपीवी आदि वैक्सीन के कोल्डचेन मेन्टेन करने की भी चुनौती हो गयी है। कोल्ड चेन मेन्टेन करने की जिम्मेदारी निभा रहे स्वास्थ्य कार्यकर्ता नीतीश ने बताया कि बिजली बीते शुक्रवार की रात्रि से ही बंद है। डीप फ्रीजर में रखी वैक्सीन 14-15 घंटे तक ठीक स्थिति में रहती है। अब जनरेटर चलाकर डीप फ्रीजर का कोल्ड चेन मेन्टेन रखा जा रहा है।

## विधायक सौरभ ने किया जल निकासी कार्य का शिलान्यास



**रामनगर।** कैन्ट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने शनिवार शाम रामपुर,रामनगर,वाजिदपुर में ओमप्रकाश श्रीवास्तव के आवास से सुरेश यादव के आवास से होते हुए लालू कन्नौजिया के आवास तक जल निकासी कार्य का शिलान्यास किया । विधायक ने जल निकासी कार्य के शिलान्यास का पूजन स्थानीय नागरिक ओमप्रकाश श्रीवास्तव से कराया। निवर्तमान सभासद प्रतिनिधि लल्लन सोनकर ने नारियल फोड़ कर पूजन सम्पन्न किया। विधायक ने बताया कि यह सीवर लाइन तत्कालीन विधायक व वर्तमान में सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य के प्रस्ताव पर डाली जा रही है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों में प्रमुख रूप से उपस्थित छोटे लाल सोनकर,अशोक पांडेय, हरीश चंद्र मौर्य,गिरीश सिंह, उद्धव सिंह, सुभाष चौहान,राजाराम खरवार, नीलम पांडेय व प्रमुख भाजपा कार्यकर्ताओं में पालिका की पूर्व चेयरमैन आशा गुप्ता, अशोक जायसवाल, संतोष द्विवेदी, अनुपम गुप्ता, नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, नंदलाल चौहान,लल्लन सोनकर,मीना सोनकर,विशाल जायसवाल, दिलीप जायसवाल,हरिशंकर सिंह,मुन्ना निषाद,रितेश पाल गौतम,अनिल सिंह,राजकुमार सिंह,दीपक कनौजिया,जितेंद्र पांडेय,कुलदीप सेठ,जय सिंह चौहान, आदि कार्यकर्ता उपस्थिति थे। संचालन युवा मोर्चा के महानगर मंत्री सृजन श्रीवास्तव धन्यवाद ज्ञापन जय सिंह चौहान ने किया।

## बिजली-पानी के लिए नेपाली बाग के समीप चक्काजाम



**तरना।** बिजली और पानी संकट से जूझ रहे शिवपुर वासियों ने शुक्रवार की देर रात गिलट बाजार बाईपास पर सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन किया और बिजली विभाग मुदार्बाद का नारा लगाया। मौके ओर पहुंची शिवपुर पुलिस के समझाने-बुझाने पर धरना समाप्त हो गया और कुछ इलाकों में शनिवार की सुबह पांच बजे लाइट आ गयी। लेकिन कुछ जगहों पर लाइट देर शाम तक नहीं आयी तो गुस्साए क्षेत्रवासियों ने व्यापार मंडल के लोगों के साथ मिल कर शनिवार की शाम करीब पांच बजे रेलवे क्रासिंग शिवपुर के पास से जुलूस निकाला और नेपाली बाग के समीप पहुंच कर सड़क जाम कर दिया साथ ही बिजली विभाग मुर्दाबाद का नारा लगाने लगे।

लगभग आधा घंटा तक धरना प्रदर्शन के बाद लाइट आ गई तब सभी क्षेत्रवासी वापस लौट गया। लेकिन तकरीबन एक घंटे बाद तेज हवा के साथ बारिश होने लगी और पुनः पूरे क्षेत्र की लाइट कट गई। आंदोलन में शिवपुर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मधुर जायसवाल, महामंत्री रमेश केसरी, उपाध्यक्ष मनोज केसरी, पृथ्वीनाथ शर्मा, जितेंद्र सिंह, नंदू केसरी, प्रभाकर गुप्ता, डॉ. मनोज उपाध्याय, विजय चौबे, संजय मौर्य सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## लिफ्ट में फंसे यात्री को बाहर निकाला



**वाराणसी।** विद्युत कर्मियों के हड़ताल का असर शनिवार की शाम कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर भी दिखा, जब नौ नंबर प्लेटफार्म के लिफ्ट में यात्री फंस गये, जेनरेटर के माध्यम से लिफ्ट संचालित कर सभी को बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार दक्षिण भारत के तीन यात्री मैसूर एक्सप्रेस से बेल्लारी जाने के लिए कैंट स्टेशन पहुंचे तो प्लेटफार्म नंबर नौ पर लगी लिफ्ट का सहारा लिया और इसी के सहारे प्लेटफार्म पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हुए थे कि विद्युत आपूर्ति बंद हो गयी, लिफ्ट बंद होने की सूचना स्टेशन प्रबंधन को मिलते ही तत्काल प्रभाव से जेनरेटर पर लिफ्ट को कुछ मिनट के लिए संचालित कर सभी को सकुशल बाहर निकाला गया। स्टेशन प्रबंधन के त्वरित किये गये इस कार्य की सभी यात्रियों ने सराहना की।

### विद्युत इंजीनियरों ने चालू किया पैनेल

शनिवार की शाम लगभग छह बजकर तीस मिनट पर कैंट स्टेशन की बत्ती गुल होते ही यात्री सुविधाओं को जेनेरेटर से शुरू कर दिया गया, इस बीच स्टेशन प्रबंधन की ओर से भिखारीपुर स्थित विद्युत आपूर्ति कंट्रोल पर वार्ता कर पैनेल चालू करने की बात की गयी, कंट्रोल से हरी झंडी मिलते ही स्टेशन के विद्युत इंजीनियरों की ओर से भिखारीपुर स्थित कैंट स्टेशन के विद्युत आपूर्ति पैनेल को चालू किया कर स्टेशन पर एक घंटे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी।

## काशी में साल की पहली बारिश, तेज हवा संग बरसे बादल



**बदला मौसम**

**अगले 3-4 दिन तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान**

**वाराणसी।** काशी में इस साल की पहली बारिश हुई। दोपहर से ही काफी घने काले बादल पूरे आसमान में छाए रहे। शाम होते-होते तेज हवा के साथ ही बरसात होने लगी। बरसात ने पहले कम फिर बाद में तेजी दिखायी। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि वाराणसी समेत पूर्वांचल भर में 3-4 दिनों तक ऐसे ही रूक-रूककर बारिश हो सकती है। बनारस में शनिवार को दोपहर से ही बादल छाने का सिलसिला शुरू हो गया था। वहीं, शाम के 5 बजते-बजते पूरे शहर में घना अंधेरा छा गया था। आम दिनों में साढ़े 6 बजे के बाद ही अंधेरा होता था, मगर शाम 5 बजे के बाद शहर में भयानक अंधकार छा गया। दूसरी ओर, जहां-जहां पर बिजली आपूर्ति हो रही थी, बारिश की वजह से वहां भी कट गई। अब पूरा शहर अंधेरे में डूब गया है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (इलव) के मौसम वैज्ञानिक प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बनारस में वेस्ट यूपी की तरह से बारिश होने की उम्मीद कम है। पूर्वी यूपी में ओला गिरने की संभावना भी कम है। प्रो. श्रीवास्तव ने बताया कि हवा वेस्ट और ईस्ट दोनों ओर से आ रही है। यह संक्रमण का क्षेत्र है। हवा टकरा रही है। हालांकि, मुख्य बारिश वेस्ट यूपी की ओर से आ रही हवा से हो रही है। बनारस में यह बरसात अभी 3-4 दिनों तक ऐसे ही हो सकती है। बादल वाली हवा वेस्ट साइड से ही आ रही है। मौसम पहले से ही ठंडा हो गया था। वहीं बारिश के बाद फिर से तापमान 2-3 डिग्री कम हो सकता है।



### बारिश ने गुलाबबाड़ी को धोया

**वाराणसी।** बरसात के चलते गुलाबबाड़ी कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। यह आयोजन कला प्रकाश की ओर से रवीन्द्रपुरी में किया गया था। यह आयोजन अब 25 मार्च को किया जायेगा। गुलाबबाड़ी शुरू होने के पूर्व ही रवीन्द्रपुरी स्थित नीलांबर के बगीचे में पहले से ही गद्दे, मसनद व चांदनी बिछायी गई थी। सब कुछ तैयारियां पहले से ही चल रही थी। लेकिन कार्यक्रम प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व ही बरसात शुरू हो गई। इसके चलते बगीचे में संगीत रसिकों के लिए लगाये गये गद्दे व चांदनी सभी भींग गई। कलाकारों के लिए बनाया गया मंच भी बरसात से खराब हो गया। गुलाबबाड़ी कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण प्रख्यात शास्त्रीय गायिका श्रीमती सुचरिता गुप्ता का गायन था। जबकि दूसरे आकर्षण पद्मश्री पं. शिवनाथ मिश्र व देवव्रत मिश्र के सितारवादन की युगलबंदी थी। लेकिन बरसात के चलते पूरा कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लेना पड़ा।

### कैंटोमेंट बोर्ड विभाग का सूखा पेड़ गिरा, कई राहगीर बाल बाल बचे



**वाराणसी।** वाराणसी का केंटोमेंट बोर्ड विभाग अभी,आगे आगे देखिए कि काशी नगरी में क्या,क्या खेल दिखाता है। आज कैंट थाना अंतर्गत नदेसर रोड़ स्थित एक सूखा हुआ जर्जर पेड़ हल्की बारिश और हवा के झोंको से रोड़ पर गिर गया। वही रोड़ पर पेड़ गिरते ही कई राहगीर बाल,बाल बच गए ।वाराणसी का केंटोमेंट बोर्ड विभाग की घोर लापरवाही के कारण आज यह बड़ा हादसा छोटे में भी टल गया ।जबकि केंटोमैंट बोर्ड विभाग इस सूखे हुए पेड़ को कई महीनों से खड़ा ही छोड़ दिया था। जबकि इस विभाग को पहले से जानकारी थी कि यह सुखा हुआ पेड़ किसी वक्त रोड़ पर गिर सकता है लेकिन केंटोमेंट बोर्ड के अधिकारी अपने मनमानी के आगे किसी की सुनते नही ।केंटोमेंट बोर्ड विभाग द्वारा बनाई गई एक पुरानी दो मंजिला दुकानें भी किसी वक्त बड़ा हादसा का इंतजार कर रहे है। क्योंकि उन जर्जर दुकानों के दीवारों में भीषण दरार दिखाई देता है लेकिन चंद पैसों की लालच में यह विभाग उन दुकानों को जर्जर हालत में छोड़ा हुआ है।